हॉक्सर समाचार पाक्षिक
सत्यमेव जयते
Jh. e News तमसो माँ ज्योतिर्गमय
ज.हा. शास. स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय, बैतूल (म.प्र.)
उत्तिष्ठत जाग्रत
वर्ष - 9 अंक- 41 दिनांक 01 जुलाई से 30 सितंबर 2021 पृष्ठ- 00

# टीका लगाकर ही तीसरी लहर से बच सकते हैं: डॉ. योगेश पंडाग्रे

## जेएच कॉलेज में 5-एमपी बालिका बटालियन एनसीसी महिला कैडट्स का प्रशिक्षण संपन्न हुआ







**जेएच ई न्यूज, बैतूल।** जेएच कॉलेज बैतूल में 5 एमपी बालिका बटालियन एनसीसी होशंगाबाद महिला इकाई को मंगलवार को कोविड-19 संक्रमण की संभावित तीसरी लहर रोकने हेतु जागरूकता अभियान के अंतर्गत कार्यशाला में मुख्य अतिथि एवं विषय विशेषज्ञ आमला विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे, विशेष अतिथि डॉ. अरूण जयसिंगपुरे सिटी हॉस्पिटल बैतूल, डॉ. अनिता सोनी, कोविड-19 नोडल अधिकारी डॉ. सुखदेव डोंगरे, पुरुष इकाई के लेफ्टिनेंट डॉ. खुशाल देवघरे, क्रीड़ा अधिकारी नीलिमा पीटर, गर्ल्स इकाई की लेफ्टिनेंट डॉ. कमलेश अहिरवार एवं कार्यक्रम के अध्यक्ष प्रभारी प्राचार्य डॉ. राकेश तिवारी की उपस्थिति में एनसीसी के 60 केडेट्स को प्रशिक्षण दिया गया।

डॉ. योगेश पंडाग्रे ने कहा कोरोना संक्रमण की तीसरी से हम टीकाकरण, सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करके, मास्क लगाकर, शरीर में प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाकर ही हम बच सकते हैं। डॉ. जयसिंगपुरे ने कहा कि टीकाकरण अभियान एवं दूसरी लहर के दौरान डॉ. योगेश पंडाग्रे ने कोविड-19 संक्रमण से बैतूल जिले के सैकड़ों लोगों की जान बचाई है। डॉ. राकेश कुमार तिवारी ने कहा हमें कोविड-19 का प्रशिक्षण ग्रहण कर परिवार एवं समाज में जागरूकता करने का दायित्व निभाएं। डॉ. सुखदेव डोंगरे ने कहा कि जिले के प्रत्येक महाविद्यालय में प्राध्यापकों एवं विद्यार्थी के लिए काविड 19 की तीसरी लहर से बचाव के लिए प्रशिक्षण प्रोग्राम चलाया जा रहा है ताकि विद्यर्थी समाज को जागरूक कर सके। कार्यशाला का संचालन डॉ. कमलेश अहिरवार द्वारा किया गया। कार्यशाला को सफल बनाने में सीनियर अंडर ऑफिसर मोनिका नाहारे, दिव्या सोलंकी, दीपिका नहारे, वैनी पाटिल, निशा आहके, अंडर ऑफिसर अभिषेक यादव कमलेश सोलंकी, राहुल परिहार सहित अन्य छात्र-छात्राओं का सक्रिय सहयोग दिया।

# जेएच कॉलेज में सांसद एवं कलेक्टर ने किया नवनिर्मित कक्षों का लोकार्पण





**जेएच ई न्यूज, बैतूल।** जेएच कॉलेज बैतूल में मप्र शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा 6 नवनिर्मित अध्यनयन कक्षों का वर्चुअल लोकार्पण मंगलवार मंत्री उच्चा शिक्षा मप्र शासन डॉ.मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य, प्रभारी मंत्री जिला बैतूल इंदर सिंह परमार की अध्यक्षता में, सांसद दुर्गादास उइके, कलेक्टर बैतूल अमनदीप सिंह बैस की गरिमामय उपस्थिति में संपन्न हुआ।

महाविद्यालय में भौतिक रूप से पूर्व सांसद हेमन्त खंडेलवाल, भाजपा जिला अध्यक्ष आदित्य शुक्ला, शिक्षाविद मोहन नागर, अतीत पवांर, विकास मिश्रा, विक्रम वैद्य, प्राचार्य डॉ.विजेता चौबे, महाविद्यालयीन स्टॉफ तथा विद्यार्थियों की उपस्थिति में लोकार्पण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। प्राचार्य डॉ.विजेता चौबे ने अपने स्वागत भाषण में बताया कि आज महाविद्यालय के छात्रों की संख्यो दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है ऐसे समय में अतिरिक्त कक्ष विद्यार्थियों के लिए मील का पत्थर साबित होगें। हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि यह महाविद्यालय मप्र का दूसरा सबसे बढ़ा महाविद्यालय है। बैतूल जिले के आदिवासी अंचल के विद्यार्थी बड़ी संख्या में अध्यनरत् है। महाविद्यालय में बन रहे आडिटोरियम का अधूरा कार्य कलेक्टार महोदय जनभागीदारी अध्यनक्ष की अनुमति एवं निर्देशन में शीघ्र किया जाएगा। आदित्य (बबला) शुक्ला ने कहा कि विद्यार्थियों की हर प्रकार से सहायता के लिये तत्पर रहूंगा। अतीत पवांर ने कहा कि मैं इसी महाविद्यालय का विद्यार्थी रहा हूॅ आज मैं बढ़ा गर्व महसूस कर रहा हूं इस कॉलेज की छात्र-छात्राएं बड़े-बड़े अहोदे पर जिले का नाम रोशन कर रहें हैं। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉप्तअलका पांडे, डॉ.मीनाक्षी चौबे व आभार डॉ.राकेश तिवारी द्वारा व्यक्त किया गया।

# शिक्षक वह जौहरी है जो मिट्टी को सोना बना देता है: निलय डागा

## विधायक ने किया जेएच कॉलेज के शिक्षकों का सम्मान



**जेएच ई न्यूज, बैतूल।** गुरुओं के सम्मान की परंपरा को बरकरार रखते हुए डागा फाउंडेशन ने शिक्षक दिवस के एक दिन पूर्व शनिवार को बैतूल एवं आठनेर ब्लॉक के 2100 शिक्षकों का सम्मान किया। इसमें जेएच कॉलेज के शिक्षक भी शामिल हैं। शिक्षक दिवस पर डागा फाउंडेशन के डायरेक्टर एवं बैतूल विधायक निलय डागा एवं दीपाली डागा ने बैतूल के प्रमुख शिक्षण संस्थानों में पहुंचकर शिक्षकों का सम्मान किया। विधायक श्री डागा ने जिले के सबसे बड़े महाविद्यालय जयवंती हॉक्सर शासकीय महाविद्यालय, विवेकानंद विज्ञान महाविद्यालय एवं उत्कृष्ट विद्यालय में पहुंच कर शिक्षकों का सम्मान किया। वहीं डायरेक्टर दीपाली निलय डागा ने कन्या महाविद्यालय सदर, गंज स्थित कन्या शाला एवं महारानी लक्ष्मी बाई विद्यालय कोठी बाजार पहुंचकर शिक्षकों को सम्मानित किया। इसके साथ ही फाउंडेशन से जुड़े सदस्यों ने बैतूल आठनेर ब्लॉक के अन्य शिक्षण संस्थानों में पदस्थ शिक्षकों को सम्मानित किया है। इस दौरान विधायक निलय डागा एवं दीपाली निलय डागा ने गुरु शिष्य परंपरा के महत्व के बारे में विद्यार्थियों को समझाया। इस दौरान जेएच कॉलेज के प्रो. 0000 000 000 000 000 000 000 00 00 00 000 0 का सम्मान किया गया।

■ प्राचाय - डॉ. विजेता चौबे ■ संपादक - डॉ. सुखदेव डोंगरे ■ सह संपादक - डॉ. गोपाल साहू ■ डॉ. मनोहर गावंडे

## संपादकीय

# धीरे-धीरे शिक्षा की रफ्तार के साथ कैंपस हुआ गुलजार



डॉ. सुखदेव डोंगरे
संपादक

कोविड-19 कोरोना वायरस की संभावित तीसरी लहर के बीच अब धीरे-धीरे कैंपस गुलजार होने लगा है, जेएच कॉलेज में आखिरकार 50 छात्रों की उपस्थिति से कक्षाओं का संचालन शुरू हो गया है। हालांकि इसके पहले ऑनलाइन पढ़ाई चल रही थी लेकिन कैंपस सूना-सूना सा था। इधर कक्षाओं की शुरूआत के साथ ही कॉलेज प्रबंधन ने कोरोना वायरस की संभावित तीसरी लहर को देखते हुए पहले ही दिन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया और सख्ती से कोविड प्रोटोकाल के नियम भी लागू किए। जिसमें मास्क लगाकर आना, बार-बार सैनेटाइजर का उपयोग और दो गज की दूरी का पालन करने के नियम शामिल हैं। छात्र-छात्राएं भी भी कॉलेज कैंपस में कोरोना गाइड लाइन का बखूबी पालन कर रहे हैं इसी के साथ अब कॉलेज में पढ़ाई-लिखाई का सिलसिल शुरू हो गया है। राष्ट्रीय सेवा योजना के विद्यार्थी टीकाकरण कार्यक्रम को लेकर भी जागरूकता अभियान चला रहे हैं। कॉलेज में एनसीसी महिला विंग के प्रशिक्षण वर्ग में जेएच कॉलेज पहुंचे आमला विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे ने भी मंच से इसी बात पर जोर दिया कि टीका लगाकर ही हम कोरोना की तीसरी लहर को मात दे सकते हैं। कॉलेज परिसर में आयोजित होने वाली सभी गतिविधियों जैसे कार्यशाला, पौध रोपण, सफाई अभियान, स्थापना दिवस जैसे आयोजनों में कोरोना गाइड लाइन का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। बैतूल जिले में शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी जयवंती शासकीय स्नातकोत्तर लीड कॉलेज का दायरा भी बढ़ता रहा है। कॉलेज में छह नवनिर्मित कक्षों का लोकापर्ण सांसद, कलेक्टर एवं अन्य जनप्रतिधि एवं अधिकारियों द्वारा किया गया है जिसका लाभ कॉलेज प्रबंधन सहित विद्यार्थियों को होगा। शिक्षक दिवस पर कॉलेज में उस समय परिवार जैसा माहौल बना जब जूनियर प्राध्यापकों ने सीनियर प्राध्यापकों का सम्मान किया। इस दौरान सभी बेहतर शिक्षा के आदान-प्रदान का भी संकल्प लिया। कोरोना की तसरी लहर से निपटने के लिए कॉलेज कैंपस में वैक्सीनेशन सेंटर भी लगाया गया जिसमें टीचरों सहित छात्र-छात्राओं और कॉलेज के आस-पास के लोगों को टीके लगाए गए। इस दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना के कैडेट्स ने भी मोर्चा संभाला और आम लोगों को भी टीका लगाने के लिए जागरूक किया गया। कुल मिलाकर शिक्षा की गाड़ी अब पटरी पर लौट आई है।

# सख्त कोविड नियमों के बीच जेएच कॉलेज में कक्षाएं शुरू

## तीसरी लहर रोकने के लिए सघन जागरूकता अभियान प्रारंभ

**जेएच ई न्यूज, बैतूल।** जयवंती हॉक्सर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बैतूल के बॉयोटेक्नालॉजी विभाग में मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग भोपाल के आदेश के परिपालन में प्राचार्य डॉ. विजेता चौबे के संरक्षण में डॉ. सुखदेव डोंगरे द्वारा प्रो. अर्चना सोनारे, प्रो. संजय विश्वकर्मा, प्रो. प्रीति नावंगे, प्रो. राजकुमार चौकीकर, प्रो. अर्चना दुबे की उपस्थिति में आज 15 सितंबर 2021 को बीएससी प्रथम वर्ष एवं एमएससी प्रथम वर्ष बॉयोटेक्नालॉजी के छात्र-छात्राओं की संयुक्त कक्षाएं ली।







भारत सरकार एवं मध्यप्रदेश शासन कोविड-19 के नियमों का पालन करते हुए कक्षा में अध्यापन कार्य कराया गया। बॉयोटेक्नालॉजी के विभागाध्यक्ष, एनएसएस के जिला संगठक, तीसरी लहर कोविड-19 जागरूकता अभियान के नोडल अधिकारी डॉ. सुखदेव डोंगरे द्वारा छात्र-छात्राओं को आज कोविड-19 की तीसरी लहर भारत में आ चुकी है बताया उससे कैसे बचे के अंतर्गत सोशल डिस्टेंसिंग का पालन, मास्क लगाना, साबुन से बार-बार हाथ धोना, सैनेटाइजर का उपयोग, विटामिन सी का उपयोग, ध्यान एवं योगा के माध्यम से प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाना, घर में एवं आसपास साफ-सफाई रखना, खान-पान पर ध्यान देना आदि बताया।

प्रो. अर्चना सोनारे ने संक्रमण के दौरान पैरासिटामाल, क्रोसिन, एन्टीबायोटिक इरिथ्रिरोमाइजिन के उपयोग के साथ भाप लेने की सलाह दी। प्रो. संजय विश्वकर्मा ने छात्रों को टीकाकरण एवं कोविड-19 अनुकूलन व्यवहार की जागरूकता अभियान में जुडने का आव्हान किया, सोशल मीडिया का उपयोग करने की सलाह दी। कक्षा अध्यापन प्रारंभ के पहले दिन कक्षा में 50 छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। कक्षा में एनएसएस के संजय उइके, दुर्गेश कुमरे, योगेश्वर पहाड़े, नवीन नागले, बालकिशोर अमरूते सहित अन्य छात्र-छात्राओं ने सक्रिय सहयोग दिया।

# कॉलेज परिसर में दो दर्जन से ज्यादा फलदार पौधे रोपे

## पौधों और पर्यावरण पर ही मानव का जीवन आधारित है: डॉ. सुखदेव डोंगरे







**जेएच ई न्यूज, बैतूल।** जेएच कॉलेज बैतूल की राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग भोपाल के निर्देशानुसार प्राचार्या डॉ. विजेता चौबे, जिला संगठक डॉ.सुखदेव डोंगरे, डॉ.सलील दुबे, मनोज घोरसे, प्रो.राहुल ठाकुर, प्रो.युगल किशोर सरले की उपस्थिति में कार्यक्रम अधिकारी डॉ.गोपाल प्रसाद साहू, दलनायक योगेश्वर पहाड़े एवं लक्की गोहर के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में फलदार पौधे काजू, आम, आंवला, सदाबहार व मेंहदी के 25 पौधों का रोपण किया गया।

प्राचार्या डॉ. विजेता चौबे ने कहा महाविद्यालय के प्रत्येक विद्यार्थी को कम से कम एक पौधा बरसात में जरूर लगाना चाहिए। डॉ.सुखदेव डोंगरे ने कहा कि पौधों और पर्यावरण पर ही मानव का जीवन आधारित है। पौधारोपरण कार्यक्रम में पूर्व दलनायक संजय उइके, उपदलनायक दुर्गेश कुमरे, नवीन नागले, अक्षय मालवी, हिमांशु पाटिल, कन्हैया अमरूते, पूनम मालवी, अरूणा धुर्वे, कविता वाड़बूदे, रानी खवसे, सीमा पाटिल, संगम नवड़े, ललित तायवाड़े, ज्योति मालवीय का सराहनीय योगदान रहा। सभी ने पौधों की देखरख करने का संकल्प लिया।

# हिन्दी का लोहा पूरा विश्व मानता हैः डॉ.डोंगरे

## नेहरू युवा केंद्र बैतूल द्वारा विवेकानंद कॉलेज में आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर परहिंदी पखवाड़ा का समापन किया गया

**जेएच ई न्यूज, बैतूल।** नेहरू युवा केंद्र बैतूल द्वारा विवेकानंद कॉलेज में आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर जिला युवा अधिकारी केके उरमालिया के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई व वीवीएम कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में 14 सितम्बर से चलने वाले हिंदी पखवाड़ा का समापन किया गया।

कार्यक्रम एनवायके के जिला संगठक डॉ.सुखदेव डोंगरे, डॉ.एस गायकवाड, अनिल सोनी, उज्वल पांसे की उपस्थिति में और डॉ.संदीप राने की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मां भारती के सम्मुख दीप प्रज्वलन कर किया गया।

अतिथियों द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव की महत्ता वह इसकी विस्तृत जानकारी दी गई। जिसमें बताया गया कि ऐसे कई स्वतंत्रता संग्राम सेनानी है जो मां भारती की सेवा करते हुए अपने






प्राणों की आहूति दे डाली। ऐसे बहुत सारे जिनका कहीं न कहीं योगदान आजादी के साथ-साथ मां भारती की रक्षा में रहा हो ऐसे व्यक्तित्व का सम्मान व उनके व्यक्तित्व चित्र चित्रण को युवा पीढ़ी के बीच पहुंचाना उनके व्यक्तित्व को जानना जरूरी है।

इसी उद्देश्य को लेकर भारत सरकार द्वारा विगत दिनों से आजादी का अमृत महोत्सव पूरे जिले में चलाया जा रहा है। जिस का समापन 2 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर नेहरू युवा केंद्र बैतूल में होगा।

इस मौके पर डॉ.सुखदेव डोंगरे ने कहा कि हिन्दी का लोहा आज पूरी दुनिया मानती है क्योंकि यह विश्व की सबसे संपूर्ण भाषा है। इस अवसर पर सभी को शपथ भी दिलाई कीवी इस आजादी के अमृत महोत्सव के महत्व को जन-जन तक पहुंचाएं इसके साथ साथ कोविड-19 वैक्सीनेशन की भी समझाइश दी गई साथ ही कहा गया कि अधिक से अधिक लोगों को कोविड-19 के के लिए प्रेरित करें जिससे कि हम शत प्रतिशत वैक्सीनेशन के आंकड़े को छू सकें। राष्ट्रगान के बाद कार्यक्रम का समापन हुआ।

कार्यक्रम का संचालन धनंजय सिंह ठाकुर ने व आभार डॉ.संदीप रानी ने व्यक्त किया। कार्यक्रम में कीर्ति साहू, राकेश मन्यासे, संजय कलमे, रवीना भालेकर, सतीश सलामे, विनीत धोटेकर, तुषार यादव सहित बड़ी संख्या में युवाओं ने कार्यक्रम में सहभागिता की।

# जेएच कॉलेज में मनाया एनएसएस का स्थापना दिवस, मनमोहक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए

**जेएच ई न्यूज, बैतूल।** जेएच कॉलेज बैतूल राष्ट्रीय सेवा योजना महिला एवं पुरूष इकाई द्वारा स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में स्वयंसेवकों ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

स्थापना दिवस प्राचार्या डॉ.विजेता चौबे, जिला संगठक डॉ.सुखदेव डोंगरे के संरक्षण में कार्यक्रम अधिकारी डॉ.जीपी साहू, डॉ.निलिमा पीटर के निर्देशन में चार्टड एकाउंटेंट सुनील हिराणी, पूर्व प्राचार्य डॉ.राकेश तिवारी के आतिथ्य में संपन्न हुआ। इस मौके पर पर डॉ.विजेता चौबे ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना अब मप्र उच्च शिक्षा शिक्षा विभाग द्वारा अंकसूची में वैकल्पिक विषय के रूप में प्रदर्शित होगा। डॉ.राकेश तिवारी ने कहा कि एनएसएस फल की चिंता किए बिना निःस्वार्थ भाव से सेवा करना सिखाता है। सुनील हिराणी ने कहा कि सफलता के लिए विद्यार्थियों को समय बद्धता, ईमानदार एवं निरंतरता की अहमियत होनी चाहिए। डॉ.एसडी डोंगरे ने कहा कि एनएसएस व्यक्तित्व विकास का सशक्त माध्यम है।

डॉ.जीपी साहू स्वागत उद्बोधन, बालकिशोर अमरूते द्वारा मंच संचालन, प्रो.संतोष पंवार द्वारा आभर व्यक्त किया गया। इस अवसर पर






विशेष रूप से प्रो.संतोष पंवार, प्रो.मनोज घोरसे, वरिष्ठ स्वयंसेवक रामनारायण शुक्ला, इबरार कुरैशी, प्रवीण परिहार, सोमचंद साहू, निलेश चढ़ोकार, सतीष सलामे, ललित तायवाड़े, दिपाली पांडे, संजय उइके, आवाज संस्था की ओर से कमलेश तायवाड़े उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्वयंसेवकों का सराहनीय योगदान रहा।

### जेएच कॉलेज में सद्भावना दिवस मनाया

# राजीव गांधी की मंशा थी सभी भारतवासी आपसी सद्भाव के साथ रहेंः डॉ. विजेता चौबे



**जेएच ई न्यजू बैतूल।** जेएच कॉलेज बैतूल में मप्र शासन सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल के आदेश के परिपालन में तथा भारत सरकार युवा कार्य म खेल मंत्रालय के निर्देशानुसार प्राचार्य डॉ. विजेता चौबे द्वारा सद्भावना की शपथ एनएसएस के जिला संगठक डॉ. सुखदेव डोंगरे, कार्य म अधिकारी सुश्री नीलिमा पीटर, प्रो. अशोक दाभाड़े, डॉ. ज्योति शर्मा, प्रो. बीआर खातरकर, प्रो. बीडी खातरकर, डॉ. अल्का पाण्डे, डॉ. मीनाक्षी चौबे की उपस्थिति में दिलाई गई। डॉ. विजेता चौबे ने कहा कि सद्भावना दिवस पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी जी के जन्मदिवस को सद्भावना दिवस के रूप में मनाया जाता है। स्व. राजीव गांधी की मंशा थी संपूर्ण भारत के लोग आपसी सद्भाव के साथ में रहें। डॉ. सुखदेव डोंगरे ने कहा सद्भावना का अर्थ है बिना हिंसा का सहारा लिये बातचीत के माध्यम से समस्याओं को सुलझाना और सबके साथ प्रेमभाव से रहना।

कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रो. जीआर राने, प्रो. हेमंत देशपांडे, प्रो. अर्चना मेहता, डॉ. अनिता सोनी, प्रो. सलील दुबे, डॉ. मीना डोलीवाल, डॉ. प्रणय तिवारी, विराजवर्धन पाण्डे, डॉ. चंद्रशेखर मेश्राम, डॉ. मनोहर गावंडे, डॉ. अर्चना दुबे, डॉ. सुभाष खातरकर, प्रो. मनोज घोरसे, प्रो. सुनिता गढ़ेकर, डॉ. गोपाल साहू, प्रो. एकनाथ निरापुरे, प्रो. राजेश शेषकर, प्रो. महेन्द्र सल्लाम, डॉ. मनोज उघड़े, प्रो. संजय विश्वकर्मा, मो. अनवर कुरैशी, एनपी साहू, विवेक पानकर, श्रीकांत गौर, अनंत श्रीवास्तव, गिरधारी मालवीय, खुमानसिंह, अमित ठाकुर, अमित आर्य, किसन कड़ू, कु. ज्योति भिलाला एवं एनएसएस के छात्र योगेश पहाड़े, दुर्गेश कुमरे, नवीन नागले, अंजली सोनारे, पूनम मालवी का सहभागिता के साथ सि य सहयोग रहा।

# कार्यशाला में बताया मीठी क्रांति में रोजगार की अपार संभावनाएं

## स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ द्वारा मधुमक्खी पालन एवं शहद उत्पादन की तकनीक प्रशिक्षण संपन्न

**जेएच ई न्यूज, बैतूल।** जेएच कॉलेज बैतूल स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ द्वारा मधुमक्खी पालन एवं शहद उत्पादन तकनीक विषय पर दो दिवसीय जिला स्तरीय ऑनलाईन रोजगारोन्मुखी निःशुल्क प्रशिक्षण संपन्न हुआ।

यह प्रशिक्षण प्राचार्या डॉ.विजेता चौबे के संरक्षण तथा डॉ.सलिल दुबे, डॉ.ज्योति शर्मा, डॉ.मीना डोनीवाल के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य विद्यार्थियों को मीठी क्रांति से अवगत कराना तथा स्वरोजगार एवं आत्म निर्भर बनने की ओर प्रेरित करना था। मधुमक्खी पालन एक कृषि आधारित गतिविधि है जो एकीकृत कृषि व्यवस्था के तहत ग्रामीण क्षेत्र में की जा रही है। फ सलों के परागन में मधुमक्खी पालन खासा उपयोगी है जिससे कृषि आय में बढ़ोत्तरी की जा सकती है।




भारत की विविधतापूर्ण कृषि जलवायु मधुमक्खी पालन एवं शहद के निर्यात के लिए व्यापक संभावनाएं और अवसर उपलब्ध कराती है। प्रशिक्षण के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि डॉ.राजेन्द्र सिंह नेगी, केन्द्र प्रमुख एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक दीनदयाल शोध संस्थान कृषि विज्ञान केन्द्र मझगंवा सतना तथा विशिष्ट अतिथि डॉ.उमेश कुमार सिंह, निर्देशक स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना उच्च शिक्षा विभाग मप्र ने प्रशिणार्थियों को मार्गदर्शन दिया। डॉ.विजेता चौबे ने बताया कि यह प्रशिक्षण जेएच कॉलेज के कॅरियर प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित प्रशिक्षण श्रृंखला का द्वितीय प्रशिक्षण है। साथ ही प्राचार्य ने सभी प्रशिणार्थियों को आत्मनिर्भर तथा स्वालम्बी बनने की प्रेरणा दी। इस श्रृंखला के चार प्रशिक्षण होना शेष है। प्रशिक्षक के रूप में डॉ.अखिलेश जागरे, पौध संरक्षण वैज्ञानिक दीनदयाल शोध संस्थान कृषि विज्ञान केन्द्र मझगंवा सतना द्वारा विद्यार्थियों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण हेतु 623 विद्यार्थियों द्वारा पंजीयन किया गया था जिसमें बैतूल जिले के समस्त 10 शासकीय महाविद्यालयों के विद्यार्थी शामिल थे। पंजीकृत विद्यार्थियों में 35 प्रतिशत छात्र तथा 65 प्रतिशत छात्राएं थी। संयोजक डॉ.मनोज उघड़े ने बताया कि इस प्रशिक्षण श्रृंखला के चार प्रशिक्षण वन्य उपज एवं आंवला मूल्यवर्धन तथा प्रसंस्करण, कडक्नाथ मुर्गीपालन, जैव कीटनाशी एवं जैव खाद उत्पादन तकनीकी व केचुआं खाद उत्पादन तकनीकी सत्र 2021-22 में आयोजित किए जाने है जिससे अधिक से अधिक विद्यार्थी लाभान्वित हो तथा स्वरोजगार एवं आत्मनिर्भर बन सकें।

### जेएच कॉलेज में पोषण आहार पर कार्यशाला संपन्न

# विटामिन डी एवं सी से बढ़ती है प्रतिरोधक क्षमता







**जेएच ई न्यूज, बैतूल।** जेएच शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बैतूल में बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल, कलेकटर एवं जिला दण्डाधिकारी के आदेश के परिपालन में आजादी के अमृत महोत्सव 2021 एवं महात्मा गांधी की 152वीं जयंती पखवाड़ा के अंतर्गत प्राचार्य डॉ. विजेता चौबे के संरक्षण में प्रभारी प्राचार्य डॉ. राकेश कुमार तिवारी एवं जिला संगठक एवं नोडल अधिकारी डॉ. सुखदेव डोंगरे के मार्गदर्शन में संयोजक डॉ. कमलेश अहिरवार, डॉ. खुशाल देवघरे, प्रो. संजय विश्वकर्मा, डॉ. चंद्रशेखर मेश्राम, प्रो. रामकुमार चौकीकर एवं एनसीसी/एनएसएस एवं बीएससी बॉयोलॉजी के कुल 70 विद्यार्थियों की उपस्थिति में कोविड-19 से बचाव के लिए पोषण आहार पर कार्यशाला आयोजित की गई। दिनांक 29/09/2021 को पोषण आहार पर कार्यशाला दिनांक 30/09/2021 कोविड-19 से बचाव पर व्याख्यान आयोजित किया गया। डॉ. विजेता चौबे ने कहा प्रत्येक विद्यार्थी को प्रोटीन युक्त भोजन ग्रहण करना चाहिए। डॉ. राकेश तिवारी ने कहा पौष्टिक आहार से ही बच्चों का विकास होता है। डॉ. सुखदेव डोंगरे ने कहा संतुलित भोजन विटामिन सी सहित लेने पर कोरोना से बचाव संभव है। कार्यक्रम का संचालन प्रो. राजकुमार चौकीकर ने किया। आभार प्रकट प्रो. संजय विश्वकर्मा ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. निहारिका भावसार, प्रो. प्रीति नावंगे, मुकेश करोले, सोनीका नहारे, दीपिका नहारे, अम्रता पवार, शीतल यादव, शेजल पांसे, आयुषी अतुलकर, गुंजन पाल, प्रियंका यादव, दिशा बारस्कर का सक्रिय सहयोग रहा।

# अनुसूचित जाति वर्ग छात्रवृत्ति आवेदन के लिए पोर्टल ओपन हुआ

### डॉ. बीडी खातरकर ने कहा-छात्र आवेदन की त्रुटि सुधवाएं



**जेएच ई न्यज, बैतूल।** मध्यप्रदेश शासन आदिम जाति कल्याण विभाग एवं उच्च शिक्षा विभाग भोपाल के निर्देशानुसार जेएच कॉलेज बैतूल की प्राचार्य डॉ. विजेता चौबे एवं छात्रवृत्ति के नोडल अधिकारी डॉ. बीडी खातरकर ने बताया कि सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग की ओर से मिली जानकारी के अनुसार शैक्षणिक सत्र 2020-21 में छात्रवृत्ति पोर्टल में आवेदन करने से वंचित अनुसूचित जाति वर्ग के छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति आवेदन पोर्टल 2.0 पर पुनः एक अवसर दिया है और पोर्टल खुल चुका है, अनुसूचित जाति वर्ग की छात्रवृत्ति के लिए आवेदन 27 अगस्त 2021 तक किए जा सकते हैं। जेएच ई न्यूज के संपादक डॉ. सुखदेव डोंगरे ने अनुसूचित जाति के छात्र-छात्राओं से अपील की है कि यथाशीघ्र अपना आवेदन छात्रवृत्ति पोर्टल पर समस्त जानकारी के साथ अपलोड करें ताकि मध्यप्रदेश शासन की मंशानुसार छात्र-छात्राएं छात्रवृत्ति से लाभान्वित हो सके। नोडल अधिकारी ने बताया कि बहुत से छात्र-छात्राओं के छात्रवृत्ति आवेदन के दस्तावेजों में त्रुटि है जिसके चलते उन्हें छात्रवृत्ति के लाभ से वंचित रहना पड़ सकता है। प्रो. मनोज घोरसे ने बताया छात्र-छात्राएं दस्तावेजों में त्रुटि सुधार करवाने के लिए छात्रवृत्ति से संबंधित अधिकारी से संपर्क कर त्रुटि सुधार करवा सकते हैं।

# डेंगू, चिकनगुनिया, सवाइनफ्लू रोकने उखाड़ा गाजर घास

## जेएच कॉलेज में मच्छरों का प्रकोप रोकने एनएसएस 45 विद्यार्थियों ने किया प्रयास

**जेएच ई न्यज, बैतूल।** जेएच कॉलेज बैतूल में बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल एवं मध्यप्रदेश शासन स्वास्थ्य विभाग के निर्देशों के परिपालन में प्राचार्या डॉ. विजेता चौबे के संरक्षण में जिला संगठक डॉ. सुखदेव डोंगरे के मार्गदर्शन में रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ. गोपाल साहू, प्रो. प्रीति नावंगे की उपस्थिति में एनएसएस के 45 विद्यार्थियों के द्वारा महाविद्यालय परिसर में गाजर घास एवं अन्य अवांछित पौधे उखाडक़र अलग किए। साथ ही महाविद्यालय परिसर में पानी जमा होने वाले गड्ढों में मिट्टी का भराव किया गया ताकि मच्छरों को अंडे देने के लिए स्थान ना मिल सके। डॉ. विजेता चौबे ने बताया कि गाजर घास के संपर्क में आने से मनुष्य में चर्म रोग, एग्जीमिया, खुजली,





एलर्जी, दमा, खांसी जैसी बीमारियां होती है। डॉ. सुखदेव डोंगरे ने कहा कि किसी जगह पर रूके हुए पानी में मच्छर के लार्वा के कारण मच्छर पनपते हैं मादा मच्छर से डेंगू, चिकनगुनिया, स्वाइनफ्लू एवं मलेरिया का संक्रमण फैलाते हैं। श्री डोंगरे ने बताया कि तालाबों में गंबूसिया एफिनिश लार्वा भक्षी मछली मत्स्य विभाग के सहयोग से जिला पंचायत एवं नगरपालिका परिषद को तालाबों में डालना चाहिए। जिससे मच्छरों के लार्वा को लार्वा भक्षी मछली खा जाती है। माध्यम संजय उईके ने कहा हमें अपने घर के आस-पास पानी इकट्ठा नहीं होने देना है जिसमें मच्छर अंडे देते हैं और मच्छर के लार्वा उत्पन्न होते हैं। गाजर घास उन्मूलन अभियान को सफल बनाने में पूर्व दलनायक संजय उईके, दलनायक योगेश्वर पहाड़े, उपदलनायक दुर्गेश कुमरे, नवीन नागले, बालकिशोर अमरूते, अमित मालवी, मीनाक्षी राजुरकर, कविता बाड़बूदे, रानी खवसे, हिमांशु पाटिल, अक्षय मालवी, दुर्गाप्रसाद मोरले व विद्यार्थियों का सक्रिय योगदान रहा।

# मोदी के जन्मदिन पर जेएच कॉलेज में टीका लगवाने छात्रों ने दिखाया उत्साह

## जेएच कॉलेज बैतूल में वैक्सीन लगवाने वालों को लकी ड्रॉ से किया जाएगा पुरस्कृत

**जेएच ई न्यूज,** जेएच कॉलेज बैतूल में राष्ट्रीय सेवा योजना की सक्रियता से जिला चिकित्सालय एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में सघन टीकाकरण अभियान प्राचार्य डॉ. विजेता चौबे के संरक्षण में जिला संगठक डॉ. सुखदेव डोंगरे के मार्गदर्शन में, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. राकेश कुमार तिवारी, प्रो. अशोक दाभाड़े, प्रो. सलिल दुबे, डॉ. अलका पाण्डे, प्रो. अर्चना सोनारे, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. जीपी साहू की उपस्थिति में जिला अस्पताल की टीकाकरण टीम में अर्चना पाटिल, सुशीला भारती, सविता पंवार, मंजुलता राठौर ने विद्यार्थियों एवं सामान्यजन को को-वैक्सीन के टीके लगाए। एनएसएस के दलनायक योगेश्वर पहाड़े, पूर्व दलनायक संजय उइके,



उपदलनायक दुर्गेश कुमरे, नवीन नागले, बालकिशोर अमरूते, अरूणा धुर्वे, नेहा पंडागरे द्वारा महाविद्यालय के आस-पास दुकानदारों को समझाइश देकर टीके लगवाए।

प्राचार्य डॉ. विजेता चौबे ने कहा टीका लगाकर हम स्वयं का जीवन सुरक्षित रख सकते हैं। डॉ. सुखदेव डोंगरे ने कहा एनएसएस के विद्यार्थियों ने महाविद्यालय के पास दुकानदारों को टीका लगवाने के लिए प्रेरित कर टीके लगावाए। पीएम मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर 2021 को टीका लगवाने वालों को लकी ड्रॉ के माध्यम से प्रत्येक टीकाकरण केंद्र से दो व्यक्ति को पुरस्कृत किया जाएगा। टीकाकरण अभियान में प्रो. कृष्णा गोसर, प्रो. माधुरी धोटे, प्रो. शीतल खरे, हेड क्लर्क मोहम्मद अनवर कुरैशी, छात्रावास अधीक्षक एलपी साहू, अमित आर्य, अमित ठाकुर, मुकेश करोले, संदीप कनाठे, खुमान सिंह, गिरधारी मालवीय, विवेक पानकर, श्रेष्ठ गौर के अलावा अनेक कर्मचारी सक्रिय सहयोग कर रहे हैं। जेएच कॉलेज के टीकाकरण केंद्र पर खबर लिखे जाने तक 70 टीके जगाए जा चुके थे।

# एक व्यक्ति एक पौधा थीम पर एनएसएस कर रहा पौधरोपण

**जेएच ई न्यूज, बैतूल।** जेएच कॉलेज की एनएसएस इकाई द्वारा एक व्यक्ति एक पौधा थीम के अंतर्गत पौधारोपण किया जा रहा है। यह अभियान प्राचार्या डॉ.विजेता चोबे के संरक्षण में, जिला संगठक डॉ. सुखदेव डोंगरे एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ.गोपालप्रसाद साहू, डॉ.प्रतिभा चौरे के मार्गदर्शन में और वरिष्ठ स्वयंसेवक प्रवीण परिहार, सोमचंद साहू, दीपाली पांडे, सतीष सलामे, ललित तायवाडे के नेतृत्व में रासेयो स्वयंसेवक पर्यावरण संरक्षण एवं वृद्धि हेतु आम, नीम, जामुन अशोक ,लक्ष्मितरू, गुलमोहर, जाम, पीपल, बरगद नीबू आदि के पौधों का रोपण किया जा रहा है।

इस मौके पर डॉ.सुखदेव डोंगरे ने बताया कि एक पेड़ रोज लगभग 21 किलो कार्बन डाइऑक्साइड सोखता है। हम एक पेड़ लगाकर 1 टन कार्बन डाईऑक्साइड कम कर सकते है। डॉ.जीपी साहू ने बताया कि जिले के शासकीय-अशासकीय महाविद्यालय के एनएसएस स्वयंसेवकों ने एक व्यक्ति एक पौधा थीम पर अपने अपने गॉवों के खेतो में, मार्गों पर, घरों में पौधरोपण कर उनकी सुरक्षा का संकल्प लिया। वरिष्ठ स्वयंसेवक प्रवीण परिहार और दिपाली पांडे ने बताया पौधरोपण अभियान में संजय उइके, योगेश्वर पहाड़े, दुर्गेश कुमरे, हिमांशू पाटिल,



नवीन नागले, अक्षय मालवी, बालकिशोर अमरूते, कन्हैया अमरूते, भूषण भावसार, चंद्रशेखर राठौर, अरुण बागवे, आकाश अजनरे, सागर वानोस्कर, दीपक माकोड़े, रिया घिडोडे, नंदिनी सोनी, प्रियंका सराठे, पूनम मालवी, मीनाक्षी राजुरकर, कविता वाड़बुदे, लक्षिता सातपुते, वर्षा रावत, अरूणा धुर्वे, रोशनी उघड़े, पायल आर्य, साक्षी मन्नासे, सरिता चोटेले, श्रेजल सिसोदिया, आरती यादव, दीक्षा चौकीकर, रेशमा टिटवरे, पूजा भलावी, शुभम हजारे, रंजीता सारियाम, सीमा पाटिल कोमल देशमुख आदि का सरहनीय योगदान रहा ।

# शिक्षक दिवस के उलक्ष्य में सम्मान समारोह का आयोजन

## जेएच कॉलेज बैतूल में सीनियर प्राध्यापकों का नवनियुक्त प्राध्यापकों द्वारा किया सम्मान










**जेएच ई न्यूज, बैतूल।** जेएच कॉलेज बैतूल में शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में विवेकानंद सभागृह में प्राचार्य डॉ. विजेता चौबे, डॉ. राकेश तिवारी, डॉ. ज्योति शर्मा, डॉ. अनिता सोनी, प्रो. बीआर खातरकर, डॉ. बलमदास खातरकर, प्रो. मुकुंद चंदेल, प्रो. अशोक दभाड़े, डॉ. मीनाक्षी चौबे, डॉ. खुशाल देवघरे, डॉ. अल्का पांडे, डॉ. अर्चना मेहता, प्रो. सलिल कुमार दुबे, डॉ. सुखदेव डोंगरे, डॉ. आभा वर्मा, डॉ. कमलेश अहिरवार, डॉ. बीडी नागले, वरिष्ठ प्राध्यापक, वरिष्ठ प्राध्यापकों, अतिथि विद्वानों, कार्यालयीन कर्मचारियों का नवचयनित प्राध्यापकों द्वारा साल-श्रीफल, पेन देकर सम्मान किया।

प्राचार्य डॉ. विजेता चौबे ने कहा नवनियुक्त प्राध्यापकों ने वरिष्ठ प्राध्यापकों का सम्मान करके नई पहल अहसास कराया। एनएसएस के जिला संगठक डॉ. सुखदेव डोंगरे ने बताया कि 7 सितंबर 2021 को प्रधानमंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी द्वारा शिक्षक दिवस के अवसर पर ऑनलाइन संगोष्ठी में उद्बोधन देते हुए कहा कि संपूर्ण भारत में 7 से 15 सितंबर 2021 तक सभी महाविद्यालयों में शिक्षक दिवस मनाकर नई शिक्षा नीति पर चर्चा करना जरूरी है।

कार्यक्रम में कु.निधि सुजाने द्वारा सरस्वती वंदना एवं एनएसएस के स्वयंसेवकों कु. लक्षिता सातपुते, दुर्गेश कुमरे, कन्हैया अमरूते द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। प्रो. प्रियंका लिखितकर द्वारा स्वागत भाषण प्रस्तुत किया गया। मंच संचालन डॉ. अर्चना मिश्रा एवं डॉ. निहारिका भावसार द्वारा किया। आभार प्रगट डॉ. नीरज धाकड़ द्वारा किया गया। शिक्षक दिवस कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. मनोज उघड़े, डॉ. मनोहर गावंडे, प्रो. मनोज घोरसे, प्रो. संजय विश्वकर्मा, प्रो. शिवप्रकाश पंवार, प्रो. ऋषिकांत पंथी, डॉ. मौसमी राय, प्रो. कृष्णा गौसर, डॉ. चंद्रशेखर मेश्राम, डॉ. रीतू साहू, डॉ. सोनाली सैनी साहू, प्रो. युगल सरले, प्रो. मनेष मानेकर, प्रो. राजा अतुलकर, डॉ. रामकुमार गौतम, डॉ. शीतल खरे, प्रो. माधुरी धोटे, प्रो. सुनीता गढ़ेकर, प्रो. पंकज बारस्कर, डॉ. ओमसिंह सिसोदिया, प्रो. हितेश जैन, प्रो. महेंद्र नावंगे, प्रो. प्रीति नावंगे, प्रो. राजकुमार चौकीकर का सक्रिय योगदान रहा।

# एनएसएस के छात्रों ने वैक्सीनेशन सेंटर पर संभाला मोर्चा

## शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में टीकाकरण के लिए लोगों को जागरूक करने कर रहे प्रेरित







**जेएच ई न्यूज, बैतूल।** मप्र शासन, स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित मुख्य चिकित्सा अधिकारी जिला बैतूल डॉ. एके तिवारी द्वारा जिलेभर के कोविड-19 टीकाकरण केन्द्र पर एनएसएस के स्वयं सेवक अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए जिला अस्पताल द्वारा गठित टीकाकरण दल को सक्रिय सहयोग कर रहे हैं। प्राचार्या डॉ. विजेता चौबे के संरक्षण में एवं रासेयो के जिला संगठक डॉ. सुखदेव डोंगरे के मार्गदर्शन में अनेकों प्राध्यापकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों ने कोविड वैक्सीन का टीका लगवाया।



जेएच कॉलेज बैतूल के एनसीसी की लेफ्टिनेंट डॉ. कमलेश अहिरवार एमएलबी स्कूल टीकाकरण केंद्र, प्रो. संजय विश्वकर्मा, प्रो. युगल किशोर सरले ने बैतूल गंज के सेंट्रल स्कूल में टीका लगवाया। इसी प्रकार विद्यार्थी प्रकाश उईके, सरिता चोटेले सहित अनेकों विद्यार्थियों द्वारा टीका लगवाया। एनएसएस की नंदिनी सोनी एवं प्रवीणा लोखंडे ने झिरनाढाना केंद्र पर, बालकिशोर अमरूते ने देहगुड़ टीकाकरण केंद्र पर इसके अलावा कई विद्यार्थियों ने अपने-अपने गांव के नजदीकीक टीकाकरण केंद्र पर जाकर टीकाकरण दल को सक्रिय सहयोग दिया। टीकाकरण अभियान के तहत संजय उइके वैक्सीन केंद्र आलमपुर चिचोली, पूनम मालवी, अरुणा धुर्वे, मिनाक्षी राजुरकर, अमित मालवी, अक्षय मालवी, नवीन नागले, योगेश्वर पहाड़े वैक्सीन केंद्र कन्या हाईस्कूल बैतूल, लक्षिता सातपुते, वर्षा रावत, रोशनी बनकर ने टीकाकरण केंद्र अमदर में सहयोग दिया। इसके अलावा सरिता चोटेले रेलवे हास्पिटल टीकाकरण केंद्र आमला, अंकित सलामे टीकाकरण केंद्र निरगुढ़, कमल कुमरे टीकाकरण केंद्र टिटवी, बाल किशोर अमरुते ने टीकाकरण केंद्र देहगुड़ में सक्रिय सहयोग दिया।

# प्राध्यापक संघ जिला शाखा का चरणबद्ध आंदोलन स्थगित

## कामयाबी: सातवें वेतनमान के एरियर्स देने की मांग पूरी करने का मिला आश्वासन





**जेएच ई न्यूज, बैतूल।** प्रांतीय शासकीय महाविद्यालय संघ भोपाल के आव्हान पर जिला शाखा बैतूल द्वारा चल रहा चरणबद्ध आंदोलन स्थगित हो गया है। संघ के जिला अध्यक्ष डॉ. सुखदेव डोंगरे ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष डॉ. कैलाश त्यागी, महासचिव आनंद शर्मा द्वारा उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव, प्रमुख सचिव उच्च शिक्षा डॉ. अनुपम राजन, आयुक्त चंद्रशेखर वालिंबे को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान उनसे हुई निवेदन चर्चा में मंत्री जी, प्रमुख सचिव एवं आयुक्त ने प्राध्यापक संघ को आश्वासन दिया कि सातवें वेतनमान का एरियर्स शीघ्र भुगतान किया जा रहा है। जिसकी फाइल वित्त विभाग को भेजी जा चुकी है। इसके अलावा अन्य मांगों पर भी सहमति देने पर प्रांतीय शासकीय महाविद्यालय प्राध्यापक संघ भोपाल ने आंदोलन स्थगित करने का निर्णय लिया है। डॉ. राकेश कुमार तिवारी ने कहा नवनियुक्त प्राध्यापकों को भी सदस्य बनाकर प्राध्यापक संघ से जोड़ा जाए। ताकि संघ प्राध्यापक संघ मजबूत हो। संघ की जिला सचिव डॉ. अनिता सोनी ने बताया नवनियुक्त प्राध्यापकों की परीक्षा अवधि एवं उनके पीएचडी की वेतनवृद्धि, सहायक प्राध्यापक पदनाम, ग्रेड पे परिवर्तन पर अतिरिक्त वेतनवृद्धि प्राध्यापकों की एजीपी 10 हजार, स्नातक एवं स्नातकोत्तर प्राध्यापकों को विशेष भत्ते के बारे में भी आश्वासन मिला। चरणबद्ध आंदोलन में डॉ. ज्योति शर्मा, डॉ. अल्का पांडे, डॉ. आभा वर्मा, प्रो. अशोक दभाड़े, डॉ. बीडी नागले, प्रो. मुकुंद चंदेल, डॉ. सलिल कुमार दुबे, डॉ. बीडी खातरकर, प्रो. बीआर खातरकर, प्रो. अर्चना मेहता, डॉ. खुशाल देवघरे, डॉ. प्रगति डोंगरे, प्रो. अर्चना सोनारे, डॉ. मीना डोनीवाल, डॉ. मीनाक्षी चौबे, प्रो. अशोक दभाड़े, प्रो. गुलाबराव राने, प्रो. हेमंत देशपाण्डे, डॉ. कमलेश अहिरवार, प्रो. राजेश शेषकर, डॉ. गोपाल साहू, डॉ. सुभाष खातरकर, डॉ. प्रणय तिवारी, महादेव वागद्रे, क्रीड़ा अधिकारी नीलिमा पीटर, ग्रंथपाल विराजवर्धन पाण्डे, प्रो. ओपी खत्री, प्रो. महेंद्र सल्लाम, प्रो. एकनाथ निरापुरे, डॉ. रंजिता बरखानिया, प्रो. मनोज घोरसे, प्रो. राजकुमार गौतम, प्रो. मनेष मानकर ने सक्रिय सहयोग दिया।

# आजादी की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर दौड़ संपन्न

## फिट इंडिया मूवमेंट पर वीडियो ब्लॉग प्रतियोगिता का आयोजन भी हुआ



**जेएच ई न्यूज, बैतूल।** जेएच कॉलेज बैतूल में 'आजादी का अमृत महोत्सव' कार्यक्रम के अंतर्गत फिट इंडिया फ्रीडम रन 2.0 का आयोजन 3 किलोमीटर 69 एनसीसी कैडेट्स 05 एमपी बालिका बटालियन एनसीसी होशंगाबाद के कमांडिंग अधिकारी कर्नल एसके शर्मा के निर्देशानुसार एवं जेएच कॉलेज की प्राचार्या डॉ. विजेता चौबे के संरक्षण में महाविद्यालय परिसर में महात्मा गांधी स्मारक से पुलिस परेड ग्राउंड बैतूल के लिए एनसीसी, एनएसएस गतिविधियों के संयोजक डॉ. सुखदेव डोंगरे एवं आयुष मेडिकल ऑफिसर डॉ. संतोष कुमार अहिरवार द्वारा नोडल अधिकारी एवं लेफ्टिनेंट डॉ. कमलेश अहिवार की उपस्थिति में हरी झंडी दिखाकर दौड़ एवं रैली का शुभारंभ किया गया।

महाविद्यालय में स्थित महात्मा गांधी स्मारक, स्वामी विवेकानंद स्मारक की एनसीसी कैडेट्स द्वारा साफ-सफाई की गई तथा फिट इंडिया मूवमेंट पर वीडियो ब्लॉग प्रतियोगिता संपन्न करवाई गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में आयुषी अतुलकर, रोशनी पटवारी, काजल पान्से, कुंती कहार, ललित तायवाड़े, योगेश पहाड़े का विशेष योगदान रहा।

# एनसीसी छात्राओं का उनमुखीकरण संपन्न

## युवा शक्ति कोरोना मुक्ति पर हुई चर्चा

**जेएच कॉलेज, बैतूल।** जयवंती हॉक्सर शासकीय स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय बैतूल में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत उच्च शिक्षा विभाग के आदेश के परिपालन में प्राचार्या डॉ. विजेता चौबे एवं जिला संयोजक डॉ. सुखदेव डोंगरे मार्गदर्शन में 5 एमपी बालिका बटालियन एनसीसी महिला इकाई होशंगाबाद, जेएच कॉलेज बैतूल की एनसीसी छात्राओं को आज दिनांक 2 जुलाई 2021 को दोपहर 1:0 बजे से लेफ्टिनेंट डॉ. कमलेश अहिरवार द्वारा युवा शक्ति कोरोना मुक्ति उनमुखीकरण कार्यक्रम में कोविड-19 टीकाकरण एवं अनुकूल व्यवहार का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के अंतर्गत डॉ. अहिरवार ने छात्राओंको स्वयं टीका लगवाने, अपने परिजनों एवं ईष्ट मित्रों को टीका लगवाने के लिए प्रेरित करें। साथ ही मास्क लगाने, सामाजिक दूरी बनाने, हाथ धोने एवं सेनेटाइजर का उपयोग करने, नियमित योगा एवं मेडिटेशन करके स्वयं में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने की समझाइश दी। प्रशिक्षण में कैडेट सोनिका नहारे, दीपिका, गंजन पाल, प्रियंका, मोनिका, अंजलि, स्नेहा यादव, काजल पान्से, निशा कुमरे, नैनी पाटिल, राधा यादव, कोमल दाभाड़े, पिंकी सलामे आदि का सक्रिय योगदान रहा।

# टीकाकरण महाअभियान में एनएसएस का सक्रिय सहयोग










**जेएच ई न्यूज, बैतूल।** मप्र शासन, स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित मुख्य चिकितसा अधिकारी जिला बैतूल डॉ. एके तिवारी द्वारा जिलेभर के कोविड-19 टीकाकरण केन्द्र पर एनएसएस के स्वयं सेवक अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए हॉस्पिटल द्वारा गठित टीकाकरण दल को सक्रिय सहयोग कर रहे हैं। प्राचार्या डॉ. विजेता चौबे के संरक्षण में एवं रासेयो के जिला संगठक डॉ. सुखदेव डोंगरे के मार्गदर्शन में अनेकों प्राध्यापकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों ने कोविड वैक्सीन का टीका लगवाया। जेएच कॉलेज बैतूल के प्रो. संजय विश्वकर्मा, प्रो. युगल किशोर सरले ने बैतूल गंज के सेंट्रल स्कूल में टीका लगवाया। इसी प्रकार विद्यार्थी प्रकाश उईके सहित अनेकों विद्यार्थियों द्वारा टीका लगवाया। एनएसएस की नंदिनी सोनी एवं प्रवीणा लोखंडे ने झिरनाढाना केंद्र पर, बालकिशोर अमरूते ने देहगुड़ टीकाकरण केंद्र पर इसके अलावा कई विद्यार्थियों ने अपने-अपने गांव के नजदीकीक टीकाकरण केंद्र पर जाकर टीकाकरण दल को सक्रिय सहयोग दिया।

# जल, जंगल और जमीन के लिए लड़े थे बिरसा मुंडा

## विश्व आदिवासी दिवस के उपलक्ष्य में प्रतियोगिता संपन्न




**जेएच ई न्यूज, बैतूल।** आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल के निर्देशों का पालन करते हुए प्राचार्य डॉ. विजेता चौबे के मार्गदर्शन में जिला संगठक डॉ. सुखदेव डोंगरे, चाइना में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले साथ में एनएसएस का प्रतिनिधित्व करने वाले व राष्ट्रीय इंदिरा गांधी एनएसएस पुरस्कार से सम्मानित अक्षय तिवारी विदिशा की उपस्थिति में एनएसएस जेएच कॉलेज बेतूल में विश्व आदिवासी दिवस के उपलक्ष्य में सर्वधर्म समभाव भारतीय सामाजिक व्यवस्था का मेरूदंड विषय पर जिला स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित की गई। यह प्रतियोगिता में ऑनलाइन जूम एप पर आयोजित की गई। जिसमें धरती के आबा क्रांतिकारी बिरसा मुण्डा पर भी चर्चा की गई। डॉ. सुखदेव डोंगरे ने कहा धर्म निरपेक्षता लोकतंत्र को मजबूत बनाती है। धरती के आबा बिरसा मुण्डा ब्रिटिश सरकार, जमींदारों एवं साहूकारों से जल, जंगल, जमीन के लिए समाज को इकट्ठा कर लड़े। अक्षय तिवारी ने कहा हमें सभी धर्मों का आदर करते हुए धर्म निरपेक्षता को मजबूत करना है। बिरसा मुंडा जी ने आदिवासी समाज को एक करके ब्रिटिश सरकार के विरुद्ध झारखंड, रांची में क्रांति की थी। भाषण प्रतियोगिता में जिले के 10 विद्यार्थियों ने सहभागिता की। जिसमे प्रथम लक्षिता सातपुते, द्वितीय सरिता चोटेले एवं तृतीय बालकिशोर अमरूते रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन वर्षा राव ने तथा आभार व्यक्त योगेश्वर पहाड़े ने किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ छात्र संजय उईके, कन्हैया अमरूते, कविता बाड़बुदे, चेतना धोटे, भूषण भावसार, अंजली सोनारे, दुर्गेश कुमरे, माधुरी आर्य, अक्षय मालवी, चन्द्रशेखर राठौर का सक्रिय सहयोग रहा।

# मुझे गर्व है कि मैं जेएच कॉलेज का अभिन्न अंग बना: डॉ. राव

## प्रोफेसर डॉ. प्रदीप सिंह राव का स्थानांतरण हुआ

फोटो चाहिए

**जेएच ई न्यूज, बैतूल।** जेएच कॉलेज बैतूल में डॉ. प्रदीप सिंह राव ने कहा मुझे गर्व है कि मैं मध्यप्रदेश के ख्याति प्राप्त महाविद्यालय का दो वर्ष से अधिक भिन्न अंग बना। बहुत बड़ी तादाद में विद्यार्थियों का अध्यापन, परीक्षाएं और अनेक गतिविधियों का यहां के प्राचार्य और स्टॉफ के द्वारा कुशल प्रबंधन अनुकरणीय है।

मेरा विश्वास है कि यह संस्था भविष्य में प्रदेश और देश में बैतूल का नाम गौरवान्वित करेगी। अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य डॉ. विजेता चौबे ने कहा कि हमने डॉ. राव से जिस कार्यकुशलता और गंभीर समझ को सीखा वह मील का पत्थर साबित होगा।

विशेष अतिथि पूर्व प्राचार्य डॉ. मगरदे ने कहा कि डॉ. राव बहुमुखी प्रतिभा के धनी हैं। दर्जनों पुस्तकें लिखना, लघु फिल्मों का निर्माण, संपादन, शोध और नवाचार की उपलब्धियों के बाद भी वे सहज, सरल रहते हैं उनका सरल व्यवहार यादगार रहेगा। एएसपी श्रद्धा जोशी ने डॉ. राव की साहित्यक प्रतिभा की प्रशंसा करते हुए शुभकामनाएं प्रेषित की। डॉ. सुखदेव डोंगरे, डॉ. बलमदास खातरक, डॉ. अनिता सोनी, डॉ. मीना डोनीवाल, प्रो. बीआर खातरकर, क्रीड़ा अधिकारी नीलिमा पीटर ने भी राव सर के लिए विचार प्रकट किए। राजनीति विभाग के छात्र-छात्राओं ने डॉ. राव की अध्यापन शैली की प्रशंसा करते हुए भाव विभोर होकर विदाई दी और स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस अवसर पर डॉ. आभा वर्ष, डॉ. वीडी नागले, डॉ. सलिल कुमार दुबे, डॉ. अलका पांडे, डॉ. अर्चना मेहता, डॉ. खुशाल देवघरे, डॉ. मीनाक्षी चौबे, डॉ. रमाकांत जोशी, डॉ. प्रगति डोंगरे, प्रो. मनेष मानकर, डॉ. रामकुमार गुप्ता, डॉ. ज्योति शर्मा, प्रो. मुकुंद चंदेल, प्रो. अशोक दभाड़े, प्रो. गुलाबराव राने, प्रो. हेमंत देशपांडे, लाइब्रेरियन विराजवर्धन पांडे मौजूद थे। इस अवसर पर मंच संचालन डॉ. धर्मेंद्र कुमार ने किया वहीं श्री देशपांडे ने आभार प्रकट किया।

# स्कूली बच्चों को कोरोना के प्रति किया जागरूक

फोटो चाहिए

**जेएच ई न्यूज, बैतूल।** कोरोना महामारी ने हमें झंझोर दिया है जिससे पूरे विश्व की अर्थव्यवस्था को भारी नुकसान हुआ है। भविष्य में तीसरी लहर ना आए इसी उद्देश्य को लेकर स्कूलों में सोशल डिस्टेंस, सेनेटाईस व मास्क आदि के महत्व को बताया जा रहा है।

हमें स्कूलों में सावधानी से कार्य करना होगा जिससे सभी सुरक्षित रहकर अध्यापन कार्य कर सकें। यह बात बुधवार को गौठाना स्कूल में छात्र छात्राओं कोरोना से बचाव की जानकारी देते हुए जेएच कॉलेज के प्राध्यापक डॉ.एसडी डोंगरे के द्वारा कही गई। डॉ. डोंगरे ने कहा कि सावधानी रहेगी तो ही हम बचे रहेंगे नहीं तो समस्या उत्पन्न हो जाएगी। इस अवसर पर शाला के प्रभारी प्रधानपाठक मदनलाल डढोरे ने कहा कि हमें इस प्रकार लोगों में जनजाग्रति लाकर आने वाले भविष्य को सुरक्षित किया जा सकता है। जिससे की बच्चे सावधान रहकर इस महामारी से बच सकें। इस अवसर पर मंगला साबले, शेवता निरापुरे, तनवीर खान, मदनलाल डढोरे, मोनिका वर्मा, जयश्री मेश्राम सहित पालक शिक्षक संघ के पदाधिकारी व पालकगण उपस्थित थे।

# एनएसएस के विद्यार्थियों के जन्मदिवस पर पौधरोपण किया



**जेएच ई न्यूज, बैतूल।** जेएच कॉलेज बैतूल के परिसर में पाचार्या डॉ. विजेता चौबे एवं जिला संगठक डॉ. सुखदेव डोंगरे के मार्गदर्शन में रोसेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ. गोपाल साहू, डॉ. प्रतिभा चौरे, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. सलिल दुबे, की उपस्थिति में वरिष्ठ स्वयं सेवक संजय उईके, पुरुष इकाई के दलनायक योगेश्वर पहाड़े, दुर्गेश कुमरे, महिला इकाई की दलनायिका अंजली सोनारे के संयोजन में एनएसएस के स्वयं सेवक अक्षय मालवी बालकिशोर अमरूते, चंद्रशेखर राठौर, जुबेर शेख, आकाश नागले, अमन डांगे, स्वयं सेविकास प्रवीणा लोखंडे, रोशनी उघड़े, लक्षिता सातपुते, वर्षा रावत, रोशनी बनकर, साक्षी मन्नासे, कोमल करोले, काजल मालवी एवं माधुरी आर्य के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में फलदार पौधे आम, जामुन, जाम, बरगद, पीपल, अशोक, नीम, लिचि के 25 पौधों का रोपण किया गया।

डॉ. विजेता चौबे ने कहा पौधों से हम भोजन, पानी और ऑक्सीजन मिलता है। डॉ. सुखदेव डोंगरे ने कहा पौधे वायुमंडल की प्रदुषित कार्बन डाई ऑक्साइड शोषित कर भोजन का निर्माण करते हुए ऑक्सीजन देते हैं। डॉ. सलिल दुबे ने कहा वृक्ष हमें कपड़े एवं दवाई भी प्रदान करते हैं। डॉ. गोपाल साहू ने कहा मानव का अस्तित्व सुरक्षित करने के लिए पौधरोपण आवश्यक है। पौधरोपण में नंदनी सोनी, नवीन नागले, कन्हैया अमरूते, आकश अजनेरे, लक्ष्मण परते, अरूण बागवे, संदीप उईके, अमित मालवी, कविता बाड़बुदे, मीनाखी राजुरकर, निधि सुजाने, रानी खवसे, सलोनी बर्वे का सक्रिय सहयोग रहा।

# मांगों को लेकर प्राध्यापक संघ का चरणबद्ध आंदोलन प्रारंभ हुआ

## संयुक्त कलेक्टर एमपी बरार और प्राचार्या डॉ. विजेता चौबे को ज्ञापन सौंपा







**जेएच ई न्यूज, बैतूल।** प्रांतीय शासकीय महाविद्यालय संघ भोपाल के आव्हान पर चरणबद्ध आंदोलन के लिए बैतूल में संयुक्त कलेक्टर एमपी बरार को प्राध्यापक संघ के जिला अध्यक्ष डॉ. सुखदेव डोंगरे, सचिव डॉ. अनिता सोनी, डॉ. अल्का पाण्डे, प्रो. अर्चना सोनारे ने ज्ञापन सौंपा। इसी प्रकार महाविद्यालयीन प्राध्यापक संघ जिला बैतूल द्वारा जेएच लीड कॉलेज की प्राचार्या डॉ. विजेता चौबे को महाविद्यालयीन प्राध्यापक संघ जिला शाखा बैतूल द्वारा आंदोलन ज्ञापन सौंपा। चरणबद्ध आंदोलन की संरक्षक डॉ. ज्योति शर्मा ने कहा सातवें वेतनमान का बकाया ऐरियर्स, महंगाई भत्ता के लिए ज्ञापन सौंपा है।

आंदोलन के जिला संयोजक प्रो. बीआर खातरकर ने कहा सरकार पांचवें वेतानमान का गृह भाड़ा भत्ता दिया जा रहा है जबकि सातवां वेतनमान लग चुका है। चरणबद्ध आंदोलन कर ज्ञापन सौंपने में डॉ. आभा वर्मा, डॉ. बीडी नागले, डॉ. सलिल कुमार दुबे, प्रो. अर्चना मेहता, डॉ. खुशाल देवघरे, डॉ. प्रगति डोंगरे, डॉ. मीना डोनीवाल, प्रो. मुकुंद चंदेल, डॉ. मीनाक्षी चौबे, प्रो. अशोक दभाड़े, प्रो. गुलाबराव राने, प्रो. हेमंत देशपाण्डे, डॉ. कमलेश अहिरवार, प्रो. राजेश शेषकर, डॉ. सुभाष खातरकर, डॉ. प्रणय तिवारी, महादेव वागद्रे, क्रीड़ा अधिकारी नीलिमा पीटर, ग्रंथपाल विराजवर्धन पाण्डे, प्रो. ओपी खत्री, प्रो. महेंद्र सल्लाम, प्रो. एकनाथ निरापुरे, प्रो. मनोज घोरसे, प्रो. युगलकिशोर सरले, डॉ. मनोहर गावंडे, प्रो. संजय कुमार विश्वकर्मा, डॉ. प्रतिभा चौरे, प्रो. शिवकुश पंवार, डॉ. अर्चना दुबे, प्रो. सुनिता गढ़ेकर, डॉ. चंद्रशेखर मेश्राम, डॉ. मनोज उघड़े, डॉ. रितु साहू, डॉ. सोनाली साहू, प्रो. नीरज धाकड़े, प्रो. राजकुमार गौतम, प्रो. मनेष मानकर, प्रो. शीतल खरे, प्रो. माधुरी धोटे, प्रो. प्रियंका लिखितकर, डॉ. रंजिता बरखानिया, प्रो. राजा अतुलकर, प्रो. ऋषिकांत पंती, डॉ. मौसमी राय, प्रो. कृष्णा गौसर, प्रो. वीणा डेहरिया ने सहभागिता करते हुए चरणबद्ध आंदोलन प्रारंभ किया।

# एनसीसी कैड्स ने कारगिल विजय दिवस मनाया

## जेएच कॉलेज से कारगिल चौक तक रैली निकाली

फोटो चाहिए

फोटो चाहिए

**जेएच ई न्यूज, बैतूल।** जेएच कॉलेज बैतूल के एनसीसी (छात्र/छात्रा) कैडेट्स के द्वारा 5 एमपी गर्ल्स बटालियन एवं 13 एमपी बटालियन एनसीसी होशंगाबाद के निर्देशानुसार महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. विजेता चौबे एवं एनएसएस जिला संगठक डॉ. सुखदेव डोंगरे के मार्गदर्शन में एनसीसी अधिकारी लेफ्टिलेंट डॉ. कमलेश अहिरवार एवं लेफ्टिनेंट डॉ. खुशाल देवघरे के नेतृत्व में डॉ. सलिल दुबे, प्रो. हेमंत देशपांडे, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रतिभा चौरे की उपस्थिति में एनसीसी के लगभग 50 कैडेट्स के द्वारा कारगिल विजय दिवस पर महाविद्यालय से प्रारंभ कर कारगिल चौक सदर बैतूल तक रैली निकाली गई। साथ ही चित्रकला एवं प्रश्न मंच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

चित्रकला प्रतियोगिता में 25 कैडेट्स ने भाग लिया जिसमें महिला यूनिट में प्रथम निशा अहाके, द्वितीय गायत्री लिखितकर, तृतीय दीक्षा अमरूते रहीं। पुरुष यूनिट में संदीप इवने प्रथम, सुमित रघुवंशी का द्वितीय स्थान रहा। क्विज प्रतियोगिता में कुंती कहार प्रथम, सोनाली प्रजाति द्वितीय एवं नैनी पाटिल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य विजेता चौबे ने कहा कारगिल में भारत एवं पाकिस्तान के बीच मई 1999 में युद्ध हुआ था जिसमें भारत को 26 जुलाई 1999 के दिन विजय प्राप्त हुई। उस समय भारत के प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी थे। डॉ. सुखदेव डोंगरे ने कहा पाकिस्तानी सेना ने कारगिल क्षेत्र में घुसपैठ कर नियंत्रण रेखा को पार करने की कोशिश की जिसके जवाब में भारतीय सेना ने ऑपरेशन विजय अभियान चलाया और 26 जुलाई 1999 के दिन विजय प्राप्त की। कारगिल विजय दिवस कार्यक्रम को सफल बनाने में सीनियर अंडर ऑफिसर आयुषी अतुलकर, कैडेट्स काजल पांसे, ईशा बारस्कर, सोनिका नहारे, आशीष यादव, गणेश यादव, सचिन, संजय उईके, मोहित पाल का विशेष योगदान रहा।

# 2 से 14 अगस्त तक काली पट्टी बांधकर काम करेंगे प्राध्यापक

## आंदोलन के लिए प्राध्यापक संघ की बैठक संपन्न हुई

फोटो चाहिए

**जेएच ई न्यूज, बैतूल।** प्रांतीय शासकीय महाविद्यालयीन प्राध्यापक संघ भोपाल के आव्हान पर जयवंती हॉक्सर शासकीय स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय में जिले के समस्त शासकीय महाविद्यालय के प्रतिनिधि प्रमुख रूप से डॉ. अनिता सोनी, डॉ. ज्योति शर्मा, प्रो. अशोक दभाड़े, डॉ. अल्का पांडे, प्रो. बीआर खातरकर, प्रो. सलिल दुबे, डॉ. बीडी खातरकर, डॉ. खुशाल देवघरे, डॉ. आभा वर्मा, डॉ. मीनाक्षी चौबे, डॉ. प्रगति डोंगरे, प्रो. हेमंत देशपांडे, डॉ. पल्लवी दुबे, प्रो. जगदीश उईके, प्रो. प्रदीप पंद्राम, डॉ. साहबराव झरबड़े, ीड़ा अधिकारी शैलेन्द्र बारंगे की उपस्थिति में 2 अगस्त से चरणबद्ध आंदोलन चलाने के लिए बैठक आयोजित की गई। डॉ. अनिता सोनी ने कहा रेगुलेशन 2016 के अनुसार भर्ती नियमों में संशोधन हेतु ज्ञापन सौंपेंगे। डॉ. सुखदेव डोंगरे ने कहा सातवें यूजीसी वेतनमान के समान एरियर्स राशि, महंगाई भत्ते एवं ग्रह भाड़ा भत्ता शासन से भुगतान कराने हेतु 02 अगस्त 2021 से चरणबद्ध आंदालन करेंगे। डॉ. ज्योति शर्मा ने कहा 02 अगस्त से 14 अगस्त विरोध स्वरूप काला मास्क एवं काली पट्टी लगाकार सांकेतिक आंदोलन करेंगे। डॉ. बीआर खातरकर ने कहा पोस्ट कार्ड के माध्यम से माननीय मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित करेंगे। डॉ. अल्का पाण्डे ने कहा जनप्रतिनिधियों के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपेंगे।

डॉ. आभा वर्मा ने कहा 16 से 25 अगस्त के बीच गेट मीटिंग, पोस्टर प्रदर्शनी, स्लोगन, शंखनाद, घंटी बजाकर, थाली बजाकर शासन का ध्यान आकर्षण करेंगे। आंदोलन के लिए प्रबंधन कार्यकारिणी शीघ्र बनाई जाएगी। प्राध्यापक संघ की बैठक को सफल बनाने में क्रीड़ा अधिकारी नीलिमा पीटर, ग्रंथपाल विराजवर्धन पांडे, डॉ. अर्चना मेहता, डॉ. मीना डोनीवाल, प्रा. अर्चना सोनारे, डॉ. जीपी साहू, प्रो. मुकुंद चंदेल, डॉ. प्रणय तिवारी, प्रो. वीणा डेहरिया, डॉ. रजिता बरखानिया, प्रो. नीरज धाकड, प्रो. ऋषिकांत पंती, प्रो. राजा अतुलकर प्रो. ओपी खत्री, डॉ. एकनाथ निरापुरे, प्रो. महेन्द्र सल्लाम आदि का सहयोग रहा।

**नई शिक्षा नीति:** यूजी के छात्रों को मुख्य विषय के साथ माइनर, वैकल्पिक,व्यावसायिक विषय भी चुनना होगा, आधार पाठ्यक्रम रहेगा अनिवार्य

# यूजी का कोर्स अब 4 साल में होगा पूरा, 3 की जगह 2 घंटे होगी लिखित परीक्षा

**जेएच ई न्यूज।** नई शिक्षा नीति के तहत कॉलेजों में प्रथम वर्ष में एडमिशन शुरू हो गए है। उच्च शिक्षा को रोजगारोन्मुखी बनाने के लिए व्यावसायिक व कौशल संवर्धन के पाठ्यक्रम जोड़े गए हैं। अब यूजी में एडमिशन लेने वाले विद्यार्थियों को एक मुख्य विषय के साथ माइनर, वैकल्पिक, व्यवसायिक विषय भी चुनना होगा। वहीं आधार पाठयक्रम अनिवार्य रहेगा, वहीं इंटरशिप, फील्ड प्रोजेक्ट में से एक चुनना होगा। यूजी तीन साल की जगह चार साल का होगा। चार साल में कोर्स पूरा होने पर विद्यार्थियों को बैचलर विद रिसर्च की डिग्री दी जाएगी। वहीं पीजी एक साल की रहेगी। वहीं अब तीन घंटे की परीक्षा भी दो घंटे में देनी होगी। कॉलेज की पढ़ाई को रोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से प्रदेश में नई शिक्षा नीति लागू की है। इसी सत्र से नई शिक्षा नीति शुरू होगी। इसके लिए एडमिशन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। एडमिशन के दौरान छात्र-छात्राओं को सीट आवंटन के साथ एक मुख्य विषय के अलावा माइनर, वैकल्पिक, व्यावसायिक विषय तथा अन्य विषय में एनसीसी, एनएसएस या खेल विषय चुनना होगा। साथ ही आधार पाठ्यक्रम अनिवार्य रहेगा। जिले के लीड कॉलेज जयवंती हाक्सर महाविद्यालय द्वारा नई शिक्षा नीति को लेकर जिले के प्राध्यापकों की एक बैठक कर ली। 26 अगस्त को भी प्राध्यापकों, कंम्प्यूटर ऑपरेटर सहित अन्य कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

## नई शिक्षा नीति के तहत यह किए बदलाव: इस तरह चुनने होंगे विषय



सीट आवंटन के साथ ही छात्रों को विषय का चुनाव करना होगा। इसमें एक मुख्य विषय होगा। यानी बीएससी में एडमिशन लेने वाला विद्यार्थी गणित, फिजिक्स व कैमिस्ट्री में से किसी एक को मुख्य विषय के रूप में चुनेगा। इसके बाद माइनर विषय में दो विषय चुनना होगा। वहीं इलेक्टेड विषय में 50 से अधिक विषय दिए हैं। एक विषय व्यावसायिक पाठय म में उसे 25 से अधिक विषय में से एक चुनने की प्राथमिकता रहेगी। वहीं आधार पाठय म अनिवार्य रहेगा। इसके बाद छात्र अन्य में जाकर एनसीसी, एनएसएस तथा खेल का विषय भी चुन सकता है।

### प्रथम वर्ष में सर्टिफिकेट, दूसरे में डिप्लोमा, तीसरे में डिग्री मिलेगी

यूजी का कोर्स चार साल में पूरा होगा। इसके पहले यह कोर्स तीन साल में पूरा हो जाता था। प्रथम वर्ष में विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट, दूसरे वर्ष में डिप्लोमा, तृतीय वर्ष में डिग्री तथा चौथे वर्ष में बैचलर विद रिसर्च की डिग्री दी जाएगी। यदि छात्र एक साल में पढ़ाई छोड़ देता है तो उसे सर्टिफिकेट दिया जाएगा। यानि उसकी पढ़ाई बारहवीं पास नहीं मानी जाएगी। जिस साल पढ़ाई छोड़ी उस हिसाब से मिलेगी मार्कशीट।

### 100 अंक के होंगे पेपर, दो घंटे की होगी लिखित परीक्षा

यूजी की परीक्षा अब 2 घंटे की होगी। इसमें 25 अंक आंतरिक मूल्यांकन के होंगे, जबकि लिखित परीक्षा 75 अंकों की होगी। लिखित परीक्षा में अति लघु उत्तरीय प्रश्न के 9 अंक, लघु उत्तरीय के 36 अंक तथा दीर्घ उत्तरीय प्रश्नों के 30 अंक होंगे। आधार पाठय म के प्रश्नपत्र वस्तुनिष्ठ पद्धति पर आधारित होंगे। इसमें प्रत्येक वर्ष 100-100 अंक के दो प्रश्नपत्र होंगे। आंतरिक मूल्यांकन का प्रावधान नहीं होगा।

### व्यावसायिक पाठयक्रम की प्रशिक्षण अवधि 60 घंटे की होगी

महाविद्यालय में संचालन के लिए व्यावसायिक पाठय म प्रतिवर्ष 4-4 `डिट के होंगे। इनमें प्रशिक्षण की अवधि 60 घंटे की होगी। प्रत्येक कॉलेज अपने क्षेत्र की आवश्यकताओं तथा उपलब्ध संसाधनों के आधार पर इन पाठय मों में से पाठय म का चुनाव कर सकेंगे। इनकी अध्यापन व्यवस्था सेक्टर कौंसिल अथवा स्थानीय शासकीय विभागों कृषि, विद्युत व तकनीकी शिक्षा अथवा अन्य संस्थानों के सहयोग से करेंगे।

# सुरूचि प्रथम, मुस्कान द्वितीय रही जिला स्तरीय निबंध स्पर्धा संपन्न

**जेएच ई न्यूज, बैतूल।** जेएच कॉलेज में स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना उच्चि शिक्षा विभाग द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव के अवसर पर हिन्दी पखवाड़े के अंतर्गत जिला स्तरीय निबंध प्रतियोगिता प्राचार्या डॉ.विजेता चौबे के निर्देशन में संपन्न हुई। कार्यक्रम प्रभारी प्रो.शिवप्रकाश पवांर व जिला नोडल अधिकारी डॉ.मनोज उघड़े ने बताया कि प्रतियोगिता में जिले के समस्त शासकीय-अशासकीय महाविद्यालयों के सभी चयनित विद्यार्थियों ने भाग लिया। समस्त महाविद्यालयों से ऑनलाइन प्राप्त उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांभकन हेतु जिले के शासकीय महाविद्यालयों के तीन प्राध्यांपकों की समिति गठित की गयी थी। मूल्यांकन समिति द्वारा उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांककन किया जाकर परिणाम घोषित किया गया। प्रतियोगिता में जेएच कॉलेज की सुरूचि काले प्रथम, शासकीय महाविद्यालय भैंसदेही की मुस्कान शेख द्वितीय एवं शासकीय महाविद्यालय सारणी की हेमलता बोहरपी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी चयनित विद्यार्थी आज शनिवार संभाग स्तरीय निबंध प्रतियोगिता में हिस्सा ले सकेंगे।

**तारीख बढ़ाई. रोज सुबह 10 से 12 बजे तक फार्म, 1 बजे मैरिट, अगले दिन सुबह 11 बजे तक जमा होगी फीस**

# कॉलेज में 10 तक ले सकते हैं ऑनलाइन प्रवेश

**जेएच ई न्यूज।** बैतूल के विद्यार्थियों को कॉलेजों में प्रवेश का एक और मौका मिलेगा। सीएलसी अंतिम चरण में विद्यार्थी 10 अक्टूबर तक ऑनलाइन प्रवेश ले सकते हैं। यूजी और पीजी की कक्षाओं में प्रवेश लेने के लिए सुबह 10 से 12 बजे तक फार्म भर सकते हैं। उसी दिन दोपहर एक बजे मैरिट सूची जारी कर दी जाएगी। मैरिट के अनुसार विद्यार्थी अगले दिन सुबह 11 बजे तक फीस ऑनलाइन जमा करने के बाद प्रवेश ले सकते हैं। सीएलसी चरण की अंतिम तिथि 30 सितंबर रखी थी। जिसे बढ़ाकर 10 अक्टूबर कर दी है। जेएच कॉलेज की प्राचार्य डॉ . विजेता चौबे ने बताया यूजी व पीजी कक्षाओं में प्रवेश के लिए इच्छुक विद्यार्थी जिस महाविद्यालय में प्रवेश लेना है, वहां जाकर सुबह 10 से 12 बजे तक फार्म जमा कर सकते हैं, उसी दिन मैरिट जारी होगी। जो विद्यार्थी पंजीयन कराने में चूक गए थे, वे भी अपना पंजीयन इस दौरान कर सकते हैं। सत्यापन कार्य ऑनलाइन के साथ ऑफलाइन भी होगा। जिले के मुलताई, सारनी, भैंसदेही, आमला, घोड़ाडोंगरी सहित अन्य कॉलेजों में आधे से अधिक सीटें भर गई हैं

### जेएच में 550 सीटों पर आए 5158 आवेदन

सबसे अधिक फार्म जेएच कॉलेज में पीजी की सीटों पर आए हैं। यहां पीजी की 16 से अधिक क्लास हैं। इनमें 1482 सीटें हैं। सीएलसी चरण में 550 सीटें आवंटित की थीं। इन सीटों पर 5 हजार 158 विद्यार्थियों ने फार्म जमा किए हैं, यदि सीटें नहीं बढ़ाई तो इनमें से 4 हजार 608 विद्यार्थी प्रवेश से वंचित रह जाएंगे।

### जेएच कॉलेज में बॉटनी में सर्वाधिक आवेदन आए

जेएच कॉलेज में एमएससी बॉटनी में 70 सीटें है। इसमें से 21 सीटें खाली हैं। 21 सीटों पर 710 आवेदन आए हैं। वहीं एमए हिंदी की 35 सीटों पर 394, एमए हिस्ट्री में 32 सीटों पर 311 विद्यार्थियों ने प्रवेश के लिए आवेदन किए हैं। वहीं एमए अर्थशास्त्र में 33 सीटों के लिए 286, एमए इंग्लिश में 36 सीटों के लिए 250 आवेदन पत्र आए हैं। इनमें से अधिकांश सीटों पर प्रवेश हो चुके हैं।

# जेएच कॉलेज में कैम्पस ड्राईव संपन्न, 682 विद्यार्थियों ने कराया पंजीयन





**जेएच ई न्यूज, बैतूल।** स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशन में नर्मदापुरम संभाग के स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना के तत्वाधान में प्रदेश स्तरीय ओपन विशेष भर्ती अभियान सम्पन्न हुआ। महाविद्यालय के विवेकानन्द कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के टीपीओ डॉ.मनोज उघड़े ने बताया कि इस अभियान के लिए विशेष तौर पर इस महाविद्यालय को चयनित किया गया था। रोजगार मेले में प्रदेश की 4 कंपनियां सम्मिलित हुई। इन कंपनियों द्वारा रोजगार मेले के माध्यम से बेरोजगार छात्रो को रोजगार प्रदान किया। आयोजन पूरी तरह ओपन आधार पर रखा गया था जिसमें ऑनलाइन पंजीयन 500 एवं महाविद्यालय में उपस्थित होकर 182 ऐसे कुल 682 छात्र-छात्राओं ने पंजीयन कराया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. विजेता चौबे ने कि जिले के युवक-युवतियों को स्वर्णिम अवसर मप्र के उच्च शिक्षा विभाग द्वारा प्रदान किया गया और इस प्रकार के रोजगार मेले भविष्य में भी आयोजित किए जाते रहेंगें। जिससे जिले के बेरोजगार छात्र-छात्राओं को अधिक से अधिक रोजगार प्रदान किये जा सके। आयोजन का शुभारम्भ प्रदेश उच्च शिक्षा मंत्री मोहन यादव द्वारा ऑनलाइन किया गया।



समाचार
# हॉकरार
पाक्षिक
सत्यमेव जयते

Jh. e News
तमसो माँ ज्योतिर्गमय
ज.हा. शास. स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय, बैतूल (म.प्र.)

वर्ष - 9 अंक- 42 दिनांक 01 अक्टूबर से 31 दिसंबर 2021 पृष्ठ-


# जेएच कॉलेज में युवा उत्सव की रंगारंग शुरूआत

## नृत्य, गीत-संगीत, भाषण, वाद-विवाद और साहित्य विद्या में विद्यार्थियों ने बढ़चढ़कर लिया हिस्सा

जेएच ई न्यूज, बैतूल। शिक्षा के साथ स्वस्थ्य मनोरंजन भी आवश्यक है इससे प्रतिभाओं में निखार आता है और व्यक्तित्व विकास होता है। इसी उद्देश्य को लेकर जेएच कॉलेज में युवा उत्सव प्रारंभ हुआ। यह उत्सव प्राचार्या डॉ.विजेता चौबे की अध्यक्षता में और डॉ.राकेश तिवारी, डॉ.ज्योति शर्मा, डॉ.अंकिता सोनी, डॉ.धुमेन्द्र कुमार, प्रो.अशोक दभाड़े, प्रो.बीआर खातरकर, डॉ.बीडी खातरकर, डॉ.सलील दुबे, जिला सांस्कृतिक समन्वयक प्रो.राजेश शेषकर, डॉ.जीपी साहू, कार्यक्रम प्रभारी प्रो.नीरज धाकड़ की विशेष उपस्थिति में हुआ। इस अवसर पर बड़ी संख्या में विद्यार्थीगण व कॉलेज स्टॉफ मौजूद था।

### यह रहे विजेता

एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ.जीपी साहू ने बताया कि युवा उत्सव के दौरान विभिन्न विषयों और विद्याओं में प्रतियोगिताएं आयोजित की गई जिसमें संगीत विद्या संयोजक डॉ. एकनाथ निरापुरे ने बताया कि संगीत में




22 प्रतिभागियों ने सहभागिता की जिसमें प्रथम शिवानी पंन्द्र, द्वितीय उज्जवल चौहान, तृतीय नितिन विश्वास, साहित्य विद्या संयोजक डॉ.मीना डोनीवाल ने बताया कि साहित्य विद्या में 6 टीमों ने हिस्सा लिया जिसमें प्रथम योगेश्वर व साथी, द्वितीय शिवानी एवं साथी, तृतीय अमित मालवीय एवं साथी रहे, वाद विवाद प्रतियोगिता जिसका विषय देश की आजादी की सुरक्षा युवा पीढ़ी के प्रयासों से ही संभव है में पक्ष में विशाल सिंह व विपक्ष में आयुष राठौर, वक्तृत्व कला जिसका विषय मेरे सपनों का मध्यप्रदेश था उसमें प्रथम सूर्यदीप चौरसिया, द्वितीय आयुष राठौर, तृतीय शारदा इवने, रंग मंचीय विद्या संयोजक डॉ.के देवधरे ने बताया कि एकांकी नाटक में रोहित कहार एवं साथी, लघु नाटिका में प्रथम रोहित कहार एवं साथी, माईम में साहिल खान एवं साथी, समूह नृत्य विद्या संयोजक डॉ.कमलेश अहिरवार ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रथम रवीन्द्र एवं साथी, द्वितीयस रामकृष्ण एवं साथी और तृतीय सोनिका एवं साथी रहे।

# ऐसे कार्यक्रमों से होता है व्यक्तित्व विकासः डॉ. चौबे

## जिला स्तरीय युवा उत्सव का हुआ रंगारग समापन

जेएच ई न्यजू बैतूल। जेएच कॉलेज में चल रहा जिला स्तरीय युवा उत्सव रंगारंग समापन मंगलवार को हुआ। इस मौके पर मुख्य अतिथि डॉ.उषा द्विवेदी ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि ऐसे कार्यक्रम युवाओं के लिए एक अवसर की तरह है जिससे वह अपनी प्रतिभा से लोगो को रूबरू करवा सकते हैं और इसी में अपना कॅरियर बना सकते हैं। डॉ.राकेश तिवारी ने कहा कि युवाओं को इस रचनात्मक मंच का सही ढंग से उपयोग करना आना चाहिए। जिससे उनकी प्रतिभा निखरकर सामने आ सके। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर ही प्राचार्या डॉ.विजेता चौबे ने कहा कि विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ रचनात्मक गतिविधियों हिस्सा लेना चाहिए इससे उन व्यक्तित्व विकास होता है। इ अवसर पर प्रमुख रूप से प्रो.मने मानेकर, डॉ.अल्का पांडे, डॉ.f साहू, डॉ.मनोहरराव गावंडे, प्रो.नीर धाकड़, प्रो.रामकुमार गौत प्रो.खुशहाल देवधरे, प्रो.प्रियं लिखितकर, प्रो.मीना डेहरि प्रो.मौसमी राय, प्रो.ललित चोडा प्रो.संतोष पंवार, प्रो.बीअ खातरकर, प्रो.संतोष पाटिल कॉले स्टॉफ सहित बड़ी संख्या में छा छात्राएं माजूद थी। कार्यक्रम संचालन डॉ.जीपी साहू ने व अभ सांस्कृतिक प्रभारी डॉ.राजेश शेष द्वारा व्यक्त किया गया।

# जेएच कॉलेज में सतीष सलामे हुए सम्मानित



जेएच ई न्यूज, बैतूल। विगत दिनों राष्ट्रीग सेवा योजना राज्य स्तरीय मध्यप्रदेश पुरूस्कारों की घोषणा की गई। जिसमें जेएच कॉलेज के तीन स्वयंसेवकों को पुरूस्कृत किया गया। जेएच कॉलेज के स्वयंसेवक सतीष सलामें को प्राचार्या डॉ.विजेता चौबे ने राष्ट्रीय सेवा योजना राज्य स्तरीय मध्यप्रदेश पुरूस्कार मिलने पर दी बधाई। डॉ.विजेता चौबे ने कहा कि यह हमारे लिए बहुत ही गौरव का विषय है कि यह पुरूस्कार हमारे महाविद्यालय के तीन स्वयंसेवकों को प्राप्त हुआ है।

यह हमारे नवीन स्वयंसेवकों के लिए प्रेरणा है। कार्यक्रम अधिकारी डॉ.जीपी साहू ने कहा कि सतीष सलामें को मिला यह पुरूस्कार स्वयंसेवकों को बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित करेगा। इस अवसर पर जिला संगठक डॉ.सुखदेव डोंगरे,कार्यक्रम अधिकारी नीलिमा पीटर सहित एनएसएस के स्वयंसेवकों ने बधाई दी।

# जेएच कॉलेज में पौधारोपण कर मनाई गांधी जयं



जेएच ई न्यूज, बैतूल। जेएच कालेज बैतूल में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर कॉलेज परिसर में कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवकों द्वारा प्राचार्या डॉ.विजेता चौबे, प्रभारी प्राचार्य आरके तिवारी के मार्गदर्शन में स्वच्छता अभियान चलाया।

सेवानिवृत्त प्राध्यापक डॉ. एचके वर्मा द्वारा भेंट किए गए पौधे पीपल, गुडहल, नीम, अशोक, जामुन, आम, कदम, बादाम आदि पौधों का रोपण किया गया। डॉ.एचके वर्मा ने कहा कि महात्मा गांधी के जीवन दर्शन आज भी प्रासंगिक है।

भारत को आजाद कराने में उन्होंने अगृणी भूमिका का निर्वहन किया था। डॉ.विजेता चौबे ने कहा कि महात्मा गांधी द्वारा लिखित पुस्तकों का अध्यक्ष कर उनके विचारों को आत्मसात क चाहिए। डॉ.सुखदेव डोंगरे ने ब कि एनएसएस के स्वयंसेवक अ अपने स्तर पर पूरे जिले में सेवा कर गांधी जी की जयंती मना र स्वच्छता अभियान और पौधा र को सफल बनाने में दिपाली हिमांशु पाटिल, अंशुल चौकी कपिल लोखंडे, अभिषेक पंवार, ह हुरमाड़े का सराहनीय योगदान रहा।


■ प्राचाय - डॉ. विजेता चौबे ■ संपादक - डॉ. सुखदेव डोंगरे ■ सह संपादक - डॉ. गोपाल साहू ■ डॉ. मनोहर गावंडे

### संपादकीय

# उपलब्धियों की नई इबारत लिख रहा है जेएच कॉलेज



डॉ. सुखदेव डोंगरे
संपादक

साल 2021 का अंतिम चार माह कॉलेज के लिए उपलब्धियां हासिल करने वाले रहे हैं। ओमीक्रान के खतरनाक वैरियएंट के बीच जेएच कॉलेज में टीकाकरण केंद्र में सैकड़ों लोगों को टीके लगाए गए हैं। इसके अलावा कोविड-19 की गाइड लाइन का पालन करते हुए कक्षाओं का संचालन भी बेहतर तरीके से हुआ है। खेल, सामाजिक गतिविधि और सफाई अभियान सहित युवाओं में उत्साह और उमंग भरने वाले युवा उत्सव का सफल आयोजन भी किया गया है। इसके अलावा जेएच कॉलेज की एक छात्रा एवं दो छात्रों ने प्रदेश स्तर पर कॉलेज का नाम रोशन किया और एनएसएस के प्रदेश स्तरीय पुरस्कार हासिल किए हैं। इसके अलावा दो शिक्षिकाओं ने पीएचडी की उपाधि भी हासिल की है। खेल के क्षेत्र में भी जेए कॉलेज अपना अलग मुकाम बना चुका है। खेलों की गतिविधियों का संचालन भी बेहतर तरीके से हो रहा है। कॉलेज में ऑनलाइन कार्यशाला का आयोजन सभी को एक सूत्र में बांधे रखने के लिए एक अच्छी पहल है। राष्ट्रीय सेवा योजना के विद्यार्थी दीपाली पांडे, ललित तायवाड़े और सतीश सलामें ने यवुाओं को पुरस्कार जीतकर उत्साह से भर दिया है और वहीं इन्हीं के नक्शे कदम पर चलते हुए अन्य छात्र-छात्राएं भी इस क्षेत्र में मेहनत कर रहे हैं। एनएसएस के छात्रों ने कोविड-19 के लॉकडाउन के समय जनहितैषी काम किए हैं। लोगों को मास्क बांटना, एटीएम सैनेटाइज करना, कोविड-19 की गाइड लाइन से लोगों को अवगत कराना और पौधरोपण जैसे कार्यक्रमों का लॉकडाउन के दौरान भीआयोजन होता रहा है। युवा उत्सव के रंगारंग कार्यक्रमों में छात्र-छात्राओं ने उत्साह से भाग लेकर सैकड़ों पुरस्कार अपने नाम किए हैं। इसके अलावा ऑनलाइन और ऑफ लाइन क्लासों के संचालन ने भी कीर्तिमान स्थापित किए हैं। इसके अलावा जनजागरूकता कार्यक्रम, नदियों का संरक्षण, कार्यशाला और अन्य विशेष दिवसों में आयोजनों का सिलसिला जारी रहा है। पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में भी एनएसएस एवं कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने अच्छा काम किया है। कॉलेज को स्वच्छ बनाए रखने के लिए सफाई अभियान चलाए हैं जिसमें पॉलीथिन मुक्त कॉलेज कैंपस हो गया है। नुकसानदायक पॉलीथिन को सफाई अभियान के तहत साफ किया गया। वहीं पर्यावरण को संतुलित रखने के लिए पौधरोपण का सिलसिला कॉलेज में जारी है। सभी छात्र-छात्राएं एवं प्राध्यापक कोविड-19 की गाइड लाइन का पालन करते हुए हर क्षेत्र में भागीदारी सुनिश्चित कर रहे हैं।

# भारत का संविधान सबको न्याय, स्वतंत्रता, अवसर की समता प्रदान करता है: डॉ. सुखदेव डोंगरे



जेएचई न्यूज, बैतूल। जेएच कॉलेज बैतूल में मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग वल्लभ भवन भोपाल के आदेश के परिपालन में राष्ट्रीय सेवा योजना की पुरुष एवं महिला इकाई के संयुक्त तत्वावधान में प्राचार्य डॉ. विजेता चौबे, जिला संगठक डॉ. सुखदेव डोंगरे, कार्यक्रम अधिकारी सुश्री नीलिमा पीटर एवं 120 स्वयं सेवकों की उपस्थिति में संविधान दिवस मनाया। सर्वप्रथम भारत के संविधान ग्रंथ एवं डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर के छयाचित्र के सम्मुख द्वीप प्रज्जवलित कर पुष्प अर्पित किए गए। प्राचार्य द्वारा संविधान की उद्देशिका का सामुहिक वाचन कराया गया।

डॉ. विजेता चौबे ने कहा भारत का संविधान विश्व का सबसे बड़ा और श्रेष्ठ संविधान है। डॉ. सुखदेव डोंगरे ने कहा भारत का संविधान सबको न्याय, स्वतंत्रता, अवसर की समता प्रदान करता है।

सुश्री नीलिमा पीटर ने कहा डॉ. भीमराव आंबेडकर ने भारत का संविधान लिखकर महिलाओं का के साथ सभी वर्गों का उत्थान किया है। लक्षिता सातपुते ने कहा संविधान ने हमें शिक्षा, संस्कृति, स्वतंत्रता, न्याय जैसे मौलिक अधिकार दिए हैं। कार्यक्रम का संचालन पूनम मालवी एवं अमित मालवी ने तथा आभार प्रगट दलनायक योगेश्वर पहाड़े ने व्यक्त किया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में अक्षय मालवी, दुर्गाप्रसाद मोरले, हिमांशु पाटिल, कन्हैया अमरूते, अभय वामनकर, मीनाक्षी राजुरकर, लक्षिता सातपुते, रानी खवसे, सुमित पोटे, जयश्री साहू, काजल मालवी, शिवम लोखंडे, दुर्गाप्रसाद सूर्यवंशी, गजानंद अमरूते का सक्रिय सहयोग रहा।

# गणित विभाग द्वारा श्रीनिवास रामानुजम की जयंती मनाई

## सीमेंट ट्रेड ऑफ मैथमेटिकल साइंस विषय पर जेएच कॉलेज में एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया

जेएच ई न्यूज, बैतूल। जेएच कॉलेज के गणित विभाग के द्वारा गणित के महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के जन्मदिवस के अवसरपर एक दिवसीस सेमिनार का आयोजन किया गया। जसका विषय सीमेंट ट्रेड ऑफ मैथमेटिकल साइंस विषय पर एक दिवसीय वेबीनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन विभाग की प्रोफेसर रितु साहू द्वारा किया गया।

संस्था के प्राचार्य डॉ. विजेता चौबे के द्वारा वेबीनार में व्याख्यान देने वाले गेस्ट स्पीकर का अभिवादन करते हुए सुचारू रूप से वेबीनार को प्रारंभ करने की अनुमति प्रदान की गई और उनके द्वारा बताया गया कि गणित जैसे जटिल सब्जेक्ट को रोचक और आसान तरीके से समझ सकते हैं और साथ ही अन्य विषय कला, संगीत, वाणिजय, लॉ आदि विषयों से को-रिलेशन को बताते हुए वह विधिवत रूप से वेबीनार को प्रारंभ करने की अनुमति प्रदान की गई।



विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. खुशाल देवघरे के द्वारा रामानुजन के 32 वर्ष की आयु तक जीवित रहते हुए भी उन्होंने गणित के क्षेत्र में अद्वितीय अद्भुत गणित फार्मूला एवं उनके सैलूशन दिया है और फर्स्ट बार के उस दौर में उनके द्वारा 21 रिसर्च पेपर का संकलन दिया गया जिसे पढ़कर गणितज्ञ जीएच हार्डी ने उन्हें कैंब्रिज यूनिवर्सिटी लंदन में आने का न्यौता दिया वह एक जीनियस और ग्रेस्टेट मेथेशियन थे।

इस सेमिनार में डॉक्टर सुनील, डी. बागड़े, असिस्टेंट प्रोफेसर टीचिंग ऑफ मैथमेस्टिक्स गोंडवाना यूनिवर्सिटी गढ़चिरौली के द्वारा ट्रांसपोर्टेशन प्रॉब्लम विषय पर व्याख्यान दिया गया। द्वितीय स्पीकर डॉ. ओम प्रकाशचौहान प्रो. अप्लाइड मैथमेटिक्स इंजीनियरिंग कॉलेज जबलपुर यूनिवर्सिटी जबलपुर मध्य प्रदेश के द्वारा।

एंट्रीगर्ल ट्रांसफार्म विषय पर व्याख्यान देते हुए विद्यार्थियों को गणित के डरे बिना उसके बेसिक फंडों को आसानी से समझने एवं उसके किस प्रकार हम हल कर सकते हैं के बारे में बताया गया। वेबीनार में महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. रकोश तिवारी के द्वारा यह बताया गया कि गणित जटिल विषय तो है परंतु उसे समझ कर पढ़ना और उसे अपने जीवन में किस प्रकार से दैनिक जीवन में जोड़ते हुए उन्हें हम सरल रूप में लाकर समझें और उसे अन्य विषय हमारी दैनिक जरूरतों की जानकारी दी।

# जैविक छत बागवानी द्वारा अपना भोजन स्वयं उगाए

## जेएच कॉलेज के वनस्पति शास्त्र विभाग एवं इको-क्लब के संयुक्त तत्वावधान में आर्गेनिक टेरेस गार्डनिंग पर वेबिनार संपन्न




जेएच ई न्यूज, बैतूल। जेएच कॉलेज के वनस्पति शास्त्र विभाग एवं इको-क्लब के संयुक्त तत्वावधान में डॉ.विजेता चौबे, प्राचार्य के मार्गदर्शन व वनस्पतिशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष व इको क्लब प्रभारी डॉ.अलका पाण्डे के निर्देशन में आर्गेनिक टेरेस गार्डनिंग विषय पर वेबिनार संपन्न हुआ। वेबिनार में रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के बायोलाजिकल साइंस विभाग के प्रोफेसर डॉ.सुरेन्द्र सिंग ने बहुत ही प्रेरक लाभदायक जानकारियां वैज्ञानिक तथ्यों के साथ प्रस्तुत की।

उन्होंने बताया कि वायुमण्डल में उपलब्ध 21 प्रतिशत ओ 2 में से 75 प्रतिशत ओ2 एल्गी एवं नीलहरित शैवाल द्वारा उत्पन्न होती है। एल्गी का उत्पादन बढ़ाकर ओ2 की क्षतिपूर्ति के साथ-साथ मिट्टी की उर्वरता भी बढ़ाई जा सकती है। डॉ.सिंग ने अत्यन्त सरल विधि से घरेलू किचन वेस्ट मटेरियल से तरल एवं सालिड जैविक खाद के निर्माण की विधि को समझाया, तथा छतों पर वृहद स्तर पर फल-फूल सब्जियां उगाकर पर्यावरण संरक्षण के साथ स्वयं के स्वास्थ्य को भी मानसिक व शारीरिक बीमारियों से मुक्त रखने का तरीका बतलाया। विद्यार्थियों द्वारा विद्याध्यन के साथ इसे आय अर्जन का साधन भी बनाया जा सकता है। डॉ.सिंग ने बतलाया कि प्रकृति के साथ समय बिताने पर आनंद प्रदान करने वाले हार्मोन्स का स्त्राव बढ़ता है और स्ट्रेस हार्मोन कार्टिसोन का स्तर कम होता है जिससे मानसिक तनाव भी कम होता है। वर्तमान में पशुओं में दूध का उत्पादन बढ़ाने के लिए आक्सीटोसिन का इन्जेक्शन दिया जाता है जो एक हार्मोन है, और ऐसा दूध जब बच्चे पीते है तो उनमें समय से पहले शारीरिक परिपक्वता आ जाती है।

मिल्क से 2-4 प्रतिशत प्रोटीन प्राप्त होता जबकि ग्रीन सब्जियों से 71 प्रतिशत तक प्रोटी प्राप्त होता है। उन्होने कहा कि शुद्ध आर्गेनि पद्धति से उगाई गई सब्जियों का उपयोग बढ़ा चाहिए। प्रभारी प्राचार्य डॉ.राकेश तिवारी ने अप स्वागत भाषण में कहा कि यह व्याख्या विद्यार्थियों के साथ-साथ प्राध्यापकों के लिए भ बहुत उपयोगी है। कार्यक्रम की समन्वय डॉ.अल्का पांडे ने वक्ता का परिचय देते हु बतलाया, कि प्रो.सिंग प्रशासनिक एवं एकेडेमि गतिविधियों में व्यस्तता के बावजूद भी टेरे गार्डनिंग अपने घर की छत पर भी करते है तथ दूसरों को भी प्रेरित करते है। मंच संचाल डॉ.अर्चना मिश्रा द्वारा व आभार प्रदर्शन श्रीमत अर्चना सोनारे द्वारा किया गया। कार्यक्रम में छ महाराष्ट्र, मप्र के विभिन्न महाविद्यालयों के प्रोफेस विद्यार्थियों के साथ इको-क्लब के संयोजक सदस्य तथा विद्यार्थियों ने भाग लिया। आयोज समिति के सदस्य डॉ.अर्चना मेहता, डॉ.महे मानकर श्रीमती सुनीता गढ़ेकर, महेन्द्र नावंगे ए पंकज बारस्कर का सहयोग सराहनीय रहा।

# युवा उद्यमी संवाद कार्यक्रम संपन्न



जेएच ई न्यूज, बैतूल। आत्मनिर्भर भारत के तहत पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा युवा उद्यमी संवाद का आयोजन जेएच कॉलेज बैतूल में वर्चुअल क्लास में किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित छात्र छात्राओं को नेशनल लाइव स्टॉक मिशन अंतर्गत पशुपालन से संबंधित विभिन्न उद्योगों की जानकारी प्रदाय की गई। जिससे वे उद्योग स्थापित कर अन्य व्यक्तियों को भी रोजगार प्रदाय कर सकें।

कार्यक्रम में पशुपालन एवं डेयरी विभाग के उपसंचालक डॉ.केके देशमुख, अतिरिक्त उपसंचालक डॉ.विजय पाटील, अतिरिक्त उपसंचालक डॉ. राकेश बंसल, वरिष्ठ पशु चिकित्सक डॉ. चंचल मेश्राम, सहायक संचालक डॉ.कमलेश डहेरिया तथा विकासखंड पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ.यशपाल चौहान उपस्थित थे। यह कार्यक्रम प्राचार्य, डॉ.विजेता चौबे के संरक्षण एवं मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 120 छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की। महाविद्यालय के ट्रेनिंग प्लेसमेंट आफिसर डॉ. मनोज उघड़े द्वारा आवश्यक व्यवस्थाएं बनाकर कार्यक्रम को सफल बनाया गया।

## अभिलाषा को मिली पीएचडी



जेएच ई न्यूज, बैतूल। श्रीमती अभिलाषा अनुपम बाजपेयी को वनस्पति शास्त्र विषय में इथनोबॉटनीकल स्टडीज ऑफ से ेड नेचुरल साईट्स आफ बैतूल डिस्ट्रिक्ट पर शोध उपरांत बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल द्वारा पीएचडी उपाधि प्रदान की गई है। श्रीमती अभिलाषा बाजपेयी ने शासकीय महात्मा गांधी महाविद्यालय इटारसी की डॉ.राकेश मेहता के निर्देशन में एवं जेएच कॉलेज बैतूल की डॉ.अल्का पांडे के सहनिर्देशन में अपना शोध कार्य पूर्ण किया। वर्तमान में श्रीमती बाजपेयी श्री बालाजी इंजीनियरिंग बैतूल में डायरेक्टर के पद पर कार्यरत हैं। इनकी उपलब्धि पर कॉलेज स्टॉफ, ईष्टमित्र और परिजनों ने बधाई प्रेषित की है।

## निशा मालवी को कृषि मूल्यांकन योजना पर पीएचडी



जेएच ई न्यूज, बैतूल। स्थानीय जेएच कॉलेज में कामर्स सहायक प्राध्यापक निशा मालवी को पीएचडी की डिग्री मिल गई है। वे पिछले लंबे समय से मध्यप्रदेश के कृषि विकास में शासकीय योजनाओं का मूल्यांकन विषय पर होशंगाबाद के वरिष्ठ प्राध्यापक सीताशरण हर्णे के मार्गदर्शन में शोध कर रही थी। नर्मदा कॉलेज होशंगाबाद से शोध पूरा किया। सोमवार उन्हें बीयू ने पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। निशा विश्वकर्मा बढ़ई समाज समिति के जिलाध्यक्ष कामताप्रसाद मालवीय की पुत्रवधु और मेडिकल रिप्रजेटेटिव हर्ष मालवी की पत्नि है। उनकी इस उपलब्धि पर कॉलेज के स्टॉफ समेत विश्वकर्मा बढ़ई समाज समिति के युवा समिति के प्रमुख बलवीर मालवी, राजेश मालवी, बंटी मालवी, परिजनों, ईष्टमित्रों ने बधाई दी है।

# जागरूकता के अभाव में बुराई तेजी से फैलती है



जेएच ई न्यूज बैतूल। जेएच कॉलेज में आजादी के अमृत महोत्सव एवं मद्य निषेद्य कार्यक्रम के अंतर्गत सामाजिक न्याय एवं निश्शक्तजन कल्याण विभाग के कला पथक दल एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में प्राचार्या डॉ.विजेता चौबे, जिला संगठक सुखदेव डोंगरे के संरक्षण एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ.जीपी साहू के मार्गदर्शन में नशा मुक्ति, कोरोना से बचाव व स्वच्छता का गीत-संगीत के माध्यम से कथापथक दल के कलाकार सुरेश यादव, नत्थ बारस्कर व नवल किशोर मोहबे द्वारा जेएच कॉलेज में संदेश दिया गया।

प्राचार्या डॉ.विजेता चौबे ने कहा कि नशे से मानसिक, सामाजिक और पारिवारिक स्तर पर बुरा प्रभाव पड़ता है। डॉ.जीपी साहू ने कहा कि जागरूकता के अभाव के कारण समाज में कोई भ बुराई ज्यादा गति से फैलती है इसलि सामाजिक जागरूकता होनी जरूरी है।

कार्यक्रम को सफल बनाने में संज उइके, योगेश्वर पहाड़े, नवीन नागले कन्हैया अमरूते, राजा मोरले, अमि मालवी, पूनम मालवी का सराहनीय योगदान रहा।

# सिंगल यूस प्लास्टिक फूड चेन का हिस्सा बनकर हमारे इको सिस्टम को नुकसान पहुंचाते हैं



जेएच ई न्यूज, बैतूल। जेएच कॉलेज में स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत इको क्लब के तत्वावधान में सिंगल उपयोग प्लास्टिक निषेध जागरूकता पर सेमीनार संपन्न हुआ। कार्यक्रम प्राचार्या डॉ.विजेता चौबे के मार्गदर्शन में एवं कार्यक्रम समन्वयक इको क्लब प्रभारी डॉ.अल्का पांडे के निर्देशन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वनस्पति विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ.एचके वर्मा ने सिंगल उपयोग प्लास्टिक के विषय में जानकारी देते हुए कहा कि सर्वप्रथम 1930 में एथिलीन से पॉलीएथिलीन का निर्माण किया जो वर्तमान में पॉलीथिन के नाम से प्रचलित है।

उन्होने कि इयरबड व स्ट्रा का उपयोग तक प्रतिबंधित है। सिंगल यूस प्लास्टिक के दुष्परिणाम बताते हुए कहा कि ये मिट्टी में पड़े रहने पर लम्बे समय के बाद भी अपघटित नहीं होने से भुरभुरे हो जाते हैं जिन्हें माईक्रोप्लास्टिक कहते हैं ये टुकड़े मिट्टी में मिलकर उसकी उर्वरवा क्षमता को प्रभावित करते हैं। साथ ही हवा व पानी में पहुंचकर वातावरण को भी मर्करी, लेड, क्रोमियम, कोबाल्ट का आदि का उपयोग होता है जो मिट्टी हवा, व पानी के माध्यम से पौधों व मनुष्यों में पहुंच जाते हैं। इस प्रकार फूड चेन का हिस्सा बनकर संपूर्ण इको सिस्टम को नुकसान पहुंचाते हैं और मिट्टी व मनुष्य दोनो के स्वास्थ्य को भी नुकसान पहुचाते हैं। डॉ.सुखदेव डोंगरे ने कहा कि प्लास्टिक के उपयोग को एक दम बंद नहीं किया जा सकता है परन्तु धीरे-धीरे कम करना होगा। कार्यक्रम की समन्वयक डॉ.अल्का पांडे ने तीन आर के फामूले को अपनाके लिए कहा पहला रिड्यूस करें, दूसरा रियूज करे व तीसरा रिसाईकल करें। विद्यार्थियों ने भी अपनी विचार रखे। कार्यक्रम के दौरान स्वच्छता से संबंधित प्रश्न भी पूछे गए सही उत्तर देने वाले विद्यार्थियों को प्रोत्साहित स्वरूप पुरूस्कार भी दिए गए। डॉ.विजेता चौबे ने विद्यार्थियों को स्वयं के साथ समाज में भी सिंगल उपयोग प्लास्टिक के उपयोग को निषेध करने के लिए प्रेरित करने हेतु जागरूक किया। डॉ.अल्का वर्मा, डॉ.सलिल दुबे, डॉ.महेश मानेकर ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ.अर्चना मिश्रा द्वारा व आभार प्रो.अर्चना सोनारे द्वारा व्यक्त किया गया।

# जिला स्तरीय व्हॉलीवाल प्रतियोगिता में जेएच कॉलेज ने मारी बाजी

## चयनित खिलाड़ी संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में दिखाएंगे खेल कौशल

जेएच ई न्यूज, बैतूल। डॉ.भीमराव अम्बेडकर शासकीय महाविद्यालय आमला में म.प्र शासन, उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार जिला स्तरीय व्हॉलीवाल प्रतियोगिता आयोजित हुई। प्रतियोगिता में शासकीय महाविद्यालय भीमपुर, शासकीय महाविद्यालय शाहपुर, शासकीय महाविद्यालय मुलताई, शासकीय महाविद्यालय भैंसदेही, शासकीय महाविद्यालय सारणी, जेएच शासकीय महाविद्यालय बैतूल एवं डॉ भीमराव अम्बेडकर शासकीय महाविद्यालय आमला की टीमों ने भाग लिया। फाइनल मैच जेएच महाविद्यालय बैतूल एवं डॉ . भीमराव अम्बेडकर शासकीय महाविद्यालय आमला के बीच खेला गया। जिसमें विजेता जेएच महाविद्यालय बैतूल रहा। कार्यक्रम प्रभारी प्रो.जगदीश उईके ने बताया कि जिले के चयनित उत्कृष्ट खिलाडी छिन्दवाडा में आयोजित संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में अपने खेल कौशल का प्रदर्शन करेंगे। प्राचार्य डॉ.प्रमोद कुमार मिश्रा ने अपने उद्बोधन में कहा कि कोरोना काल के दो वर्ष बाद प्रतियोगिता आयोजित की गई। महाविद्यालय से टीम मैनेजर, रेफरी ने छात्रों का मनोबल बढ़ाया। इस अवसर पर वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ.एमएस चौहान, प्रो.जी.आर. डोंगरे तथा महाविद्यालय का समस्त स्टॉफ उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में कॉमेंट्री अशोक झा शासकीय उ.मा. विद्यालय आमला द्वारा की गई। तारेन वर्मा मनोज रहडवे , संदीप देशमुख ने निर्णायक की भूमिका का निर्वहन किया तथा



पर्यवेक्षक के रूप में डॉ. सुखदेव डोंगरे उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रो.जगदीश उईके सहा.प्रा. द्वारा किया गया एवं आभार क्रीडा अधिकारी डॉ.मनोज सिंह राणा ने व्यक्त किया।

# बाल तस्करी एवं बाल संरक्षण विषय पर उन्मुखीकरण कार्यक्रम संपन्न

## बच्चों के प्रति संवेदनशील होना होगा, तलाश के प्रयास करने होंगे: प्राचार्य



जेएच ई न्यूज, बैतूल। जेएच कॉलेज में आवाज एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में बाल तस्करी एवं बाल संरक्षण विषय पर उन्मुखीकरण कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम प्राचार्या डॉ.विजेता चौबे के संरक्षण में एवं जिला संगठक डॉ.सुखदेव डोंगरे के मार्गदर्शन में परवाह परियोजना के जिला समन्वयक शुभम बंशपाल के संयोजन में आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिला समन्वयक शुभम बंशपाल ने कहा कि बाल संरक्षण एवं बाल तस्करी मप्र के लिए इसलिए भी संवेदनशील है क्योंकि नेशनल क्राईम ब्युरों के अनुसार मप्र बच्चों के विरूद्ध होने वाले अपराध में देश में शीर्ष स्थान पर है। 7 हजार से ज्यादा मामले बच्चों के अपहरण एवं गुमशुदगी के हैं। डॉ.विजेता चौबे ने कहा कि बच्चों के प्रति संवेदनशीलता दर्शाते हुए गुमशुदा बच्चों की तलाश का भरसक प्रयास करना चाहिए। डॉ.सुखदेव डोंगरे ने कहा कि जिस देश में बच्चों को अनुकूल वातावरण नहीं मिलता है उस देश का विकास संभव नहीं है। इस मौके पर प्रमुख रूप से कार्यक्रम अधिकारी डॉ.जीपी साहू, नीलिमा पीटर, वरिष्ठ स्वयंसेवक इसरार कुरैशी, प्रवीण परिहार, सोमचंद साहू, निलेश चढ़ोकार, रामनारायण शुक्ला, प्रो.मनोज घोरसे, दिपाली पांडे मौजूद थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में ललित तायवाड़े, सतीश सलामें, संजय उइके, दलनायक योगेश्वर पहाड़े, दुर्गेश कुमरे, नवीन नागले, बालकिशोर अमरूते, तनु मोहबे, कविता वाड़बुदे, पूनम मालवी, लक्षीता सातपुते का सराहनीय योगदान रहा।

# देशहित में जल-पर्यावरण संरक्षण जैसे कार्यो में सहभागी बनेः डॉ.विजेता चौबे



जेएच ई न्यूज, बैतूल। जेएच कॉलेज बैतूल की राष्ट्रीय सेवा योजना महिला इकाई द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत स्वतंत्रता आंदोलन में सहभागी विभिन्न व्यक्तित्वों के योगदान, घटनाओं के साथ अभिमुखीकरण कार्यक्रम का संपन्न हुआ। कार्यक्रम प्रो.उषा द्विवेदी, प्राचार्य शासकीय कन्या महाविद्यालय डॉ.विद्या चौधरी, पूर्व प्राचार्य बीआर पंवार, जिला संगठक डॉ.एसडी डोंगरे की उपस्थिति में और जेएच कॉलेज प्राचार्या डॉ.विजेता चौबे की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों द्वारा हाल ही में राज्य स्तरीय पुरस्कार से सम्मानित होने वाले सतीश सलामें, दीपाली पांडे, ललित तायवाड़े को सम्मानित किया गया। इस मौके पर स्वतंत्रता आंदोलन विषय पर वक्ता डॉ.विद्या चौधरी ने बताया कि स्वतंत्रता आंदोलन के पूर्व से ही हमारे देश में सामाजिक परिवर्तन का बीड़ा राजा राममोहन राय द्वारा उठाया गया। बाल गंगाधर तिलक ने स्वदेशी का नारा दिया। सावित्री बाई फूले ने महिला शिक्षा की ज्योत जलाकर महिलाओं को शिक्षा के लिए प्रेरित किया। महात्मा गांधी ने भारत छोड़ो आंदोलन की शुरूआत की। एनएसएस हमें स्वयं की सहायता करने के साथ समाज हित में भी काम करने के लिए प्रेरित करता है। बीआर पंवार ने कहा कि एनएसएस में मैं नहीं आप की भावना को महत्व दिया जाता है। एक स्वस्थ्य युवा ही एक स्वस्थ्य समाज की रचना कर सकता है। प्रो.उषा द्विवेदी ने कहा कि कॉलेज में सभी पढ़ाई करते हैं लेकिन जो पढ़ाई के साथ अन्य गतिविधियों में भाग लेते हैं वो अलग ही दिखाई देते हैं। डॉ.विजेता चौबे ने कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन में भी स्वतंत्रता सैनानियों ने शिक्षा के साथ आंदोलन में हिस्सा लिया था उसी प्रकार हमें भी देशहित में जल संरक्षण, पर्यावरण संवर्धन जैसे महत्वपूर्ण कार्य में सहभागी होना चाहिए। एनएसएस आज एक वैकल्पि विषय के रूप में नई शिक्षा नीति में आ गया है। डॉ.एसडी डोंगरे ने एनएसएस के क्षेत्र में दिए जाने वाले विभिन्न पुरूस्कारों के विषय बताया। कार्यक्रम में वरिष्ठ स्वयंसेव रामनारायण शुक्ला व फराना शेख ने एनएसएस की विस्तृत जानकारी कार्यक्रम का संचालन प्रो.संतोष पं द्वारा व आभार कार्यक्रम अधिक सुश्री नीलिमा पीटर द्वारा व्यक्त कि गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में घिड़ोड़े, पूनम मालवी, मीना राजूरकर, रानी खवसे, लक्षि सातपुते, वर्षा राव, निधि सुज मुस्कान राठौर, अरूणा धुर्वे, विजि गायकवाड़, अंशिका यादव, योगे पहाड़े, कोमल देशमुख, संगम नव सीमा पाटिल, रागिनी पंवार, कवि बाड़बूदे, गीता धूर्वे, पायल गायकव प्रिया, रेणुका आदि का सराहन योगदान रहा।

# खेलो में मिली हार से भी सीखने को मिलता है

## वर्तमान परिपेक्ष्य में शारीरिक शिक्षा, राष्ट्रीय वेबीनार संपन्न




जेएच ई न्यूज, बैतूल। आज के युग में मानसिक कार्य की अधिकता है और शारीरिक श्रम कम किए जा रहें है जिससे बीमारियां जन्म ले रही हैं।

इस संबंध में जागरूकता के लिए जेएच कॉलेज बैतूल में शारीरिक शिक्षा एवं क्रीड़ा विभाग के तत्वाबधान में प्राचार्या डॉ.विजेता चौबे के संरक्षण में क्रीड़ा अधिकारी सुश्री नीलिमा पीटर के संयोजन में प्रमुख वक्ता प्राचार्य सावरगावं नागपुर डॉ.अजय करकरे, क्रीड़ा अधिकारी बिलासपुर डॉ.संतोष बाजयेयी, क्रीड़ा अधिकारी जबलपुर डॉ.सुनील दत्त लखेरा, आयोजन समिति के डॉ.सुखदेव डोंगरे, डॉ.मीना डोनीवाल, डॉ.चन्द्रशेखर मेश्राम, तकनीकी समिति के प्रो.पंकज बारस्कर, प्रो.दिव्या डांगी, प्रो.स्वाती लोखंडे सहित 102 शोधार्थी एवं विद्यार्थी की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस मौके पर डॉ.अजय करकरे ने कहा कि भारत में अनेक खिलाड़ीयों द्वारा अपने खेल को सिर्फ रोजगार का साधन ही नहीं बनाया बल्कि भारत परचम पूरी दुनिया में फहराया। सचिन तेंदुलकर, मैरिकॉम, पीवी सिंधु जैसी प्रतिभाओं ने ऊंचाईयों को छुआ और देश का नाम रोशन किया।

डॉ.संतोष कुमार बाजपेयी ने कहा कि खेलों में मनोविज्ञान का बहुत महत्व है। मनोवैज्ञानिक दबाव में कई टीमें हार जाती है, खेल में हार-जीत होती है जिस हार से युवा सीखते हैं और मानसिक रूप से सुदृढ होते हैं। डॉ.सुनील दत्त लखेरा ने कहा कि भारतीय युग के लिए शिक्षा के साथ खेलों में अनेक अवसर प्रदान करती है। डॉ.विजेता चौबे ने कहा कि खेल में विद्यार्थी शारीरिक और मानसिक रूप से फिट रहते हैं। डॉ.राकेश तिवारी ने स्वागत उद्बोधन और खेलों के संबंध में अपनी राय रखी। कार्यक्रम का संचालन डॉ.मीना डोनीवाल व निहारिका भावसार ने और आभार सुश्री नीलिमा पीटर ने व्यक्त किया।

# संकल्पा प्रथम, लतिका द्वितीय रहे

## जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता संपन्न



जेएच ई न्यूज, बैतूल। स्वामी विवेकानन्द कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ, जेएच कॉलेज में नेहरू युवा केन्द्र के तत्वाधान में जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास' विषय पर संपन्न हुई। भाषण प्रतियोगिता में ब्लाक में चयनित 30 विद्यार्थियों में से 17 विद्यार्थियो ने सहभागिता की। निर्णायक के रूप में शासकीय हाईस्कूल सावलीगढ़ प्राचार्या डॉ.नूतन भार्गव, समाजसेवी सुशील उदयपुरे एवं महाविद्यालय से डॉ.मिनाक्षी चौबे रहे। प्रतियोगिता समाजसेवी आनन्द प्रजापति तथा प्राध्यापक डॉ.अनिता सोनी की अध्यक्षता में प्रतियोगिता सम्पन्न हु प्रतियोगिता में संकल्पा सिंह चौहान जे कॉलेज ने प्रथम, आमला लतिका पंडित जवाहरलाल नेहरू महाविद्यालय द्वितीय एवं करूणा मसतकर जे कॉलेज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्राच डॉ.विजेता चौबे ने विजेताओं को बधाई तथा राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लि शुभकामनाएं दी। प्राचार्य, निर्णायक मण तथा अतिथियों द्वारा विजेताओ को प्रम पत्र दिए। नेहरू युवा केन्द्र द्वारा प्र विजेता को 5 हजार रूपए, द्वितीय वि को 3 हजार रूपए एवं तृतीय विजेता रूपये 1 हजार रूपए राशि प्रदान की जाए

# हमारा संविधान किसी के साथ कोई भेद नहीं करता हैः चौबे

जेएच ई न्यूज, बैतूल। आमजन विशेषतः लड़कियों को कानून, संविधान और उनके अधिकारों की जानकारी होना बेहद जरूरी है।

इसी उद्देश्य को लेकर राष्ट्रीय मानव अधिकार अपराध एवं भ्रष्टाचार विरोधी ब्यूरो के संस्थापक व राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहित गुप्ता के मार्गदर्शन तथा राष्ट्रीय महिला उपसचिव मीना खंडेलवाल के नेतृत्व में ब्युरो द्वारा जेएच कॉलेज में मनाया गया संविधान दिवस।

जिसमें कॉलेज में पढने वाली छात्राओं को संविधान एवं कानून के बारे में जानकारी दी गई और उन्हें उनके अधिकारों से अवगत कराया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्या डॉ.विजेता चौबे, एवं कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ से



डॉ.मनोज उघड़े, डॉ.निहारिका भावसार अ डॉ.अर्चना मिश्रा विशेष रूप से उपस्थित रहे। मौके पर डॉ.विजेता चौबे ने कहा कि संविध हमें समानता की आजादी देता है हमारा संविध किसी के साथ कोई भेद नहीं करता है।

मीना खंडेलवाल ने बताया कि लड़कि कार्यक्रम के माध्यम से संविधान के बारे जागरूक कराना था जिससे किसी भी प्रकार जानकारी की कमी के कारण उनका शोषण न और वे अपने हक के लिए आवाज उठ सीखें। इस अवसर पर ब्युरो की मी खंडेलवाल, सदस्य साक्षी सतीजा, संगी अग्रवाल, निहारिका भावसार, ममता ठह आदि उपस्थित थे।

# गोंडी लोक गीतों के माध्यम से बताया 'बाल विवाह जुर्म है'



जेएच ई न्यूज, बैतूल। आगाज किशोर एवं युवा इंटर्नशिप 2021 में चयनित जेएच कॉलेज के एनएसएस स्वयंसेवक दुर्गेश कुमरे ने अपने साथियों के साथ ग्राम डोंडाबोरगाव में गोंडी लोकगीत 'कम उम्र ते मद्रमिंग मनी किंमा रो भैय्या' एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ग्रामीणों को बाल विवाह नहीं करने के लिए जागरुक किया। दुर्गेश कुमरे द्वारा ग्रामीणों को बताया बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अनुसार लड़की की उम्र 18 वर्ष से कम तथा लड़के की उम्र 21 वर्ष से कम होने पर उसे बाल विवाह को जुर्म माना गया है । यदि कोई बाल विवाह कराता है या उसमें शामिल होता है तो उसे 2 वर्ष का कठोर कारावास या एक लाख रुपये का जुर्माना या दोनों हो सकते हैं बच्चों से संबंधित किसी भी समस्या के लिए निःशुल्क चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 की जानकारी दी । कार्यक्रम को सफल बनाने में जनपद सदस्य शिवरती उइके, सरपंच यतिन्द्र सोनी, आशा कार्यकर्ता किरण उइके, तुलसी मोरले, सहायिका बबीता धुर्वे, एनएसएस के स्वयंसेवक सतीष सलामें, संजय उइके, योगेश्वर पहाड़े, लक्षिता सातपुते, मीनाक्षी राजूरकर, कविता वाड़बुदे, निधि सुजाने, बालकिशोर अमरुते, अमित मालवी, दुर्गाप्रसाद मोरले, राज मोरले, रुपेश कुमरे, शंकर भारती एवं साथियों का सराहनीय योगदान रहा ।

# शिक्षा के साथ संस्कार भी जरूरी:डॉ.चौबे

## ब्लॉक स्तरीय सबका साथ सबका विकास भाषण प्रतियोगिता का आयोजन




जेएच ई न्यूज, बैतूल। जेएच कॉलेज बैतूल में नेहरू युवा केंद्र बैतूल द्वारा ब्लॉक स्तरीय सबका साथ सबका विकास भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम कालेज प्राचार्या डॉ.विजेता चौबे, डॉ.जीपी साहू के आतिथ्य में और समाजसेवी सुशील उदयपुर की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां भारती के सम्मुख दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। चयन प्रक्रिया की जानकारी देते हुए डॉ.विजेता चौबे ने बताया कि एनवायके द्वारा यह बहुत अच्छी पहल है जिससे कि युवा अपनी प्रतिभा को जिला राज्य व राष्ट्रीय स्तर तक निखार सकती है।

उल्लेखनीय है कि कोविड-19 के चलते 2 वर्ष से ऐसी प्रतियोगिता आयोजित नहीं हुई है। भारत सरकार की सराहनीय पहल है जिसमें प्रतिभाओं की खोज हो रही है और एनवायके इसमें अपनी भूमिका निभा रहा है। इस अवसर पर सुशील उदयपुर ने कहा सदैव प्रयास करता है कि हम प्रतिभाओं को खोज कर उन्हें अपने अपनी कला के माध्यम से उन्हें शिखर तक भेज सके।

जिले स्तर पर प्रथम पुरस्कार 5000 रूपए, द्वितीय पुरस्कार 2000 रूपए, तृतीय पुरस्कार 1000 रूपए साथ प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। ऐसे कार्यक्रम पूरे देश में आयोजित किए जा रहें हैं। धनंजय सिंह ठाकुर ने बताया कि एनवायके द्वारा सभी ब्लॉकों में यह कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। इस अवसर पर ब्लॉक में प्रथम संकल्प चौहान, द्वितीय करुणा मासोदकर व तृतीय स्थान पर पलक खातरकर रहे। निर्णायक कमेटी में प्रो.धर्मेंद्र कुमार, डॉ.मीना डोनीवाल, समाजसेवी सुशील उदयपुर शामिल थे। कार्यक्रम की रूपरेखा प्रो.मनोज उगडे द्वारा व संचालन डॉ.अर्चना मिश्रा द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सतीश सलामे ,संजय कलमे, तुषार यादव, विनीत घोटेकर, राकेश मान्यासे, वर्षा मन्यासे, रोहित ठाकुर,कीर्ति साहू, कमलेश साहू की सराहनीय भूमिका रही।

# पौधरोपण कर नदियों को किया जा सकता है पुनर्जीवित

जेएच ई न्यूज, बैतूल। जेएच कॉलेज में एनसीसी डायरेक्ट्रेट भोपाल के आदेश के परिपालन में नदी उत्सव मनाया गया। अभियान के अंतर्गत नारा लेखन, चित्रकला एवं वाद विवाद प्रतियोगिता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर विजेता चौबे के संरक्षण में 5 एमपी, बालिका बटालियन, एनसीसी होशंगाबाद की 86 एनसीसी कैडेट्स की उपस्थिति में लेफ्टिनेंट डॉ. कमलेश अहिरवार के संयोजन में सीनियर अंडर ऑफिसर सोनिका नहारे, अंडर ऑफिसर सेजल बांसे, ईशा बारस्कर, कुंती कहार की उपस्थिति में नदी महोत्सव पर कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में जिला संगठक डॉ सुखदेव डोंगरे ने कहा नदी के दोनो किनारे पौधरोपण करके नदियों को पुनर्जीवित किया जा सकता है। चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम पूजा बनकर, द्वितीय साक्षी विश्वकर्मा एवं तृतीय रवीना यदुवंशी रही कार्यक्रम को सफल बनाने में सार्जेंट गुंजन पाल दिव्या सोलंकी एवं कैडेट्स दीपिका नहारे, पूजा उइके, राखी सातनकर, राधिका रघुवंशी, भूमिका चौकीकर, कावेरी साहू, हिमानी साहू, कामिनी मालवीय आदि ने सक्रिय सहयोग किया।



# स्वयं के स्थान पर आप की भावना को महत्व देना ही एनएसएस




जेएच ई न्यूज, बैतूल। जेएच कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के नवीन स्वयंसेवकों का अभिमुखीकरण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम प्राचार्या डॉ.विजेता चौबे, जिला संगठक डॉ.सुखदेव डोंगरे के संरक्षण में, कार्यक्रम अधिकारी डॉ.जीपी साहू, प्रो.राजेश शेषकर, वरिष्ठ स्वयंसेवक दीपाली पांडे, ललित तायवाड़े, संजय उइके की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

इस मौके पर डॉ.जीपी साहू ने कहा कि एनएसएस में स्वयं की जगह आप की भावना को महत्व दिया जाता है। एनएसएस समाजसेवा के माध्यम से व्यक्तित्व विकास का सशक्त माध्यम है। उन्होंने नदिया ना पीएकभी अपना जल-पेड़ ना खाए अपने फल के माध्यम से विद्यार्थियों को प्रेरित किया। प्रो.राजेश शेषकर ने कहा कि एनएसएस के स्वयंसेवक जल संरक्षण, पर्यावरण संवर्धन जैसे महत्वपूर्ण कार्यो में अपनी सक्रीय भूमिका निभाकर लोगों को जागरूत करते हैं। ललित तायवाड़े ने एनएसएस का विद्यार्थियों को परिचय देते हुए कहा कि समाजसेवा को लेकर युवाओं को आगे आना चाहिए साथ ही उन्होंने निर्वाचन साक्षरता क्लब की जानकारी दी। दीपाली पांडे ने स्वयंसेवकों को एनएसएस शिविर और पुरूस्कारों की जानकारी देते हुए कहा कि एनएसएस आज एक वैकल्पिक विषय के रूप में नई शिक्षा नीति में शामिल किया गया है। संजय उइके ने स्वयंसेवकों को गणतंत्र दिवस परेड शिविर एवं उसकी चयन प्रक्रिया की और बाल संरक्षण क्लब की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि राजपथ पर चलते हुए देश के गौरव को सलामी देना गर्व का अनुभव होता है। एनएसएस विद्यार्थी में नेतृत्व कौशल विकसित करता है। कार्यक्रम का संचालन नवीन नागले ने एवं आभार दलनायक योगेश्वर पहाड़े ने व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में दुर्गाप्रसाद मोरले, हिमांशु पाटिल,अक्षय मालवी, बालकिशोर अमरूते, कन्हैया अमरूते, आकाश अजनेरे, अमित मालवी, जुबेर शेख, पूनम मालवी, मिनाक्षी राजुरकर, रानी खवसे, रागीनी पंवार, वर्षा रावत आदि स्वयंसेवकों का योगदान रहा।

# मेगा फ्री हेल्थ चेकअप एवं ब्लड डोनेशन कैम्प संपन्न

## नेत्र और दंत रोग विशेषज्ञों ने दिए टिप्स, 250 विद्यार्थियों ने लिया कैम्प का लाभ

**जेएच ई न्यूज, बैतूल।** स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ, जेएच कॉलेज एवं लायंस क्लाब बैतूल महक के संयुक्त तत्वावधान में महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ.विजेता चौबे के संरक्षण में यंग इंडिया हेल्दी इंडिया मेगा फ्री हेल्थ चेकअप एवं ब्लड डोनेशन कैम्प संपन्न हुआ। इस केम्प के माध्यम से विद्यार्थियों ने अपनी हेल्थ और सामाजिक कार्य के प्रति जागरूक हुए एवं बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

रक्तदान शिविर को लेकर युवकों में खासा उत्साह देखा गया। साथ ही युवकों को रक्तदान के फायदे भी बताए गए साथ ही रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए। शिविर में मौजूद लायंस क्लब से जुड़े हुए स्वयंसेवकों ने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि जब भी सोशल मीडिया पर रक्तदान से संबंधित किसी भी कार्यक्रम के बारे में पढ़े तो उसे नजर अंदाज ना करें और सहायता के लिए आगे आएं। आपका प्रयास किसी की जिन्दगी बचा सकता है। इस



अवसर पर 100 व्यक्तियों का शुगर परीक्षण, 113 व्यकक्तियों द्वारा दांत चेक, 20 छात्रों द्वारा रक्त दान, 105 लोगों का फ्री चेकअप कर 100 लोगों को दांतों के प्रोडक्ट प्रदान किया गया। महाविद्यालय के लगभग 250 विद्यार्थियों ने रक्तोदान एवं स्वास्थ्य जांच का लाभ प्राप्त किया।

इस अवसर पर विशेषरूप से उपस्थित नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ.जयदीप पोंपली ने विद्यार्थियों की आंखो से जुड़ी शंकाओं का समाधान भी किया एवं आँखों की देखभाल एवं उत्तम स्वास्थ्य के लिए आवश्यदक बातें बताई। दन्त रोग विशेषज्ञ डॉ.अभिषेक अग्रवाल ने दांतों एवं मंसूड़े को स्वस्थ्य रखने एवं देखभाल के टिप्स दिए। लाय क्लब के पीडीसी, एमजेएफ लॉयन पीएस बग्गा रक्तदान हेतु युवाओं से आव्हान किया। रक्तदा हेतु जिला चिकित्सालय का विशेष सहयोग र एवं ब्लड बैंक अधिकारी डॉ.अंकित सीते ए सहयोगी साथियों ने चलित रक्तदान बैंक के द्वा महाविद्यालय में रक्तदान का आयोजन किय कार्यक्रम मे महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ.विजे चौबे ने सभी सहयोगियों के प्रति आभार व्यत किया। इस अवसर पर ला.ब्रजमोहन भट्ट ला.रविन्द्र कौर बग्गा, ला.कंचना आहूज ला.दीपाली कौशिक, ला.दिप्ती दुबे, ला.बि पवांर, ला.कीर्ति चन्देल, ला.दीपा जसूज ला.अनामिका मालवीय, समन्वय डॉ.निहारिका भावसार, डॉ.अनिता सोनं डॉ.सलिल दुबे, डॉ.मनोज उघड़े, प्रो.राहुल सि ठाकुर, प्रो.मनेश मानकर,डॉ. मनोहर राव गावन का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में सभ विद्यार्थियों एवं कॉलेज स्टाफ की सहभागिता रह

# स्वयंसेवकों ने चलाया बाल संरक्षण कार्यक्रम

**जेएच ई न्यूज, बैतूल।** जेएच कॉलेज बैतूल के एनएसएस के स्वयंसेवकों द्वारा विद्यालय में बाल संरक्षण कार्यक्रम चलाए। कार्यक्रम प्राचार्य डॉ.बिजेता चौबे, जिला संगठक डॉ.सुखदेव डोंगरे के संरक्षण में आगाज़ इंटर्नशिप में चयनित एनएसएस स्वयंसेविका लक्षिता सातपुते ने गांव अमदर में पहुंचकर, प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय में बच्चो को विभिन्न प्रकार के खेलों के द्वारा बाल संरक्षण अभियान चलाया। पुरुष इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ.जीपी साहू ने बताया कि स्वयंसेवकों ने गांव में रैली निकाल कर ग्रामीणों को बाल संरक्षण के प्रति



जागरूक किया। महिला इकाई की कार्यक्रम अधिकारी सुश्री नीलिमा पीटर ने बताया कि लक्षिता सातपुते ने बाल लैंगिक शोषण पर बच्चो को जागरूक करते हुए बाल लैंगिक शोषण का मतलब, गुड-बेड टच में अंतर, इसके दुष्परिणाम व चाइल्ड हेलपलाइन नंबर की जानकारी दी। बच्चो के सभी प्रश्नों का उत्तर देकर उन्हें जागरूक बनने की सलाह दी। स्वयंसेवकों ने बच्चो से अनुरोध किया कि ये जानकारी कम से कम 5 लोगो तक अवश्य पहुंचाए। नीलिमा पीटर ने बताया कि स्वयंसेवकों ने अमदर के बाद सेहरा स्कूल में जाकर भी बच्चो को बाल लैंगिक शोषण की जानकारी दी व शिक्षकों से चर्चा कर इसे आगे भी जारी रखने की बात कही। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में एनएसएस के स्वयंसेवक सतीश सलामे, योगेश्वर पहाड़े, दुर्गेश कमरे, नवीन नागले, बलाकिशोर अमरूते, वर्षा रावत, निधि सुजाने, मीनाक्षी राजुरकर, पूनम मालवीय, रोशनी बनकर, तनु महोबे, रीता धोटे, प्रधान पाठक ज्योति तिवारी समेत पूरे शिक्षक स्टॉप का सराहनीय योगदार रहा।

### इग्नू में प्रवेश तिथि 30 तक बढ़ी

**जेएच ई न्यज, बैतूल।** इंदिरा गांधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी इग्नू के विभिन्न रोजगार मूलक सर्टिफिकेट कोर्स डिप्लोमा एवं डिग्री में जुलाई सत्र में प्रवेश हेतु आवेदन की तिथि 25 अक्टुबर तक बढ़ा दी गई है।

अध्ययन केन्द्र जेएच कॉलेज समन्वयक सलील दुबे ने बताया कि इच्छुक विद्यार्थी इग्नू की वेबसाईट पर विस्तृत प्राप्त कर सकते हैं एवं ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं। इंदिरा गांधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी इग्नू की तिथि बढ़ने के बाद छात्र-छात्राओं डिप्लोमा कोर्स के लिए आवेदन की तैयारियों कर ली हैं।

# प्रोटीन के छोटे खण्डों को भी पृथक कर अपराधियों की पहचान होती है:डॉ.दिव्या

**जेएच ई न्यज, बैतूल।** जेएच कॉलेज वनस्पतिशास्त्र विभाग द्वारा एडवांसेस इन इलेक्ट्रोफोरिसिस विषय पर ऑनलाईन बेबिनार का आयोजन किया गया। वेबिनार प्राचार्य डॉ.विजेता चौबे के मार्गदर्शन में, विभागाध्यक्ष डॉ.अल्का पांडे के निर्देशन में संपन्न हुआ। वेबिनार को संबोधित करते हुए रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के बायोलाजिकल सांईस विभाग की डॉ.दिव्या बाक्शी ने बताया कि इलेक्ट्रोफोरिसिस द्वारा प्रोटीन के छोटे-छोटे खण्डों को भी पृथक कर पहचाना जा सकता है यह तकनीक बीजों की गुणवत्ता जानने, फोरेंसिक विभाग में अपराधियों की पहचान करने में व केंसर जैसी भयावह बीमारियों के डायानोसिस के लिये अत्यन्त उपयोगी है।




उल्लेखनीय है कि टू-डायमेन्शनल इलेक्ट्रोफोरिसिस एवं डिफरेंशियल जेल इलेक्ट्रोफोरेसिस बीमारियों को पहचानने में कैसे उपयोगी हो सकती है, इस विषय में डॉ.दिव्या द्वारा जर्मनी के विभिन्न विश्वविद्यालयों व संस्थानों में वर्ष तक अध्ययन किया गया। वर्तमान परिवेश जब नई-नई बीमारियां जन्म ले रही प्रोटियोमिक्स कैसे उपयोगी हो सकता है इसके महत्व पर भी उन्होने प्रकाश डाला। डॉ.दिव्या विद्यार्थियों को इस क्षेत्र में शोध करने के लिए प्रेरि किया । विद्यार्थियों व प्राध्यापकों ने अपने प्रश्न पूछकर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान किया वेबिनार का संचालन डॉ.अर्चना मिश्रा व आभा प्रदर्शन डॉ.अर्चना मेहता द्वारा व्यक्त किया गया कार्यक्रम में कॉलेज के प्राध्यापकों के सा आयोजन समिति के सदस्य श्रीमती अर्चन सोनारे, श्रीमती सुनिता गड़ेकर, एवं मनेश मानकार भी शामिल थे। कार्यक्रम से बड़ी संख्य में विद्यार्थी लाभान्वित हुए।

# नुक्कड़-नाटक से बाल तस्करी की रोकथाम का दिया संदेश

जेएचई न्यूज, बैतूल। बाल संरक्षण सप्ताह के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना एवं स्वयंसेवी संस्था आवाज के संयुक्त तत्वावधान में बाल तस्करी की रोकथाम के संचालित परवाह परियोजना के माध्यम से ग्राम पंचायत चिखली-आमढ़ाना में नुक्कड़-नाटक गतिविधि से बाजार में आए स्थानीय लोगों में बाल संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक किया।

कार्यक्रम प्राचार्या डॉ. विजेता चौबे, जिला संगठक डॉ.सुखदेव डोंगरे के संरक्षण, कार्यक्रम अधिकारी डॉ.जीपी साहू, सुश्री नीलिमा पीटर, आवाज जिला समन्वय शुभम बंसपाल के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।



जेएच कॉलेज बैतूल के एनएसएस स्वयंसेवक ने नुक्कड़-नाटक में बाल तस्करी, बाल मजदूरी और बाल भिक्षावृत्ति के बारे में लोगों को जागरूक किया।

साथ ही नुक्कड़ नाटक के माध्यम से चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, बाल श्रम की शिकायत दर्ज करने हेतु पेंसिल वेबसाइट के बारे में बताया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागरुकता अभियान को सफल बनाने में पूर्व दलनायक संजय उइके, दुर्गेश कुमरे, दलनायक योगेश्वर पहाड़े, कन्हैया अमरुते, बालकिशोर अमरुते, अमित मालवी, दुर्गाप्रसाद मोरले, भूषण भावसार, मीनाक्षी राजुरकर, कविता वडबुडे, लक्षिता सातपुते, निधि सुजाने का सराहीय योगदान रहा। नुक्कड़ नाटक ग्रामीणों ने देखा और इसकी सराहना की।

# 18 साल ते अनी 21 साल ते ताना बाद ते ताना बाद ते

## गोंडी लोकगीत से बताया बाल विवाह अपराध है






जेएचई न्यूज, बैतूल। जेएच कॉलेज की एनएसएस इकाई द्वारा ग्राम बरकावाड़ी में रैली निकालकर और गोंडी गीत के माध्यम से बाल विवाह निषेध अभियान चालाया।

आगाज किशोर एवं युवा इंटर्नशिप 2021 में चयनित जेएच कॉलेज के एनएसएस स्वयंसेवक दुर्गेश कुमरे ने अपने स्वयंसेवक साथियों के साथ ग्राम बरकावाड़ी में रैली निकालकर गोंडी लोकगीत 18 साल ते अनी 21 साल ते ताना बाद ते ताना बाद ते के माध्यम से ग्रामीणों को गोंडी लोकगीत के माध्यम से बाल विवाह नहीं करने संदेश दिया। इंटर्न दुर्गेश कुमरे द्वारा ग्रामीणों को बताया कम उम्र में शादी बच्चों के लिए नुकसानदायक है जब 18 वर्ष से कम उम्र की लड़की मां बनती है तब शिशु तथा मां दोनों के जान को खतरा रहता है साथ ही वह पढ़ाई का अवसर भी खो देती है।

उसका अपने ससुराल वालों से भी हिंसा होने का खतरा अधिक रहता है। नाबालिग होने की स्थिति में बाल विवाह खारिज किया जा सकता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में एनएसएस के स्वयंसेवक सतीष सलामें, संजय उइके, योगेश्वर पहाड़े, सेवमन शाह उइके, शांतिलाल मौसकर, रत्नेश सिरसाम,रुपेश कुमरे,गौतम वानखेड़े, रोहित घोरसे, सरपंच, सचिव सहित ग्रामीणों का सराहनीय योगदान रहा।

# गणतंत्र दिवस पूर्व परेड के लिए नवीन चयनित हुए

जेएच ई न्यज, बैतूल। भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना का पूर्व गणतंत्र दिवस परेड शिविर 2021 क्षेत्रीय निदेशालय पटना द्वारा 15 से 24 नवम्बर तक बीआईटी पटना बिहार में किया जा रहा है। इस शिविर में सहभागिता हेतु बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल के जेएच कॉलेज बैतूल के रासेयो स्वयंसेवक कक्षा बीएससी तृतीय वर्ष के छात्र नवीन नागले का चयन हुआ है। कार्यक्रम अधिकारी डॉ.गोपाल प्रसाद साहू ने बताया कि नवीन के साथ बीयू से चार छात्र एवं चार छात्राओं का भी चयन हुआ है जो पूर्व गणतंत्र दिवस परेट शिविर में विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगे। गणतंत्र दिवस परेड शिविर 2020 में सहभागिता करने वाले संजय उइके ने बताया कि चयनित स्वयंसेवक बैतल जिले की कला संस्कृति पारम्परिक लोक नृत्य एवं लोकगीतों के साथ शिविर में सहभागिता करेंगे।



नवीन नागले की इस उपलब्धि पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ.विजेता चौबे, जिला संगठक डॉ.सुखदेव डोंगरे, कार्यक्रम अधिकारी डॉ.जीपी साहू, डॉ.नीलिमा पीटर, वरिष्ठ स्वयंसेवक रामनारायण शुक्ला, इबरार कुरैशी, प्रो.संतोष पंवार, राजाराम रावते, प्रो.मनोज घोरसे, प्रवीण परिहार, सोमचंद साहू, निलेश चढ़ोकार, सतीश सलामे, दीपाली पांडे, ललित तायवड़े, रिया घिड़ोड़े, दलनायक योगेश्वर पहाड़े, उपदलनपायक दुर्गेश कुमरे, दुर्गाप्रसाद मोरले, हिमांशु पाटिल, अक्षय मालवी, अभय वामनकर, बालकिशोर अमरूते, अरूणा धुर्वे, रानी खवसे, विजिया गायकवाड़, संगम नवड़े, कोमल देशमुख, निधि सुजाने, सीमा पाटिल, कविता वाड़बूदे, पूनम मालवी, मिनाक्षी राजुरकर ने बधाई दी है।

# जेएच कॉलेज में बाल अधिकार सप्ताह अंतर्गत किया पौधारोपण

जेएच ई न्यूज, बैतूल। जेएच कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में आजादी का अमृत महोत्सव एवं बाल अधिकार सप्ताह के अंतर्गत बाल दिवस के उपलक्ष्य में पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम प्राचार्या डॉ.विजेता चौबे के संरक्षण में, जिला संगठक डॉ.सुखदेव डोंगरे, कार्यक्रम अधिकारी डॉ.जीपी साहू, नीलीमा पीटर के मार्गदर्शन में महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण किया गया। जिसमें पीपल, जाम, सीताफल, कटहल, आंवला के पौधों का रोपण किया गया

इस मौके पर डॉ.सुखदेव डोंगरे ने कहा कि जब एक वृक्ष गिरता है तो वह अपने साथ अंनत लोगों का जीवन ले जाता है इसलिए वृक्ष काटने से अच्छा है कि ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाएं।




डॉ.जीपी साहू ने गीत नदियां न पीए कभी अपना जल-पेड़ ना खाएं अपने फल के माध्यम से पर्यावरण के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर प्रवीण परिहार, सतीश सलामें, संजय उइके, रिया घिड़ोड़े विशेष रूप से मौजूद थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में दलनायक योगेश्वर पहाड़े, दुर्गेश कमरे, निलेश भुसुमकर, अमित मालवी, राकेश मन्नासे, कन्हैया अमरूते, रानी खवसे, मिनाक्षी राजुरकर, कोमल देशमुख, अरूणा धुर्वे, अभय वामनकर, गजानन अमरूते, हिमांशु पाटील, अक्षय मालवी, बालकिशोर अमरूते, दुर्गाप्रसाद मोरले, शिवम लोखंडे, दिपीका वागद्रे, भारती चढ़ोकार, निशा परते, नेहा कुमरे, सुमित पोटे का सराहनीय योगदान रहा।

# स्वच्छता प्रत्येक व्यक्ति का मूलकर्म है: विजेता चौबे

जेएच ई न्यूज, बैतूल। गंदगी एक अभिशाप है जिससे कई बीमारियां जन्म लेती है और सभी का कर्तव्य है कि स्वच्छता अभियान में सहभागी बनें। इसी उद्देश्य को लेकर जेएच कॉलेज बैतूल में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा प्राचार्या डॉ.विजेता चौबे, जिला संगठक डॉ.सुखदेव डोंगरे के संरक्षण में और कार्यक्रम अधिकारी डॉ.जीपी साहू, सुश्री नीलिमा पीटर के मार्गदर्शन में स्वच्छता अभियान चलाया। स्वयंसेवकों ने जयवंती उद्यान, विवेकानंद पार्क सहित कॉलेज परिसर में स्वच्छता अभियान चलाते हुए सिंगल यूज़ प्लास्टिक मुक्त किया गया। इस मौके पर डॉ.विजेता चौबे ने कहा कि स्वच्छता किसी व्यक्ति विशेष के लिए नहीं बल्कि हर व्यक्ति का मूलकर्म है। डॉ.सुखदेव डोंगरे ने कहा कि अगर धरती को जीवन के अनुकूल बने रहने देना है तो धरती के पर्यावरण को भी स्वच्छ रखना जरूरी है। डॉ.जीपी साहू ने कहा कि पर्यावरण सुरक्षित रखने के लिए पौधारोपण आवश्यक है। स्वच्छता अभियान को सफल बनाने में संजय उइके, दलनायक योगेश्वर पहाड़े, हिमांशु पाटिल, अक्षय मालवी, दुर्गाप्रसाद मोरले, नवीन नागले, बालकिशोर अमरूते, अमित मालवी, सुमित पोटे, सिद्दार्थ यादव, कंचन बिंझोडे, विपुल मायवाड़, सागर भुमरकर, अजय वट्टी, निखिल यादव, आशीष परते, अंकित यादव आदि स्वयंसेवकों का सराहनीय योगदान रहा।



# आगाज इंटर्नशिपः लक्षिता दुर्गेश, योगेश्वर का चयन





जेएच ई न्यूज, बैतूल। यूनिसेफ द्वारा बाल संरक्षण पर कार्य करने हेतु मप्र के किशोर और युवाओं से आगाज इंटर्नशिप के तहत बाल संरक्षण विषय पर समुदाय में कार्य करने हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए थे। जिसमें से पूरे प्रदेश से राष्ट्रीय सेवा योजना के 170 व अन्य श्रेणियों से सात आवेदकों का चयन किया गया है।

आगाज इंटर्नशिप हेतु बैतूल जेएच कॉलेज से दुर्गेश कुमरे, योगेश्वर पहाड़े एवं लक्षिता सातपुते का चयन हुआ है। इस संबंध में कार्यक्रम अधिकारी डॉ.जीपी साहू ने बताया कि चयनित स्वयंसेवकों को तीन महीने इंटर्नशिप में बच्चों के खिलाफ हिंसा को समाप्त करना, बाल लैंगिक शोषण, बाल विवाह, शारीरिक भावनात्मक हिंसा और दुर्व्यवहार, छेडख़ानी औ उत्पीडऩ, बाल श्रम, तस्करी ऑनलाईन जोखिम और हिंसा, चिंत और तनाव आदि विषयों पर जिले मे कार्य करेंगे। इनके चयनित होने पर होने पर डॉ.विजेता चौबे, जिला संगठक डॉ.सुखदेव डोंगरे, कार्यक्रम अधिकारी निलिमा पीटर, प्रो.मनोज घोरसे, वरिष्ठ स्वयंसेवक इबरार कुरैशी, प्रवीण प्रतिहार, सोमचंद साहू, सतीश सलामे ललित तायवाड़े, संजय इउके, दिपाली पांडे, रिया घिड़ोडे, अंजली सोनारे नवीन नागले, बालकिशोर अमरूते अक्षय मालवी, कन्हैया अमरूते अमोल सहाने, अरूणा धुर्वे, रानी खवसे, पूनम मालवी, कमल कुमरे कोमल देशमुख, कविता वाड़बूदे ने बधाई दी है।

# आजादी के अमृत महोत्सव के तहत जेएच कॉलेज में संगोष्ठी संपन्न

जेएच ई न्यूज, बैतूल। नेहरू युवा केंद्र बैतूल द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत जेएच कॉलेज में संगोष्ठि आयोजित की गई। संगोष्ठि एनएसएस के जिला संगठक डॉ.सुखदेव डोंगरे व नेहरू युवा केंद्र से धनंजय सिंह ठाकुर की उपस्थिति में और राकेश मन्यासे की अध्यक्षता में संपन्न हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ मां भारती के सम्मुख दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर डॉ सुखदेव डोंगरे ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव राष्ट्रीय सेवा योजना व नेहरू युवा केंद्र द्वारा पूरे जिले में संचालित किया जा रहा है जिसके माध्यम से स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आर्मी से सेवानिवृत्त व्यक्तित्व से अवगत कराया जा रहा है जिनका आजादी में योगदान रहा है। इनके बलिदान में कुर्बानी से हम ने स्वतंत्रता पाई। धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि आजादी के 75 के अमृत महोत्सव ने हम बहुत सारी जनजागृति विषयों चर्चा कर रहे हैं। विशेष लक्ष्य है कि वैक्सीनेशन शत प्रतिशत हो। साथ-साथ भारत सरकार की लाभकारी योजनाओं से अवगत कराया जा रहा है।



इस अवसर पर रामदिन, कीर्ति साहू, रवीना भालेकर, तुषार यादव, दिनेश देशमुख, सतीश सलामी ,संजय कलमे, नवीन साहू सहित बड़ी संख्या में है युवाओं ने भाग लिया कार्यक्रम का संचालन तुषार यादव ने किया वह आभार सतीश सलामी ने व्यक्त किया।

# नदी महोत्सव में हुए अनेक कार्यक्रम, पूजा प्रथम, साक्षी द्वितीय रही

जेएच ई न्यूज, बैतूल। जेएच कॉलेज में एनसीसी डायरेक्टर भोपाल के आदेश के परिपालन में नदी उत्सव अभियान के अंतर्गत नारा लेखन, चित्रकला एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता संपन्न हुई। यह कार्यक्रम महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ विजेता चौबे के संरक्षण में 5 एमपी बालिका बटालियन एनसीसी होशंगाबाद की 86 एनसीसी कैडेट्स की उपस्थिति लेफ्टिनेंट डॉ.कमलेश अहिरवार के संयोजन में सीनियर अंडर ऑफीसर सोनिका नहारे, आर्डर ऑफीसर सेजल बंसे, ईशा बारस्कर, कुन्ती कहार की में उपस्थिति में नदी महोत्सव कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम मे जिला संगठक डॉ.सुखदेव डोंगरे ने कहा नदी के दोनों किनारे पाद्यरोपण कर के नदियों को पुन जीवित किया जा सकता है। चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम पूजा बनकर, द्वितीय साक्षी विश्वकर्मा एवं तृतीय रविना यदुवंशी रही। कार्यक्रम को सफल बनाने में सार्जेंट गुंजन पाल, दिव्या सोलंकी एवं कैडेट्स दीपिका नहारे, पूजा उईके, राखी सातनकर, राधिका रघुवंशी, भूमिका चौकीकर, कावेरी साहू, हिमानी साहू, कामिनी मालवीय का सक्रिय योगदान रहा।



## पॉलीथिन उपजाऊ जमीन को बंजर बनाती है

# एनएसएस ने जेएच कॉलेज में चलाया पॉलीथिन मुक्त अभियान

जेएच ई न्यूज, बैतूल। आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत जेएच कॉलेज बैतूल में मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग मंत्रालय भोपाल एवं बरकतउल्लाह विश्व विद्यालय भोपाल के आदेश के परिपालन में स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत महाविद्यालय परिसर को पॉलीथिन मुक्त बनाने के लिए प्राचार्य डॉ. विजेता चौबे एवं रासेयो जिला संगठक डॉ. सुखदेव डोंगरे के मार्गदर्शन में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. गोपाल प्रसाद साहू, सुश्री नीलिमा पीटर के नेतृत्व में पूरे महाविद्यालय परिसर में एनएसएस के स्वयं सेवकों के द्वारा 15 बोरी पॉलीथिन इकट्ठी करके नगर पालिका के वाहन द्वारा नगरपालिका में नष्ट करने के लिए भेजा गया। प्राचार्य डॉ. विजेता चौबे ने कहा एनएसएस के स्वयं सेवकों के द्वारा बहुत ही उम्दा स्वच्छता अभियान के



अंतर्गत पॉलीथिन मुक्त करने का प्रयास किया गय डॉ. सुखदेव डोंगरे ने कहा पॉलीथिन उपजा जमीन को बंजर बनाती है। डॉ. जीपी साहू ने क पॉलीथिन की जगह कपड़ों की थैली का उपयं करना चाहिए। सुश्री नीलिमा पीटर ने कहा शहरों नालियां पॉलीथिन के कारण चोक हो जाती है अ सड़कों गंदा पानी भर जाता है। महाविद्यालय परिस में स्वच्छता (पॉलीथिन मुक्त) अभियान में संज उईके, रिया घिडोड़े, दलनायक योगेश्वर पहा अंजली सोनारे, उपदलनायक दुर्गेश कुमरे, नवी नागले, बाल किशोर अमरूते, अक्षत मालवी हिमांशु पाटिल, कन्हैया अमरूते, दुर्गा प्रसाद मोर लक्षिता सातपुते, कविता बाड़बुदे, कोम अरूणा, वर्षा, सेजल, संगम, सुमित पोटे, अभ वामनकर, राजा मोरले का सराहनीय योगदान रह

# आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश की थीम पर मना स्थापना दिवस

जेएच ई न्यूज, बैतूल। प्रदेश का 66वां स्थापना दिवस सोमवार को लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम में आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश की थीम पर मनाया गया। इसमें जेएच कॉलेज बैतूल के प्राध्यापक एवं छात्र-छात्राओं ने भी हिस्सा लिया। छात्रों ने लोक नृत्य, लोकगीतों से बढ़ते मध्यप्रदेश की परिकल्पना की।

इसअवसर पर आत्मनिर्भर भारत अंतर्गत जय नारायण सर्वोदय विद्यालय (मानसिक दिव्यांगों के पुनर्वास केंद्र) घरेंदा करजगांव द्वारा निर्मित दीपावली की उपयोगी सामग्री एवं गौरी स्वसहायता समूह द्वारा बेल मेटल एवं भर्रेवा शिल्प से बनी कलाकृतियों की प्रदर्शनी भी इस दौरान लगाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रगान से हुआ। यहांपर कलापथक दल के कलाकारों ने मध्यप्रदेश गान प्रस्तुत किया।

कन्या शिक्षा परिसर की छात्राओं ने स्वागत




गीत प्रस्तुत किया। इसके बाद शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय बैतूल, कन्या शिक्षा परिसर, शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या स्कूल, शासकीय कन्या स्कूल गंज एवं बालिक छात्रावास सदर की छात्राओं ने लोक संगीत एवं लोक नृत्य पर आधारित आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में कन्या शिक्षा परिसर के शिक्ष अशोक सिंघारे ने मध्यप्रदेश पर आधारित गीत प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम में कलेक्टर अमनबीर सिंह ब आदि ने शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार लाने छात्रों के समग्र विकास हेतु शैक्षणिक संस्था की विभिन्न मापदंडों के आधार पर कराई। प्र स्थान पर शासकीय हाईस्कूल डहुआ, द्वित शासकीय उत्कृष्ट उमा शाला बैतूल, तृतीय कन्या शाला घोड़ाडोंगरी एचस चतुर्थ स्थान शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बांसपानी रैंकिंग की गई।

मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के अवसर रासेयो जिला संगठक डॉ. सुखदेव डोंगरे, क्री अधिकारी सुश्री नीलिमा पीटर, डॉ. खुश देवघरे सहित एनसीसी व एनएस के 2 विद्यार्थी उपस्थित हुए।

## लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल ने 562 रियासतों को एक करके भारत बनाया

# राष्ट्रीय एकता की शपथ जेएच कॉलेज में दिलाई

जेएच ई न्यूज, बैतूल। भारत सरकार एवं मप्र शासन उच्च शिक्षा विभाग के आदेश के परिपालन में जेएच कॉलेज बैतूल में प्राचार्य डॉ. विजेता चौबे के संरक्षण में रासेयो के जिला संगठक डॉ. सुखदेव डोंगरे द्वारा कार्यक्रम अधिकारी डॉ. गोपाल साहू, सुश्री नीलिमा पीटर के मार्गदर्शन में वरिष्ठ स्वयं सेवक प्रवीण परिहार, दलनायक योगेश्वर पहाड़े, अंजली सोनारे सहित 50 स्वयं सेवकों को राष्ट्रीय एकता की शपथ ऑनलाइन दिलाई गई।

शपथ में मुख्य रूप से स्वयं सेवकों में राष्ट्रीय एकता की भावना जाग्रत हो ऐसा उद्देश्य रहा है। डॉ. सुखदेव डोंगरे ने कहा हमारे लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल ने 562 रियासतों को एक करके भारत का निर्माण किया।

डॉ. गोपाल साहू ने कहा सरदार वल्लभ भाई पटेल ने ब्रिटिश सरकार के विरुद्ध 1918 में सूखा पड़ने पर लगान कम करने के लिए सत्याग्रह किया था जिसमें वे सफल रहे। प्रवीण परिहार ने कहा सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्मदिवस को एवं पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि को 2014 से राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जा रहा है।

ऑनलाइन वीडिया कांफ्रेसिंग का मंच संचालन योगेश्वर पहाड़े, आभार प्रकट उपदलनायक दुर्गेश कुमरे के द्वारा किया गया। राष्ट्रीय एकता की शपथ कार्यक्रम को सफल बनाने में पूनम मालवी, लक्षिता सातपुते, अंजली जायसवाल, अरूणा धुर्वे, दीक्षा चौकीकर, कोमल देशमुख, जयश्री साहू, अक्षय मालवी, सचिन, बालकिशोर अमरूते, हिमांशु पाटिल, कन्हैया अमरूते, श्रेजल सिसोदिया, साहिल, नवीन नागले का सक्रिय सहयोग रहा।



## सौ छात्रों ने एक स्वर में कहा- उलगुलान, उलगुलान, उलगुलान

# बिरसा मुंडा महान आदिवासी क्रांतिकारी पर संगोष्ठी संपन्न

**जेएच ई न्यूज, बैतूल।** जेएच कॉलेज बैतूल में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में 'आजादी का अमृत महोत्सव' के अंतर्गत बिरसा मुंडा की जयंती के उपलक्ष्य में प्राचार्य डॉ. विजेता चौबे के संरक्षण में मुख्य अतिथि समाजसेवी एवं कॉलेज के पूर्व छात्र राजेश सरियाम, जिला संगठक डॉ. सुखदेव डोंगरे, कार्यक्रम अधिकारी सुश्री नीलिमा पीटर, वरिष्ठ स्वयं सेवक, सतीश सलामे, ललित तायवाड़े, संजय उईके, रिया घिडोडे सहित 100 छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

राजेश सरियाम ने कहा बिरसा मुंडा जी महान क्रांतिकारी युवा थे। महान क्रांतिकारी युवा ने ब्रिटिश सरकार के विरुद्ध सशस्त्र गोरील्ला युद्ध छेड़ दिया था। डॉ. सुखदेव डोंगरे ने कहा बिरसा मुंडा जल, जंगल,



जमीन के लिए लड़े थे। इंडियन फारेस्ट एक्ट 1882 के तहत मुंडा आदिवासियों से जंगल के अधिकार छीन लिए थे। सुश्री नीलिमा पीटर ने बिरसा मुंडा को धरती के आबा, भगवान कहे... मात्र 25 वर्ष की आयु तक (15 नवंबर 187... 9 जून 1900) तक जिये थे। स्वयं सेविका ल... सातपुते ने कहा 1895 से 1900 तक तीर-क... एवं भालों से लैस हजारों युवाओं के साथ ब्रि... सरकार के विरुद्ध जन आंदोलन किया ... कार्यक्रम का संचालन दलनायक योगेश्वर ... तथा आभार प्रगट रिया घिडोडे ने किया। कार्य... को सफल बनाने में हिमांशु पाटिल, अ... मालवीय, मीनाक्षी राजुरकर, कविता बाड़बुदे, ... खवसे, बालकिशोर अमरूते, दुर्गेश कुमरे, अ... मालवी, कोमल देशमुख, अभय वामन... कन्हैया अमरूते, सुमित पोटे, सीमा पाटिल ... सराहनीय योगदान रहा।

# सुशासन दिवस के अवसर पर शपथ ग्रहण संपन्न

जेएच ई न्यूज, बैतूल। जेएच कॉलेज बैतूल में मध्यप्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल के आदेश के परिपालन में प्राचार्य डॉ. विजेता चौबे, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. राकेश तिवारी, जिला संगठक डॉ. सुखदेव डोंगरे, प्रो हेमंत देशपांडे, प्रो. सलिल कुमार दुबे, प्रो. अर्चना मेहता, प्रो. एमआर वागद्रे, डॉ. प्रणय तिवारी, प्रो. बीआर खातरकर, मुख्य लिपिक मो. अनवर कुरैशी की उपस्थिति में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. गोपाल साहू, सुश्री नीलिमा पीटर के नेतृत्व में सुशासन दिवस के अवसर पर प्रदेश में सुशासन के उच्चतम मानदण्डों को स्थापित करने के लिए सामूहिक शपथ प्राचार्य द्वारा दिलाई गई। प्राचार्य डॉ. विजेता चौबे ने कहा प्रदेश में सुशासन स्थापित कर नागरिकों का जीवन स्तर सुधार कर सकते हैं। डॉ. सुखदेव डोंगरे ने कहा सुशासन पारदर्शी, सहभागी, जनकल्याणकारी होता है।

डॉ. गोपाल साहू ने कहा सभी अधिकारी, कर्मचारियों को शासन को सुशासन बनाने का आव्हान भारत के पूर्व प्रधानमंत्री माननीय अटल बिहारी वाजपेयी ने किया था। प्रो. हेमंत देशपांडे ने कहा शासन को सुशासन बनाने का हर संभव प्रयास करना चाहिए। कार्यक्रम को सफल बनाने में संजय उईके, दलनायक योगेश्वर पहाड़े, प्रीतम मालवी, गजानन अमरूते, निखिल यादव,



अंकित यादव, हिमांशु पाटिल, दीपिका साहू, राजा अतुलकर, सुशीलराज नागले, अमित ठाकुर, अमित आर्य, गिरधारी मालवी, अनंत श्रीवास... आदि का सक्रिय सहयोग रहा।

# चुनौती से डरना नहीं वरन सामना करना है

**जेएच ई न्यूज, बैतूल।** जेएच कॉलेज बैतूल में प्राचार्य डॉ.विजेता चौबे, जिला संगठक डॉ शुखदेव डोंगरे के संरक्षण में आगाज़ इंटर्नशिप में चयनित एनएसएस स्वयंसेवक दुर्गेश कुम्हरे और लक्षिता सातपुते ने अपने महाविद्यालय में अभिमुखीकरण कार्यक्रम कर अन्य स्वयंसेवकों को बाल विवाह की समस्या से अवगत कराते हुए आगे काम करने की कार्य प्रणाली से अवगत कराया।

पुरुष इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ.जीपी साहू ने बताया कि अभिमुखीकरण कार्यक्रम के उपरांत चयनित स्वयंसेवक अन्य स्वयंसेवक बडोरा प्राथमिक विद्यालय एवं माध्यमिक विद्यालय पहुंचकर, बच्चो को विभिन्न प्रकार के खेलों के ज़रिए बाल संरक्षण की समझ विकसित करने की कोशिश की। महिला इकाई





की कार्यक्रम अधिकारी सुश्री नीलिमा पीटर के सुझाव पर स्वयंसेवकों ने माध्यमिक विद्यालय के बच्चो से बाल संरक्षण पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया व विजेताओ को मैडल द्वारा पुरूस्कृत किया।

इसी के साथ लक्षिता सातपुते ने बाल लैंगिक शोषण पर बच्चो को जागरूक करते हुए बाल लैंगिक शोषण का मतलब, गुड और बेड टच में अंतर, इसके दुष्परिणाम व चाइल्ड हेलपलाइन नंबर की जानकारी दी। बच्चो के सभी प्रश्नों का उत्तर देकर उन्हें जागरूक बनने की सलाह व पीड़ितो के साथ सहानुभूपूर्वक व्यवहार करना सिखाया। इस कार्यक्रम को प्रभावी बनाने हेतु प्रधान पाठक समेत पूरे शिक्षक स्टॉफ का सहयोग रहा।

साथ ही सभी स्वयंसेवकों ने बच्चो से अनुरोध किया कि ये जानकारी कम से कम 5 लोगो तक अवश्य पहुंचाए। इस अवसर पर एनएसएस के स्वयंसेवक योगेश्वर पहाड़े नवीन नागले, बल कि... अमरूते, अभय वामणकर, नि... सुजाने, मीनाक्षी राजुलकर, हिम... पाटिल, रानी खवसे, वर्षा रा... दुरगप्रसाद मोरले, साक्षी मन्ना... अरुणा धुर्वे,और अन्य साथी मो... नागले, पवन उइके का सराहन... योगदान रहा।

# जेएच कॉलेज में हुए कार्यक्रमों की चित्रमयी झलकियां...













# जेएच कॉलेज में हुए कार्यक्रमों की चित्रमयी झलकियां...









# एनएसएस स्वयंसेवकों ने जिला अस्पताल में किया रक्तदान



जेएच ई न्यूज, बैतूल। जेएच कॉलेज के एनएसएस के स्वयंसेवकों ने जिला अस्पताल बैतूल के ब्लड बैंक में प्राचार्या डॉ.विजेता चौबे के संरक्षण में, जिला संगठक डॉ.सुखदेव डोंगरे के मार्गदर्शन में, कार्यक्रम अधिकारी डॉ.जीपी साहू, सुश्री नीलीमा पीटर के निर्देशन में और डॉ.अंकिता सिते, डॉ.सलील दुबे, प्रो.राजेश शेषकर की उपस्थिति में रक्तदान किया। डॉ.अंकिता सिते हमेशा छात्र-छात्राओं को रक्तदान के लिए प्रेरित करती हैं। डॉ.विजेता चौबे ने कहा कि रक्तदान सबसे पुण्य का काम है। डॉ.सुखदेव डोंगरे ने कहा कि रक्तदान करने से रक्त की पुरानी कोशिकाएं हट जाती है और नई कोशिकाओं का पुन- निर्माण हो जाता है। डॉ.जीपी साहू ने कहा कि स्वस्थ्य व्यक्ति को प्रत्येक तीन महीने में रक्तदान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि डॉ.सिते हमेशा छात्र-छात्राओं का रक्तदान के लिए प्रेरित करती हैं।

**इन्होंने किया रक्त दानः** इस अवसर पर वरिष्ठ स्वयंसेवक ललित तायवाड़े ने बताया कि एनएसएस के स्वयंसेवकों ने स्व प्रेरणा से रक्त दान किया जिसमें संजय उइके, दुर्गेश कुमरे, अभिषेक पंवार, गौरव मेहरा, रानी खवसे, अरूणा धुर्वे, निकिता बोबड़े, योगेश्वर पहाड़े, नवीन नागले, कन्हैया अमरूते, सतीष सलामे, तेजस जैन, शुभम वंशपाल ने रक्त दान किया।

# एनएसएस के छात्र योगेश्वर ने किया रक्तदान



**बैतूल।** जेएच कॉलेज बैतूल के एनएसएस के छात्र एवं दलनायक योगेश्वर पहाड़े ने मानव संवेदना एवं दयाभाव से अपरिचित सरिता रामकरण ग्राम बानाबेहड़ा के लिए प्राचार्य डॉ. विजेता चौबे के संरक्षण में एवं मेडिकल ऑफिसर डॉ. अंकिता सीते, रोसेयो जिला संगठक डॉ. सुखदेव डोंगरे, उप दलनायक दुर्गेश कुमरे, नवीन नागले, बालकिशोर अमरूते,अभय वामनकर, रामकरण आरसे की उपस्थिति में जिला अस्पताल बैतूल में रक्तदान किया। प्राचार्य डॉ. विजेता चौबे ने कहा कि रक्तदान महादान है। जरूरतमंदों के लिए रक्तदान करना चाहिए। डॉ. सुखदेव डोंगरे ने बताया एनएसएस के छात्र-छात्राएं सदैव बीमार और जरूरतमंद लोगों के लिए रक्तदान करते रहते हैं। योगेश्वर पहाड़े ने इसके पूर्व 2 जून 2021 को रक्तदान किया था।

# स्थापना दिवस पर निहाल व सारिका ने जीती मैराथन

## मध्यप्रदेश गान से शुरू हुआ आयोजन, स्वच्छता का संदेश देते हुए चलाया गया अभियान

जेएच ई न्यूज, बैतूल। मध्यप्रदेश स्थापना दिवस सोमवार को मनाया गया। इस अवसर पर मिनी मैराथन का आयोजन किया गया। मिनी मैराथन शहर के पुलिस ग्राउंड सेशुरू होकर रैन बसेरा, मैनिक चौक, कांतिशिवा चौक, शनि मंदिर, एसपी कार्यालय चौक होते हुए पुलिस ग्राउंड पहुंची। स्थापना दिवस का कार्यक्रम मध्यप्रदेश गान से शुरू हुआ।

इस मौके पर स्वच्छता का संदेश देते हुए अभियान भी चलाया गया। मिनी मैराथन में विजेता रहे प्रतिभागी बालक वर्ग में निहाल बाथरी तिरमऊ आमला,द्वितीय अमित सातपुरते जेएच



कॉलेज एवं तृतीय स्थान पर विशाल उईके जेएच कॉलेज रहे। बालिका वर्ग में प्रथम सारिका इव जेएच कॉलेज, द्वितीय पूजा बनकर एवं तृतीय स्थान पर सर्वोदय विद्यालय की कु. विशाख लिखितकर रहीं। दौड़ में विजेता रहे प्रतिभाओं को भूतपर्व सैनिक विजय नरवरे ने प्रमाण पत्र एवं मेडल प्रदान किए। कार्यक्रम में धर्मेंद्र पवार एवं रामनारायण शळकला का विशेष सहयोग रहा। मप्र स्थापना दिवस पर डॉ. सुखदेव डोंगरे, क्रीड़ा अधिकारी नीलिमा पीटर, डॉ. खुशाल देवघ सहित एनसीसी एवं एनएसएस के 200 विद्यार्थी उपस्थित हुए।

# संभाग स्तरीय पुरुष कबड्डी स्पर्धा में बैतूल बना विजेता

## हार से जो सीखे वह सच्च खिलाड़ीः वाघमारे

जेएच ई न्यूज, बैतूल। कॉलेज में सभांग स्तरीय पुरुष वर्ग कबड्डी प्रतियोगिता शनिवारको हुई। प्रतियोगिता में बैतूल, बालाघाट, छिंदवाड़ा और सिवनी जिले की टीमों ने हिस्सा लिया। उद्घाटन कार्यक्रम में प्राचार्य प्रोफेसर एमडी वाघमारे ने खिलाड़ियों को शुभकामना देते हुए उत्कृष्ट खेलभावना कापरिचयन देने की समझाइश दी।

उन्होंने कहा निरंतर अभयास करना और अपनी हार से सबक लेना ही सच्चे खिलाड़ी की निशानी है। क्रीड़ा अधिकारी डॉ. ओम झा ने बताया प्रतियोगिता में प्रथम स्थान बैतूल जिले की टीम और द्वितीय स्थान बालाघाट जिले की टीम ने अर्जित किया। बैतूल जिले की टीम ने 26 अंक के मुकाबले 31 अंग से जीत दर्ज की। संचालन डॉ.शीतल चौधरी व प्रोफेसर ज्योति वर्मा ने किया।

इसके अलावा प्रतियोगिता में छिंदवाड़ा कॉलेज प्रतिनिधि प्रदीप पटवारी, क्रीड़ा अधिकारी नीलिमा पीटर जेएच कॉलेज बैतूल, डॉ. मनोज सिह राणा आमला कॉलेज, मनोज अहिरवार भीमपुर कॉलेज ने खिलाड़ियों का मार्गदर्शन कर निर्णायक की भूमिका निभाई। कार्यक्रम में मैच रेफरी, हरनाम सिंह ठाकुर, सोहन शर्मा, नीलेश तिवारी, प्रदीप उइके और स्टाफ का सहयोग रहा। अंत में सभी का आभार प्रदर्शन डॉ. नीतेष पाल ने किया।

# जिला स्तरीय बैडमिंटन स्पर्धा में सैलाब व पायल अव्वल

## संभाग स्तरीय बैडमिंटन स्पर्धा के लिए 5 बालक और 5 बालिका चयनित

जेएच ई न्यूज, बैतूल। मुलताई में महाविद्यालय जिला स्तरीय बैडमिंटन स्पर्धा बुधवार को नगर के इंडोर बैडमिंटन कोर्ट में संपन्न हुई। स्पर्धा में जिलेभर के कॉलेज के बैडमिंटन खिलाड़ियों ने भाग लिया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 5 बालक और 5 बालिकाओं का चयन संभाग स्तरीय बैडमिंटन स्पर्धा के लिए किया गया। जिला स्तरीय बैडमिंटन स्पर्धा का शुभारंभ कॉलेज प्राचार्य डॉ. वर्षा खुराना ने किया।

उन्होंने खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलकर अपनी प्रतिभा दिखाने की समझाइश दी। स्पर्धा में मुलताई, सारनी, घोड़ाडोंगरी, बैतूल, भैंसदेही के कॉलेज के विद्यार्थियों ने भाग लिया। स्पर्धा को पुरुष और महिला दो वर्ग में रखा गया था। पुरुष वर्ग में मुलताई कॉलेज के सैलाब पवारे ने पहला, जेएच कॉलेज बैतूल के खुशाल गोस्वामी ने दूसरा, भैंसदेही कॉलेज के हर्षित काकड़े ने तीसरा, अंकुश पाटनकर ने चौथा और प्रफुल्ल पाल ने पांचवां स्थान प्राप्त किया। महिला वर्ग में सारनी की पायल ने पहला, कन्या कॉलेज बैतूल की मनीषा नेदूसरा, जेएच कॉलेज बैतूल की जानवी ने तीसरा, भैंसदेही कॉलेज की अर्चना ने चौथा और साक्षी ने पांचवा स्थान प्राप्त किया। खेल शिक्षक अभिनित सरसोदे और विशाल भारती के मार्गदर्शन में स्पर्धा संपन्न हुई। खेल शिक्षक श्री सरसोदे ने बताया संभाग स्तर के लिए पांच-पांच खिलाड़ियों का चयन किया गया है।

## छात्रा लतिका राज्य स्तर पर दिखाएंगी प्रतिभा

जेएच ई न्यूज, बैतूल। जेएच कॉलेज बैतूल में युवा कल्याण एवं खेल मंत्रालय तथा नेहरू युवा केंद्र बैतूल मध्यप्रदेश प्रदेश द्वारा आयोजित जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता में पंडित जवाहरलाल नेहरू महाविद्यालय आमला की छात्रा लतिका साहू ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। भाषण प्रतियोगिता का विषय देश भक्ति और राष्ट्र निर्माणमें सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास सबका प्रयास था। प्रतियोगिता में जिले के शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों से अनेक विद्यार्थियों ने भाग लिया था। निर्णायक समिति द्वारा छात्रा के भाषण की सराहना की गई। छात्रा की उपलब्धि पर महाविद्यालय प्रबंधन समिति, प्राचार्य एवं समस्त स्टॉफ द्वारा पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित करते हुए बधाई प्रेषित की गई। ललिका सहू अब राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी। कॉलेज परिवार ने उन्हें उज्जवल भविष्य की शुभमानाएं दी हैं।

# महिला कबड्डी प्रतियोगिता में बैतूल विजेता, शाहपुर की टीम बनी उपविजेता

जेएच ई न्यूज, शाहपुर। कॉलेज में गुरुवार को दो दिनी जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ प्राचार्य प्रो. एमडी वाघमारे ने कन्या पूजन व दीप प्रज्जवलन के साथ किया। इसमें गुरुवार को महिला वर्ग के मैचों में प्रथम स्थान शासकीय कन्या कॉलेज बैतूल व द्वितीय स्थान शासकीय कॉलेज शाहपुर की टीम ने प्राप्त किया। अतिथि परिचय व कार्यक्रम की भूमकि रखते हुए क्रीड़ा अधिकारी डॉ. ओम झा ने बताया प्रतियोगिता के प्रथम दिवस महिला वर्ग के मैच हुए हैं। दूसरे दिन शुक्रवार को पुरुष वर्ग के मैच होंगे। महिला वर्ग में कुल 6 कॉलेज की टीमों ने हिस्सा लिया। इसमें 25 के मुकाबले 31 अंक से शासकीय कन्या कॉलेज बैतूल विजेता रहा। उद्घाटन मैच डॉ. बीआर अंबेडकर सरकारी कॉलेज आमला और सरकारी कॉलेज भैंसदेही के बीच हुआ। स्वागत भाषण प्रो. अजाबराव इवने और मंच संचालन डॉ. शीतल चौधरी और प्रो. ज्योति वर्मा ने किया। इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहपुर से चिकित्सा सुविधा के लिए डॉ. महेश जावरकर और डॉ. साक्षी ओसले, मैच रेफरी हरनाम सिंह



ठाकुर, सोहन शर्मा, डॉ. देवेंद्र मकुमार रोगड़े, डॉ. संजय बाणकर, प्रो. नीतू जायसवाल माहोरे, डॉ. पूनम देशमुख, प्रो. चंद्रकिशोर वाघमारे, प्रो. राकेश हनोते, डॉ. पवन सिजोरिया, प्रो. मीनाक्षी ठाकुर, प्रो.अल्केश सोनारे प्रो. राजेंद्र ठाकुर सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

## फुटबॉल प्रतियोगिता में सारनी विजेता रहा

सारनी। जिला स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन सरकारी कॉलेज में किया। इसमें सारनी की टीम संभागीयऔरराज्य स्तरीय प्रतियोगिता में विजय रही। इसमौके पर कॉलेज की प्राचार्य डॉ. प्रमिला वाधवा, डॉ. सुखदेव डोंगरे ने प्रतियोगिता में विजयी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। प्राचार्य ने कहा छात्रों को विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में भाग अवश्य लेना चाहिए, ताकि उनका शैक्षणिक के साथ शारीरिक विकास भी संभव हो सके। इस मौके पर कॉलेज स्टाफ व अन्य लोग मौजूद थे।

# सामाजिक बुराईयों के खिलाफ लगाई मैराथन दौड़

## एनसीसी दिवस के अवसर पर हुआ जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



जेएच ई न्यूज, बैतूल। जेएच कॉलेज बैतूल में मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग भोपाल के आदेश के परिपालन में एवं प्राचार्य डॉ . विजेता चौबे के मार्गदर्शन में 5 एमपी बालिका बटालियन एवं 13 एमपी बटालियन एनसीसी होशंगाबाद के एनसीसी कैडेट्स एनसीसी दिवस समारोह का आयोजन किया गया । एनसीसी के लगभग 200 कैडेट्स को बाल विवाह , कन्या भ्रूण हत्या एवं दहेज प्रथा जैसी सामाजिक द्वारा बुराईयों को दूर करने के लिए शपथ दिलाई गई एवं इन सामाजिक बुराईयों के विरुद्ध मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया । इस अवसर पर स्वच्छ भारत अभियान अभियान के तहत जागरूकता रैली निकाली गई एनसीसी गर्ल्स इकाई की लेफ्टिनेंट डॉ . कमलेश अहिरवार ने बताया कि प्रतिवर्ष नवंबर माह के अंतिम सप्ताह में एनसीसी दिवस का आयोजन किया जाता है । एनसीसी कैडेट्स होने के नाते हम सभी का यह दायित्व बनता है कि हम समाज में फैली इन बुराईयों को रोकने में अपना योगदान दें । बालक एनसीसी प्रभारी लेफ्टिनेंट डॉ . खुशाल देवघरे ने कहा कि एनसीसी का मुख्य उद्देश्य देश सेवा एवं राष्ट्र के प्रति समर्पण का भाव है और इसी नाते हम सभी का यह कर्तव्य है कि हम अपने आस - पास का वातावरण स्वच्छ रखने के लिए लोगों को प्रेरित करें तथा इन सामाजिक बुराईयों को दूर करने में अपना सहयोग दें । इस समारोह को सफल बनाने में अंडर ऑफिसर काजल पांसे , अंडर ऑफिसर ईसा बारस्कर , अंडर ऑफिसर कुंती कहार , सीनियर अंडर ऑफिसर आशीष कुमार यादव का सक्रिय योगदान रहा तथा समारोह में एनसीसी के लगभग 200 छात्र - छात्राओं ने भाग लिया ।

# पर्यावरण के प्रति किया जागरूकत, कैनवास पर उकेरे चित्र

जेएच ई न्यज, बैतूल। पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरुक करने के लिए पर्यावरण दिवस मनाया जाता है। जेएच कॉलेज की एनसीसी विंग द्वारा पर्यावरण के प्रति जागरुकता कार्यकम का आयोजन किया। कैडेट्स ने बताया कि हम और आप सभी मिलकर अपने गांव कस्बे ,मोहल्ले और नगरों में दूसरों को प्रेरित करते हुए पौधारोपण कर प्राकृतिक को हरा भरा कर विश्व पर्यावरण दिवस के उद्देश्य को सफल बनाए' वृक्ष लगाओ जीवन बचाओ, वृक्ष धरा के भूषण है करते दूर प्रदूषण है।









# राज्य स्तरीय पुरुस्कार प्राप्त करने वाली प्रथम महिला स्वयंसेविका दिपाली का किया सम्मान



जेएच ई न्यूज, बैतूल। शारदा मंदिर गर्ग कॉलोनी में एक सम्मान समारोह आयोजित कर प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम डिप्टी कलेक्टर निशा बांगड़े के आतिथ्य में संपन्न हुआ। इस मौके पर निशा बांगड़े द्वारा स्वयंसेविका दिपाली पांडे को शाल, श्रीफल और तुलसी का पौधा देकर अभिनंदन किया व कहा कि पूरे जिले को दिपाली की उपलब्धि पर गर्व है। डॉ.जीपी साहू और डॉ.सुखदेव डोंगरे ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना मप्र शासन उच्च शिक्षा विभाग के द्वारा एनएसएस राज्य स्तरीय सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवक पुरुस्कार बैतूल जिले के जेएच बैतूल से कु.दीपाली पांडे पिता बाबूराव पांडे का चयन हुआ है। दीपाली पांडे रासेयो बैतूल जिले की प्रथम महिला राज्य स्तारीय पुरुस्कार के लिए चयनित हुई है। वरिष्ठ स्वयंसेवक प्रवीण परिहार और सोमचंद साहू ने बताया कि दिपाली एक स्वयंसेवक के रूप में विगत 6 वर्षों से निरंतर रासेयो की विभिन्न गतिविधियों जैसे बेटी-बचाओ बेटी-पढ़ाओ, पौधारोपण, जल संरक्षण नशामुक्ति, मतदाता जागरूकता, स्वच्छ्ता अभियान, रक्दान, डिजिटल साक्षरता, पल्स-पोलिओ, कोविड-19 आदि गतिविधियों तथा रासेयों के विभिन्न शिविरों अंतर्राष्ट्रीय स्तर पंजाब, राष्ट्रीय स्तर के युथ फेस्टिवल ग्रेटर नोएडा उत्तरप्रदेश, राज्य स्तर शिवर सागर रहेली सहित कई शिविरों में सहभागिता की।

सुश्री नीलिमा पीटर ने बताया कि रासेयो के महाविद्यालय स्तर 4 विशेष शिविर और जिला स्तर शिविर पावरझंडा शाहपुर में शिविर नायक व दलनायक की भूमिका का निर्वाहन किया जिससे स्वयं में व्यक्तित्व विकास और नेतृत्व क्षमता का विकास हुआ। 1972 से जे एच कॉलेज बैतूल मे एनएसएस इकाई शुरू है तथा मप्र शासन द्वारा एनएसएस राज्य स्तरीय रासेयो पुरुस्कार 2000-01 से प्रारम्भ हुआ था। बैतूल जिले से सत्र 2017-18 के लिए स्वयंसेविका कु. दीपाली पांडे को रासेयो राज्य स्तरीय पुरुस्कार के लिए चयनित किया गया है । यह जिले के लिए गर्व एवं हर्ष का विषय है। वर्तमान में दीपाली एमएसडब्ल्यु की छात्रा है जो पढ़ाई के साथ-साथ सामाजिक सेवा कार्यो में सक्रिय है । उच्च शिक्षा मंत्री मोहन यादव द्वारा पुरस्कार वितरण समाहरोह भोपाल में प्रस्सति पत्र, स्मृति चिन्ह एवं 11हजार रु की प्रोत्साहन राशि प्राप्त करेंगे। जेएच कॉलेज प्राचार्य डॉ.विजेता चौबे,रासेयो, संतोष पवार, इबरार कुरैशी,राजाराम रावते, कृष्णा भारखे, प्रवीण परिहार, मनोज घोरसे, सोमचंद साहू, नीलेश चढोकार, सतीश सलामे, ललित तायवाडे, संजय उईके, रिया घिडोडे आदि ने बधाई दी हैं।

समाचार हॉकर्स पाक्षिक
सत्यमेव जयते
Jh. e News
तमसो माँ ज्योतिर्गमय
ज.हा. शास. स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय, बैतूल (म.प्र.)

वर्ष - 9 अंक- 43 दिनांक 01 जनवरी से 31 मार्च 2022 

## विवेकानंद जयंती रोजगार दिवस के अवसर पर स्वरोजगार मेला, रोजगार मेला, उद्यमिता शिविर का आयोजन हुआ

# जेएच कॉलेज में स्वरोजगार मेले से तय हुई भविष्य की दिशा

### कार्यक्रम के दौरान विभिन्नल योजनाओं के 708 हितग्राहियों को 6 करोड 83 लाख से अधिक राशि का लाभ मिला








**जेएच ई न्यूज, बैतूल।** जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में जेएच कॉलेज में विवेकानंद जयंती रोजगार दिवस के अवसर पर स्वरोजगार मेला, रोजगार मेला, उद्यमिता शिविर का आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायकआमला योगेश पंडाग्रे, द्वारा जिला कलेक्टर अमनवीर सिंह बेस, जिला पंचायत सीईओ अभिलाष मिश्रा, प्राचार्य डॉ.विजेता चौबे, आईटीआई प्राचार्य डी एम सिंह, पॉलिटेक्निक प्राचार्य अरुण सिंह भदौरिया की उपस्थिति में किया गया। प्राचार्य डॉ.विजेता चौबे ने बताया कि जिला स्तरीय महाविद्यालय उद्यमिता शिविर में सभी शासकीय महाविद्यालयों के विद्यार्थियों द्वारा बढ़ चढ़कर सहभागिता की। आयोजन में कोरोना प्रोटोकॉल पर विशेष ध्यान दिया गया ।

**स्वरोजगार मेला :** स्वरोजगार मेले में शासन की विभिन्न योजनाओं का शासकीय विभागों द्वारा प्रस्तुतीकरण किया गया। साथ ही विभिन्न बैंकों द्वारा भी सहभागिता की गई। सफल उद्यमी द्वारा व्याख्यान दिए गए। मुख्य अतिथि द्वारा ऋ ण चेक वितरण किया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ अल्का पांडे, डॉ.मीना डोनीवाल, एवं डॉ. अर्चना मिश्रा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विभिन्नल योजनाओं के 708 हितग्राहियों को 6 करोड 83 लाख से अधिक राशि का लाभ मिला। विधायक योगेश पंडाग्रे आमला द्वारा स्वयंय का रोजगार स्थातपित कर दूसरों को काम देने पर जोर दिया।

### महाविद्यालय उधमिता शिविर




जयवंती हॉल में जिला स्तरीय उद्यमिता शिविर का आयोजन हुआ। शुभारंभ प्राचार्य डॉ विजेता चौबे द्वारा, अन्य वरिष्ठ प्राध्यापकों की उपस्थिति में किया। शिविर में 10 शासकीय महाविद्यालयों के विद्यार्थियों द्वारा सहभागिता की। शिविर में 30 स्टाल लगाए गए थे, जिसमें विद्यार्थियों द्वारा निर्मित सामग्रियों का प्रदर्शन एवं विक्रय किया गया। विद्यार्थियों द्वारा लगभग 10,000 का विक्रय किया गया शिविर में पेंटिंग्स, बंबू से निर्मित सामग्री, मिट्टी के बर्तन, झूमर, अगरबत्ती, मोमबत्ती, मशरूम के उत्पाकद, विभिन्ने प्रकार के पापड़, आचार, इत्यादि के स्टॉल लगाए गए साथ ही कुछ विशेष व्यंजनों के स्टाल लगाए गए थे। महाविद्यालय विवेकानंद सोशल क्लब एवं लायंस क्लब बैतूल द्वारा नेकी का आश्रय जिसमें जरूरत की वस्तुएं जैसे कपड़े, फुटवियर, बुक्स, ऐसेसरीज इत्यादि वस्तुएं मात्र रू. 1 से रू. ।0 में केवल विद्यार्थियों को विक्रय किया गया। यह योजना महाविद्यालय स्तर पर निरंतर जारी रहेगी।

जहां जरूरत की वस्तुएं बच्चों को मात्र 1 रू. से ।0 रू. में प्राप्त होगी विधायक योगेश पंडाग्रे, जिला कलेक्टर अमनवीर सिंह बैस, जिला पंचायत सीईओ अभिलाष मिश्रा, महाप्रबंधक रोहित डावर, प्राचार्य डॉ.विजेता चौबे तथा अन्य वरिष्ठ प्राध्यापकों द्वारा सभी स्टॉल विजिट किए और विद्यार्थियों का उत्साह वर्धन किया। कलेक्टर बैतूल ने विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किए। बाद में सभी वरिष्ठ प्राध्यापकों द्वारा शिविर में उपस्थित सभी विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह द्वारा सम्मानित किया।

### प्लेसमेंट ड्राइव

डॉ. मनोज उघड़े टीपीओ एवं जिला नोडल अधिकारी द्वारा बताया गया कि विवेकानंद जयंती के अवसर पर रोजगार मेले का आयोजन भी जेएच कॉलेज के नवीन भवन मे किया गया। जिसमें विभिन्न क्षेत्रों की 12 कंपनियों द्वारा सहभागिता की गई। जिसमें कुलोदाय टेक्नोयपेक प्रा.लि.मि. वापी दमन गुजरात, जेके बॉयो प्लान्टेक प्राईवेट लिमिटेड भोपाल, नेचर बायो प्ला न्टोक प्रा.लि.बैतूल, वर्धमान फोब्रिक्सि प्रा.लि.बुदनी, भारतीय जीवन बीमा निगम बैतूल, सी-पेट भोपाल, अर्ल्ट सिक्योटेररिटी ऐजेन्सी बैतूल, भारतीय जीवन बीमा निगम मुख्य शाखा बैतूल,श्री श्याम फैशन माल बैतूल, रूचा इंजीनियरिंग प्रा.लि. औरंगाबाद, मारूति सूज़ुकी अहमदाबाद, विक्टरी टर्मिनल, फाईनेस सर्विसेस इंदौर, द्वारा सहभागिता की। रोजगार हेतु ।00 विद्यार्थियों द्वारा रजिस्ट्रेशन किया गया। प्रारंभिक स्तर पर लगभग 312 विद्यार्थियों का चयन किया गया है।

## विधायक और कलेक्टर पहुंचे टीकाकरण केंद्र



**जेएच ई न्यूज, बैतूल।** जेएच कॉलेज में कोविड-19 टीकाकरण केंद्र पर आमला विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे, जिला कलेक्टर अमनबीर सिंह बैस, मुख्य सीईओ जिला पंचायत अभिलाष मिश्रा, जिला टीकाकरण अभियान के नोडल अधिकारी डॉ. अरविंद भट्ट, डॉ. अविनाश कनेरे, प्राचार्य डॉ. विजेता चौबे, रासेयो जिला संगठक एवं महाविद्यालय के नोडल अधिकारी डॉ. सुखदेव डोंगरे पहुंचे। कलेक्टर श्री बैस द्वारा छात्रों को कोविड-19 टीकाकरण के लिए प्रेरित किया। डॉ. योगेश पंडाग्रे ने छात्र-छात्राओं को टीकाकरण के लिए जन जागृति अभियान प्रचार-प्रसार करने का आव्हान किया। टीकाकरण कर रही टीम अर्चना पाटिल, कविता पवार, कंचन घोरसे, मुक्ता पवार की प्राचार्य द्वारा सराहना की गई। टीकाकरण अभियान को सफल बनाने में प्रो. मनोज कुमार घोरसे, प्रो. शंकरराव सातनकर, प्रो. राजा अतुलकर, डॉ. आरके जोशी, डॉ. एचके वर्मा, लाइब्रेरियन विराजवर्धन पाण्डे, मुकेश करोले सहित एनएसएस के छात्रों ने योगदान किया।

## जिले की प्रथम बेटी दीपाली पांडे भोपाल में हुई सम्मानित

### उच्च शिक्षा मंत्री ने राज्य स्तरीय रासेयो पुरस्कार से किया सम्मानित

**जेएच ई न्यूज, बैतूल।** मप्र शासन उच्च शिक्षा विभाग के द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना राज्य स्तरीय सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवक पुरस्कार ज्ञान विज्ञान भवन बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल में आयोजित एक गरिमामय कार्यक्रम में प्रदान किए गए। जिसमें वर्ष 2017- 18 के लिए जिले की स्वयंसेविका कु.दिपाली बाबूराव पांडे का रासेयो राज्य स्तरीय पुरस्कार हेतु चयन हुआ था। दिपाली जिले की प्रथम महिला स्वयंसेविका है जिन्हें उच्च शिक्षा मंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.आरजे राव, विक्रम विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.अखिलेश कुमार पांडेय, महर्षि पाणिनि संस्कृति विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.विजय कुमार, राज्य कार्यक्रम अधिकारी आरके विजय, क्षेत्रीय निर्देशक(म.प्र एवं छ.ग) राजकुमार वर्मा इकाई के कार्यक्रम अधिकारी राहुल सिंह परिहार की मौजूदगी में रासेयो राज्य स्तरीय पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र स्मृति चिन्ह 11000 की प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया। दिपाली पांडे को यह सम्मान एनएसएस के राज्य स्तरीय पुरस्कार शिक्षा के साथ-साथ राष्ट्र निर्माण व समाज सेवा के क्षेत्र में स्वैच्छिक रूप से



किए गए सामुदायिक सेवा के कार्यों को मान्यता प्रदान करने के लिए दिया गया। दीपाली 2015-16 से एक स्वयंसेविका के रूप में रासेयो जुड़कर विभिन्न गतिविधियों में निरंतर भाग लेती रही। यह कई प्रतिभा सम्मान समारोह में सम्मान प्राप्त कर चुकी है। एनएसएस बीयू द्वारा प्रदत बी एवं सी सर्टिफिकेट प्राप्त कर चुकी और समाज सेवा के साथ शिक्षा के साथ दीपाली सक्रिय रूप से कार्य कर एक मिशाल पेश की है। इनकी उपलब्धि पर जेएच कॉलेज बैतूल की प्राचार्य डॉ.विजेता चौबे, रासेयो जिला संगठन डॉ सुखदेव डोंगरे, कार्यक्रम अधिकारी डॉ.सीपी साहू, (शेष पेज 2 पर)

▪ प्राचार्य - डॉ. राकेश कुमार तिवारी ▪ संपादक - डॉ. सुखदेव डोंगरे ▪ सह संपादक - डॉ. गोपाल साहू ▪ डॉ. मनोहर गावंडे

## संपादकीय

# गतिविधियों से सराबोर रहा साल का पहला क्वार्टर



डॉ. सुखदेव डोंगरे
संपादक

कोविड-19 कोरोना वायरस वर्ष 2021 तक अपने भयावह रूप में हमें परेशान कर रहा था, लेकिन साल 2022 काफी राहत देने वाला साबित हुआ है। साल का पहला क्वार्टर यानी जनवरी, फरवरी और मार्च पिछले दो सालों की तुलना में गतिविधियों से सराबोर रहा। कॉलेज कैंपस में जहां खेल गतिविधियों में तेजी आई है तो वहीं पढ़ाई-लिखाई ने भी गति पकड़ी है। राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर भी अब सुचारू रूप से आयोजित हो रहे है। वहीं जनवरी माह में 26 जनवरी पर देशभक्ति की बयार भी कॉलेज कैंपस से लेकर जिला मुख्यालय के मुख्य समारोह स्थल तेक देखने को मिले हैं। युवा दिवस, मतदाता जागरूकता, कोविड टीकाकरण समिति अन्य गतिविधियां जैसे नुक्कड़ नाटक, क्रिकेट, वालीबॉल, कार्यशाला के आयोजन भी बिना रूकावट जारी हैं, लेकिन हमें अब भी डब्लयूएचओ की गाइड लाइन का पालन करना चाहिए। क्योंकि कोरोना जैसा खतरनाक वायरस कभी भी लौट सकता है और चौथी लहर के रूप में हमारे सामने आ सकता है। खैर अभी तो सरकार ने सभी कार्यक्रमों आयोजनों और पढ़ाई, लिखाई जैसे क्रियाकलापों के लिए छूट दे दी है। लगभग पूरे दो साल बाद कॉलेज कैंपस में रोजगार और स्वरोजगार मेलों के आयोजनों में छात्र-छात्राओं का रूझान देखने का मिला वहीं कई कंपनियों ने भी छात्रों को जॉब ऑफर की है। इधर कॉलेज के विकास ने भी गति पकड़ी है निर्माण कार्य और अन्य कार्य शुरू हुए हैं। पौधों का हमारे जीवन में बहुत ही महत्वपूर्ण योगदान है। पर्यावरण की सुरक्षा ही मानव जीवन की रक्षा है। इसे देखते हुए एनएसएस सहित कॉलेज के शिक्षकों और छात्र-छात्राओं ने बड़े पैमाने पर लगातार पौधारोपण जैसी गतिविधियों का आयोजन किया तो वहीं राज्य सरकार द्वारा चलाए गए अंकुर अभियान में भी बढ़चढ़कर हिस्सा लिया है। वर्ष 2022 में नए छात्र भी आए तो पुरानों को विदाई भी दी गई यही स्थिति कॉलेज स्टॉफ की भी रही। आने वाले अनुभव ले रहे हैं तो वहीं जाने वालों ने अपने सुखद अनुभव एक दूसरे से साझा भी किए। इधर एक तरह से देखा जाए तो खेल गतिविधियों में काफी गति देखने को मिली है। लीड कॉलेज समेत भीमपुर, भैंसदेही, आठनेर, सारनी, आमला, शाहपुर, मुलताई के शासकीय कॉलेजों में भी खेल गतिविधियों को बढ़ावा मिला है और यहां पर क्रिकेट, वालीबॉल, शतरंज जैसी प्रतियोगिताएं हुई हैं। वहीं इस वर्ष के पहले क्वार्टर में ही जेएच कॉलेज शतरंज का सिरमौर बना जिसके लिए बहुत-बहुत बधाई।

# युवा राष्ट्र निर्माण में अपने सहभागी बनेः मोहन नागर

## राष्ट्रीय सेवा योजना महिला इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम बासपानी में संपन्न



**जेएच ई न्यूज, बैतूल।** बैतूल की राष्ट्रीय सेवा योजना महिला इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम बासपानी में बौद्धिक सत्र में शिविर के तीसरे दिन शिविर में उपस्थित हुए मोहन नागर, पूर्व राज्य संपर्क अधिकारी डॉ.महेंद्र गिरी,प्राचार्य डॉ.राकेश तिवारी जिला संगठक डॉ.सुखदेव डोंगरे, रूपेश ठाकरे उपस्थित थे। इस मौके पर भारत भारती महाविद्यालय के सचिव मोहन नागर द्वारा राष्ट्र के संदर्भ में विस्तृत रूप से चर्चा कर बताया कि हमारे देश में विभिन्न संस्कृति धर्म परंपराओं की मान्यता हुई, विश्व गुरु के रूप में माना जाता है।

श्री नागर ने कहा कि युवा राष्ट्र निर्माण में सहभागिता करे। डॉ महेंद्र गिरी ने बताया कि एनएसएस दर्शन पर अपने विचार व्यक्त करते हुए बताया कि हम सभी को अपनी दिनचर्या में अनुशासन का समायोजन करते रहना चाहिए साथ ही अपनी कर्मभूमि जन्मभूमि के प्रति सहज रहना चाहिए। प्राचार्य डॉ राकेश तिवारी ने शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी छात्रों को बताइए गई। आज पत्रिका समाचार पत्र द्वारा चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें प्रथम स्थान दीक्षा देशमुख द्वितीय स्थान रूपाली बोखड़े के प्रति स्थान शारदा प्रजापति को स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम का संचालन गायत्री मालवीय लक्षिता सातपुते द्वारा किया गया। आभार व्यक्त कार्यक्रम अधिकारी सुश्री नीलिमा पीटर द्वारा किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित समस्त अतिथियों को राष्ट्रीय सेवा योजना महिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। परियोजना कार्य में गांव में साफ सफाई स्वच्छता के बारे में गांव के नागरिकों को जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर ललिता पांडे, रोशनी उगड़े,सलोनी मालवीय, श्रेजल सिसोदिया, आंचल महोबे, लक्ष्मी बारमसे, पुष्पांजलि कसारे,दामिनी मानकर,प्रो.संतोष पवार प्रवीण परिहार ललित तायवाडे सराहनीय सहयोग रहा।

## *प्रथम पेज का शेष भाग...* जिले की प्रथम बेटी दीपाली पांडे भोपाल में हुई सम्मानित

महिला कार्य म अधिकारी सुश्री नीलिमा पीटर, प्रो.संतोष पवार, प्रो.राजाराम रावते, बीआर पवार रामनारायण शुक्ला, इबरार कुरेशी, प्रो.मनोज कुमार घोरसे, डॉ.महेंद्र गिरी, वरिष्ठ स्वयंसेवक प्रवीण परिहार, सोमचंद साहू, संजय उईके, रिया धिंडोडे, हिमांशु पाटिल, अक्षय योगेश्वर पहाड़े, कॉलेज स्टॉफ सहित इष्टमित्रों और परिजनों ने बधाई दी है। इन शिविरों में की भागीदारी दीपाली पांडे ने : दिपाली ने अंतरराष्ट्रीय स्तर शिविर पंजाब, राष्ट्रीय युवा उत्सव शिविर उत्तर प्रदेश (ग्रेटर नोएडा),राज्यस्तरीय शिविर ग्राम रहली सागर, दो जिला स्तरीय शिविर पावरझण्डा शाहपुर में शिविर नायक ओर दलनायक की भूमिका का निर्वहन किया, 4 संस्था स्तर इकाई शिविर, एक दिवसीय जिला स्तरीय शिविर में सक्रि य भागीदारी की। महाविद्यालय में 3 वर्षों तक दलनायक के रूप में कार्य किया है। दिपाली ने किए सराहनीय कार्य : वरिष्ठ स्वयंसेवक प्रवीण परिहार एवं सोमचंद साहू ने बताया कि एनएसएस के बैनर तले शिक्षा के साथ समाज सेवा जिनमें ग्राम में स्वच्छता, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, जन जागरूकता, बालिकाओं को स्कूल जाने के लिए प्रेरित करना, आंगनवाड़ी के सहयोग से पल्स पोलियो अभियान, निशुल्क स्वास्थ्य प्रशिक्षण, दवाइयां वितरण, शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देना, सोख्ता गड्डा का निर्माण, तालाब गहरीकरण, नालियों की साफ सफाई, पेयजल परियोजना, घर-घर शौचालय बनाने के लिए प्रेरित करना, एड्स, परिवार नियोजन, साक्षरता अभियान, रक्त दान शिविर, नेत्रदान का संकल्प, पौधारोपण, नि:शुल्क इलाज करवाना, नाटक रैली, प्याऊ, डिजिटल बैंकिंग जैसे अनेक समाजिक गतिविधियों जागरूकता कार्य में सक्रिय रही है।

# खेलकूद से शारीरिक दक्षता ही नहीं, बल्कि मानसिक दृढ़ता को मिलता है बलः डॉ.तिवारी

## जिला स्तरीय महाविद्यालयीन शिक्षक एवं कर्मचारी खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित, विजेता और उप विजेताओं को ट्रॉफी देकर किया सम्मानित



**जेएच ई न्यूज, बैतूल।** मध्य प्रदेश शासन एवं उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार शासकीय महाविद्यालय घोड़ाडोंगरी के तत्वावधान में मंगलवार को जिला स्तरीय शिक्षक, कर्मचारी खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की गई।आयोजन कर्ता महाविद्यालय संसाधन एवं सुविधाओं को देखते हुए जिला मुख्यालय के विभिन्न स्थलों पर भी यह प्रतियोगिता कराई गई।

स्पर्धा में शामिल विजेता और उप विजेता प्रतिभागियों को अतिथियों ने ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। सर्वप्रथम शासकीय कन्या महाविद्यालय बैतूल में टेबल टेनिस प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में जयवंती हॉक्सर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय एवं कन्या महाविद्यालय बैतूल की पूर्व प्राचार्य डॉ. उषा द्विवेदी एवं वर्तमान प्राचार्य डॉ. विद्या चौधरी, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. आशीष गुप्ता शामिल हुए। इस प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में विजेता डॉ. मनोज सिंह राणा क्रीड़ा अधिकारी शासकीय महाविद्यालय आमला तथा उपविजेता शैलेन्द्र बारंगे क्रीड़ा अधिकारी शासकीय महाविद्यालय भैंसदेही रहे। जबकि महिला वर्ग में डॉ.अकोइजम रेशमी देवी क्रीड़ा अधिकारी शासकीय कन्या कॉलेज बैतूल विजेता एवं डॉ. यास्मीन ज़िया ग्रंथपाल शासकीय कॉलेज घोड़ाडोंगरी उपविजेता रहीं।



**नगरपालिका के बैडमिंटन हॉल में हुई प्रतियोगिताः** इसी क्रम में द्वितीय प्रतियोगिता बैटमिंटन का आयोजन नगर पालिका के बैडमिंटन हॉल में किया गया जो मनु धुर्वे जिला खेल अधिकारी बैतूल के आतिथ्य में संपन्न हुआ, जिसमें विजेता पुरुष वर्ग डॉ. मनोज सिंह राणा क्रीड़ा अधिकारी शासकीय महाविद्यालय आमला एवं उपविजेता अमित ठाकुर जयवंती हॉक्सर महाविद्यालय बैतूल रहे तथा महिला वर्ग में विजेता डॉ. अकोइजम रेशमी देवी एवं उपविजेता डॉ. यास्मीन ज़िया रहीं। अगली विधा के रूप में शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन जिले के जयवंती हॉक्सर अग्रणी महाविद्यालय के शारीरिक शिक्षा एवं खेलकूद विभाग में संपन्न किया गया, जिसमें विजेता प्रो. कमल डुडवे सहायक प्राध्यापक शासकीय महाविद्यालय भैसदेही एवं उपविजेता डॉ. प्रकाश खातरकर सहायक प्राध्यापक शासकीय महाविद्यालय आठनेर रहे।

**स्वामी विवेकानंद सभागार में हुआ समारोहः** अंत में कॉलेज के स्वामी विवेकानंद सभागार में समापन समारोह हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिले के नोडल कालेज के प्राचार्य डॉ. आरके तिवारी ने की तथा मुख्य अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त प्राध्यापक डॉ. हेमंत कुमार वर्मा एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. एसडी डोंगरे जिला समन्वयक एनएसएस डॉ. बीआर खातरकर, डॉ. अल्का पाण्डेय एवं डॉ. आभा वर्मा उपस्थित रहीं। प्रतियोगिता मेंकॉलेज के प्राचार्य डॉ. राकेश तिवारी ने कहा कि खेलकूद शारीरिक दक्षता ही नहीं बल्कि मानसिक दृढ़ता भी प्रदान करते हैं। आगे जिले के समस्त क्रीड़ा अधिकारियों से यह आग्रह किया कि आप छात्र हित में उनके पुलिस भर्ती, सेना में भर्ती एवं अन्य गतिविधियों के लिए मोटिवेशन के रूप में खेल विधाओं का आयोजन करें। अग्रणी महाविद्यालय आपको संसाधन उपलब्ध कराएगा। हम छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए कटिबद्ध है। कार्य म में उपस्थित अतिथियों द्वारा विजेता एवं उप विजेता प्रतिभागियों को ट्राफी देकर सम्मानित किया गया।

**खेलकूद गतिविधियों के प्रति किया प्रेरितः** कार्य म में नोडल महाविद्यालय की ीड़ा अधिकारी नीलिमा पीटर ने छात्र-छात्राओं में खेलकूद गतिविधियों के प्रति रुचि पैदा करने पर बल दिया। आयोजक महाविद्यालय के ीड़ा अधिकारी डॉ. नंदकिशोर पवार ने उपस्थित अतिथियों को आज के दिन संपन्न समस्त खेलकूद गतिविधियों एवं संभाग तथा राज्य स्तर में होने वाले आयोजनों के संबंध में अवगत कराया। कार्य म का सफल संचालन महाविद्यालय के स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ एवं प्लेसमेंट सेल अधिकारी डॉ. साहेब राव झरबडे ने किया एवं आभार महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. देवी सिंह सिसोदिया ने किया। कार्य म में जिले के शासकीय महाविद्यालयों से समस्त प्रतिभागी, उपस्थित स्टाफ एवं आयोजक महाविद्यालय से डॉ. अजय कुमार चौबे डॉ. अनामिका वर्मा, रत्नेश जैन, रामभगत यादव की सक्रिय सहभागिता रही।

# भारत भारती आवासीय परिसर का किया शैक्षणिक भ्रमण

**जेएच ई न्यूज बैतूल।** जयवंती हॉक्सर शासकीय स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय बैतूल की एनएसएस की महिला इकाई की 50 छात्राओं को भारत भारती आवासीय परिसर जामठी में शैक्षणिक भ्रमण के दौरान भारत भारती के सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग के समिति सदस्य एवं जेएच कॉलेज जनभागीदारी समिति सदस्य मोहन नागर द्वारा जैविक खेती, वर्मी कंपोस्ट, नाडेप खाद, पत्तियों की खाद, किचन वेस्ट खाद, डेरी फार्म, नवग्रह वाटिका, वाटर हार्वेस्टिंग, तालाब, मेडिशनल गार्डन एवं अन्य सब्जियों की जैविक खेती के बारे में शैक्षणिक जानकारियां दी गई। प्राचार्य डॉ. राकेश कुमार तिवारी के संरक्षण में एनएसएस के जिला संगठक डॉ. डोंगरे के मार्गदर्शन में महिला इकाई की कार्यक्रम अधिकारी सुश्री नीलिमा पीटर के संयोजन में भारत भारती परिसर का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस दौरान मोहन नागर ने यह भी बताया कि भारत भारती में हाईब्रिड मुर्रा भैंस एवं गाय अच्छे किस्म की पाली गई है। जिससे दूध डेरी फार्म चलाया जा रहा है। भारत भारती में जैविक खेती, वर्मी कंपोस्ट खाद, नाडेप खाद



एवं अन्य खेती से संबंधित जानकारी केवल बैतूल जिले के नहीं बल्कि पूरे मध्यप्रदेश से किसान ट्रेनिंग के लिए आते हैं और उन्हें उन्नत खेती के लिए 7 दिवसीय प्रशिक्षण दिया जाता है।



एनएसएस की छात्राएं भारत भारती परिसर में मेडिशनल गार्डन एवं नवगृह वाटिका में विभिन्न प्रजातियों के औषधिय पौधों को देखकर खुश हुईं और उनसे बनाए गए प्रोडक्ट के बारे में जानकारी हासिल की। परिसर में जैविक खेती के द्वारा सब्जियां उगाई जाती हैं, जो आवासीय छात्रों को उपलब्ध करवाई जाती है। इसके बाद बाजार में भी भेजा जाता है। इस दौरान एनएसएस की स्वयंसेवका तनु महोबे, रोशनी सातपुते, प्रवीणा लोखंडे, नंदिनी सोनी, अरुणा धुर्वे, पूनम मालवीय, गायत्री मालवीय, प्रीति उईके, रोशनी उघड़े, भारती चढ़ोकार, दिपिका वागद्रे, साक्षी मन्नासे, शिवानी मोहबे, सीमा पाटिल, पायल हुरमोड़े, कीर्ति झरबड़े, कविता बाड़बुदे, दीक्षा देशमुख, निधि सुजाने, साक्षी साहू, श्रेजल सिसोदिया, रानी खवसे, लक्षिता सातपुते, शारदा प्रजापति, वर्षा रावत, रोशनी बनकर, वैशाली यादव, अरिना पवार, रोनक बारमासे, दामिनी मानकर, गायत्री कड़ोपे, रोशनी बनाईत, दिपाली साहू, दिव्या चरपे, पूनम धुर्वे, संगीता टेकाम, प्रिया गोलारे, लक्ष्मी बारमासे, रितिका मालवीय, ललिता पांडे, तनिशा दौड़के, सलोनी मालवीय, आंचल मोहबे, रूपाली घोरसे, योगिता डहारे, माधुरी गोहे, रीना गोहू, सरला चौधरी, प्रणिता परिहार, वरिष्ठ स्वयं सेवक ललित तायवाड़े आदि उपस्थित थे।













# महिलाएं राष्ट्र के प्रति दायित्व निभाएं: डीएसपी पल्लवी गौर

**जेएच ई न्यूज, बैतूल।** जेएच कॉलेज बैतूल की राष्ट्रीय सेवा योजना महिला इकाई का बांसपानी में सात दिवसीय विशेष शिविर संपन्न हुआ। शिविर का समापन डीएसपी पल्लवी गौर के आतिथ्य में और जिला संगठक डॉ.सुखदेव डोंगरे, बीआर पंवार, अरूणा पीटर, ग्राम सरपंच दुर्गा जौंजारे, कार्यक्रम अधिकारी डॉ.जीपी साहू, राजाराम रावते, फरहाना शेख की विशेष उपस्थिति में हुआ। कार्यक्रम के प्रारंभ में कार्यक्रम अधिकारी निलिमा पीटर ने शिविर के प्रतिवेदन का वाचन किया। पल्लवी गौर ने कहा कि शिविर के अनुशासन को देख कर उन्हें पुलिए ऐकेडमी की याद आ गई। उन्होने कहा कि महिलाएं आज हर



क्षेत्र में आगे आ रही हैं और एनएसएस में सीखा गया अनुशासन, सेवा कार्य और राष्ट्र के प्रति दायित्व आपका और राष्ट्र का भविष्य उज्जवल बनाएगा। डॉ.सुखदेव डोंगरे ने कहा कि इस शिविर में आपने जो भी सीखा है उसे हमेशा याद रखें और समाज के उत्थान के लिए कार्य करें। वरिष्ठ स्वयंसेवक रामनारायण शुक्ला, दिपाली पांडे, सोमचंद साहू, प्रवीण परिहार, निलेश चढ़ोकार, ललित तायवाड़े, सतीश सलामें, संजय उइके ने भी अपने अनुभव साझा किए। शिविर को सफल बनाने में स्वयंसेवकदलनायक पूनम मालवीय, उपदलनायक तनु मोहबे, कोयल देशमुख, मिनाक्षी राजरकर, दामिनी मानकर, भारती चढ़ोकार, गायत्री मालवीय, प्रवीणा लोखंडे, आरीना पंवार, रितिका मालवीय, दिव्या चरपे, किर्ती झरबड़े, साक्षी मन्नासे, तनीषा धोटे आदि का सराहनीय योगदान रहा।

## जेएच कॉलेज बैतूल में वैक्सीन शिविर, युवाओं में अपार उत्साह

## सिर्फ टीका ही एकमात्र उपाय: डॉ.सुखदेव डोंगरे

**जेएच ई न्यूज, बैतूल।** अब 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों में टीका लगना शुरू हो गया है। इसी तारतम्य में जेएच कॉलेज में मप्र शासन, स्वास्थ्य विभाग एवं उच्च शिक्षा विभाग भोपाल के आदेश के परिपालन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वस्थ्य अधिकारी डॉ.तिवारी, व्यवस्थापक योगेन्द्र दवंडे, प्राचार्या डॉ.विजेता चौबे के संरक्षण में रासेयो के जिला संगठक एवं नोडल अधिकारी डॉ.सुखदेव डोंगरे के संयोजन में प्रो.अशोक दाबड़े, डॉ.बीडी नागले, प्रो.बीआर खातरकर की उपस्थिति में जिला चिकित्सालय कोविड 19 टीकाकरण की टीम नर्स माधुरी धोटे, रश्मि मोगरे, एएनएम हिमा सोलंकी, अर्चना पाटिल, सीमा गुलबाके, गीता धोटे, एमपीडब्ल्यू मनोहर लाल कुमरे, रवि पंवार के द्वारा छात्र-छात्राओं को वैक्सीन के टीके लागए गए। प्राचार्या डॉ.विजेता चौबे ने पूरी टीकाकरण टीम का पुष्पगुच्छ देकर अभिनंदन किया और छात्र-छात्राओं से वैक्सीन लगवाने का आव्हान किया।



डॉ.सुखदेव डोंगरे ने कहा कि टीकाकरण करके ही हम कोरोना वायरस संक्रमण से बच सकते हैं। टीकाकरण महाअभियान को सफल बनाने में डॉ.अनिता सोनी, प्रो.संतोष पंवार, प्रो.राजकुमार चौकीकर, अमित आर्य, मुकेश करोले, संदीप कनाठे, एनएसएस स्वयंसेवक संजय उइके, योगेश्वर पहाड़े, नवीन नागले, अमित मालवी, हिमांशु पाटिल, बालकिशोर अमरूते, कन्हैया अमरूते, रानी खवसे, कविता वाड़बुदे, लक्षिता सातपुते आदि का सक्रिय सहयोग रहा।

## उठो जागो और तब तक मत रूको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए: मीना डोनीवाल

### जेएच कॉलेज में 16 जनवरी तक मनाया जा रहा है नेशनल यूथ फेस्टिवल

**जेएच ई न्यूज, बैतूल।** जेएच कॉलेज बैतूल में 5-एमपी बालिका बटालियन एनसीसी होशंगाबाद के कमांडिग ऑफिसर कर्नल एचएसके शर्मा के निर्देशानुसार नेशनल यूथ फेस्टिवल 12 जनवरी से 16 जनवरी 2022 के अंतर्गत स्वामी विवेकानंद के जीवन दर्शन एवं कृतित्व पर प्राचार्य डॉ. विजेता चौबे के संरक्षण में प्रमुख वक्ता डॉ. मीना डोनिवाल एवं जिला संगठक डॉ. सुखदेव डोंगरे की उपस्थिति में एनसीसी प्रभारी लेफ्टिनेंट डॉ. कमलेश अहिवार के संयोजन में वाद-विवाद प्रतियोगिता एवं स्वामी विवेकानंद के प्रसिद्ध स्लोगन वाक्यों पर एनसीसी कैडेट्स द्वारा प्रस्तुतिकरण दिया गया। डॉ. मीना डोनीवाल ने कहा कि स्वामी विवेकानंद के अनुसार उठो जागो और तब तक मत रूको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए। डॉ. सुखदेव डोंगरे ने बताया कि चिंतन करो, चिंता नहीं, नए विचारों को जन्म दो। डॉ. कमलेश अहिवार ने कहा कि स्वामी जी इस दुनिया के संघर्ष



जितना कठिन होगा सफलता उतनी ही महान होगी। एनसीसी कैडेट्स साक्षी विश्वकर्मा उरोज फातिमा, वंदना, शरबती ईवने, लक्षिता सातपुते, कावेरी साहू, नेहा पवार आदि ने स्वामी विवेकानंद के प्रसिद्ध प्रेरक वाक्यों एवं वाद विवाद में सहभागिता की। मंच का संचालन अंडर ऑफिसर कुंती कहार एवं सीनियर अंडर ऑफिसरसोनिका नहारे ने एवं आभार प्रदर्शन अंडर ऑफिसर काजल पान्से एवं ईशा बारस्कर द्वारा किया गया। कार्यक्रम में लगभग 72 कैडेट्स उपस्थित थीं।

# सेवानिवृत्तमान को विदाई, नवांगतुक का किया अभिनंदन

**जेएच ई न्यूज, बैतूल।** जो वर्तमान में मौजूद है आने वाले कल में वह भूतकाल हो जाएगा और जो भविष्य है वह आने समय का वर्तमान है। यह समय का पहिया है जो रूकता नहीं है। जेएच कॉलेज में सेवानिवृत को विदाई देते हुए नवांगतुक प्राध्यापकों का अभिनंदन किया गया। लॉकडाउन के कारण सेवानिवृत्त डॉ.रमाकांत जोशी, डॉ.एचके वर्मा, डॉ.पुष्पारानी आर्य को विदाई समारोह आयोजित नहीं हो पाया था जिसे सोमवार को आयोजित कर उन्हें विदाई दी गई ओर 23 नवांगतुक सहायक प्राध्यापकों का अभिनंदन शाल एवं श्रीफल भेंट कर किया। इस मौके पर डॉ.विजेता चौबे ने कहा कि डॉ.रमाकांत जोशी प्राध्यापक संघ के जिला अध्यक्ष रहते हुए प्रध्यापकों के हित में प्रभावी आंदोलन करते हुए संघर्षशील रहे। उन्होने परीक्षाओं में प्राध्यापकों का पारिश्रमिक बढ़वाया एवं पीएचडी में 15 शोधार्थियों को मार्गदर्शन दिया। डॉ.राकेश तिवारी



ने कहा कि डॉ.हेमंत वर्मा धीर-गंभीर, कर्मठ, विषय की गहरी पकड़ रखने के साथ महाविद्यालय कैंपस में पौधारोपण में सक्रिय योगदान रहा। डॉ.अनिता सोनी ने डॉ.पुष्पारानी आर्य को एनसीसी की उत्कृष्ट अधिकारी, आयरन लेडी बताया। उन्होने कहा कि डॉ.आर्य से नकलची छात्र-छात्राएं भयभीत रहते थे। कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ.अलका पांडे ने व आभार डॉ.अर्चना मेहता ने व्यक्त किया। शासकीय महाविद्यालय प्राध्यापक संघ की ओर से प्राचार्य डॉ.विजेता चौबे ने डॉ.सलील दुबे, डॉ.सुखदेव डोंगरे, प्रो.अशोक दभाड़े, डॉ.बीआर खातरकर, डॉ.बीडी खातरकर, डॉ.बीडी नागले, प्रो.हेमंत देशपांडे, एलपी साहू की उपस्थिति में नवांगतुक सहायक प्राध्यापक प्रो.मनोज घोरसे, प्रो.युगलकिशोर सरले, डॉ.मनोहर गावंडे, प्रो.संजय कुमार विश्वकर्मा, डॉ.प्रतिभा चौरे, प्रो.शिवप्रकाश पंवार, डॉ.अर्चना दुबे, प्रो.सुनिता गढ़ेकर, डॉ.चन्द्रशेखर मेश्राम, डॉ.मनोज उघड़े, डॉ.ऋतु साहू, डॉ.सोनाली साहू, डॉ.शीतल खरे, प्रो.माधरी धोटे, प्रो.प्रियंका लिखितकर, प्रो.नीरज धाकड़, डॉ.रंजीता, प्रो.राजेश अतुलकर, प्रो.मनेश मानेकर, डॉ.रामकुमार गौतम, प्रो.ऋषिकांत पंथी, डॉ.मौसमी राय, प्रो.कृष्णा राठौर, प्रो.वीणा डेहरिया आदि को उपहार से सम्मानित किया। कार्यक्रम में कॉलेज का समस्त स्टॉफ मौजूद था।

# 'जागरूकता अभियान से लाखों लोग कैंसर से बचाए जा सकते हैं'

**जेएच ई न्यू, बैतूल।** जेएच कॉलेज बैतूल में मप्र शासन उच्च शिक्षा विभाग के आदेश के परिपालन में प्राचार्य डॉ. विजेता चौबे के संरक्षण में विषय विशेषज्ञ प्रमुख वक्ता पुलिस विभाग के मेडिकल ऑफिसर डॉ. पंजाबराव सोनारे, जिला संगठक डॉ. सुखदेव डोंगरे, गणतंत्र दिवस परेड नई दिल्ली में सहभागिता करने वाले संजय उईके की उपस्थिति में विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर निबंध, पोस्टर मेकिंग एवं भाषण प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। कैंसर जागरूकता अभियान के अन्तर्गत निबंध प्रतियोगिता में प्रथम सुरूचि काले, द्वितीय विपस्यना सदाने, तृतीय भूषण भावसार, सांत्वना लक्षिता सातपुते, माधुरी आर्य रही। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम मुस्कान पाल, द्वितीय निधि सुजाने, तृतीय शिवानी मोहबे, सरला चौधरी रहीं। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम माधुरी आर्य, द्वितीय भूषण भावसार, तृतीय कोमल करोले, करण चढ़ोकार रहे।



विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर डॉ. पंजाब राव सोनारे ने कहा कैंसर तम्बाकू, बीड़ी, सिगरेट, फसलों में इन्सेक्टीसाईड पेस्टीसाइड के उपयोग के कारण होते हैं। इनके उपयोग से बचना चाहिए। डॉ. सुखदेव डोंगरे ने कहा कि कैंसर गंभीर एवं जानलेवा बीमारी है। भारत में वर्तमान में तीस लाख लोग कैंसर से पीड़ित हैं, प्रतिवर्ष सात लाख लोग कैंसर के कारण मौत के मुंह में समा जाते हैं। छात्रा माधुरी आर्य ने कहा कैंसर जागरूकता अभियान के अंतर्गत लाखों लोगों को बचाया जा सकता है। कार्यक्रम का संचालन दलनायक योगेश्वर पहाड़े, बालकिशोर अमरूते तथा आभार प्रदर्शन कोमल देशमुख ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कन्हैया अमरूते, नवीन नागले, हिमांशु पाटिल, रानी खवसे, गजानंद अमरूते, कविता बाड़बुदे, सुशील राज नागले, रजत लबाड़े, निकिता पंवार, प्रमिला परिहार आदि का योगदान रहा।

### प्राचार्य ने हरी झंडी दिखाकर दल को किया विदा

## एनएसएस का 7 दिवसीय विशेष शिविर प्रारंभ




**जेएच ई न्यूज, बैतूल।** राष्ट्रीय सेवा योजना जेएच कॉलेज बैतूल की पुरुष इकाई का स्वास्थ्य जन स्वच्छता एवं व्यक्तिगत स्वास्थ्य की थीम को लेकर महाविद्यालय स्तर सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन ग्राम अनकवाड़ी के माध्यमिक शाला परिसर में किया जा रहा है। प्राचार्य डॉ राकेश तिवारी ने विद्यार्थियों को बताया कि शिविर में जा रहे विद्यार्थी मप्र शासन उच्च शिक्षा विभाग की थीम जन स्वास्थ एवं व्यक्तिगत साफ-सफाई को लेकर ग्राम अनकावाडी में लोगों को जागरूक करेंगे आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत गांव में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से रैली के माध्यम से दीवारों पर स्लोगन लेखन के माध्यम से गांव के लोगों को जागरूक करेंगे। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ.विजेता चौबे, डॉ.सलील दुबे, जिला संगठक डॉ.सुखदेव डोंगरे, प्राध्यापक डॉ.शिवदयाल साहू प्रो. राजेश शेषकर, प्रो.राहुल सिंह ठाकुर, प्रो.मनोज घोरसे, प्रो.संतोष पवार, प्रो.शिव प्रकाश पवार, प्रो.नीरज धाकड़ महिला इकाई की कार्यक्रम अधिकारी सुश्री नीलिमा पीटर, पूर्व दल नायक योगेश्वर पहाड़े ने दल को रवाना किया। डॉ.जीपी साहू के मार्ग दर्शन में शिविर संचालित किया जाएगा। सतीश वाडिवा, एवं गुलाब कनाटे शिविर में सहयोग करेंगे शिविर में दल नायक नवीन नागले उपदलनायक अमित मालवीय रहेंगे। इस अवसर पर कन्हैया अमरुते, अक्षय मालवीय, अभिषेक पवार, कंचन बजोड़ें, नितेश अमरुते, विपुल मायवाड, मुनेश्वर भारती, सुमित पोटे, सिद्धार्थ यादव, लक्ष्मण यादव आदि स्वयंसेवक उपस्थित थे।

## जूडो में दिखाया दम राज्य स्तर पर हुआ चयन

**जेएच ई न्यूज, बैतूल।** सुविधाओं के अभाव के बावजूद जिले के कॉलेजों के छात्रों ने संभाग स्तरीय महिला-पुरुष जूडो स्पर्धा में बेहतर प्रदर्शन करके राज्य स्तरीय स्पर्धा में अपनी जगह बनाई है। जेएच कॉलेज के दो छात्रों अभिषेक चोपड़े, सितारा धुर्वे, गर्ल्स कॉलेज से प्रियंका और आठनेर शासकीय महाविद्यालय से नितेश सरियाम का चयन हुआ है। राज्य स्तरीय स्पर्धा 4 और 5 फरवरी को उज्जैन में होगी। जेएच कॉलेज शुक्रवार संभाग स्तरीय महिला-पुरुष जूडो प्रतियोगिता हुई।

### पुरुषों में सिवनी और महिला में छिंदवाड़ा अव्वल

जेएच कॉलेज जिला क्रीड़ा अधिकारी नीलिमा पीटर ने बताया जूडो प्रतियोगिता में पुरुषों में सिवनी जिले और महिला वर्ग में छिंदवाड़ा जिले की टीम विजेता रही। 48 किग्रा वर्ग में प्रियंका बैतूल प्रथम, प्रज्ञा सिवनी द्वितीय रही, 52 किग्रा में नीलम सिवनी प्रथम, अंजिता द्वितीय रही, 57 किग्रा वर्ग में सरला छिंदवाड़ा प्रथम, रिया सिवनी द्वितीय, 63 किग्रा वर्ग में पूनम वर्मा छिंदवाड़ा प्रथम, 70 किग्रा में निधी छिंदवाड़ा प्रथम, 78 किग्रा में साक्षी मालवीय प्रथम, पुरुषों में 60 किग्रा में श्रीदास परते सिवनी प्रथम, सागर खातरकर बैतूल द्वितीय, 66 किग्रा में नितेश कुमार, 73



किग्रा में वरुण सराठे सिवनी प्रथम, अंकित माकोड़े द्वितीय, 81 किग्रा वर्ग में संजय धुर्वे प्रथम, 100 किग्रा वर्ग में अभिषेक चौपड़े प्रथम रहे। स्पर्धा में चार जिले बालाघाट से सात छात्राओं, सिवनी से छह छात्रों, छिंदवाड़ा से सात और बैतूल से छह छात्रों ने भाग लिया था। स्पर्धा में बालाघाट के छात्रों कोई स्थान नहीं मिला।

### विजेता खिलाडियों को बांटे इनाम

संभाग स्तरीय जूडो प्रतियोगिता में मनोज कुमार अहिरवार क्रीड़ा अधिकारी भीमपुर, मनोज सिंह राणा आमला, जसवंत सिंह राजपूत सिवनी, अरविंद नामदेव सिवनी, रेशमी देवी बैतूल,श्वेता सक्सेना छिंदवाड़ा, महेन्द्र सोनकर, संतोष टेमरे बालाघाट उपस्थित रहे। जेएच कॉलेज प्राचार्य डॉ विजेता चौबे द्वारा विजेताओं को शील्ड और मेडल प्रदान कर सम्मानित किया।

# स्वच्छ भारत मिशन संत गाडगे ने प्रारंभ किया था: डॉ. सुखदेव डोंगरे

**जेएच ई न्यूज, भड़ूस।** मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग भोपाल के आदेश के परिपालन में वैष्णवी महाविद्यालय भड़ूस में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में संत गाडगे बाबा की जयंती के अवसर पर 'मजबूत लोकतंत्र में संविधान की भूमिका' विषय पर संगोष्ठी का आयोजन मुख्य अतिथि रासेयो के जिला संगठक डॉ. सुखदेव डोंगरे, प्राचार्य डॉ. रितू चौहान, प्रो. कल्पना लोखंडे, प्रो. पूजा गीद की उपस्थिति में संपन्न हुई। संगोष्ठी का संचालन प्रो. रवि कुमार गाडगे तथा आभार प्रकट प्रो. भारती ओमकार ने किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में संत गाडगे बाबा के छायाचित्र के सम्मुख द्वीप प्रज्जवलित कर पुष्पांजलि अर्पित की। जेएच कॉलेज के प्रोफेसर डॉ. सुखदेव डोंगरे ने कहा वर्तमान में भारत सरकार एवं राज्य सरकार स्वच्छ भारत मिशन पर



बहुत ज्यादा जोर दे रही है, जिसकी शुरूआत संत गाडगे बाबा ने कई सालों पहले प्रारंभ की थी। भारत में लोकतंत्र मजबूत करने के लिए संविधान जागरूकता अभियान चलाना आवश्यक है। प्रत्येक घर में संविधान की पुस्तक होना चाहिए। डॉ. रितु चौहान ने कहा महिलाओं को शिक्षा एवं समानता का अधिकार संविधान से मिला है। भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने भारत के संविधान का जनक डॉ. भीमराव अंबेडकर को बताया था। संगोष्ठी को सफल बनाने में छात्र-छात्रा अभिषेक चौहान, सुधांशु सिंह चौहान, दिलीप टिटवारे, राहुल पंवार, अलकेश प्रजापति, कुणाल मालवी, आकाश उइके, महक चंदेल, अंकित सोनी, तृप्ती पहाड़े, सुखवंती वरकड़े, माधुरी माकोड़े, मनीषा कवड़े, शिवानी चौहान का सक्रिय सहयोग रहा।

# राष्ट्रीय मतदाता जागरूकता प्रतियोगिताओं के लिए ऑनलाइन बैठक संपन्न

## प्रश्नोत्तरी, वीडियो निर्माण, स्लोगन लेखन , पोस्टर डिजाइनिंग, गीत प्रतियोगिता होंगी

**जेएच ई न्यूज, बैतूल।** जेएच कॉलेज बैतूल में भारत निवार्चन आयोग के निर्देशानुसार राष्ट्रीय मतदाता जागरूकता प्रतियोगिता के संबंध में ऑनलाइन बैठक जेएच कॉलेज की प्राचार्य डॉ. विजेता चौबे, जिला सहायक नोडल अधिकारी डॉ. सुखदेव डोंगरे, सारनी से प्राचार्य डॉ. प्रमीला वाधवा, घोड़ाडोंगरी से देवीसिंह सिसोदिया की उपस्थिति में प्रश्नोत्तरी, वीडियो निर्माण, स्लोगन लेखन, पोस्टर डिजाइनिंग, एवं गीत सहित 5 ऑनलाइन प्रतियोगिताओं के लिए बैतूल जिले के शासकीय, अशासकीय महाविद्यालय के प्राचार्यों एवं प्रभारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यशाला संपन्न हुई।

जिसमें डॉ. विजेता चौबे ने बताया 25 मार्च 2022 तक ऑनलाइन प्रतिभागियों को पंजीयन कराना अनिवार्य है। जिसका मूल्यांकन एवं पुरस्कार वितरण राज्य निर्वाचन आयोग भोपाल के द्वारा किया जाएगा। डॉ. सुखदेव डोंगरे ने बताया मेरा वोट




मेरा भविष्य है, ताकत एक वोट की थीम पर गीत प्रतियोगिता, वीडियो निर्माण प्रतियोगिता और पोस्टर डिजाइनिंग प्रतियोगिता को शौकिया, व्सावसायी, संस्थागत तीन श्रेणियों में वर्गीकृत किया है। राष्ट्रीय मतदाता जागरूकता प्रतियोगिता ऑनलाइन संपन्न होगी।

जिसके लिए निर्वाचन आयोग द्वारा नोडल कॉलेज को पीपीटी विस्तृत नियमों के साथ भेज दी गई है। सभी शासकीय, अशासकीय महाविद्यालय के प्राचार्य पीपीटी का अध्ययन कर विद्यार्थियों को प्रतियोगिता में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने के लिए प्रेरित करेंगे।

# गांव में चलाया सघन स्वच्छता अभियान

## राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर





**जेएच ई न्यूज, बैतूल।** जेएच कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना पुरुष इकाई का 7 से 13 मार्च तक सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम व अनकवाड़ी में आयोजित किया जा रहा है। शिविर के दूसरे दिन सभी स्वयंसेवकों ने ग्राम में स्वच्छता अभियान चलाया जिसमें ग्राम की मुख्य गलियों की साफ सफाई की और जगह जगह पर पन्नी एवं प्लास्टिक एकत्रित कर निदान किया।

इसके बाद बौद्धिक सत्र में डॉ.जीपी साहू सर ने शिविर का प्रतिवेदन पढ़ा और सभी शिविरार्थीयो को गांव में अधिक से अधिक जन जागरूकता करने के लिए प्रेरित किया। प्रधान पाठक किशोरीलाल नरवरे ने कहा कि आप सभी स्वयंसेवकों इस ग्राम के लिए बहुत अच्छा कार्य कर रहे हैं जिससे हमारे बच्चे भी सीखेंगे। सहायक शिक्षक नारायण सिंह नगदे ने यह युवाओं को प्रेरित करने के लिए गीत कि माध्यम से प्रेरित किया। प्रभारी पाठक कन्हैया लाल साहू, शिवकुमार तिवारी, शिक्षक राजेश सिनोदिया, कृष्णा अनघोरे, सहायक शिक्षक सन्तुन दास और ग्राम कोटवार सुखनंदन जावलकर, ग्राम पटेल सुभाष यादव उपस्थित थे।

दलनायक नवीन नागले ने कार्यक्रम संचालन किया उपदलनायक अमित मालवी ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर स्वयंसेवक कन्हैया अमरुते, अभय वामनकर, अर्जुन धाडसे, सुशीलराज नागले दिव्यांश पल्लेवार, पवन प्रजापत, नितेश यादव, आशीष परते, रजत लबड़े, आयुष सिलधरे, जितेंद्र यादव, गुलशन वाघमारे, वंश पाटणकर, मुनेश्वर भारती, कंचन बीजोड़ें, विपुल मायाड, गजानन अमरुते आदि मौजूद थे।

# पौधारोपण महाअभियान में एक सैकड़ा पौधे लगाए




बैतूल। जेएच कॉलेज बैतूल में माननीय मुख्यमंत्री जी की मंशानुसार मध्यप्रदेश शासन के मुख्य सचिव एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बैतूल के आदेश के परिपालन में पौधारोपण महा अभियान के अंतर्गत प्राचार्य डॉ. राकेश कुमार तिवारी के संरक्षण में प्रभारी प्राचार्य डॉ. विजेता चौबे के मार्गदर्शन में रासेयो के जिला संगठक डॉ. सुखदेव डोंगरे, एनसीसी की लेफ्टिनेंट डॉ. कमलेश अहिरवार, नर्मदा महाविद्यालय होशंगाबाद की प्रो. आशा ठाकुर, डॉ. अल्का पांडे, डॉ. अनिता सोनी, डॉ. ज्योति शर्मा, डॉ. आभा वर्मा, डॉ. बीडी नागले, प्रो. प्रीति नावंगे, एनएसएस के दलनायक योगेश्वर पहाड़े की उपस्थिति में पौधरोपण किया। जेएच कॉलेज में एक सैकड़ा से ज्यादा पौधे लगाए गए। इस दौरान एनएसएस के स्वयं सेवक नवीन नागले, बालकिशोर अमरूते, दीपाली पांडे सहित 50 रासेयो के स्वयं सेवक उपस्थित हुए।

# आठनेर में जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता संपन्न

**जेएच ई न्यूज, आठनेर।** शासकीय महाविद्यालय आठनेर में जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता प्राचार्य डीएन खासदेव, पर्यवेक्षक डॉ. सुखदेव डोंगरे की उपस्थिति एवं वरिष्ठ क्रीड़ा अधिकारी एचएस जरिहा के संयोजन में संपन्न हुई। जिसमें जेएच कॉलेज बैतूल, शासकीय कन्या महाविद्यालय बैतूल, शासकीय कॉलेज मुलताई, शासकीय कॉलेज आठनेर एवं शासकीय महाविद्यालय भैंसदेही के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

शतरंज प्रतियोगिता महिला वर्ग में प्रथम स्थान पूजा मालवीय भैंसदेही,



द्वितीय अलिशा काजले जेएच कॉलेज, तृतीय आरती पंवार मुलताई, चतुर्थ श्वाति सिसोदिया, पंचम दिव्या नांदुरकर, छठवें स्थान पर मेधावी त्रिवेदी रहीं। वहीं पुरुष वर्ग में जेएच कॉलेज बैतूल के दक्ष रघुवंशी प्रथम, द्वितीय नितिन विश्वास, तृतीय रोहन यादव, चतुर्थ सौरभ पाण्डे, भैंसदेही के प्रफुल्ल पाल पांचवें, मुलताई के प्रदीप साहू छठवें स्थान पर रहे।

प्राचार्य डॉ. डीएन खासदेव ने शतरंज को शह-मात, बुद्धि-विवेक का खेल बताया। पर्यवेक्षक डॉ. सुखदेव डोंगरे ने कहा शतरंज से दिमाग की कसरत होती है। चयन समिति में प्रो. अशोक दभाड़े, अमित सोनी, अभिजीत सरसोदे, एचएस जरिहा उपस्थित रहे।

भैंसदेही क्रीड़ा अधिकारी शैलेंद्र

### शतरंज सह-मात, बुद्धि-विवेक का खेल हैः डॉ. खासदेव



बारंगे, कन्या महाविद्यालय बैतूल की क्रीड़ा अधिकारी रश्मि देवी उपस्थित रही। प्रतियोगिता को सफल बनाने में डॉ. सरोज पाटिल, डॉ. प्रकाश खातरकर, डॉ. पल्लवी दुबे, प्रो. विनोद चौरे, प्रो. भारिया, प्रो. राय, प्रो. गायकवाड़ का सक्रिय योगदान रहा। संभाग स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता जेएच कॉलेज बैतूल में 5 से 6 फरवरी को आयोजित होगी।

# किचन वेस्ट से गुणवत्तायुक्त खाद बनाई जा सकती है

## किचन वेस्ट को व्यर्थ ना समझे विषय पर जेएच कॉलेज में कार्यशाला संपन्न

**जेएच ई न्यूज, बैतूल।** जेएच कॉलेज बैतूल में मप्र शासन उच्च शिक्षा विभाग बैतूल के दिशा निर्देश के परिपालन में विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकों के अकादमिक उन्नयन के साथ शोध कार्य के प्रति रूचि बढ़ाने के लिए तथा समाज कल्याण की भावना से जमीन की उर्वरक क्षमता बढ़ाने के उद्देश्य से किचन वेस्ट कम्पोस्ट विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला प्राचार्य डॉ.राकेश तिवारी के संरक्षक में और डॉ.विजेता चौबे के मार्गदर्शन में महाविद्यालय के बायोटेक्नॉलाजी एवं जुलाजी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में शासकीय नर्मदा स्नातकोत्तर महाविद्यालय होशंगाबाद की ज्युलॉजी विभाग की विभागाध्यक्ष एवं विषय विशेषज्ञ प्रो.आशा ठाकुर, बायोटेक्नालॉजी के विभाग अध्यक्ष डॉ.सुखदेव डोंगरे, ज्युलॉजी विभाग अध्यक्ष डॉ.बीडी नागले की उपस्थिति में संपन्न हुई। कार्यशाला का संचालन डॉ.निहारिका भावसार ने एवं आभार प्रो.पीपी नावंगे ने व्यक्त किया। कार्यशाला में 152 विद्यार्थियों ने सहभागिता करते हुए लाभ लिया। प्रो.आशा ठाकुर ने किचन वेस्ट कम्पोस्ट की पूरी विधि को विस्तार से बताया एवं कहा कि किचन वेस्ट प्रत्येक घर में निकलता है। जिसका आसानी से खाद बनाया जा सकता है। डॉ.सुखदेव डोंगरे ने कहा कि किचन से सब्जियों एवं फलों का वेस्ट लगातार निकलता है जिसमें मिट्टी और थोड़ा पानी मिलाकर रखा जाए तो एक से डेढ माह में खाद बनाया जा सकता है। डॉ.बीडी नागले ने कहा कि किचन वेस्ट कम्पोस्ट बगीचे में बहुत उपयोगी हैं। डॉ.राकेश कुमार तिवारी ने कहा कि किचन वेस्ट से बना कम्पोस्ट एक प्रकार का बायोफर्टीलाईजर है। कार्यशाला को सफल बनाने में डॉ.कमलेश अहिरवार, डॉ.मनोहर गावंडे, प्रो.संजय विश्वकर्मा, प्रो.राजकुमार चौकीकर, डॉ.प्रतिभा चौरे, प्रो.किरण खातरकर का सराहनीय योगदान रहा।





# जल संरक्षण, पर्यावरण संवर्धन जैसे कार्यो के साथ एनएसएस का अभिमुखीकरण कार्यक्रम संपन्न

**जेएच ई न्यूज, बैतूल।** जेएच कॉलेज की रष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के नवीन स्वयंसेवकों का अभिमुखीकरण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम प्राचार्या डॉ.विजेता चौबे, जिला संगठक डॉ.सुखदेव डोगरे के संरक्षण में, कार्यक्रम अधिकारी डॉ.जीपी साहू, प्रो.राजेश शेषकर, वरिष्ठ स्वयंसेवक दीपाली पांडे, ललित तायवाड़े, संजय उइके की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस मौके पर डॉ.जीपी साहू ने कहा कि एनएसएस में स्वयं की जगह आप की भावना को महत्व दिया जाता है। एनएसएस समाजसेवा के माध्यम से व्यक्तित्व विकास का सशक्त माध्यम है। उन्होने नदिया ना पी एक भी अपना जल-पेड़ ना खाए अपने फल के माध्यम से विद्यार्थियों को प्रेरित किया। प्रो.राजेश शेषकर ने कहा कि एनएसएस के स्वयंसेवक जल संरक्षण, पर्यावरण संवर्धन जैसे महत्वपूर्ण कार्यों में अपनी सक्रीय भूमिका निभाकर लोगों को जागरूत करते हैं। ललित तायवाड़े ने एनएसएस का विद्यार्थियों को परिचय देते हुए कहा कि समाजसेवा को लेकर युवाओं को आगे आना चाहिए साथ ही उन्होने निर्वाचन साक्षरता क्लब की जानकारी दी। दीपाली पांडे ने स्वयंसेवकों को एनएसएस शिविर और पुरूस्कारों की जानकारी देते हुए कहा कि एनएसएस आज एक वैकल्पिक विषय के रूप में नई शिक्षा नीति में शामिल किया गया है।




संजय उइके ने स्वयंसेवकों को गणतंत्र दिवस परेड शिविर एवं उसकी चयन प्रक्रिया की और बाल संरक्षण क्लब की जानकारी दी। उन्होने कहा कि राजपथ पर चलते हुए देश के गौरव को सलामी देना गर्व का अनुभव होता है। एनएसएस विद्यार्थी में नेतृत्व कौशल विकसित करता है। कार्यक्रम का संचालन नवीन नागले ने एवं आभार दलनायक योगेश्वर पहाड़े ने व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में दुर्गाप्रसाद मोरले, हिमांशु पाटिल, अक्षय मालवी, बालकिशोर अमरूते, कन्हैया अमरूते, आकाश अजनेरे, अमित मालवी, जूबेर शेख, पूनम मालवी, मिनाक्षी राजुरकर, रानी खवसे, रागीनी पंवार, वर्षा रावत आदि स्वयंसेवकों का सराहनीय योगदान रहा।

# निहारिका, गौरव, नेहा, रेणु, अनुष्का का राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा में चयन



निहारिका गौहर | गौरव डोंगरे | रेणु ठाकुर | अनुष्का श्रीवास

**जेएच ई न्यूज, बैतूल।** जयवंती हॉक्सर शासकीय स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय बैतूल के राजनीति विज्ञान विभाग से उत्तीर्ण पांच विद्यार्थियों का नेट एवं जूनियर रिसर्च फेलोशिप में चयन हुआ हैं। निहारिका गौहर का जूनियर रिसर्च फेलोशिप एवं नेट में एवं गौरव डोंगरे, नेहा पाटनकर, रेणु ठाकुर, अनुष्का श्रीवास का नेट में चयन हुआ है। राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (नेट) में चयनित छात्र विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय में अध्यापन कार्य के लिए पात्र माने जाते हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राकेश कुमार तिवारी, विभागाध्यक्ष (राजनीति विज्ञान) डॉ. धर्मेंद्र कुमार चौबे, डॉ. विजेता चौबे, डॉ. अनिता सोनी, डॉ. सलिल दुबे, प्रो. अशोक दभाड़े, डॉ. मंजुला गिरवाल, डॉ. अल्का पांडे, डॉ. सुखदेव डोंगरे, प्रो. मुकुल चंदेल, प्रो. रामकुमार गौतम, प्रो. मनेश मानेकर, प्रो. महेश मानकर के द्वारा राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा में चयनित विद्यार्थियों को उनकी सफलता के लिए शुभकामनाएं एवं बधाईयां प्रेषित की गई है।

# राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जिले के खिलाड़ियों का चयन

## आज रीवा के लिए रवाना होंगी चयनित टीम

**जेएच ई न्यूज, बैतूल।** मध्यप्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के द्वारा तीन दिवसीय संभागीय शिक्षक, कर्मचारी खेलकूद प्रतियोगिता छिंदवाड़ा में आयोजित की गई। इस दौरान आयोजित बैडमिंटन, टीटी, शतरंज एवं लॉन टेनिस प्रतियोगिता में बालाघाट, सिवनी, बैतूल और छिंदवाड़ा के लगभग 50 अधिकारी-कर्मचारी महिला एवं पुरुष खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। टीम मैनेजर डॉ. नंदकिशोर पवार ने बताया कि उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर बैतूल जिले के खिलाड़ियों का चयन राज्य स्तर के लिए किया गया, जिनमें जिले से बैडमिंटन पुरुष वर्ग में डॉ. मनोज सिंह




राणा, कुमान सिंह सिरसाम, महिला वर्ग से डॉ. यासमीन जिया, शतरंज से डॉ. प्रकाश खातरकर, कमल डुडवे, टेबल टेनिस में मनोज अहिरवार एवं लॉन टेनिस में अमित सिंह ठाकुर शामिल है। सभी चयनित खिलाड़ी रीवा के शासकीय ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय के द्वारा 2 से 4 मार्च तक आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए छिंदवाड़ा परिक्षेत्र संभागी चयनित दल कल रीवा के लिए रवाना होगा।

# 'प्लांट टिशु कल्चर' विषय पर नेशनल सेमिनार संपन्न

**जेएच ई न्यूज, बैतूल।** यूजीसी नई दिल्ली की गाइड लाइन मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार समाज को लाभ देने के उद्देश्य से महाविद्यालय के प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों में शोध कार्य के प्रति रूचि बढ़ाने एवं अकादामिक उन्नयन के लिए जेएच कॉलेज बैतूल में प्राचार्य डॉ. राकेश कुमार तिवारी के मार्गदर्शन में शासकीय महाविद्यालय पांढुर्ना जुलॉजी विभाग की विभागाध्यक्ष एवं विषय विशेषज्ञ डॉ. हर्षलता सोनटके, नागपुर से श्री अशोक मुनगाटे, बॉयोटेक्नालॉजी के विभागाध्यक्ष डॉ. सुखदेव डोंगरे, बॉटनी की प्रो. अर्चना सोनारे, जुलॉजी के डॉ. कमलेश अहिरवार, प्रो संजय विश्वकर्मा, डॉ. प्रतिभा चौरे, डॉ. मनोहर गावंडे, प्रो. किरण खातरकर, एमएससी प्रथम सेमेटर एवं तृतीय सेमेस्टर






बॉयोटेक्नॉलाजी के128 विद्यार्थियों की उपस्थिति में 'प्लांट टिशु कल्चर' विषय पर नेशनल सेमिनार संपन्न हुआ।

सेमिनार का संचालन संचालन डॉ. निहारिका भावसार ने किया एवं आभार प्रगट राज कुमार चौकीकर ने किया। डॉ. हर्षलता सोनटके ने कहा प्लांट की दो सोमेटिक सेल्स से को फ्युज करके एक प्लांट बना सकते हैं। प्लांट टिशु कल्चर के लिए प्लांटा का कोई भी टुकड़ा एवं मीडिया का उपयोग किया जाता है। प्लांट टिशु कल्चर से शुद्ध एवं बिमारी रहित छोटे पौधे तैयार कर बेचने का बड़ा उद्योग चलता है। केले की खेती में इसका खूब उपयोग होता है। नागपुर के अशोक मुनगाटे ने कहा प्लांट टिशु कल्चर के माध्यम से हाईब्रिड प्लांट तैयार किए जाते हैं। डॉ. सुखदेव डोंगरे ने कहा प्लांट टिशु कल्चर की तरह एनिमल टिशु कल्चर, वेटनरी के अंतर्गत हाईब्रिड गाय एवं भैंस तैयार की जाती है। जिससे दुग्ध का उत्पादन बढ़ाया जाता है। 1839 में स्लेडन एवं श्वान ने प्लांट टिशु कल्चर के सिद्धांत को प्रतिपादित किया। डॉ. निहारिका भावसार ने प्लांट टिशु कल्चर की पूरी विधि के बारे में विस्तार से छात्रों को बताया। प्रो. प्रीति नावंगे ने प्लांट टिशु कल्चर हेनरी लुईस का जनक को बताया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रियांशु धाकड़, वैशाली देशखुम, अकलेश पवार, रूपाली सोनी, तानिया पाल, दिशा पवार, वैष्णवी राजपूत, करिश्मा इवने, कविता देशमुख, सुरभि दुबे, सुरभि पांडे का सराहनीय सहयोग रहा।

# बौद्धिक सत्र संपन्न : युवा पर्यावरण के प्रति अपनी भूमिका को समझें

**जेएच ई न्यूज, बैतूल।** जेएच कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना पुरुष इकाई का 7 से 13 मार्च तक सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम व अनकवाड़ी में आयोजित किया जा रहा है। शिविर के तीसरे दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम में गोंडी नृत्य, देश भक्ति गीत, भजन और स्वच्छता पर नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक किया । तीसरे दिन परियोजना कार्य में जल संरक्षण और स्वच्छता की थीम पर ग्राम में साफ सफाई कर पन्नी एकत्रित कर जगह जगह हेन्ड पंम्प के पास सोख्ता गड्ढों का निर्माण किया। इसके साथ ही लोगों को समझाईश दी गई की सडक़ो पर गंदा पानी न फैलाए।

बौद्धिक सत्र में जैविक खेती और पर्यावरण संरक्षण को लेकर रासेयो के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. जीपी साहू ने बताया की पर्यावरण और हम एक दूसरे से अभिन्न रूप से जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा देश हमें देता है सब कुछ हमें भी तो कुछ देना




चाहिए। मुख्य अतिथि ग्राम अनकवाड़ी के सहायक शिक्षक शन्तवन दास वाडिवा ने उनके जीवन के अनुभव को साझा करते हुए बच्चों को संघर्ष करने के लिए प्रेरित किया और पर्यावरण को लेकर साफ सफाई के विषय में जानकारी दी। मुख्य वक्ता युवा कृषक एवं समाजसेवक प्रदीप निर्मले ने पर्यावरण से संबंधित रासायनिक खेती की अपेक्षा जैविक खेती के लाभ के बारे में बताया और पर्यावरण संरक्षण को बनाए रखने के लिए पेड़ ना काटने का आग्रह किया साथ ही अधिक से अधिक पेड़ लगाने के लिए स्वयंसेवकों को जागरूक किया। बौद्धिक सत्र में स्वयंसेवकों में से विशेष अतिथि के रुप में दिव्यांश पल्हेहार और अध्यक्ष सुमित पोटे थे। समाजसेवक अंकुश बेले और पुर्व दलनायक योगेश्वर पहाड़े, गुलाबराव कनाटे, दलनायक नवीन नागले और उपदलनायक अमित मालवीय उपस्थित रहे बौद्धिक सत्र में मंच संचालन निखिल यादव ने किया तथा नितेश अमरुते ने आभार व्यक्त किया। आज के परियोजना कार्य को सफल बनाने में रासेयो के स्वयंसेवक कन्हैया अमरुते, अभय वामनकर अभिषेक पवार कंचन बिजोडे सिद्धार्थ यादव रजत लाबाड़े धर्मेंद्र पवार सुशील राज नागले प्रभात झरबड़े अर्जुन धाडसे, आयुष सिलधरी दुर्गेश साहू आदि का सराहनीय योगदान रहा।

# रंगारंग संस्कृतिक कार्यक्रम के साथ शिविर का हुआ समापन

## एनएसएस के विशेष शिविर में रामलीला मंचन में रावण वध के माध्यम से बताया कि अंहकार का अंत बुरा होता है

**जेएच ई न्यूज, बैतूल।** बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल परिक्षेत्र अंतर्गत जेएच कॉलेज बैतूल का राष्ट्रीय सेवा योजना पुरुष इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम अनकावाडी में संचालित शिविर का रंगारंग समापन हुआ। समारोह का समापन पूर्व जिला संगठक बैतूल डॉ.महेंद्र गिरी, जिला संगठक डॉ.सुखदेव डोंगरे, के आतिथ्य में और कार्यक्रम अधिकारी डॉ.जीपी साहू के मार्गदर्शन में हुआ। समापन के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए जिसमें रावण वध ने तालियां बटोरी। रावण वध के माध्यम से स्वयंसेवकों ने बताया की अहंकार और गलत नीति का अंत हमेशा बुरा ही होता है। इस मौके पर डॉ.महेन्द्र गिरी ने कहा कि आपने जो इन





सात दिनों में सेवा कार्य सीखा है उसे समाज को लौटाना है। जिला संगठक डॉ सुखदेव डोंगरे ने कहा कि यह विशेष शिविर कभी ना भूलने वाले अविस्मरणीय यादें देता है जो हमेशा सकारात्मक ऊर्जा देती हैं। समारोह में विशेष रूप से प्रो.राजेश शेषकर, प्रो.मनोज घोरसे, प्रो.राहुल सिंह ठाकुर, प्रो.संतोष पवार, सहायक अध्यापक नारायण सिंह नगदे, कन्हैयालाल साहू, ग्राम के सरपंच, वरिष्ठ स्वयंसेवक राम नारायण शुक्ला, प्रवीण परिहार, दीपाली पांडे, सतीश सलामे, ललित ताइवाड़े, रासेयो आरडीसी कैंम्पर संजय उईके, नेशनल कैंम्पर रिया घिडोडे, गुलाबराव कनाडे, सतीश वाडीवा, दलनायक नवीन नागले, उपदलनायक अमित मालवी उपस्थित थे। मंच संचालन निखिल यादव व भूषण भावसार ने व आभार डॉ.जीपी साहू ने व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अभिषेक पवार, अंशुल चौकीकर, अभय वामनकर, कन्हैया अमरुते, दीपांशु सोनी, सोहन कास्दे, मुनेश्वर भारती, नितेश अमरुते, कंचन भीजोड़ें, सिद्धार्थ यादव सूरज सिरोरिया, वंश पाटणकर, लक्ष्मण यादव, आयुष सिलधरे आदि का सराहनीय योगदान रहा।

# युवा राष्ट्र निर्माण में अपने सहभागी बनेः मोहन नागर

## राष्ट्रीय सेवा योजना महिला इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम बासपानी में संपन्न



**जेएच ई न्यूज, बैतूल।** बैतूल की राष्ट्रीय सेवा योजना महिला इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम बासपानी में बौद्धिक सत्र में शिविर के तीसरे दिन शिविर में उपस्थित हुए मोहन नागर, पूर्व राज्य संपर्क अधिकारी डॉ.महेंद्र गिरी,प्राचार्य डॉ.राकेश तिवारी जिला संगठक डॉ.सुखदेव डोंगरे, रूपेश ठाकरे उपस्थित थे। इस मौके पर भारत भारती महाविद्यालय के सचिव मोहन नागर द्वारा राष्ट्र के संदर्भ में विस्तृत रूप से चर्चा कर बताया कि हमारे देश में विभिन्न संस्कृति धर्म परंपराओं की मान्यता हुई, विश्व गुरु के रूप में माना जाता है।

श्री नागर ने कहा कि युवा राष्ट्र निर्माण में सहभागिता करे। डॉ महेंद्र गिरी ने बताया कि एनएसएस दर्शन पर अपने विचार व्यक्त करते हुए बताया कि हम सभी को अपनी दिनचर्या में अनुशासन का समायोजन करते रहना चाहिए साथ ही अपनी कर्मभूमि जन्मभूमि के प्रति सहज रहना चाहिए। प्राचार्य डॉ राकेश तिवारी ने शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी छात्रों को बताइए गईं। आज पत्रिका समाचार पत्र द्वारा चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें प्रथम स्थान दीक्षा देशमुख द्वितीय स्थान रूपाली बोखड़े के प्रति स्थान शारदा प्रजापति को स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम का संचालन गायत्री मालवीय लक्षिता सातपुते द्वारा किया गया। आभार व्यक्त कार्यक्रम अधिकारी सुश्री नीलिमा पीटर द्वारा किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित समस्त अतिथियों को राष्ट्रीय सेवा योजना महिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। परियोजना कार्य में गांव में साफ सफाई स्वच्छता के बारे में गांव के नागरिकों को जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर ललिता पांडे, रोशनी उगड़े,सलोनी मालवीय, श्रेजल सिसोदिया, आंचल महोबे, लक्ष्मी बारमसे, पुष्पांजलि कसारे,दामिनी मानकर,प्रो.संतोष पवार प्रवीण परिहार ललित तायवाडे सराहनीय सहयोग रहा।

# युवा पर्यावरण के प्रति अपनी भूमिका को समझें

**जेएच ई न्यूज, बैतूल।** जेएच कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना पुरुष इकाई का 7 से 13 मार्च तक सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम अनकावाड़ी में आयोजत किया जा रहा है। शिविर के तीसरे दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम में गोंडी नृत्य, देशभक्ति गीत, भजन और स्वच्छता पर नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। तीसरे दिन परियोजना कार्य में जल संरक्षण और स्वच्छता की थीम पर ग्राम में साफसफाई कर पन्नी एकत्रित कर जगह-जगह हैंडपंप के पास सोख्ता गड्ढों का निर्माण किया। इसके साथ ही लोगों को समझाईश दी गई कि सड़कों पर गंदा पानी न फैलाएं। बौद्धिक सत्र में जैविक खेती और पर्यावरण संरक्षण को लेकर रासेयो के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. जीपी साहू ने बताया कि पर्यावरण और हम एक दूसरे से अभिन्न रूप से जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा देश हमें देता है सब कुछ हमें भी तो कुछ देना चाहिए। मुख्य अतिथि ग्राम अनकावाड़ी के सहायक शिक्षक शन्तवन दास वाड़िवा ने उनके जीवन के अनुभव को साझा करते हुए बच्चों को संघर्ष करने के लिए प्रेरित किया और पर्यावरण को लेकर साफ सफाई के विषय में जानकारी दी। मुख्य वक्ता युवा कृषक एवं समाजसेवक प्रदीप निर्मले ने पर्यावरण से संबंधित रासायनिक खेती की अपेक्षा जैविक खेती के लाभ के बारे में बताया।

## बांसपानी में छात्राओं ने चलाया स्वच्छता अभियान

**जेएच ई न्यूज, बैतूल।** जेएच कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना महिला इकाई का बांसपानी में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविरि के चौथे दिन परियोजना कार्य में स्वयं सेवकों द्वारा ग्रामीणों को अपने घरों के अस-पास स्वच्छता रखने के लिए प्रेरित किया। दीवारों पर नारे लेखन, रैली के माध्यम से गांव के नागरिकों को शासनके अंतर्गत आने वाली विभिन्न योजनाओं की जानकारी। बौद्धिक सत्र में यूथ हॉस्टल के पूर्ण सचिव द्वारा देवमन गौरखेड़े द्वारा स्वयं सेवकों के व्यक्तित्व विकास के बारे में विस्तार से जानकारी बताई, यूथ हॉस्टल एसोसिएशन ऑफ इंडिया के बारे में भी विस्तार से किस प्रकार काम करते हैं वो भी जानकारी प्रदान की गई।

# शिविर के माध्यम से स्वयं सेवक सीख रहे अनुशासन एवं समय प्रबंधनः डोंगरे



**जेएच ई न्यूज, शाहपुर।** पद्मावती महाविद्यालय पूंजी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ग्राम कोल्हिया में महाविद्यालय के प्राचार्य विजय कुमार महतो के संरक्षण में आयोजित हो रहा है। शिविर में बौद्धिक सत्र के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. सुखदेव डोंगरे जिला संगठक राष्ट्रीय सेवा योजना जयंवती हॉक्सर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बैतूल, महेंद्र खोबरागड़े, विजय कुमार रावत, तोशी खोबरागड़े मुख्य रूप से उपस्थित हरे।

सर्वप्रथम मुख्य अतिथि के द्वारा शहीद दिवस के अवसर भगत सिंह, राजगुरू एवं सुखदेव के छायाचित्र पर माल्यार्पण किया गया एवं शहीद दिवस पर शासकीय माध्यम शाला कोल्हिया में वृक्षारोपण किया गया। डॉ. सुखदेव डोंगरे ने अपनी बौद्धिक चर्चा के दौरान स्वयं सेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि शिविरि के माध्यम से ही व्यक्ति जीवन में अनुशासन के गुण सीखता है। स्वयं सेवकों का सर्वांगीण विकास शिविर के माध्यम से ही हो सकता है। महेंद्र खोबरागड़े ने अपने बौद्धिक चर्चा में कहा कि शिविर के माध्यम से ही विद्यार्थी में समय प्रबंधन जैसे गुणों का विकास होता है। विजय कुमार रावत सर के द्वारा व्यक्तित्व विकास जैसे विषय पर बल दिया गया एवं तोशी खोबरीगड़े ने स्वयं सेवकों में अपने अधिकार एवं कर्तव्य का ज्ञान होता है। बौद्धिक चर्चा में समस्त रासेयो स्वयं सेवक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# व्यावसायिक पाठ्यक्रम अंतर्गत दस दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ

## जेएच कॉलेज में विद्यार्थियों को सायबर अपराधों से सजग रहने के लिए जागरूक किया गया



**जेएच ई न्यूज, बैतूल।** जेएच कॉलेज में मंगलवार को स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ द्वारा राष्ट्रीय नई शिक्षा नीति के अंतर्गत नव प्रवेशित विद्यार्थियों में स्वरोजगार एवं आत्मनिर्भरता जागृति हेतु व्यावसायिक पाठ्रक्रम के अंतर्गत दस दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों को जैविक खेती, औषधीय पौधे, किचन गार्डनिंग, नर्सरी एवं वर्मी कम्पोस्टिंग से स्वरोजगार में जुड़ने संबंधी प्रशिक्षण दिया जाएगा। शुभारंभ कार्यक्रम में जिला जनसंपर्क अधिकारी श्री सुरेन्द्र तिवारी, प्राचार्य डॉ. राकेश तिवारी, उप पुलिस अधीक्षक श्री विवेक गौतम विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला जनसंपर्क अधिकारी श्री तिवारी ने कहा कि विद्यार्थी इस प्रशिक्षण का पूर्ण लाभ लें तथा इसी के अनुरूप अपना कैरियर बनाएं। उन्होंने जिला स्तर पर ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम के आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त की। प्राचार्य श्री तिवारी ने इस दौरान अपने संबोधन में कहा कि विद्यार्थी इस प्रशिक्षण को गंभीरता से लें। यह उनके अगले भविष्य के लिए सहायक होगा। कृषि की पृष्ठभूमि से जुड़े विद्यार्थियों के लिए यह प्रशिक्षण स्वरोजगार के नए आयाम देगा।

कार्यक्रम में एएसपी सायबर क्राइम विवेक गौतम ने प्रशिक्षण की उपयोगिता को रेखांकित किया। इसके अलावा उन्होंने सायबर अपराधों के प्रति भी सजग रहने की विद्यार्थियों से अपील की। उन्होंने सायबर क्राइम से सतर्क रहने एवं ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर होने वाले गलतियों से बचने की सारगर्भित जानकारी दी। कार्यक्रम में सायबर सेल प्रभारी श्री राजेन्द्र राजवंशी ने महिलाओं हेतु सायबर अपराध से बचने के उपाय एवं सोशल मीडिया, मोबाइल, कंप्यूटर आदि पर अनजाने में होने वाले अपराध व ऑनलाइन ठगी से बचने के उपाय पर विस्तृत जानकारी दी। प्राध्यापक डॉ. मीना डोनीवाल ने वर्तमान परिदृश्य में स्वरोजगार हेतु प्रशिक्षण की आवश्यकता विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने बताया कि दस दिवसीय कार्यक्रम में विद्यार्थियों को जैविक खेती, औषधीय पौधे, किचन गार्डनिंग, नर्सरी एवं वर्मी कम्पोस्टिंग विषय पर रोजगारोन्मुख प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह प्रशिक्षण पूजा ऑर्गेनिक फॉर्मिंग एवं सर्विसेस बैतूल द्वारा दिया जाएगा। कार्यक्रम में वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. ज्योति शर्मा, डॉ. अनिता सोनी, डॉ. सुभाष खातरकर , स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के प्रभारी डॉ. उघड़े, प्रो. नीरज धाकड़, डॉ. मनोहर राव गावंडे, डॉ. प्रियंका लिखितकर सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन, आभार प्रदर्शन डॉ. अर्चना मिश्रा द्वारा किया गया।

# जेएच कॉलेज में रोज सुनी जाएंगी विद्यार्थियों की शिकायतें

## निराकरण का रास्ता : जिले के 12 सरकारी कॉलेज के रेगुलर और प्राइवेट छात्र कर सकेंगे उच्च शिक्षा संबंधी शिकायतें

**जेएच ई न्यूज, बैतूल।** सरकारी कॉलेज के विद्यार्थियों की समस्याओं के निराकरण के लिए अब हर दिन जेएच दो घंटे समस्याएं सुनी जाएंगी। इसमें न केवल विद्यार्थियों की समस्याओं का निराकरण किया जाएगा बल्कि उन्हें अन्य मार्गदर्शन भी दिया जाएगा।

इसमें न केवल जेएच कॉलेज बल्कि पूरे जिले के 12 सरकारी कॉलेजों के रेगुलर और प्राइवेट छात्र उच्च शिक्षा संबंधी शिकायतों का निराकरण करा सकेंगे। इसके लिए कॉलेज के एक कक्ष में हेल्प डेस्क शुरू की है।

### विद्यार्थियों को होगा लाभ

जिले में 12 सरकारी कॉलेज हैं। जेएच कॉलेज में 4 हजार से अधिक रेगुलर स्टूडेंट्स हैं। अन्य कॉलेजों में भी सैकड़ों विद्यार्थी हैं। इसके अलावा प्राइवेट विद्यर्थी भी हैं। इनकी समस्याओं को सुनने और उनके रिकरण के लिए अब तक कोई व्यवस्था नहीं थी। कई बार आक्रोशित छात्र आंदोलन भी कर देते थे। लेकिन अब यह व्यवस्था बन जाएगी और छात्रों को अपनी समस्याएं बताने के लिए माध्यम मिल जाएगा।

### हेल्प डेस्क दो घंटे शिकायतों का करेगी निराकरण

#### इनकी लगाई ड्यूटी

दो बजे से चार बजे तक समस्याएं सुनने के लिए प्राचार्य राकेश तिवारी ने प्रकोष्ठ बनाए हैं। इस प्रकोष्ठ में वाणिज्य, कला और विज्ञान के प्रोफेसरों को तैनात किया है। प्रो. चंदेल, प्रो. धाकड़, प्रो. घोरसे को तैनात किया है। साथ ही छात्रवृत्ति और परीक्षा सबंधी जानकारीक` लिए लिपिक रिंकू पाटिल को तैनात किया है।

#### कक्ष 105 में कर सकेंगे शिकायत

जेएच कॉलेज के कक्ष क्रमांक 105 में सभी विषयों के छात्रों की समस्याएं सुनने की व्यवस्था की है। इस कक्ष में दोपहर 2 बजे से शाम 4 बजे तक समस्याएं सुनीं जाएंगी। इस दौरान प्रत्येक विषय से संबंधित प्रोफेसर और क्लर्क यहां पर छात्र-छात्राओं की समस्याएं सुनेंगे। इन समस्याओं का मौके पर ही निराकरण करने का प्रयास किया जाएगा।

### प्रोफेसर सुनेंगे समस्याएं

जेएच कॉलेज के कमरा क्रमांक 105 में हेल्प डेस्क शुरू की है। हेल्प डेस्क में हर विषय के प्रोफेसरों की ड्यूटी समस्याएं सुनने और उनका निराकरण करने के लिए लगाई है। स्कॉलरशिप और परीक्षा फार्म संबंधी समस्याओं का निराकरण करने के लिए क्लर्क यहां तैनात किए हैं। रोजाना दोपहर 2 से 4 बजे तक छात्र- छात्राएं अपनी समस्याएं दर्ज करवा सकेंगे। उनकी समस्याओं का निराकरण किया जाएगा।

**-राकेश तिवारी,** प्राचार्य, जेएच कॉलेज

# एक दिवस नाट्य महोत्सव का आयोजन





**जेएच ई न्यूज, बैतूल।** विश्व रंगमंच दिवस के मौके पर नीरज रंगमंडल बैतूल के बैनर तले स्व.सुरेश जोसेफ एवं स्व नीरज पूरी की स्मृति में एक दिवस नाट्य महोत्सव का आयोजन सदर स्थित कस्तूरी बाग में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सतपुड़ा वैली पब्लिक स्कूल एवं डागा फाउंडेशन की डायरेक्ट दीपाली नीलय डागा, जेएच कॉलेज प्राचार्य डॉ राकेश तिवारी, प्रिंसिपल सतपुड़ा वैली वटी जमीर, बबलू दुबे, नागरिक बैंक अध्यक्ष अतीत पवार, प्रो डॉ.बीआर खातरकर प्रमुख रूप से मौजूद रहे। सर्व प्रथम अतिथियों ने माँ सरस्वती के छाया चित्र समक्ष द्वीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुवात की।

संस्था के संस्थापक नेता राम रावत ने बताया कि नाट्य महोत्सव में सर्वप्रथम छिंदवाड़ा नाट्यगंगा की प्रस्तुति हुई, जिसमें अलखनंदन द्वारा लिखित नाटक एवं सचिन वर्मा द्वारा निर्देशित जादू का शूट मंचन हुआ। दूसरी प्रस्तुति रंग अवध समिति कानपुर के कलाकार मनीष यादव की दमदार प्रस्तुति हुई और अंत मे नीरज रंगमंडल बैतूल के कलाकार द्वारा एवं फणीश्वरनाथ रेणु द्वारा लिखित नाटक पंचलेट संगीत सोनू रावत, अनहद संगीत संस्था एवं एकल नाटक मुसाफिर हु यारों पीयूष लोनारे द्वारा बखूबी सफल मंचन किया गया। कार्यक्रम का संचालन अमरदीप भालेकर ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में पंकज नागले, सुमित अहिरवार, सोनू कुशवाह, अमोल नागले, साहिल खान, रोहित कहार, पिंटू गाठे, जय खातरकर, दुर्गा प्रसाद मोरले, अक्षय, क्रिश, वैष्णवी जांगड़े, दीक्षा झोड़, प्रकाश परिहार, हर्ष, दीपेश झोड़, सुस्मिता वंजारे, मनीषा, मयूरी का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम के अंत में आभार संस्था के संस्थापक नेता राम रावत ने व्यक्त किया।

# पौधारोपण महा अभियान शुरू

**जेएच ई न्यूज, बैतूल।** जयवंती हॉक्सर शासकीय स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय बैतूल के कन्या छात्रावास परिसर में मध्यप्रदेश शासन के मुख्य सचिव एवं जिला पंचायत बैतूल के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के निर्देशों के परिपालन में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राकेश तिवारी के संरक्षण तथा डॉ. विजेता चौबे के मार्गदर्शन में मंगलवार 1 मार्च 2022 को महा शिवरात्रि पर्व के दिन लक्ष्मीतरू, पीपल, नीम, गुलर, जाम के कुल 5 पौधे राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला संगठक डॉ. सुखदेव डोंगरे, संजय उईके, बाल किशोर अमरूते, ज्योति भिलाला, रीना भिलाला, अजय धुर्वे, रितेश पवार के द्वारा पौधारोपण किया गया। तथा 'वायुदूत-अंकुर' ऐप से पौधारोपण करते हुए फोटो अपलोड किया गया। डॉ. सुखदेव डोंगरे ने बताया 1 से 5 मार्च तक महाविद्यालय के प्रत्येक शिक्षक और छात्र महाविद्यालय परिसर अथवा अपने घर, आंगन, खेत खलिहान में पौधारोपण कर 'वायुदूत-अंकुर' ऐप पर छायाचित्र अपलोड करेंगे अथवा पौधारोपण कर मिस कॉल सेवा नं. 0755-2706666 पर सूचना दे सकते हैं। श्री डोंगरे ने यह भी सलाह दी है कि पौधारोपण के पूर्व अपने स्मार्ट फोन पर 'वायुदूत-अंकुर' ऐप को जरूर डाउनलोड कर लें। ऐप से ही पौधारोपण के छायाचित्र लेकर अपलोड करें।



# सांस्कृतिक एवं नैतिक विकास का सशक्त माध्यम है राष्ट्रीय सेवा योजनाः डॉ. डोंगरे

**जेएच ई न्यूज, बैतूल।** शासकीय महाविद्यालय घोड़ाडोंगरी की राष्ट्रीय सेवा योजना पुरुष इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर सांसद गोद ग्राम कान्हावाड़ी में चल रहा है। बौद्धिक सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए डॉ. सुखदेव डोंगरे ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना वह सशक्त माध्यम है जिसके माध्यम से व्यक्ति सांस्कृतिक विकास ही नहीं करता बल्कि नैतिक विकास कर संपूर्ण व्यक्तित्व विकास कर समाज से कुछ न कुछ सीखता है, बल्कि समाज को भी कुछ न कुछ सिखा कर जाता है, इसलिए सांस्कृतिक नैतिक विकास का सशक्त माध्यम राष्ट्रीय सेवा योजना है। कार्यक्रम में विशिष्टि अतिथि के रूप में महेंद्र खोबरागड़े द्वारा स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा मन पर विजय प्राप्त किए बगैर दूसरी कोई विजय प्राप्त नहीं की जा सकती है।

अतः संपूर्ण सफलता का मूलमंत्र मन भावनाओं पर काबू करना है। उन्होंने मन एवं भावनाओं पर काबू करने के लिए सरल एवं वैदिक विधि का तरीका भी स्वयंसेवकों को बताया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. देवीसिंह सिसोदिया द्वारा जल संरक्षण के महत्व पर अपने विचारों को व्यक्त करते हुए आगामी होली के त्यौहारों में सुखी होली एवं प्राकृतिक रंगों का उपयोग कर पर गुलाल से होली खेलने का आव्हानकिया एवं सभी से केमिकल युक्त रंगों का उपयोग न करने की अपील की है। इससे पूर्व कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि डॉ. सुखदेव डोंगरे जिला संगठक राष्ट्रीय सेवा योजना बैतूल, विशिष्टि अतिथि महेंद्र खोबरागड़े, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. देवी सिंह सिसोदिया वं कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना प्रोफेसर हेमंत निरापुरे द्वारा मां सरस्वती एवं युगपुरुष स्वामी विवेकानंद के छाया चित्र पर पुष्प अर्पित कर की गई। इस अवसर पर महाविद्यालय से डॉ. यासमीन जिला महिला विंग अधिकारी, डॉ. साहबराव झरबड़े, प्रो. कौशल किशोर कुशवाहा, प्रो. राकेश सिसोदिया, डॉ. अनामिका वर्मा, डॉ. अजय चौबे, डॉ. दामोदर झारे, डॉ. देवकृष्ण मगरदे, प्रो. खेमराज महाजन, रामभगत यादव, प्राथमिक शाला कान्हावाड़ी का स्टाफ एवं स्वयंसेवक छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

कार्यक्रम का संचालन प्रो. भूपेंद्रपाटणकर के द्वारा एवं आभार प्रदर्शन कार्यक्रम अधिकारी प्रो. हेमंत निरापुरे द्वारा किया गया।

# जेएच कॉलेज में 'एजोला' पर नेशनल कान्फ्रेंस संपन्न

जेएच ई न्यूज, बैतूल। जेएच कॉलेज बैतूल में मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग भोपाल के एवं यूजीसी के निर्देशों के परिपालन में महाविद्यालय में स्ववित्तपोषी बॉयोटेक्नॉलाजी विभाग में प्राचार्य डॉ. राकेश कुमार तिवारी के संरक्षण में प्रभारी प्राचार्य डॉ. विजेता चौबे के मार्गदर्शन में एक दिवसीय नेशनल कान्फ्रेंस 'इंपोर्टेंश ऑफ एजोला' विषय पर संपन्न हुई। कान्फ्रेंस में महाविद्यालय के प्राचार्य के साथ शासकीय गृह विज्ञान महाविद्यालय होशंगाबाद के जुलॉजी के विभागाध्यक्ष एवं प्रमुख वक्ता डॉ. दीपक अहिरवार, वेटनरी फील्ड ऑफिसर शिवशंकर झाड़े, बॉयोटेक्नॉलाजी के विभागाध्यक्ष डॉ. सुखदेव डोंगरे, प्रो. अर्चना सोनारे, डॉ. कमलेश अहिरवार, डॉ. मनोहर गावंडे, प्रो. संजय विश्वकर्मा, डॉ. प्रतिभा चौरे, प्रो. प्रीति नावंगे की



उपस्थिति में डॉ. निहारीका भावसार ने मंच संचालन एवं प्रो. राज कुमार चौकीकर ने आभार प्रकट किया।डॉ. दीपक अहिरवार ने कहा गर्मी के दिनों में तालाबों का पानी हरा हो जाता है। इसका मुख्य कारण एजोला (पानी में पाया जाने वाला उर्वरक) का प्राकृतिक रूप से पनप जाना है। एजोला खेती की जमीन को बहुत ही उपजाऊ बनाता है, फसल को फायदा होता है। प्राचार्य डॉ. राकेश कुमार तिवारी ने कहा प्रत्येक महाविद्यालय में एजोला पर कार्यशाला आयोजित कर किसानों को एजोला के लाभ के बारे में बताया जाना चाहिए। वेटनरी फील्ड ऑफिसर शिवशंकर झाड़े ने कहा कि एजोला पशुओं के चारे के काम आता है जो काफी पौष्टिक होता है। डॉ. सुखदेव डोंगरे ने कहा एजोला एक तैरती हुई फर्न है जो शैवाल से मिलती-जुलती है। सामान्यत- एजोला धान के खेत या उथले पानी में उगाई जाती है। यह तेजी से बढ़ती है। एजोला एक जैव उर्वरक है। एक तरफ जहां इससे धान की उपज बढ़ती है वहीं ये कुक्कुट, मछली और पशुओं के चारे के काम आता है। बॉयोटेक्नॉलाजी विषय के एमएससी प्रथम सेमेस्टर एवं थर्ड सेमेस्टर के कुल 146 विद्यार्थी नेशनल कान्फ्रेंस में उपस्थित होकर एजोला के महत्व के बारे में लाभान्वित हुए।

## एससीसी एवं एनएसएस के कोरोना वालिंटियर्स सम्मानित



**जेएच ई न्यूज, बैतूल।** जेएच कॉलेज बैतूल में मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के आदेश के परिपालन में आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत महाविद्यालय में प्राचार्य द्वारा ध्वजारोहण के साथ ही गणतंत्र दिवस के उद्बोधन में सभी प्राध्यापक एवं विद्यार्थियों को शुभकामनाएं और बधाई दी।

सेवानिवृत्त प्राध्याक डॉ. एचके वर्मा, डॉ. एमके मेहता, प्रो अशोक कदवाने, डॉ. राकेश तिवारी की उपस्थिति में जिला संगठक डॉ. सुखदेव डोंगरे तथा क्रीड़ा अधिकारी सुश्री नीलिमा पीटर द्वारा कोरोना वालिंटियर्स बाल किशोर अमरूते, अक्षय मालवीय, नवीन नागले, कन्हैया अमरूते, संजय उईके, योगेश्वर पहाड़े, नंदिनी सोनी, विजया गायकवाड़, कविता बाड़बुदे, कोमल देशमुख, वर्षा सातपुते, लक्षिता सातपुते, मीनाक्षी राजुरकर, रोशनी बनकर, पूनम मालवी को सम्मानित किया गया। आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत आशीष कुमार यादव, राजेश यादव, अभिषेक यादव, प्रथम गीते, नंदू पण्डाग्रे, मोहित पाल, सुभम यादव, लवलेश सोलंकी, अजय यादव को प्रमाण पत्र और मोमेन्टो, गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया गया।

कोरोनाकाल में टीकाकरण अभियान में एनसीसी की लेफ्टिनेंट डॉ. कमलेश अहिरवार, डॉ. खुशाल देवघरे, रासेयो कार्यक्रम अधिकारी सुश्री नीलिमा पीटर, डॉ. गोपाल साहू, प्रो. मनोज घोरसे, डॉ. अल्का पाण्डे, डॉ. अनिला सोनी को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश रासेयो राज्य स्तरीय पुरस्कार प्राप्त प्रवीण परिहार, सोमचंद साहू, ललित तायवाड़े, सतीश सलामे, दीपाली पाण्डे को प्रशस्ति पत्र के साथ ट्रेकशूट प्रदान किए गए। कार्यक्रम में मास्क लगाकर, सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। इको क्लब की संयोजक डॉ. अल्का पाण्डे द्वारा प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। पुरस्कार वितरण में रिया घिडोडे, संजय उईके सहित अन्य विद्यार्थियों का सक्रिय सहयोग रहा।

## पौधारोपण महाअभियान में एक सैकड़ा पौधे लगाए




**जेएच ई न्यूज, बैतूल।** जेएच कॉलेज बैतूल में माननीय मुख्यमंत्री जी की मंशानुसार मध्यप्रदेश शासन के मुख्य सचिव एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बैतूल के आदेश के परिपालन में पौधारोपण महा अभियान के अंतर्गत प्राचार्य डॉ. राकेश कुमार तिवारी के संरक्षण में प्रभारी प्राचार्य डॉ. विजेता चौबे के मार्गदर्शन में रासेयो के जिला संगठक डॉ. सुखदेव डोंगरे, एनसीसी की लेफ्टिनेंट डॉ. कमलेश अहिरवार, नर्मदा महाविद्यालय होशंगाबाद की प्रो. आशा ठाकुर, डॉ. अल्का पांडे, डॉ. अनिता सोनी, डॉ. ज्योति शर्मा, डॉ. आभा वर्मा, डॉ. बीडी नागले, प्रो. प्रीति नावंगे, एनएसएस के दलनायक योगेश्वर पहाड़े की उपस्थिति में पौधरोपण किया गया। जेएच कॉलेज में एक सैकड़ा से ज्यादा पौधे लगाए गए। इस दौरान स्वयं सेवक नवीन नागले, बालकिशोर अमरूते, दीपाली पांडे सहित 50 रासेयो के स्वयं सेवक उपस्थित हुए।

## क्षय रोग लाइलाज नहीं है: पोस्टर और स्लोगन प्रतियोगिता संपन्न

**जेएच ई न्यूज, बैतूल।** जेएच कॉलेज बैतूल में राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा विश्व क्षय रोग दिवस मनाया गया जिसमें पोस्टर और स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम प्राचार्य डॉ.राकेश तिवारी के संरक्षण में और जिला संगठक डॉ.सुखदेव डोगरे, कार्यक्रम अधिकारी डॉ.जीपी साहू, महिला इकाई अधिकारी नीलिमा पीटर के मार्गदर्शन में विश्व क्षय रोग दिवस मनाया गया। इस अवसर पर पोस्टर मेकिंग एवं स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित की गई। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रुपाली बोडखे, द्वितीय दामिनी मानकर, तृतीय रवि घोरसे और स्लोगन प्रतियोगिता में प्रथम कविता वाढबुदे, द्वितीय कोमल देशमुख, तृतीय दुर्गा प्रसाद मोरले ने प्राप्त किया। डॉ.सुखदेव डोगरे ने कहा कि यह लाईलाज रोग नहीं है उचित उपचार से



इसे आसानी से ठीक किया जा सकता है। सुश्री नीलिमा पीटर ने कहा कि विश्व के 84 लाख टीबी के मामलों में भारत में 22 लाख मामले पाए गए हैं। कार्यक्रम में वरिष्ठ स्वयंसेवक दीपाली पांडे एवं ललित तायवाडे विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन नवीन नागले एवं आभार हिमांशु पाटिल ने व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संजय उइके, योगेश्वर पहाडे, अमित मालवी, दुर्गा प्रसाद मोरले, अक्षय मालवी, कन्हैया अमरूते, अभय वामनकर, अभिषेक पवार, दीपांशु सोनी, सिद्धार्थ यादव, निखिल यादव, तनु मोहबे, कोमल देशमुख, शारदा प्रजापति, भारती चढोकार, ललिता पाण्डे, वर्षा बामने, मनीषा बामने, प्रभात झरबडे, आंचल मोहबे, शिवानी मोहबे, धर्मेंद्र पवार, रुपाली बोडखे, रौनक बरमासे, दामिनी मानकर, स्नेहा उइके, रोशनी सातपुते, दीपिका पवार, हीरा नागले, माधुरी घोये, पायल गायकवाड़, निशा मंडल, सुष्मिता मंडल, लक्ष्मी बारमासे का सराहनीय योगदान रहा।

# राज्य स्तरीय चयन प्रक्रिया संपन्नः 5 छात्र और 3 छात्राएं सिलेक्ट

**जेएच ई न्यूज, बैतूल।** एनएसएस राज्य स्तरीय नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर के लिए चयन प्रक्रिया संपन्न बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल परिक्षेत्र अंतर्गत जिला बैतूल में शिवपुरी में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय सेवा योजना राज्य स्तरीय नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर 2022 के लिए जिला स्तर पर चयन प्रक्रिया जेएच कॉलेज में संपन्न हुई।




चयन प्रक्रिया में जिला संगठक डॉ सुखदेव डोंगरे, रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ.गोपाल प्रसाद साहू, प्रो.चोबे, प्रो.संतोष पवार की उपस्थिति में स्वयं सेवकों का इकाई में नियमित गतिविधियों में रासेयो ज्ञान, बौद्धिक कौशल, सांस्कृतिक विधाओं के आधार पर चयन किया गया। चयनित छात्रों में घोड़ाडोंगरी कालेज से हिमांशु इरपाचे, भैंसदेही कालेज से संदीप पांसे, आमला से आशीष रहड़वे, जेएच कॉलेज बैतूल बाल किशोर अमरूते, हिमांशु पाटिल, कन्या कॉलेज से पूजा ओझा, जेएच कालेज से कोमल देशमुख, मीनाक्षी राजोरकर का हुआ है। वहीं प्रतीक्षा सूची में वर्षा अमरूते आठनेर कालेज और अमित मालवी जेएच कालेज का और अमित मालवी जेएच कालेज का नाम शामिल है। इस दौरान राज्य स्तरीय पुरस्कार प्राप्त प्रवीण परिहार, सोमचंद साहू, दीपाली पांडे, सतीष सलामे, ललित तायवाड़े, संजय उइके, रिया घिडोड़े, नवीन नागले, योगेश्वर पहाड़े का चयन में सराहनीय योगदान रहा। डॉ.जीपी साहू ने बताया कि चयनित छात्रों का दल 6 मार्च को शिवपुरी के लिए रवाना होगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में अक्षय मालवीय, सिद्धार्थ यादव, लक्षिता सातपुते, कविता बाड़बुदे, दुर्गाप्रसाद मोरले, लक्ष्मण परते, रोशनी सातपुते, रानी खवसे, भूषण भावसार का योगदान रहा।

# वालीबॉल के फाइल मुकाबले में जेएच कॉलेज रहा विजेता, मिले पुरस्कार

**जेएच ई न्यूज, बैतूल।** उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार भीमराव अम्बेडकर महाविद्यालय आमला में 1 जनवरी 2022 को जिला स्तरीय वालीबॉल पुरुष प्रतियोगिता आयोजित हुई। प्रतियोगिता में जेएच कॉलेज बेतूल, सरकारी कॉलेज घोड़ाडोंगरी, कन्या कॉलेज बैतूल, शासकीय महाविद्यालय भैंसदेही, सारनी और आमला की टीमों ने भाग लिया। फाइनल मैच जेएच कॉलेज और शासकीय महाविद्यालय सारनी के बीच खेला गया। जिसमें विजेता जेएच कॉलेज बैतूल रहा।

जिले के चयनित उत्कृष्ट खिलाड़ी दिंदवाड़ा में आयोजित संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में सहभागिता करेंगे। प्राचार्य प्रमोद कुमार मिश्रा ने अपने उद्बोधन में कहा कि कोरोना काल के दो वर्ष पश्चात आयोजित इस प्रथम प्रतियोगिता का गर्म जोशी के साथ स्वागत किया। विभिन्न महाविद्यालय से आए टीम मैनेजर, रेफरी ने छात्रों का मनोबल बढ़ाया। इस अवसर पर वरिष्ठ प्राध्यापक एमएस चौहान, जीआर डोंगरे तथा महाविद्यालय का समस्त स्टॉफ उपस्थित रहा। प्रतियोगिता में कामेंट्री गणेश बारस्कार प्राथमिक विद्यालय समरत ढाना आमला द्वारा की गई। तारेन वर्मा, मनोज रहड़वे, संदीप देशमुख ने निर्णायक की भूमिका का निर्वहन किया तथा पर्यवेक्षक के रूप में पीटर मैडम उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन प्रो.जगदीश उइके एवं आभार व्यक्त क्रीड़ा अधिकारी मनोज सिंह राणा द्वारा किया गया।

### जेएच कॉलेज में आज लगेगी वैक्सीन

**बैतूल।** मप्र शासन स्वास्थ्य विभाग एवं उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशन के परिपालनम् जेएच कॉलेज में शनिवार कोरोना टीकाकरण केंद्र का शुभारंभ होगा। प्राचार्य डॉ. विजेता चौबे ने बताया कि इसके अलावा 10 जनवरी को भी टीकाकरण केंद्र संचालित होगा। एनएसएस जिला संगठक डॉ. सुखदेव डोंगरे ने बताया कि 15 से 18 वर्ष के आयु वर्ग को वैक्सीन लगाई जाएगी।

# संकल्प चौहान, सलोनी नागले जिला युवा संसद में प्रथम एवं द्वितीय रहे

**जेएच ई न्यूज, बैतूल।** जेएच कॉलेज बैतूल में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं नेहरू युवा केंद्र बैतूल के संयुक्त तत्वाधान में बैतूल, नरसिंहपुर, होशंगाबाद एवं हरदा जिल के जिला स्तरीय राष्ट्रीय युवा संसद का ऑनलाईन कार्यक्रम नेहरू युवा केंद्र हरदा द्वारा आयोजित किया गया। बैतूल जिले से जेएच कॉलेज बैतूल के संकल्प सिंह चौहान प्रथम, शासकीय कन्या महाविद्यालय बैतूल की सलोनी नागले द्वितीय स्थान पर रहीं।





नेहरू युवा केंद्र बैतूल के समन्वयक केके उरमालिया, धनंजय सिंह ठाकुर, राकेश मन्यासे एवं जेएच कॉलेज बैतूल के प्राचार्य डॉ. राकेश तिवारी, जिला संगठक रासेयो डॉ. सुखदेव डोंगरे, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. गोपाल साहू, सुश्री नीलिमा पीटर, दलनायक योगेश्वर पहाड़े, नवीन नागले, हिमांशु पाटिल, मीनाक्षी राजुरकर, रिया घिडोडे, बालकिशोर, संजय उईके द्वारा बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई।

# प्राचार्य व कॉलेज छात्राएं करेंगी 'केशदान'

बैतूल। अग्रसेन आईटीआई विनोबा नगर में आयोजित हेयर फॉर होप इंडिया कैंपेन को लेकर महिलाओं में उत्साह देखा जा रहा है। केश दान को लेकर पंजीयन कराने बालिकाओं व महिलाओं में उत्सा है। मंगलवार को जेएच कॉलेज की प्राचार्य डॉ. विजेता चौबे ने भी कैंसर जागरूकता कैंपेन के दौरान 12 इंच बाल कैंसर पीड़ितों के लिए दान करने की घोषणा की। प्राचार्य डॉ. चौबे ने कहा कि 112 इंच बाल यदि किसी के चेहरे पर खुशी लौटा सकते हैं और मायूसी दूर कर सकते हैं तो इससे बड़ा दान कोई नहीं हो सकता। हेयर फॉर होप इंडिया कैंपेन बैतूल में पहली बार आयोजित हो रहा है। यह देश का पहला समुहिक आयोजन है। जिसकी आधारशिला बैतूल में रखी जा रही है। रेडक्रॉस सोसायटी बैतूल, वूमन्स वर्ल्ड ब्युटी एक्सेस के सहयोग एवं बैतूल सांस्कृतिक सेवा समिति के संयोजन में होने वाले अनूठे हेयर फॉर होप इंडिया केंपेन कार्यक्रम एवं कैंसर के प्रति जागरूकता के लिए आज एक प्रतिनिधि मंडल जेएच कॉलेज पहुंचा। इस दौरान कार्यक्रम संयोजक गौरी बालापुरे पदम ने कैंपेन की जानकारी दी छात्राओं ने बताया उन्हें नहीं मालूम था कि हेयर भी डोनेट किए जा सकते हैं।

# कबड्डी मिट्टी से जुड़ा व ग्रामीण अंचल का लोकप्रिय खेलः दीपाली निलय डागा

## महिला वर्ग में खेल कबड्डी क्लब बैतूल विजेता, जेएच कॉलेज रहा उपविजेता

**जेएच ई न्यूज, बैतूल।** विधायक कप खेल प्रतियोगिता 2022 के अंतर्गत मध्यप्रदेश शासन खेल और युवा कल्याण विभाग के बैनर तले लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम में कबड्डी खेल प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रुप में डागा फाउंडेशन की डायरेक्टर दीपाली निलय डागा, सुनील हिरानी एवं विशेष अतिथि के रुप में मोहित गर्ग, खेल प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल गोठी, श्रीनिवास दवंडे, रमेश भाटिया, हेमंत चंद्र दुबे, उषभ गोठी, हेमा चौहान, लोकेश पगारिया, प्रशांत मरोठी, गौरी बालापुरे प्रमुख रूप से मौजूद रही।

आयोजन प्रभारी राधेलाल बनखेड़े ने बताया कि कबड्डी खेल प्रतियोगिता में विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 131 की लगभग 30 टीमों ने हिस्सा लिया। विधायक कप कबड्डी प्रतियोगिता में महिला वर्ग का फाइनल मैच जेएच कॉलेज बैतूल और केकेसी के मध्य खेला गया, वहीं पुरुष वर्ग में केकेसी बैतूल और एनवायसी बैतूल के मध्य खेला गया। उन्होंने बताया कि



महिला वर्ग में खेल कबड्डी क्लब बैतूल विजेता और जेएच कॉलेज बैतूल उपविजेता रही। इसी तरह पुरुष वर्ग में खेल कबड्डी क्लब बैतूल विजेता और एनवायसी बैतूल उपविजेता रही। इस प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में सीता तिवारी, धर्मेंद्र पवार, सुनील सूर्यवंशी, हेमराज महाले, गुड्डू काकोड़िया, जगदीश वागाद्रे, रवि इवने, शुभम यादव, पिंटू उईके, राम नारायण शुक्ला, महेंद्र सोनकर मौजूद थे। विजेताओं को किया पुरस्कृतः लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम में शनिवार को आयोजित कबड्डी खेल प्रतियोगिता में मौजूद अतिथियों ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। इस दौरान प्रतियोगिता में महिला और पुरुष वर्ग में प्रथम आने वाली टीम को नगद 5 हजार रुपए और मेडल, ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। इसी तरह द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली महिला और पुरुष वर्ग टीम को नगद 3 हजार रुपए, ट्रॉफी, मेडल देकर सम्मानित किया।

# बैतूल जिला बना शतरंज में चैंपियन



**जेएच ई न्यूज, बैतूल।** जेएच कॉलेज बैतूल में हुई दो दिवसीय संभागीय स्तरीय शतरंज (पुरुष/महिला) प्रतियोगिता में छिंदवाड़ा संभाग के अंतर्गत 4 जिलों से 40 खिलाडियों ने भाग लिया। कुल 5 राउंड चली इस प्रतियोगिता में बैतूल जिला दोनों वर्गों में (पुरुष एवं महिला) संभाग स्तरीय शतरंज प्रतियागिता में चैंपियन बना। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. विजेता चौबे, डॉ. अनिता सोनी, वरिष्ठ क्रीड़ा अधिकारी एचएस जरिहा, संगठन सचिव सुश्री नीलिमा पीटर, डॉ. सुखदेव डोंगरे, विभिन्न जिलों से पधारे क्रीड़ा अधिकारी एवं प्राध्यापक योगेश तिवारी, ललित कामड़े, अमन साहू, शैलेंद्र बारंगे, अभिजीत सरसोदे, अल्का नागले, साधना ठाकुर की उपस्थिति में खिलाडियों को पुरस्कार का वितरण कार्यक्रम संपन्न हुआ।

प्राचार्य डॉ. विजेता चौबे ने कहा कि इस प्रतियोगिता में छात्राओं की अधिक संख्या में भागीदारी एक शुभ संकेत है। उन्होंने सभी विजेता टीमों को बधाई दी। पुरुष टीम में चयनित खिलाड़ी नितिन विश्वासन, रोहन यादव, सौरभ पांडे, दक्षेश रघुवंशी सभी खिलाड़ी जेएच



कॉलेज के हैं। देवेश साहू छिंदवाड़ा और अनुज पिन्चू बालाघाट ये कुल 6 खिलाड़ी राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता जो इंदौर में दिनांक 9, 10 फरवरी को है उसमें भाग लेंगे। महिला वर्ग में चयनित खिलाड़ी कु. अलिशा काजले जेएच कॉलेज, पूजा मालवीय भैंसदेही, कु. रिशाला परवीन सिवनी, कु. रिया चौधरी, शिवानी उईके, अदिति कवरेती छिंदवाड़ा ये कुल 6 महिला खिलाड़ी राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में दौरान में भाग लेंगी।

सभी अतिथियों ने दोनों ही वर्गों की टीमों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। समापन समारोह का संचालन अभिजीत सरसोदे और आभार प्रदर्शन संगठन सचिव एवं क्रीड़ा अधिकारी सुश्री नीलिमा पीटर ने किया। दोनों ही टीम के खिलाड़ी इंदौर में होने वाली प्रतियोगिता में शामिल होने लिए 8 फरवरी को प्रस्थान करेंगे।

# 100 किग्रा वर्ग में आशीष व 48 किग्रा में प्रियंका प्रथम

**जेएच ई न्यूज, बैतूल।** मेजर ध्यानचंद हॉकी स्टेडियम बैतूल में महाविद्यालयों की जिला स्तरीय जूडो प्रतियोगिता संपन्न हुई। प्रतियोगिता में जेएच कॉलेज बैतूल, शासकीय कन्या महाविद्यालय बैतूल, शासकीय महाविद्यालय आठनेर, शाकीय महाविद्यालय भीमपुर के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में 60 किग्रा वर्ग में सागर खातरकर जेएच कॉलेज प्रथम, लाल सिंह कास्दे जेएच कॉलेज द्वितीय, 73 किग्रा वर्ग में अंकित माकोड़े प्रथम जेएच कॉलेज, 66 किग्रा में नितेश कुमार शासकीय महाविद्यालय आठनेर प्रथम, 81 किग्रा में देवीराम उईके प्रथम आठनेर, 100 किग्रा में अशीष चोपड़े जेएच कॉलेज, महिला गर्व में 48 किग्रा में प्रियंका इवने प्रथम शासकीय कन्या महाविद्यालय बैतूल, विजेता देशमुख द्वितीय जेएच कॉलेज, 63 किग्रा में सितारा कुमरे, जेएच कॉलेज प्रथम रहे। प्रतियोगिता में जेएच कॉलेज की टीम प्रामि और शासकीय कन्या महाविद्यालय बैतूल की टीम उपविजेता रही। आयोजन में जिले के सभी महाविद्यालयों, क्रीड़ा अधिकारी रश्मि देवी, नंदकिशोर पंवार, शैलेंद्र बारंगे, डॉ. मनोज सिंह राणा, राधेलाल बनखेड़े, महेंद्र सोनकर, तपेश साहू, रामनारायण शुक्ला, बबीता राय, आशा कमेल, पीएल प्रजापति, लेखराम दरसिमा, पवन खटीक, कमलेश वाड़िवा, दीपक उईके का योग रहा।

# शिक्षा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाती है: पीटर






**जेएच ई न्यूज, बैतूल।** जेएच कॉलेज बैतूल में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन प्राचार्य डॉ. राकेश कुमार तिवारी के संरक्षण, प्रभारी प्राचार्य डॉ. विजेता चौबे के मार्गदर्शन में जिला संगठक डॉ. सुखदेव डोंगरे, कार्यक्रम अधिकारी सुश्री निलीमा पीटर, वरिष्ठ स्वयं सेविका दिपाली पांडे की उपस्थिति में संपन्न हुआ। डॉ. सुखदेव डोंगरे ने कहा घर को महिला ही स्वर्ग बना सकती है। भारत में 1950 के पूर्व में महिलाओं को शिक्षा, समानता एवं स्वतंत्रता का अवसर प्राप्त नहीं था। 26 जनवरी 1950 में संविधान लागू होने के उपरांत यह अधिकार मिल सका। सुश्री निलीमा पीटर ने कहा स्त्री के मुक्तिदाता डॉ. अंबेडकर को कहा जाता है। क्योंकि संविधान के माध्यम से महिलाओं को अनेक अधिकार मिले हैं। दीपाली पांडे ने कहा महिलाओं को शिक्षा, चिकित्सा, इंजीनियरिंग, आर्थिक और सामाजिक मामलों में भी आगे बढने की आवश्यकता है। छात्रा पूनम मालवीय ने कहा अंतरराष्ट्रीय खेलों में भारत की महिलाएं पुरुषों की तुलना में अधिक पदक लाती है। संगोष्ठी का संचालन आरती मालवी तथा आभार प्रगट निधि सुजाने ने किया। संगोष्ठि को सफल बनाने में वर्षा रावत, कविता बाड़बुदे, संगम नवड़े, कल्पना बिंझाड़े, सीमा परते, आंचल, रागिनी ने सक्रिय सहयोग दिया। कार्यक्रम में 78 छात्राओं ने सहभागिता की।

# सायबर क्राइम पर जागरूकता कार्यक्रम संपन्न



**जेएच ई न्यूज, बैतूल।** जेएच कॉलेज में विद्यार्थियों हेतू सायबर क्राइम से सावधान विषय पर जनजागृति कार्य म आयोजित किया गया। स्टेट सायबर क्राईम पुलिस मप्र शासन की ओर से इस अवसर पर विशेष रूप से जिला उपपुलिस अधीक्षक सायबर क्राईम विवेक गौतम ने विषय पर सायबर क्राईम से सतर्क रहने एवं ऑनलाईन प्लेटफॉर्म पर होने वाली गलतियों से बचने की सारगर्भित जानकारी दी। विषय विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित उपनिरीक्षक राजेन्द्रे राजवंशी ने महिलाओ हेतू सायबर अपराध से बचने के उपाय एवं सोशल मीडिया, मोबाइल, कंम्प्यूटर आदि पर जाने अनजाने में होने वाले अपराध व सायबर क्राईम व आनलाईन ठगी से बचने के उपाय पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। कार्य म में जिला जनसंपर्क अधिकारी सुरेन्द्र तिवारी ने विद्यार्थियों को जागरूक रहने की अपील की। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.राकेश तिवारी ने विद्यार्थियों संबोधित करते हुए कहा कि अपने पिन एवं पासवर्ड आदि कभी भी किसी के साथ साझा न करे, और न ही कही लिखकर रखे। कार्य म में वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ.ज्योति शर्मा, डॉ.अनिता सोनी, डॉ.मीना डोनीवाल उपस्थिति रहे। इस अवसर पर बडी संख्या में छात्र एवं छात्राएं उपस्थित रहे।

# पोस्टर और स्लोगन प्रतियोगिता संपन्न, प्रथम शारदा, द्वितीय ललिता रहे



**जेएच ई न्यूज, बैतूल।** जेएच कॉलेज में शहीद दिवस के अवसर पर पोस्टर एवं स्लोगन प्रतियोगिता हुई। कार्यक्रम प्राचार्य डॉ.राकेश कुमार तिवारी के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना की महिला एवं पुरूष इकाई के संयुक्त तत्वावधान में जिला संगठक डॉ.सुखदेव डोंगरे, कार्यक्रम अधिकारी निलिमा पीटर, वरिष्ठ स्वयंसेवक दिपाली पांडे, ललित तायवड़े, संजय उइके, योगेश्वर पहाड़े की उपस्थिति में शहीद दिवस मनाया गया। डॉ.सुखदेव डोंगरे ने कहा कि यह दिन हमारे लिए विशेष महत्व रखता है। आज ही के दिन भगत सिंह, राजगुरू और सुखदेव को हिन्दुस्तान की आजादी के लिए हंसते-हसंते फांसी पर झूल गए थे। निलिमा पीटर ने कहा कि इन तीनों ने अंग्रेजों के विरूद्ध क्रांति कर उस समय पूरे हिन्दुस्तान के युवाओं में आजादी की अलख जलाई थी। कार्यक्रम का संचालन नवीन नागले ने व आभार हिमांशु पाटील ने व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अमित मालवी, कन्हैया अमरूते, सिद्धार्थ यादव, दिपांशु सोनी, तनु मोहने, भारती चढोकार, आंचल मालवी, माधुरी गोहे, रूपाली, रोशनी, का सरानीय योगदान रहा। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम शारदा पाटिल, द्वितीय ललिता पांडे, तृतीय रोशनी सातपूते, स्लोगन में प्रथम सिद्धार्थ यादव, द्वितीय प्रभात झरबड़े, तृतीय आंचल मोहने रहे। विजेताओं को स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

# प्रियंका प्रथम, प्रज्ञा द्वितीय रही, संभाग स्तरीय जूडो प्रतियोगिता संपन्न





**जेएच ई न्यूज, बैतूल।** जेएच कॉलेज बैतूल में संभाग स्तरीय महिला-पुरूष जूडो प्रतियोगिता संपन्न हुई। प्रतियोगिता प्राचार्या डॉ.विजेता चौबे के संरक्षण में डॉ.राकेश तिवारी, डॉ.अनीता सोनी, डॉ.सलील दुबे, डॉ.धमेन्द्र कुमार, डॉ.सुखदेव डोंगरे की उपस्थिति में और क्रीड़ा अधिकारी सुश्री निलीमा पीटर के नेतृत्व में संपन्न हुई। जूडो प्रतियोगिता में पुरूषों में सिवनी जिले की एवं महिला वर्ग में छिंदवाड़ा जिले की टीम विजेता रही। 48 किग्रा वर्ग में प्रियंका बैतूल प्रथम, प्रज्ञा सिवनी द्वितीय रही, 52 किग्रा में नीलम सिवनी की प्रथम, अंजिता द्वितीय रही, 57 किग्रा वर्ग में सरला छिंदवाड़ा प्रथम, रिया सिवनी द्वितीय, 63 किग्रा वर्ग में पूनम वर्मा छिंदवाड़ा प्रथम, 70 किग्रा में निधी छिंदवाड़ा प्रथम, 78 किग्रा में साक्षी मालवीय प्रथम, पुरूषों में 60 किग्रा में श्रीदास परते सिवनी प्रथम, सागर खातरकर बैतूल द्वितीय, 66 किग्रा में नितेश कुमार, 73 किग्रा में वरूण सराठे सिवनी प्रथम, अंकित माकोड़े द्वितीय, 81 किग्रा वर्ग में संजय धुर्वे प्रथम, 100 किग्रा वर्ग में अभिषेक चौपड़े प्रथम रहे। संभाग स्तरीय जूडो प्रतियोगिता में मनोज कुमार अहिरवार क्रीड़ा अधिकारी भीमपुर, मनोज सिंह राणा आमला, जसवंत सिंह राजपूत सिवनी, अरविंद नामदेव सिवनी, रेशमी देवी बैतूल,श्वेता सक्सेना छिंदवाड़ा, महेन्द्र सोनकर, संतोष टेमरे बालाघाट का सक्रिय योगदान रहा। प्राचार्या विजेता चौबे द्वारा विजेताओं को शिल्ड और मेडल प्रदान कर सम्मानित किया।

## जेएच कॉलेज में हुए कार्यक्रमों की चित्रमयी झलकियां...














# जेएच कॉलेज एवं लायंस क्लब ने जरूरतमंदों को बांटे गर्म कपड़े

## स्वामी विवेकानंद सोशल क्लब जेएच कॉलेज एवं लायंस क्लब बैतूल महक द्वारा किया आयोजन





**जेएच ई न्यूज, बैतूल।** 30 जनवरी 2022 को गांधीजी की पुण्यतिथि पर जेएच कॉलेज बैतूल, (स्वामी विवेकानंद सोशल क्लब जेएच) एवं लायंस क्लब बैतूल महक द्वारा ग्राम सिमोरी, ग्राम सोनझार, ग्राम दूनी, ग्राम कोटमी में बुजुर्गों का सम्मान कर बच्चो, बुजर्गो और जरूरतमंदों को 100 कंबल, 100 शीतकालीन टोपी, 100 मोज़े, 200 मास्क, 50 शर्ट, 20 स्वेटर का वितरण किया गया। ग्राम सिमोरी मे 1933 मे महात्मा गांधी आए थे, आज उनकी पुण्यतिथि पर प्राचार्य डॉ विजेता चौबे, डॉ सलिल दुबे, डॉ निहारिका भावसर, प्रो. नीरज धाकड़, प्रो. मनोज घोरसे, डॉ मनोज उघड़े, पास्टर डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन पीएस बग्गा, लायन रविंद्र गौर बंगा, जोन चेयरपर्सन लायन बृजमोहन भट्ट, श्री अंशुल जैन, श्री पराग खंडेलवाल एवं 44 विद्यार्थियों द्वारा उपरोक्त चारों ग्रामों में आवश्यक सामग्रियों का जरूरतमंदों को वितरण किया गया। यह कार्यक्रम प्राचार्य डॉ विजेता चौबे के संरक्षण एवं डॉ सलिल दुबे के मार्गदर्शन मे किया गया। प्राचार्य प्रो डॉ विजेता चौबे, प्रो डॉ सलिल दुबे, प्रो डॉ राकेश तिवारी, प्रो. अशोक दाभाडे, प्रो डॉ. ज्योति शर्मा, डॉ मीना डोनीवाल, डॉ मीनाक्षी चौबे, डॉ अर्चना मेहता, डॉ अर्चना सोनारे, डॉ प्रियंका लिखितकर, डॉ माधुरी धोटे, श्रीमती शीतल खरे, श्रीमती आयुषी शर्मा, डॉ. निहारिका भावसार, डॉ रितु साहू, प्रो. वीना चिरोंजे, डॉ मनोहर गांवडे, डॉ रामकुमार गौतम, प्रो. संजय विश्वकर्मा, प्रो. मनेष मानकर प्रो.युगल किशोर सरले, प्रो. नीरज धाकड़, प्रो. ऋषिकांत पंथी, डॉ मनोज उघड़े, प्रो. शिव प्रकाश पवार एवं लायंस क्लब महक द्वारा आर्थिक सहयोग दिया गया।

# जेएच कॉलेज एवं लायंस क्लब का एसओयू हस्ताक्षरित हुआ



**जेएच ई न्यूज, बैतूल।** जेएच कालेज बैतूल एवं लायंस क्लब बैतूल महक के मध्य एमओयू हस्ताक्षरित हुआ। लायंस क्लब इंटरनेशनल क्लब है जो कि 1916 से संचालित है। इस एमओयू का उद्देश्य ग्रीन केंपस, क्लीन केंपस, सोशल एक्टिविटीज, पर्सनालिटी डेवलपमेंट, हेल्थ अवेयरनेस, एक्सटेंशन एक्टिविटीज, हंगर एक्टिविटीज, नेशनल एंड इंटरनेशनल डे सेलिब्रेशन, केरियर गाइडेंस, स्किल डेवलपमेंट ट्रेनिंग, यूथ फेयर एंड अदर यूथ रिलेटेड एक्टिविटीज एवं वर्कशॉप्स इत्यादि आयोजन कराना है।

# नेकी के आश्रय से जरूरतमंदों को मिल रही उपयोगी चीजें



**जेएच ई न्यूज, बैतूल।** बैतूल में आर्ट ऑफ लिविंग के युवा स्वयंसेवकों ने स्वामी विवेकानन्द जी की जयंती पर ''नेकी का आश्रय'' नामक एक सेवा अभियान की शुरूआत की। इस अवसर पर स्वयंसेवकों ने जरूरत की चीजों के 300 पैकेट बनाए थें, जिसे 90 प्रतिशत छात्रों ने लिया। जिसका उद्देश्य आस-पास के जरूरतमंदों को किताबे, कपड़े, जूते, बैग जैसी अन्य उपयोगी चीजें उपलब्ध करानी है। इसके लिए स्वयंसेवको ने स्थानीय लोगों से अपील की है कि हमारे घर में ऐसी बहुत सी चीजें होती हैं, जिसका उपयोग हम नहीं कर रहें होते हैं, परन्तु ये चीजें दूसरों के लिए उपयोगी हो सकती हैं। ऐसी चीजों को वह 'नेकी के आश्रय' में लाकर जमा करें। आर्ट ऑफ लिविंग प्रशिक्षिका डॉ. निहारिका भावसार बताती हैं कि वह स्वयं जयवंती हॉक्सर स्नातकोत्तर महाविद्यालय बैतूल में प्रोफेसर हैं। उनके कॉलेज में आदिवासी गाँव के 70 प्रतिशत छात्र-छात्राएँ हैं।

इसी अभियान के तहत कॉलेज में एक कमरे का चयन किया जा रहा है जिससे 365 दिन तक उपयोगी चीजों को यहाँ संग्रह कर, जरूरतमंदों को उपलब्ध करायी जायेगी। इसी श्रृंखला में 30 जनवरी, 2022 को महाविद्यालय स्टॉफ द्वारा पास के धूनी, सिमोरी, कोटामी, सोनझर गांवों का दौरा किया गया। इस दौरान 100 कंबल, 50 ऊनी टोपे, 50 मोजें, 50 स्वेटर और 100 मास्क बांटे गयें। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. विजेता चौबे, प्रोफेसर डॉ मनोज उघड़े, आर्ट ओफ़ लिविंग टीचर्ज़ अंशुल जैन एवं पराग खंडेलवाल भी उपस्थित थे।

# प्राचार्य के हेयर डोनेशन की घोषणा से प्रेरित हुई एक दर्जन छात्राएं



**जेएच ई न्यूज, बैतूल।** तीन दिन बाद श्री अग्रसेन आईटीआई विनोबा नगर में आयोजित हेयर फॉर होप इंडिया केम्पेन को लेकर 9 वर्ष से लेकर 65 वर्ष तक की महिलाओं में उत्साह है। हेयर डोनेशन के लिए रजिस्ट्रेशन कराने बालिकाओं एवं महिलाओं में उत्साह है। 1 फरवरी को जिले के सबसे बड़े जेएच कॉलेज की प्राचार्य डॉ विजेता चौबे ने भी कॉलेज में आयोजित कैंसर जागरुकता कैम्पेन के दौरान 12 इंच बाल कैंसर सरवाईवर के लिए दान करने की घोषणा की जिसके बाद कार्यक्रम में मौजूद एक दर्जन छात्राओं ने भी अपने हेयर डोनेशन करने की सहमति दे दी। हेयर फार होप इंडिया कैम्पेन बैतूल में पहली बार आयोजित हो रहा है। यह देश का पहला सामूहिक आयोजन है, जिसकी आधारशिला बैतूल में रखी जा रही है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए प्राध्यापक डॉ निहारिका भावसार ने भी प्राचार्य डॉ चौबे से प्रेरित होकर स्वयं भी हेयर डोनेट करने की घोषणा की और बताया कि उनकी मम्मी भी इस हेयर डोनेशन कैम्पेन में अपने हेयर डोनेट कर रही है।

**छात्राएं बोली नहीं जानती थी, हेयर डोनेशन भी होता है:** श्री अग्रसेन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन बैतूल के तत्वावधान रेडक्रॉस सोसायटी बैतूल, वूमन्स वर्ल्ड ब्यूटी एक्सेस के सहयोग एवं बैतूल सांस्कृतिक सेवा समिति के संयोजन में होने वाले अनूठे हेयर फार होप इंडिया कैम्पेन कार्यक्रम एवं कैंसर के प्रति जागरुकता के लिए आज एक प्रतिनिधि मंडल जेएच कॉलेज पहुंचा। इस दौरान कार्यक्रम संयोजक गौरी बालापुरे पदम ने कैम्पेन की जानकारी दी छात्राओं ने बताया कि उन्हें नहीं मालूम था कि हेयर भी डोनेट किए जा सकते है। प्राचार्य डॉ विजेता चौबे ने अपने संबोधन के दौरान बताया कि वे स्वयं भी इस अभियान में सहभागिता कर रही है। उन्होंने कहा कि 12 इंच बाल यदि किसी के चेहरे की खुबसूरती लौटा सकते है और मायूसी दूर कर सकते है तो इससे बड़ा दान कोई नहीं हो सकता। कार्यक्रम को श्री अग्रसेन महाराज नर्सिंग कॉलेज की वाईस प्रिंसपल दीपा मगरदे, बैतूल सांस्कृतिक सेवा समिति की अध्यक्ष गौरी पदम, उपाध्यक्ष नीलम वागद्रे ने भी संबोधित किया।

# मेगा फ्री हेल्थ चेकअप एवं ब्लड डोनेशन कैम्प संपन्न

## नेत्र और दंत रोग विशेषज्ञों ने दिए टिप्स, 250 विद्यार्थियों ने लिया कैम्प का लाभ

**जेएच ई न्यज, बैतूल।** स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ, जेएच कॉलेज एवं लायंस क्लाब बैतूल महक के संयुक्त तत्वावधान में महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ.विजेता चौबे के संरक्षण में यंग इंडिया हेल्दी इंडिया मेगा फ्री हेल्थ चेकअप एवं ब्लड डोनेशन कैम्प संपन्न हुआ। इस केम्प के माध्यम से विद्यार्थियों ने अपनी हेल्थ और सामाजिक कार्य के प्रति जागरूक हुए एवं बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।



रक्तदान शिविर को लेकर युवकों में खासा उत्साह देखा गया। साथ ही युवकों को रक्तदान के फायदे भी बताए गए साथ ही रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए। शिविर में मौजूद लायंस क्लब से जुड़े हुए स्वयंसेवकों ने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि जब भी सोशल मीडिया पर रक्तदान से संबंधित किसी भी कार्यक्रम के बारे में पढ़े तो उसे नजर अंदाज ना करें और सहायता के लिए आगे आएं। आपका प्रयास किसी की जिन्दगी बचा सकता है। इस अवसर पर 100 व्यक्तियों का शुगर परीक्षण, 113 व्यकक्तियों द्वारा दांत चेक, 20 छात्रों द्वारा रक्त दान, 105 लोगों का फ्री चेकअप कर 100 लोगों को दांतों के प्रोडक्ट प्रदान किया गया। महाविद्यालय के लगभग 250 विद्यार्थियों ने रक्तोदान एवं स्वास्थ्य जांच का लाभ प्राप्त किया। इस अवसर पर विशेषरूप से उपस्थित नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ.जयदीप पोंपली ने विद्यार्थियों की आंखो से जुड़ी शंकाओं का समाधान भी किया एवं ऑखों की देखभाल एवं उत्तम स्वास्थ्य के लिए आवश्यदक बातें बताई।

दन्त रोग विशेषज्ञ डॉ.अभिषेक अग्रवाल ने दांतों एवं मंसूड़ो को स्वस्थ्य रखने एवं देखभाल के टिप्स दिए। लायंस क्लब के पीडीसी, एमजेएफ लॉयन पीएस बग्गा ने रक्तदान हेतु युवाओं से आव्हान किया। रक्तदान हेतु जिला चिकित्सालय का विशेष सहयोग रहा एवं ब्लड बैंक अधिकारी डॉ.अंकित सीते एवं सहयोगी साथियों ने चलित रक्तदान बैंक के द्वारा महाविद्यालय में रक्तदान का आयोजन किया।

कार्यक्रम मे महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ.विजेता चौबे ने सभी सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर ला.ब्रजमोहन भट्र्ट, ला.रविन्द्र कौर बग्गा, ला.कंचना आहूजा, ला.दीपाली कौशिक, ला.दिप्ती दुबे, ला.बिन्दु पवांर, ला.कीर्ति चन्देल, ला.दीपा जसूजा, ला.अनामिका मालवीय, समन्वयक डॉ.निहारिका भावसार, डॉ.अनिता सोनी, डॉ.सलिल दुबे, डॉ.मनोज उघड़े, प्रो.राहुल सिंह ठाकुर, प्रो.मनेश मानकर,डॉ. मनोहर राव गावन्डे का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में सभी विद्यार्थियों एवं कॉलेज स्टाफ की सहभागिता रही।

## जेएच कॉलेज में हुए विभिन्न कार्यक्रमों की चित्रमयी झलकियां...

















# 'रिसर्च मेथेडोलॉजी' विषय पर राष्ट्रीय ई-संगोष्ठी का आयोजन






**जेएच ई न्यूज, बैतूल।** जयवंती हॉक्सर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बैतूल एवं श्रीमती राधाबाई शारदा कला, वाणिज्य एवं विज्ञान महाविद्यालय, अंजनगांव सुर्जी, जिला-अमरावती, महाराष्ट्र के अंग्रेज़ी विभागों द्वारा संयुक्त रूप से दिनांक 11 मार्च को 'रिसर्च मेथेडोलॉजी' विषय पर राष्ट्रीय ई-संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जयवंती हॉक्सर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बैतूल के प्राचार्य डॉ. राकेश तिवारी एवं श्रीमती राधाबाई शारदा कला, वाणिज्य एवं विज्ञान महाविद्यालय, अंजनगांव सुर्जी के प्राचार्य डॉ. बशिष्ठ चौबे के मार्गदर्शन में आयोजित इस ई-संगोष्ठी में विषय विशेषज्ञों के रूप मे महिला महाविद्यालय अमरावती, महाराष्ट्र के प्राचार्य डॉ. अविनाश मोहरिल एवं रेणुका कॉलेज, बेसा, नागपुर, महाराष्ट्र की प्राचार्य डॉ. ज्योति पाटिल उपस्थित थे।

ई-संगोष्ठी के प्रारम्भ में सर्वप्रथम ई-संगोष्ठी की संयोजिका एवं अंग्रेजी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. मीनाक्षी चौबे, द्वारा रिसर्च मेथेडोलॉजी के विषय में जानकारी प्रदान की गई। डॉ. अविनाश मोहरिल द्वारा 'न्यू पर्सपैक्टिव्स इन रिसर्च एट एन. ई. पी.' तथा डॉ. ज्योति पाटिल द्वारा 'यूटिलाइज़िग ऑनलाइन टूल्स एण्ड लेटेस्ट स्टाइल साइटेशन इन लिट्रेरी रिसर्च' विषय पर पावरपॉइंट प्रेज़ेन्टेशन के माध्यम से उत्कृष्ट व्याख्यान दिया गया। अंत में विद्वान विषय विशेषज्ञों द्वारा प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. बीना राठी द्वारा, वक्ताओं का परिचय श्रीमती माधुरी धोटे एवं डॉ. प्रियंका लिखितकर द्वारा तथा आभार प्रदर्शन प्रो. नविता मलानी द्वारा किया गया। तकनीकी सहयोग डॉ. चतुरानंद केदार, प्रो. पंकज बारस्कर, प्रो. दिव्या डांगी, प्रो. स्वाती लोखंडे, प्रो. ललित धान्डोले, प्रो. गोपाल पाटिल एवं प्रो. संतोष पाटिल द्वारा दिया गया। ई-संगोष्ठी को सफल बनाने में प्रो. शीतल खरे, प्रो. निशा सोनी एवं श्री संदीप कनाठे का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

महाविद्यालय के अंग्रेजी विभाग द्वारा 08 मार्च 2022 को अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर भी पर 'इन्श्योरिंग जेन्डर एक्विटि वीमेन एमपावरमेंट' विषय पर राष्ट्रीय वेबीनार का आयोजन किया गया था। विभाग द्वारा आयोजित दोनों कार्यक्रमो में देश भर से अनेक प्राध्यापकों, शिक्षाविदों, शोधार्थियों एवं विद्यार्थियो द्वारा सहभागिता की गई।

## डॉ. मीनाक्षी चौबे नैक मूल्यांकन हेतु मास्टर फेसिलिटेटर मनोनीत



**जेएच ई न्यूज, बैतूल।** जेएच कॉलेज बैतूल में अंग्रेजी विभाग की विभागाध्यक्ष एवं नैक प्रभारी डॉ. मीनाक्षी चौबे को उच्च शिक्षा विभाग मप्र शासन द्वारा भोपाल संभाग के शासकीय महाविद्यालय, सुखतवा तथा शासकीय महाविद्यालय, बकतउल्लाह महाविद्यालयों का नैक फसिलिटेटर बनाया गया है। उनकी इस उपलब्धि पर उन्हें बधाई प्रेषित की गई है।




**जेएच ई न्यूज, बैतूल।** 29 मार्च को प्रशिक्षण के अंतर्गत कृषि विज्ञान केंद्र बैतूल बाजार का जेएच कॉलेज के छात्र-छात्राओं और प्राध्यापकों ने भ्रमण किया। अल्पावधि प्रशिक्षण दिनांक 15 मार्च से 30 मार्च 2022 कुल 40 घंटे, विषय : जैविक खेती, नर्सरी, किचन गार्डन, औषधि पौधे, वर्मी कंपोस्ट

## जेएच कॉलेज में हुए विभिन्न कार्यक्रमों की चित्रमयी झलकियां...











# डॉ. राजेश तिवारी ने पौधारोपण महा अभियान में पौधा रोपित किया

**जेएच ई न्यू, बैतूल।** जेएच कॉलेज बैतूल में माननीय मुख्यमंत्री के आव्हान पर मप्र शासन, वल्लभ भवन भोपाल के मुख्य सचिव एवं जिला पंचायत बैतूल के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के आदेश के परिपालन में महाविद्यालय परिसर में प्राचार्य डॉ. राकेश कुमार तिवारी, डॉ. अनिता सोनी, डॉ. ज्योति शर्मा, डॉ. आभा वर्मा, डॉ. सलिल दुबे, प्रो. मुकुल चंदेल, डॉ. गोपाल साहू, डॉ. अल्का पांडे, राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला संगठक डॉ. सुखदेव डोंगरे द्वारा अशोक के 10-12 फीट ऊंचे पौधे






रोपित किए गए।

पौधारोपण महा अभियान में एनएसएस के स्वयं सेवक दलनायक योगेश्वर पहाड़े, हिमांशु पाटिल, अक्षय मालवी, बालकिशोर अमरुते, संजय उईके, गुड्डू पाटिल, मेघराज, सतीश हजारे, मुकेश करोले आदि का सक्रिय योगदान रहा।

## सावित्रीबाई फुले की जयंती धूमधाम से मनाई




**जेएच ई न्यूज, बैतूल।** इस वर्ष सावित्रीबाई फुले की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय शिक्षक दिवस समारोह के उत्सव ने पिछले सभी वर्षों को पीछे छोड़ दिया है। बड़ी संख्या में बच्चे, शिक्षक और उनके परिवार तरंग मैरिज लॉन लिंक रोड टिकारी बैतूल में एकत्रित हुए और शिक्षा और शिक्षकों के महत्व का उत्सव मनाया गीत, नृत्य, नाटक, प्रश्नोत्तरी के साथ-साथ सावित्री बाई फुले महिला मंडल समिति ने राष्ट्रीय शिक्षक दिवस का आयोजन तरंग मैरिज लॉन में किया गया। जिसमें जेएच कॉलेज बैतूल के एनएसएस के विद्यार्थियों ने सक्रिय सहयोग देते हुए सहभागिता की।

## मतदाता जागरूकता के अंतर्गत क्विज कॉन्टेस्ट में विद्यार्थियों ने सहभागिता की

**जेएच ई न्यूज, बैतूल।** जेएच कॉलेज बैतूल के एनएसएस, एनसीसी के विद्यार्थियों द्वारा क्विज प्रतियोगिता, वीडियो मेकिंग, पोस्टर डिजाइनिंग, सॉग्स, स्लोगन प्रतियोगिता में 1200 से अधिक विद्यार्थियों द्वारा पंजीयन कराया एवं उपरोक्त प्रतियोगिता में सक्रिय सहभागिता की। प्राचार्य डॉ. राकेश कुमार तिवारी ने बताया भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार एवं मध्यप्रदेश निर्वाचन आयोग के चेयरमैन श्री राजन के आदेश के परिपालन में बैतूल जिले के सभी शासकीय महाविद्यालयों में मतदाता जागरूकता हेतु प्रतियोगिता 'माय वोट इज माय फ्यूचर-पॉवर ऑफ वन वोट' के संबंधित पंजीयन कराकर विद्यार्थियों द्वारा सहभागिता की। जिसमें सर्वाधिक क्विज प्रतियोगिता में प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों ने सहभागिता की। जिला सहायक नोडल अधिकारी डॉ. सुखदेव डोंगरे ने बताया द्वितीय स्थान पर स्लोगन प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने



बढ़चढ़कर भाग लिया। पोस्टर डिजाइनिंग प्रतियोगिता में कम उम्र के विद्यार्थियों ने अधिक सहभागिता की। गीत एवं वीडियो मेकिंग प्रतियोगिताओं में कम संख्या में विद्यार्थियों ने सहभागिता की। महाविद्यालयीन नोडल अधिकारी प्रो. मनोज घोरसे ने कहा निश्चित रूप से इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों एवं शिक्षकों, कर्मचारियों में मतदान के प्रति रुझान बढ़ेगा।

## जेएच कॉलेज बैतूल से संबंधित एनएसएस के छात्रों द्वारा बोरी बंधान, मतादाता जागरूता, योग, पीटी, 7 दिवसीय विशेष शिविर की झलकियां














# चित्रकला प्रतियोगिता में भूमिका, निबंध में वैशाली प्रथम रही

## एनसीसी ने तम्बाकू सेवन रोकने के लिए चलाया अभियान

**जेएच ई न्यूज, बैतूल।** तम्बाकू से युवा पीढ़ी बर्बादी के रास्ते पर चल रही है। जिसके लिए हमें जागरूक होना होगा साथ ही दूसरों को भी जागरूक करना होगा। इसी उद्देश्य को लेकर जेएच कॉलेज बैतूल में आयुक्त सामाजिक न्याय एवं निशक्तजन कल्याण संचालनालय भोपाल के आदेश के परिपालन में तम्बाकू सेवन रोकने के लिए जनजागृति कार्यक्रम के अंतर्गत प्राचार्या डॉ.विजेता चौबे के संरक्षण में एनसीसी महिला इकाई की लेफ्टिनेंट डॉ. कमलेश अहिरवार के संयोजन में विषय विशेषज्ञ जिला संगठक डॉ. सुखदेव डोंगरे की उपस्थिति में सेमीनार, पोस्टर एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस मौके पर प्राचार्या डॉ.विजेता चौबे ने कहा कि तम्बाकू एक सस्ता व्यसन है जिसकी भारी कीमत चुकानी पड़ती है। डॉ.सुखदेव डोंगरे ने कहा कि ग्लोबल यूथ टोबेको सर्वे 2019 में 15 वर्ष तक की आयु के स्कूल छात्र 9 प्रतिशत एवं 15 से 25 वर्ष की आयु वाले विद्यार्थी 14 प्रतिशत तम्बाकू का सेवन करते हैं।




तम्बाकू, गुटका, बीड़ी, सिगरेट के सेवन से युवाओं में कैंसर जैसे घातक रोग हो रहें हैं। इस अवसर पर आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम भूमिका चौकीकर, द्वितीय लक्षिता सातपुते, तृतीय अंजली वाघमारे, निबंध प्रतियोगिता में प्रथम वैशाली यादव, द्वितीय पिंकी सलामें, तृतीयश्रद्धा साबले रहे। सेमीनार एवं प्रतियोगिता में लगभ 92 एनसीसी कैडेट्स ने सहभागिता की। जनजागृति कार्यक्रम को सफल बनाने में सीनियर अंडर आफिसर सोनिका नहारे, अंडर ऑफिसर काजल बांसे, कुंती कहार, ईशा बारस्कर, गुजन पाल, शिवानी परते, दिव्या सोलंकी, लीलावती काजले का सरानीय योगदान रहा।

# एनसीसी के विदाई समारोह में रही रंगारंग कार्यक्रमों की धूम

### कैडेट्स ने कोरोना की तीसरी लहर में जनजागृति लाने का संकल्प लिया

**जेएच कॉलेज, बैतूल।** जेएच कॉलेज बैतूल में परंपरा अनुसार एनसीसी पुरुष एवं महिला इकाई के संयुक्त तत्वावधान में प्राचार्य डॉ. विजेता चौबे के संरक्षण एवं प्रभारी प्राचार्य डॉ. राकेश कुमार तिवारी जिला संगठक डॉ. सुखदेव डोंगरे लेफ्टिनेंट डॉ. खुशाल देवघरे एवं लेफ्टिनेंट डॉ. कमलेश अहिवार की उपस्थिति में कोविड-19 के नियमों के अधीन एनसीसी कैडेट्स द्वारा मास्क लगाकर, सोशल डिस्टेंसिंग का पालन कर मधुर गीत, एकल और समूह नृत्य, मूक अभिनय, लघु एवं नृत्य नाटिका प्रस्तुति के साथ रंगारंग कार्यक्रम में सीनियर्स का विदाई समारोह संपन्न हुआ एवं प्राचार्य एवं उपस्थित प्राध्यापकों द्वारा एनसीसी कैडेट्स की हुई प्रस्तुति की खूब सराहना



की खूब तालियां बजी, सीनियर कैडेट्स को शुभकामनाए देने के साथ जूनियर कैडेट्स को कार्यक्रम को मनमोहक बनाने के लिए बधाई दी। इसके अलावा जूनियर कैडेट्स को अनुशासन एवं कोरोना वायरस ओमिक्रॉन महामारी की तीसरी लहर रोकने एवं लोगों को बचाने के लिए सहयोग प्रदान करने का आव्हान किया। मंच संचालन एवं आभार प्रदर्शन सार्जेंट दिव्या सोलंकी के द्वारा किया गया तथा कार्यक्रम को सफल बनाने में कैडेट्स मोहित पाल, अजय यादव, लवलेश सोलंकी, शुभम यादव, करण साहू, खुशबू, वैष्णवी वर्षा एवं अनुराधा इवने का विशेष योगदान रहा। इस दौरान एनसीसी कैडेट्स ने कोरोना की तीसरी लहर में टीकाकरण एवं जनजागृति लाने का संकल्प लिया।

### सेवा एनएसएस का मूल सिद्धांत

# स्वयंसेवक ने जरूरतमंद के लिए किया रक्तदान



**जेएच ई न्यूज, बैतूल।** रक्तदान करने में थोड़ा भी धन नहीं लगता है यह दान पूर्णतः निःशुल्क होता है परन्तु इससे किसी की जान बचाई जा सकती है। रक्त की कमी से जूझ रहे कल्तढाना निवासी जितेन्द्र सातनकर को रक्त की आवश्यकता पड़ने पर बीएससी तृतीय वर्ष के छात्र एवं एनएसएस के स्वयंसेवक अभय वामनकर तुरंत अपने एनएसएस साथियों के साथ जिला चिकित्सालय पहुंच कर रक्तदान किया। प्राचार्य डॉ.आरके तिवारी ने कहा कि सेवा कार्य एनएसएस का मूल सिद्धांत है। जिला संगठक डॉ.सुखदेव डोंगरे ने बताया कि एनएसएस के स्वयंसेवक हमेशा जरूरतमंदों के लिए रक्तदान में तत्पर रहतें हैं। इस अवसर पर नर्स पूजा देशमुख, एनएसएस स्वयंसेवक बालकृष्ण अमरूते, नवीन नागले, कन्हैया अमृरूते मौजूद थे।

# राष्ट्रीय युवा दिवस, पोस्टर, भाषण, निबंध प्रतियोगिता संपन्न

**जेएच ई न्यूज, बैतूल।** जेएच कालेज में खेल एवं युवा कल्याण विभाग मप्र के आदेश के परिपालन में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा स्वामी विवेकानंद की जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में पोस्टर, भाषण और निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम प्राचार्या डॉ.विजेता विजेता चौबे, जिला संगठन डॉ.सुखदेव डोंगरे के संरक्षण तथा कार्यक्रम अधिकारी डॉ.जीपी साहू, सुश्री नीलिमा पीटर, प्रो.संतोष पवार, राजू सूर्यवंशी, रविंद्र सूर्यवंशी, प्रो.रविंद्र साक्यवार, ऋचा सूर्यवंशी की उपस्थिति में आयोजित की गई। इस मौके पर डॉ सुखदेव डोंगरे ने कहा युवाओं को अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए कोरोना महामारी में अपना बड़ा योगदान देना होगा।




डॉ.गोपाल प्रसाद साहू ने युवाओं को प्रेरित करते हुए प्रेरणा पुरुष विवेकानंद के संदेश उठो, जागो और लक्ष्य प्राप्ति तक मत रुको को समझाया। पुर्व दलनायक संजय उइके ने बताया भाषण प्रतियोगिता में प्रथम लक्षिता सातपुते, द्वितीय माधुरी आर्य, तृतीय रजत लबाड़े एवं दुर्गा प्रसाद मोरले, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम साक्षी मन्नासे, द्वितीय रुपाली बोडड़े, तृतीय श्रेजल सिसोदिया तथा सांत्वना वंदना रुचि, निबंध प्रतियोगिता में प्रथम रिया घिड़ोड़े, द्वितीय सरला चौधरी, तृतीय हर्षिता सोनी एवं सांत्वना कमल कुमरे रहें। कार्यक्रम में मंच संचालन बाल किशोर अमरुते एवं आभार दलनायक योगेश्वर पहाड़े द्वारा व्यक्त किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में नवीन नागले, दुर्गाप्रसाद मोरले, मीनाक्षी राजूरकर, कन्हैया अमरुते, निधि सुजाने, रानी खवसे, अमित मालवीय, गजानन अमरुते, राधे बडोंदे, शिवानी मोहबे, वंदना करोची, अविनाश नररे, पुष्पांजलि पवार, कलिराम इरपाचे, राहुल धुर्वे, हिमांशु पाटिल का सराहनीय योगदान रहा।




समाचार हॉकस्टार त्रैमासिक
सत्यमेव जयते
Jh.e News — तमसो माँ ज्योतिर्गमय
ज.हा. शास. स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय, बैतूल (म.प्र.)

वर्ष-9 | अंक- 44 | दिनांक 01 अप्रैल से 30 जून 2022 | अवधि-त्रैमासिक | पृष्ठ-12


■ न्यूज गैलेरी

## एनएसएस में सहभगिता कर लौटे बालकिशोर



**बैतूल।** भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय राष्ट्रीय एकता शिविर भरधार विश्वविद्यालय कोयंबटूर तमिलनाडु में संपन्न हुआ। जिसमें मप्र से जेएच कॉलेज के बालकिशोर कैलाश अमस्ते ने सहभागिता की। शिविर से लौटकर बालकिशोर अमस्ते ने बताया कि भारथियार विश्व विद्यालय प्रकृति की सुंदरताओं से घिरा है जहां पर भारत के विभिन्न राज्यों से चयनित होकर स्वयंसेवक शामिल हुए। जिनसे उनकी कला, संस्कृति, भाषा, वेशभूषा आदि देखने-सुनने व समझने का अवसर मिला। वहा करूण्य विश्वद्यिालय में भारतीय इतिहास, तकनीक, नेशनल लाईब्रेरी और स्टेशन ऑफ द क्रास, ईशा फांडेशन, ध्यान लिंग तथा मरूथलाई मंदिर में दर्शन करने का भी सौभाग्य प्राप्त हुआ।

■ आयोजन — कलेक्टर कार्यालय बैतूल के एनआईसी में युवा संवाद कार्यक्रम संपन्न

# सीएम से छात्रा ने पूछा- परीक्षा में गोल्ड मेडल कैसे मिला

■ जे.एच.e न्यूज ▸▸ बैतूल।

**मुख्यमंत्री की वर्चुअल युवा संसद कार्यक्रम में जेएच कॉलेज के छात्रों ने भी सवाल जवाब किए। जिसमें बैतूल जेएच कॉलेज से कृतिका चौरसिया ने मुख्यमंत्री से पूछा कि मुख्यमंत्री आपने परीक्षा में गोल्ड मैडल कैसे प्राप्त किया था। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि आत्म विश्वास, एकाग्रचित होकर अध्ययन किया था। जेएच कॉलेज बैतूल के पीएचडी के छात्र शोभाराम पाटिल ने प्रश्न किया कि कृषि में कैसे मध्यप्रदेश उन्नति करेगा।**

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा मध्यप्रदेश के किसान कठिन परिश्रम करते हैं और उन्हें मध्यप्रदेश सरकार का सक्रिय सहयोग है। जिसके चलते गेहूं के उत्पादन में मध्यप्रदेश पंजाब से भी आगे निकल गया है। कलेक्टोरेट के एनआइसी में बुधवार को राज्य स्तरीय युवा संवाद वर्चुअल कार्यक्रम मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान, उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव, अपर आयुक्त शैलेंद्र सिंह, आयुक्त दीपक सिंह की मौजूदगी में संपन्न हुआ।

यह कार्यक्रम एक बजे से दोपहर 3.15 बजे तक ऑनलाइन हुआ। एनएसएस के जिला संगठक डॉ. सुखदेव डोंगरे, प्रो. मनोज कुमार घोरसे, प्रो. कृष्णा भोसर, प्रो. विनोद कुमार अड़लक के अलावा जेएच कॉलेज बैतूल से 10 विद्यार्थी, शासकीय कन्या महाविद्यालय बैतूल से 11 छात्राएं शामिल हुए।




### स्वच्छता और सौर ऊर्जा को लेकर भी सवाल

**मुख्यमंत्री से अन्य जिलों के छात्रों ने भी स्वच्छता, सौर ऊर्जा, योग, नई शिक्षा नीति पर प्रश्न- पूछे, जिसके उत्तर मुख्यमंत्री ने दिए । एनआइसी बैतूल में जिला युवा संवाद कार्यक्रम में छात्र- छात्राओं में संजय उईके, योगेश्वर पहाड़े, रिया घिडोडे, लक्षिता सातपुते, बालकिशोर अमरूते, नीलम पंद्रम, प्रिया भलावी, आरती लाक्षीवार, रानी लोखण्डे, रानी खवसे, साक्षी मन्नासे, भूषण भावसार, नितेश अमरूते, रोशनी सातपुते, शिवानी अतुलकर, ललिता पाण्डे ने उपस्थित होकर. मुख्यमंत्री के ऑनलाइन युवा संवाद कार्यक्रम में मार्गदर्शन एवं लाभ प्राप्त किया।**

# रन फॉर वोट मैराथन को कलेक्टर अमनबीर सिंह ने दी हरी झंडी

**बैतूल।** त्रिस्तरीय पंचायत एवं नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2022 के अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से 21 जून को शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गंज से प्रातः 7.30 बजे से रन फॉर वोट मैराथन आयोजित की गई। मैराधन को कलेक्टर अमनबीर सिंह बैंस द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। गया। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत अभिलाष मिश्रा, अपर कलेक्टर श्यामेंद्र जायसवाल, जिला शिक्षा अधिकारी संजीव श्रीवास्तव, जिला परियोजना समन्वयक सर्व शिक्षा अभियान सुबोध शर्मा, स्कूल प्राचार्य श्रीमती इंदू बछ्ले सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद थे। इस दौरान कलेक्टर श्री बैंस द्वारा सभी उपस्थित जनों को मतदाता जागरूकता की शपथ भी दिलाई गई। रन फॉर वोट मैराथन कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गंज से प्रारंभ होकर एसपी चौक से होते हुए पोस्ट ऑफिस रोड की ओर से पुलिस ग्राउंड, रैन बसेरा चौक, मैकेनिक चौक, कांतिशिवा चौक से होकर रसोई भोजनालय रोड से पुन एसपी चौक पर आकर ओपन ऑडिटोरियम पहुंचकर समाप्त हुई।



सम्मेलन का आयोजन

# पूर्व सांसद सुभाष आहूजा बने जेएच कॉलेज के भूतपूर्व छात्र संगठन के अध्यक्ष

**बैतूल। जेएच कॉलेज में भूतपूर्व छात्र सम्मेलन का आयोजन हुआ। इसमें पूर्व सांसद सुभाष आहूजा के विशेष आतिथ्य में रामजी श्रीवास्तव, छिंदवाड़ा विवि के सलाहकार सदस्य प्रवीण गुगनानी, मोहित गर्गे जनभागीदारी सदस्य अतीत पवार के आतिथ्य में और एसके शुक्ला, महेश मेहता, हेमंत वर्मा, विजेता चौबे, परमजीत बग्गा की मौजूदगी में हुआ।**



सम्मेलन का शुभारंभ मां सरस्वती का पूजन एवं कोकिला वर्मा एवं सिद्धार्थ के द्वारा वंदना के साथ किया। इस दौरान सर्वप्रथम सर्वसम्मति से सुभाष अहूजा को भूतपूर्व छात्र संगठन का अध्यक्ष चयनित किया जिसका प्रस्ताव रामजी श्रीवास्तव ने रखा और नवल किशोर वर्मा ने प्रस्ताव का समर्थन किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. निहारिका भावसार तथा आभार डॉ. मीना डोनीवाल ने व्यक्त किया और कार्यक्रम का संयोजन डॉ. अलका पांडे द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. राकेश तिवारी भूतपूर्व छात्र सम्मेलन की रूपरेखा रखते हुएसभी अतिथियों का स्वागत **शेष पेज 2 पर...**

» प्राचार्य-डॉ. राकेश कुमार तिवारी » संपादक-डॉ.सुखदेव डोंगरे » सह संपादक-डॉ.गोपाल साहू » डॉ. मनोहर गावंडे

## संपादकीय

### जागरूकता, पौधरोपण एवं कोविड टीकाकरण, युवा संसद रहे प्रमुख

प्राचार्य डॉ. राकेश कुमार तिवारी के मार्गदर्शन में 1 अप्रैल 2022 से 30 जून 2022 की अवधि में विभिन्न गतिविधियों का संचालन हुआ। जिसमें मुख्यमंत्री श्री शिवराजसिंह ने वर्चुअल युवा संसद कार्यक्रम में जेएच कॉलेज बैतूल की छात्रा कृतिका चौरसिया ने पूछा प्रश्न की आपने परीक्षा में गोल्ड मेडल कैसे प्राप्त किया था। मुख्यमंत्री जी ने बताया आत्मविश्वास के साथ एकाग्रचित होकर अध्ययन किया था। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में विद्यार्थियों द्वारा कलेक्टर अमनबीर सिंह के मार्गदर्शन में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया, महाविद्यालय में भूतपूर्व छात्र संगठन का निर्वाचन हुआ, पूर्व सांसद सुभाष आहूजा सर्वसम्मति से निर्वाचित हुए। महाविद्यालय परिसर में 5 से 16 जून तक पौधरोपण कार्यक्रम चलाकर 100 से अधिक पौधे रोपित किए। कॉलेज चलो अभियान में डॉ. सुखदेव डोंगरे, डॉ. सलिल दुबे, डॉ.नीलिमा पीटर, डॉ. मलखान सिंह चौहान, डॉ. आशीष गुप्ता की सहभागिता में अनेक स्कूलों में भ्रमण किया। एनसीसी केडेट ने तंबाकू सेवन न करे इसके लिए रैली का आयोजन भी किया। छिंदवाड़ा विश्वविद्यालय द्वारा बैतूल जिले के विभिन्न केन्द्रों पर पहुंचकर नकल प्रकरण बनाए। उर्जा साक्षरता के लिए समिति बनायी। स्नातक प्रथम वर्ष एवं स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर की प्रवेश प्रक्रिया की।विश्व पर्यावरण दिवस पर व्याख्यान का आयोजन किया गा। रिसर्च को बढ़ावा देने के लिए बॉटनी व जुलाजी की प्रयोगशाला निर्मित की। निर्माणाधीन ऑडिटोरिया मा कार्य भी शीघ्र पूरा करने का प्रस्ताव लिया। 21 जून 2022 को विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकों ने योग एवं प्राणायाम किया। महाविद्यालय में कोविड टीकाकरण का अभियान चलाया। महाविद्यालय में विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया गया। एनएसएस के स्वयं सेवकों ने रक्तदान किया। नई शिक्षा नई उड़ान के लिए कॉलेज चला अभियान चलाया गया। पर्सनालिटी डवलपमेंट पर तीन दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। डॉ.सुखदेव डोंगरे द्वारा बरसात पर शोध पत्र एवं पुरातात्विक प्राचीनकालीन अशोक चक्र, मूर्तियों की खोज कर शोधपत्र जारी किया।

## एनएसएस ने कॉलेज में पौधरोपण कर मनाया विश्व पर्यावरण दिवस

# पौधरोपण से सुधर सकता पर्यावरण संतुलनः डॉ.सुखदेव डोंगरे

**जे.एच.e न्यूज ▸▸ बैतूल।**

जेएच कॉलेज बैतूल में विश्व पर्यावरण दिवस पर परिचर्चा कर पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. राकेश तिवारी ने कहा एक व्यक्ति को एक पौधा रोपित कर पर्यावरण दिवस मनाना चाहिए। डॉ. सुखदेव डोंगरे ने कहा मानव प्राकृतिक संसाधनों का अंधाधुंध दोहन कर पर्यावरण संतुलन बिगाड़ रहा है, जिसे स्वच्छता के साथ पौधरोपण कर पर्यावरण संतुलन सुधारा जा सकता है। पौधरोपण 5 से 16 जून तक जारी रहेगा।



■ जेएच कॉलेज परिसर में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पौधरोपण करते हुए

सुश्री नीलिमा पीटर ने कहा पीपल का पौधा अत्यधिक ऑक्सीजन उत्पन्न करता है। डॉ. गोपाल साहू ने कहा कल कारखानों का दूषित पानी सीधे नदी में नहीं जाने देना चाहिए। महाविद्यालय परिसर में शिक्षकों एवं 50 स्वयंसेवकों द्वारा 20 पौधे आम, नीम, पीपल, अशोक, गुलमोहर, जामुन रोपित किए। कार्यक्रम में रिया घिडोडे, पूनम मालवीय, कविता बाड़बुदे, रानी खवसे, कोमल देशमुख, रागिनी पवार, दामिनी मानकर, रौनक बारमासे, आंचल मोहबे, प्रणीता परिहार, पुष्पांजलि, ललिता पांडे, तनु मोहबे, प्राची जैन, संजय उइके, योगेश्वर पहाड़े, हिमांशु पाटिल, अक्षय मालवीय, दुर्गाप्रसाद मोरले, सिद्धार्थ यादव सहित अन्य विद्यार्थियों ने सक्रिय सहभागिता की।

# कॉलेज चलो अभियान के तहत खंडारा स्कूल में किया संपर्क

**बैतूल। 1 से 15 मई तक कॉलेज चलो अभियान के तहत राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला संगठक डॉ. सुखदेव डोंगरे, भौतिक शास्त्र के विभागाध्यक्ष सलिल कुमार दुबे, डॉ. मलखान सिंह चौहान, डॉ. आशीष गुप्ता ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय (खण्डारा में प्राचार्य रजनी बड़ौदे से मुलाकात की। डॉ. सलिल कुमार दुबे ने प्राचार्य को जेएच कॉलेज छात्रों के अध्ययन, अध्यापन**




**एवं सर्वांगीण विकास के लिए पर्याप्त संसाधन जैसे अच्छी बिल्डिंग, लाइब्रेरी, कंप्यूटर लैब, खेल मैदान, आईटी सेल, छात्रवृत्ति की सुविधा, गरीब छात्रों को निःशुल्क पुस्तक एवं स्टेशनरी, शैक्षणिक भ्रमण, एनएसएस, एनसीसी एवं शिक्षा से. संबंधित अन्य लाभकारी योजनाओं के संबंध में जानकारी दी।**

**डॉ. सुखदेव डोंगरे ने प्राचार्य एवं स्कूल के शिक्षकों से आग्रह किया आपके स्कूल से 12वीं पास होने वाले छात्रों का जेएच कॉलेज बैतूल में प्रवेश कराएं ताकि उन्हें बेहतर शिक्षा और सुविधाएं मिल सकें।**

# कॉलेज चलो अभियान में जुवाड़ी स्कूल में किया संपर्क




**बैतूल।** जेएच कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राकेश कुमार तिवारी के निर्देशानुसार राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला संगठक डॉ. सुखदेव डोंगरे, भौतिक शास्त्र के विभागाध्यक्ष डॉ. सलिल कुमार दुबे, क्रीड़ा अधिकारी नीलिमा पीटर, आमला से डॉ. मलखान सिंह चौहान, गर्ल्स कॉलेज बैतूल से डॉ. आशीष गुप्ता ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जुवाड़ी में प्राचार्य एके दुबे, प्रदीप बाखला, बलिराम निरापुरे, उइके एवं अन्य शिक्षक, कर्मचारियों से मुलाकात कर विद्यार्थियों को जेएच कॉलेज बैतूल में प्रवेश दिलाने के लिए आग्रह किया।

## पेज 1 से जारी शेषः

किया। रामजी श्रीवास्तव ने कहा मैं. जेएच कॉलेज का विद्यार्थी होने का गौरव महसूस करता हूं मेरे विकास का आधार जेएच कॉलेज बैतूल है। मोहित गर्ग ने कहा मैनें मेरे गुरुओं के कारण सामाजिक क्षेत्र में ख्यातिप्राप्त की है। पूर्वसांसद सुभाष आहूजा ने कहा मेरे सांसद बनने का श्रेय जेएच कॉलेज को जाता है।

प्रवीण गुगनानी ने जेएच कॉलेज बैतूल को डीम यूनिवर्सिटी बनाने का प्रस्ताव रखा सभी ने सहमति देकर प्रस्ताव पारित किया। कार्यक्रम में घनश्याम मदान, मुकेश वर्मा, अरुण कुमार चौधरी, वैभवकुमार मालवीय, नेताराम रावत, शशिकांत, दिलीप पगारिया, शिवचरण गढ़ेकर, विभास पांडे, धीरज हिराणी, नितेश कालभोर, डॉ. सुदामाकोकाटे, संतोष महोबिया, रंजीत धुर्वे उपस्थित रहे।

■ न्यूज गैलेरी

## परीक्षा में बने 10 नकल प्रकरण

**बैतूल।** राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय छिंदवाड़ा के विश्वविद्यालय उड़नदस्ता दल ने परीक्षा में सर्वाधिक 10 नकल प्रकरण बने हैं। जबकि प्रतिदिन 2 से 3 नकल प्रकरण बन रहे थे। अभी तक सभी महाविद्यालयों में मिलाकर और सभी के प्रयासों से 100 से अधिक नकल प्रकरण बन चुके हैं।

उड़नदस्ता दल ने जयवंती हॉक्सर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, शासकीय कन्या कॉलेज, बैतूल; विवेकानंद विज्ञान कॉलेज बैतूल, डॉ. भीमराव आंबेडकर कॉलेज आमला, शासकीय स्नातकोत्तर कॉलेजमुलताई, शासकीय कॉलेज घोड़ाडोंगरी, शासकीय कॉलेजआठनेर, शासकीय कॉलेज शाहपुर, शासकीय कॉलेज सारनी, शासकीय कॉलेज भैंसदेही के कॉलेजों में प्रतिदिन किसी भी महाविद्यालय के परीक्षा केंद्र पर निरीक्षण किया।

## शॉर्ट फिल्म गीत, कविता एवं स्लोगन आमंत्रित

**बैतूल।** मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत स्कूल/ कॉलेज के विद्यार्थियों एवं जिले के आम नागरिकों से अपील की गई है। कि वे त्रिस्तरीय पंचायत एवं नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2022 के लिए मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत शॉर्ट फिल्म प्रतियोगिता, गीत प्रतियोगिता, कविता प्रतियोगिता एवं स्लोगन प्रतियोगिता के एक मिनट से डेढ़ मिनट का वीडियो बनाकर सहायक प्राध्यापक एवं नोडल अधिकारी सेन्स प्लान 2022 जयवंती हॉक्सर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बैतूल प्रो. मनोज घोरसे के मोबाइल नंबर 8966981823 पर 16 जून 2022 से 23 जून 2022 तक भेज सकते हैं। इस कार्य के लिए जिला सहायक नोडल अधिकारी डॉ. सुखदेव डोंगरे से सहयोग एवं मार्गदर्शन प्राप्त किया जा सकता है। उक्त प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों एवं प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को कलेक्टर द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

## युवा संवाद में 1800 स्टूडेंट्स ने ऑनलाइन पंजीयन करवाए

**बैतूल।** युवा संवाद का राज्य स्तरीय कार्यक्रम 6 अप्रैल को 12 बजे से कुशाभाऊ ठाकरे सभागृह भोपाल में होगा। जिसमें प्रदेश के सभी कॉलेजों के विद्यार्थी ऑनलाइन जुड़ेंगे। जेएच कॉलेज बैतूल के प्राचार्य डॉ. राकेश कुमार तिवारी ने बताया इस कार्यक्रम से कॉलेज के विद्यार्थी ऑनलाइन जुड़ेंगे। कॉलेज परिसर में युवा संवाद राज्य स्तरीय कार्यक्रम का बैनर प्रचार प्रचार हेतु लगा दिया है। कॉलेज के सभी कक्षाओं के विद्यार्थी विवेकानंद सभागृह में कार्यक्रम में जुड़ेंगे और सवाल करेंगे। जेएच कॉलेज बैतूल में अभी तक 1800 विद्यार्थियों ने ऑनलाइन पंजीयन कराया है।

■ आयोजन

**जेएच कॉलेज में विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर हुए कई आयोजन**

# एनसीसी कैडेट ने निकाली रैली, तंबाकू का सेवन न करने की ली शपथ

■ **जे.एच.e न्यूज ▸▸ बैतूल।**

जेएच कॉलेज में 5 एमपी एनसीसी एवं एमपी 13 एनसीसी बटालियन नर्मदापुरम ने विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर एनसीसी कैडेट ने तंबाकू का सेवन नहीं करने के लिए लोगों को जागरूक करते हुए रैली निकाली। प्राचार्य डॉ. राकेश कुमार तिवारी, एनसीसी लेफ्टिनेंट डॉ. कमलेश अहिरवार, लेफ्टिनेंट डॉ. खुशाल देवधरे. एनएसएस जिला संगठक डॉ. सुखदेव डोंगरे की उपस्थिति में कैडेट्स एवं विद्यार्थियों को तंबाकू का कभी भी सेवन नहीं करने की शपथ दिलाई।

जागरूकता अभियान के अंतर्गत पोस्टर प्रतियोगिता में वैष्णवी सोलंकी प्रथम, दिव्या सोलंकी द्वितीय, ज्योति यादव ने तृतीय स्थान, स्लोगन प्रतियोगिता में मोनू कहार प्रथम, साक्षी विश्वकर्मा द्वितीय, नीलिमा बर्डे ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में 50 कैडेट्स ने सहभागिता की। व्याख्यान में खुशबु झाड़े, वर्षा सूर्यवंशी, फातिमा, अजय सादव, सार्जेंट मोहित पाल, लवलेश सोलंकी, निकिता पंवार और भूमिका चौकीकर ने अपने विचार प्रकट किए। प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में डॉ प्रतिभा चौरे, किरण खातरकर एवं संजय विश्वकर्मा रहे।




## भाषण प्रतियोगिता में रौनक प्रथम, सुमित द्वितीय

राष्ट्रीय सेवा योजना ने तंबाकू निषेध दिवस पर संगोष्ठि का आयोजन किया। डॉ. निहारिका भावसार ने नशे से दूर रहने के लिए छात्र-छात्राओं को शपथ दिलाई। इस मौके पर डॉ. जीपी साहू ने कहा कि तंबाकू उत्पाद से 20 तरह के कैंसर होते हैं। तंबाकू निषेध दिवस पर जागरूकता लाने के लिए भाषण, निबंध, नारे लेखन, चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम रौनक बारमासे, द्वितीय सुमित पोटे, तृतीय सिद्धार्थ यादव, चित्रकला में प्रथम दामिनी मानकर, द्वितीय रौनक बारमासे, तृतीय सिद्धार्थ यादव, निबंध प्रतियोगिता में प्रणीता परिहार, द्वितीय सरला चौधरी, तृतीय पूनम धुर्वे, स्लोगन प्रतियोगिता में प्रथम ललिता पांडे, द्वितीय आंचल, तृतीय अर्जुन धाड़से रहे।

# कॉलेज में रुक नहीं रही नकल, फ्लाइंग स्क्वायड ने पकड़े 19 नकलची



**बैतूल।** छिंदवाड़ा यूनिवर्सिटी से जुड़े कॉलेजों में स्नातक कक्षाओं के छात्रों की परीक्षा हो रही है। परीक्षा में नकल रुक नहीं रही है। छात्र नकल कर रहे हैं। फ्लाइंग स्क्वायड निरीक्षण में केस बना रही है। 16 अप्रेल से शुरु परीक्षा में अभी तक 19 छात्रों के केस बनाए गए हैं। छात्र पर्ची के माध्यम से नकल कर रहे हैं। जेएच कॉलेज में सबसे अधिक नकल प्रकरण बने हैं। जिले में कॉलेज परीक्षाओं के केन्द्र जेएच कॉलेज बैतूल, शासकीय कन्या महाविद्यालय बैतूल, विवेकानंद विज्ञान महा. बैतूल, डॉ. भीमराव अंबेडकर महा. आमला, शा. स्नातकोत्तर महा.. मुलताई, शा. महा. घोड़ाडोंगरी, शासकीय महा. आठनेर, शासकीय ज्महा. शाहपुर, शा. महाविद्यालय सारनी, शा. महा. भैंसदेही के महाविद्यालयों में राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय कर रहा है।

छिंदवाड़ा की परीक्षा के अंतर्गत परीक्षा हो रही है। उड़नदस्ता दल कॉलेज में औचक निरीक्षण किया जा रहा है। जिसमें प्रतिदिन एक या दो नकल के प्रकरण बन रहे हैं। इन महाविद्यालयों में अभी तक 19 प्रकरण बन चुके हैं।

# ऊर्जा साक्षरता अभियान के लिए किया टीम का गठन

■ **जे.एच.e न्यूज ▸▸ बैतूल।**

कार्यालय जिला पंचायत बैतूल के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के आदेश के परिपालन में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों के माध्यम से ऊर्जा साक्षरता अभियान के प्रचार-प्रसार के लिए जेएच. कॉलेज बैतूल में युवा प्राध्यापकों की टीम गठित की।

इसमें संयोजक प्रो. मनोज कुमार घोरसे, सह संयोजक प्रो. शिव प्रकार पवार, सदस्य डॉ. मनोज उघड़े, डॉ. मनोहरराव गावंडे, डॉ. प्रियंका लिखितकर, प्रो. कृष्णा गौसर, प्रो. राजा अतुलकर, प्रो. दिव्या दांगी, प्रो. हितेष जैन को बनाया गया है। प्राचार्य डॉ. राकेश तिवारी ने बताया संयोजक एवं सदस्य ऊर्जा साक्षरता अभियान से जुड़ने के लिए



महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक एवं विद्यार्थियों को मोबाइल एप ऊषा, ऊर्जा विकास निगम या वेबसाइट पर लॉगिन कर ऊर्जा साक्षरता प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपरांत ऊर्जा साक्षर होने का प्रमाण पत्र मय संस्था के अधोहस्ताक्षरकर्ता को प्रेषित करें। डॉ. सुखदेव डोंगरे ने सभी शासकीय, अशासकीय महाविद्यालयों के प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों को भी ऊर्जा साक्षरता प्रशिक्षण में एप द्वारा सहभागिता करने के लिए कहा है।

# जेएच कॉलेज में प्रवेश के लिए 2861 छात्रों को सीटें हुई अलॉट




### यूजी कक्षा की प्रवेश की प्रथम चरण की सूची

| कक्षा | सीटे |
|---|---|
| बी.ए. | 775 |
| बीकॉम प्लेन | 150 |
| बीकॉम कम्यू. प्लेन | 92 |
| बीकॉम टैक्स | 33 |
| बीएससी बॉयोलॉजी | 499 |
| बीएससी मैथ्स | 206 |
| बीएससी कम्यू. सांई. | 98 |
| बीएससी | 61 |
| बीएससी बायोटेक, | 62 |
| बीबीए | 52 |
| बीसीए | 30 |
| **कुल सीट** | **2058** |

### पीजी कक्षा में प्रवेश की प्रथम चरण की सूची

| कक्षा | सीटे |
|---|---|
| एमए अर्थशास्त्र | 28 |
| एमए अंग्रेजी | 61 |
| एमए भूगोल | 15 |
| एमए हिंदी | 64 |
| एमए इतिहास | 41 |
| एमए राजनीति | 78 |
| एमए संस्कृत | 18 |
| एमए समाज शास्त्र | 19 |
| एमकॉम | 53 |
| एमएससी बायोटेक | 33 |
| एमएससी बॉटनी | 77 |
| एमएससी केमेस्ट्री | 81 |
| एमएससी मैथ्स | 63 |
| एमएससी माईक्रो बायो | 40 |
| एमएससी भौतिक शास्त्र. | 49 |
| एमएससी जुलॉजी | 83 |
| **कुल सीटे** | **803** |

**बैतूल।** उच्च शिक्षा विभाग की ओर से यूजी और पीजी की कक्षाओं में प्रवेश को लेकर 2861 छात्रों को सीटें अलॉट करने के साथ ही प्रवेश प्रक्रिया आरंभ कर दी है। प्रथम चरण की प्रवेश प्रक्रिया में जेएच कॉलेज में यूजी की कक्षा में प्रवेश के लिए 11 कक्षाओं में 2058 छात्रों को सीटें अलॉट की गई है। वहीं पीजी की 15 कक्षाओं में प्रवेश के लिए 803 छात्रों को सीटें अलॉट की गई है। सीटें अलॉट होने वाले छात्रों को 12 जून तक संबंधित कक्षाओं में प्रवेश लेना होगा नियत तिथि तक प्रवेश नहीं लेने वाले छात्रों को 12 जून के बाद में कॉलेज स्तर पर होने वाले सीएलसी राउंड में शामिल होकर प्रवेश ले सकते है। उच्च शिक्षा विभाग से मिली जानकारी के अनुसार इस बार प्रथम चरण की प्रवेश प्रक्रिया में हायर एजुकेशन की ओर से छात्रों की सीटें अलॉट की गई है

## कॉलेज स्तर पर होगी सीएलसी राउंड

प्रथम चरण की प्रवेश प्रक्रिया के बाद में प्रवेश से वंचित छात्र ऑनलाइन सीएलसी प्रक्रिया में महाविद्यालयों में सूचना पटल पर प्रदर्शित की जाएगी। आरक्षण श्रेणी का उम्मीदवार नहीं होने की स्थिति में रिक्त सीटों के नियमानुसार सीट परिवर्तन नियम लागू किया जाएगा। प्रथम चरण की प्रवेश प्रक्रिया में स्नातक प्रथम वर्ष के लिए 17 जून से प्रक्रिया आरंभ होगी।

## पांच हजार सीटों पर कॉलेज में होना है प्रवेश

जेएच कॉलेज में यूजी और पीजी की 26 कक्षाओं में पांच हजार से अधिक सीटों पर प्रवेश होना है। जिसके लिए आधे से अधिक सीटों पर सीएलसी राउंड के तहत की प्रवेश हो सकेगें। उच्च शिक्षा विभाग की ओर से प्रथम चरण में 2861 छात्रों को सीटें अलॉट की गई है। शेष सीटों पर कॉलेज स्तर पर ही प्रवेश प्रक्रिया संपन्न होगी।

### इनका कहना...........

उच्च शिक्षा विभाग की ओर से यूजी और पीजी की कक्षाओं में प्रवेश के लिए 2861 छात्रों की सूची जारी की गई है। प्रथम चरण की प्रवेश प्रक्रिया के बाद में कॉलेज स्तर पर सीएलसी राउंड के तहत प्रवेश प्रक्रिया संपन्न कराई जाएगी।

**डॉ सुभाव खातरकर, आईटी सेल प्रभारी जेएच कॉलेज बैतूल।**

**आयोजन**

# राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने किया पर्यावरण दिवस पर व्याख्यान का आयोजन

**बैतूल।** शासकीय कन्या महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य पर पर्यावरणीय मुद्दे विषय पर एक दिवसीय व्याख्यान का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरुवात में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. विद्या चौधरी ने पर्यावरण और हम विषय पर व्याख्यान दिया। इसमें उन्होंने पर्यावरण के प्रति हमारी भूमिका विषय पर प्रकाश डाला। व्याख्यान में मुख्यवक्ता डॉ. सुखदेव डोंगरे ने वर्तमान समय में जल, वायु, मृदा प्रदुषण के कारण जल वायु परिवर्तन की चुनौतियों पर अपना व्याख्यान दिया। डॉ. साधना डहेरिया ने पर्यावरण जल संरक्षण के विषय में अपना व्याख्यान दिया। इसमें उन्होंने जल संचयन के तरीके के विषय में छात्राओं को जानकारी प्रदान की। राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी मेघा मालवी ने सतत विकास और हमारा साझा भविष्य विषय पर अपना व्याख्यान दिया। इसमें उन्होंने विश्व पर्यावरण एवं विकास आयोग की रिपोर्ट के आधार पर विभिन्न क्षेत्रों में सतत विकास की आवश्कता को समझाया। राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्रा करीना उइके, अनामिका अकोदिया ने पर्यावरण प्रदुषण विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. आशीष गुप्ता, डॉ. सरिता साहू, विनोद अड़लक, रेशमी अकोजम तथा राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राए उपस्थित थी।



■ सुविधा — कॉलेज के विद्यार्थियों को अब जीव-जंतुओं और पेड़ पौधों के प्रेक्टिकल के लिए मिलेगा भव्य भवन

# रिसर्च को बढ़ावा देने वर्ल्ड बैंक ने कॉलेज में बॉटनी व जूलॉजी की लैब बनवाई

■ **जे.एच.e न्यूज ▶▶ बैतूल।**

विज्ञान रिसर्च को बढ़ावा देने और कॉलेज की पढ़ाई को बेहतर बनाने के लिए जेएच कॉलेज परिसर में बन रहा लैब का भवन तैयार हो चुका है। भोपाल विकास प्राधिकरण की ओर से बनाए गए इस भवन को हैंडओवर करने की तैयारियां पूरी हो है। प्राधिकरण ने इसके लिए कॉलेज प्रबंधन को लिखा है। अब इस भवन में फिनिशिंग वर्क करके इसे जल्द ही हैंडओवर कर दिया जाएगा। इस भवन में बॉटनी यानी वनस्पति शास्त्र और जूलॉजी यानी जंतु शास्त्र के स्टूडेंट्स अच्छी तरह प्रैक्टिकल करके पढ़ाई के व्यवहारिक पहले से रूबरू हो सकेंगे।

वर्ल्ड बैंक की ओर से कॉलेजों में साइंस और प्रैक्टिकल व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए लैब और एक्स्ट्रा क्लास रूम बनवाने के लिए प्रोजेक्ट बनाया था। भोपाल विकास प्राधिकरण को प्रदेश के 17 कॉलेजों में लैब और अतिरिक्त क्लास रूम वाले भवन बनाने के लिए काम सौंपा था। इसी क्रम में जेएच कॉलेज में भी बॉटनी और जूलॉजी लैब समेत 7 बड़े क्लास रूम वाले भवन का निर्माण चल रहा था। जो अब पूरा हो गया है। फिनिशिंग वर्क चल रहा है, इधर भोपाल विकास प्राधिकरण के ठेकेदार की ओर से कॉलेज प्रबंधन को भवन हैंडओवर के लिए लिखा है।




वर्तमान में जूलॉजी और बॉटनी की लैब बेहद छोटे कमरों में संचालित हैं। प्रैक्टिकल के उपकरण और अन्य सामान को रखने की जगह तक नहीं रहती है। प्राणियों और पौधों के कांच की बोतलों में रखे स्पेसिमैन अव्यवस्थित ढंग से रखे जाते हैं। जगह नहीं होने के कारण स्टूडेंट्स को छोटे-छोटे बैच में बांटकर प्रैक्टिकल करवाने पडते हैं। लेकिन अब बड़ी लैब होने से अधिक सामान व्यवस्थित ढंग से रखा जा सकेगा। प्रैक्टिकल भी एक साथ करवाए जा सकेंगे।

## बड़े क्लास रूम से कक्षाएं लगाने में नहीं होगी परेशानी

जेएच कॉलेज में सैकड़ों स्टूडेंट्स पढ़ते हैं। ऐसे में क्लासरूम की समस्या भी लंबे समय से बनी हुई थी लेकिन इस नए भवन में 7 क्लास रूम भी हैं। इन रूम में क्लासें भी लग सकेंगी। अब क्लासें लगाने की समस्या भी दूर हो जाएगी। स्टूडेंट्स को बैठने के लिए पर्याप्त जगह मिल जाएगी।

## हमें हैंडओवर करने पत्र मिला है, जल्द निरीक्षण कराएंगे

वर्ल्ड बैंक के सहयोग से बनाई जा रही बॉटनी और जूलॉजी की लैब का भवन बनकर तैयार हो गया है। भोपाल विकास प्राधिकरण के ठेकेदार ने हमें पत्र लिखकर भवन हैंडओवर की बात लिखी है। जल्द ही निरीक्षण करके भवन को हैंडओवर लिया जाएगा। इसके बाद सामान शिफ्ट करके यहां लैब के प्रैक्टिकल की व्यवस्था बनाई जाएगी।

**– राकेश तिवारी, प्राचार्य जेएच कॉलेज**

# जेएच कॉलेज में निर्माणाधीन ऑडिटोरियम का कार्य शीघ्र होगा पूरा



■ **जे.एच.e न्यूज ▶▶ बैतूल।**

**बैतूल जिले के सबसे बड़े गर्वनमेंट जेएच कॉलेज में निर्माणाधीन ऑडिटोरियम के निर्माण में फिर आचार संहिता का पेंच आ गया है. ऑडिटोरियम का निर्माण लंबे समय से अधर में है, जनवरी माह में इसे पूरा कराने के लिए सहमति बनी और कॉलेज के जनभागीदारी मद से अधूरा निर्माण पूरा कराने का निर्णय लिया गया. जानकारी के अनुसार निर्माण एजेंसी पीआईयू द्वारा टैंडर कॉल तो कर दिया है, लेकिन आचार संहिता के बाद ही आगे की प्रक्रिया पूरी हो सकेगी. लिहाजा ऑडिटोरियम के निर्माण को पूरा होने में अभी और इंतजार करना पड़ेगा. नगरीय निकाय चुनाव की आचार संहिता लगने की वजह से अब ऑडिटोरियम का निर्माण कार्य फिर लटक गया है.**

हालांकि पीआईयू द्वारा टेंडर प्रक्रिया पूरी तो कर ली लेकिन अब निर्माण कार्य के लिए आगे की प्रक्रिया चुनाव के बाद ही संभव हो सकेगी. लंबे समय से महाविद्यालय प्रबंधन भी ऑडिटोरियम के पूरा होने का इंतजार कर रहा है. वार्षिक उत्सव, युवा उत्सव एवं अन्य कार्यक्रमों के लिए महाविद्यालय को खेल के मैदान में मंच तैयार करना होता है या किसी बड़े कक्ष का सहारा लेना होता है.

लंबे समय से जेएच कॉलेज के ऑडिटोरियम का निर्माण अधर में है. कभी सरकार बदलने का पेंच फंसा तो अब आचार संहिता का. प्राप्त जानकारी के अनुसार संभागीय परियोजना लोक निर्माण विभाग पीआईयू द्वारा एक करोड़ 20 लाख रुपए का निर्माण ऑडिटोरियम में कराया गया है.

### इनका कहना-

जेएच कॉलेज के ऑडिटोरियम का शेष निर्माण आचार संहिता की वजह से चुनाव के बाद ही संभव हो सकेगा. टेंडर की प्रक्रिया की जा चुकी है.

**ज्ञानदेव भूमरकर,**
**एसडीओ पीआईयू बैतूल**

## 1 करोड़ 29 लाख 25 हजार 264 से निर्माण होगा पूरा

28 जनवरी 2022 को महाविद्यालय की जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष/कलेक्टर की अध्यक्षता में आयोजित सामान्य परिषद की बैठक में सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया था कि ऑडिटोरियम का शेष निर्माण कार्य पीआईयू द्वारा प्राप्त प्राक्कलन राशि 1 करोड़ 29 लाख 25 हजार 264 रुपए महाविद्यालय जनभागीदारी मद से सम्पन्न कराया जाए. उक्त प्रस्ताव के आधार पर उच्च शिक्षा आयुक्त डॉ अनिल राजपूत द्वारा 25 अप्रैल को ऑडिटोरियम के निर्माण को पूर्ण कराने हेतु उक्त राशि से कराने हेतु प्रशासकीय स्वीकृति भी दी जा चुकी है.

# टिटहरी ने दिए चार अंडे, बैतूल में अच्छी बारिश की संभावना



**बैतूल।** जेएच कॉलेज बैतूल प्राणिशास्त्र के प्राध्यापक एवं बॉयोटेक्नालॉजी के विभागाध्यक्ष डॉ. सुखदेव डोंगरे के अनुसार इस वर्ष 2022 में नौतपा कम तपा है न्यूनतम 37.5, अधिकतम 41.5 डिग्री सेल्सियश रहा एवं बीच में हल्की बारिश भी हुई है, जिसके अनुसार बारिश बहुत कम होना चाहिए, लेकिन नौतपा के पूर्व एवं बाद में गर्मी का तापक्रम मई 2022 में 43.5 से 44 डिग्री सेल्सियश तक पहुंच गया था। इसलिए बारिश अच्छी होने की संभावना बनती है। इस वर्ष बैतूल के कालापाठा क्षेत्र में नाले के किनारे टिटरी ने भूरे एवं गोल चट्टे वाले चार अंडे दिए थे। आरएम नाईक, पीवी चार्ज, बी. धूर्व (1961) मुंबई, मुनपुर तेज (1885) पूना, एस श्रीधर करबंकी (1991), केसी टसंग व वांग लुवन केंगे (2007) के अनुसार जिस वर्ष टिटरी पक्षी चार अंडे देता है उस वर्ष बारिश अच्छी होती है। भारतीय मौसम विभाग के महानिदेशक डॉ. केजे रमेश (2019) नौतपा की मान्यता एवं टिटरी के चार अंडे देने का संबंध बारिश से होने की मान्यता को पूरी तरह से नकार देते हैं, इसके बावजूद भी प्रोफेसर डॉ. सुखदेव डोंगरे ने 17 जून 2019 को नौतपा एवं बारिश के संबंध में अपना शोधपत्र जारी किया था जिसमें अच्छी बारिश की संभावना जताई थी, उस वर्ष बारिश 50 इंच से अधिक बारिश हुई थी, जबकि बैतूल जिले की औसत बारिश 43.8 इंच है। इसी प्रकार 2012 में भी शोधपत्र जारी कर बताया था टिटेरी ने चार अंडे दिए हैं इसलिए उम्दा बारिश की संभावना व्यक्त की थी वह भी सच साबित हुई और 2012 में बारिश 64.48 इंच बारिश दर्ज की गई थी। डॉ. सुखदेव डोंगरे के. 2012 एवं 2019 के शोधपत्र के अनुसार बारिश की संभावना सत्य साबित हुई। इस वर्ष डॉ. सुखदेव डोंगरे का मानना है कि बहुत ही उम्दा बारिश तो नहीं लेकिन बारिश अच्छी एवं सामान्य होगी।

## नौतपा की स्थिति

| दिनांक | 2016 | 2017 | 2018 | 2019 | 2020 | 2021 | 2022 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 25 मई | 41.2 | 41.7 | 42.5 | 42.0 | 43.4 | 37.7 | 38.7 |
| 26 मई | 40.3 | 42.6 | 43.2 | 42.5 | 43.0 | 38.5 | 38.5 |
| 27 मई | 40.0 | 43.7 | 42.2 | 44.2 | 42.7 | 39.0 | 38.7 |
| 28 मई | 39.4 | 41.5 | 44.7 | 43.5 | 41.0 | 39.0 | 38.2 |
| 29 मई | 38.3 | 39.4 | 43.8 | 44.2 | 41.8 | 38.5 | 37.5 |
| 30 मई | 39.2 | 37.7 | 42.6 | 43.5 | 41.0 | 38.2 | 39.7 |
| 31 मई | 40.0 | 40.0 | 42.5 | 43.7 | 40.5 | 37.7 | 40.4 |
| 01 जून | 41.8 | 38.0 | 41.5 | 43.5 | 40.4 | 34.7 | 41.5 |
| 02 जून | 41.3 | 40.3 | 41.0 | 42.0 | 40.2 | 35.0 | 41.0 |

# वोटरों को जागरूक करने के साथ निष्पक्ष मतदान का लिया संकल्प



**मुलताई।** मतदाताओं को मतदान का महत्व बताकर मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा है। मतदाताओं को निष्पक्ष मतदान करने की भी समझाइश दी जा रही है। मंगलवार को ग्राम दुनावा में कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने मतदान करने के साथ दूसरों को भी मतदान के लिए जागरूक करने का संकल्प लिया। सहायक नोडल अधिकारी सुखदेव डोंगरे ने कॉलेज के छात्र-छात्राओं को मतदान का महत्व बताया।

उन्होंने कहा मतदान के दिन सभी काम छोड़कर सभी को पहले मतदान करना चाहिए। निष्पक्ष और बिना किसी भय के अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए। छात्र - छात्राओं को मतदान करने की शपथ दिलाई गई। अनुपम कड़वे, अनुरागं कड़वे, अशोक सोनी, प्रकाश गोहिते, ओवेस खान, सोनम साहू, पुष्पलता धुर्वे ने भी मतदान का महत्व बताया।

कॉलेज छात्र-छात्राओं ने मतदान करने के साथ ग्रामीणों को भी मतदान के लिए प्रेरित करने की बात कही। छात्र-छात्राओं ने कहा त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में शत प्रतिशत मतदान हो इसके लिए लगातार मतदाताओं को जागरूक करने अभियान चलाया जाएगा। स्वयं मतदान करने के साथ ग्रामीणों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

# जेएच कॉलेज में शुरू होगा तीन माह का योग प्रशिक्षण सर्टिफिकेट कोर्स

## छात्र-छात्राओं एवं प्राध्यापकों ने किया योग एवं प्राणायाम

**जे.एच.e न्यूज ▸▸ बैतूल।**

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2022 पर उच्च शिक्षा विभाग, मप्र शासन के आदेशानुसार जयवंती हॉक्सर शासकीय स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राकेश कुमार तिवारी के मार्गदर्शन में आठवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया। मप्र के मुख्यमंत्री एवं देश के प्रधानमंत्री के संदेश के वाचन के पश्चात योगाभ्यास का आयोजन किया गया। ÷योग के अंतर्गत, सूक्ष्म व्यायाम के पश्चात आसन, प्राणायाम व ध्यान करवाया गया। महाविद्यालय के प्राध्यापकों के साथ विद्यार्थियों ने ताड़ासन, वृक्षासन, पादहस्ताशन, चक्रासन, त्रिकोण आसन व दंडासन, भद्रासन, अर्ध उष्ट्रासन, पूर्ण अष्टासन, शशांक आसन और वज्रासन और अक्षर भुजंगासन, शलभ आसन और पेट के बल वक्रासन, पीठ के बल लेटकर, सेतुबंध आसन, पवनमुक्तासन और शवासन जैसे आसनों का अभ्यास किया जाता था। तत्पश्चात उन्होंने कपालभाति, नाड़िशोधन और भ्रामरी प्राणायाम किया और शांभवी मुद्रा में ध्यान किया और



संपूर्ण विश्व के लिए प्रार्थना की, %सर्वे भवंतु सुखिनः सर्वे संतु निरामया। कार्यक्रम के अंत में कॉलेज प्राचार्य डॉ. राकेश कुमार तिवारी द्वारा आने वाले सत्र में तीन माह का योग प्रशिक्षण सर्टिफिकेट कोर्स प्रारंभ करने की घोषणा की, तथा सभी सहभागियों से प्रतिदिन योग करने के लिए कहा। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम संयोजक डॉ. अल्का पांडे द्वारा तथा मंच पर प्रदर्शन आर्ट ऑफ लिविंग की प्रशिक्षिका श्रीमती चन्दन शाह व श्रीमती सुनन्दा साहू द्वारा किया गया। कार्यक्रम का आयोजन एनसीसी महिला व पुरुष विंग, एनएसएस महिला व पुरुष इकाई व ईको क्लब तथा क्रीड़ा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में हुआ। समिति के सदस्य डॉ. सुखदेव डोंगरे, डॉ. गोपाल साहू, डॉ. कमलेश अहिरवार, डॉ. खुशाल देवघरे व डॉ. नीलिमा पीटर का सहयोग सराहनीय रहा। एनसीसी महिला विंग की लगभग 60 लोगों छात्राएं उपस्थित थी। लगभग 300 लोगों ने योग कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम में डॉ. विजेता चौबे, डॉ. अनिता सोनी, डॉ. अर्चना मेहता, डॉ. धर्मेंद्र कुमार, डॉ. सलिल दुबे, डॉ. बीडी खातरकर, डॉ. मीनाक्षी चौबे, प्रो. वागद्रे, प्रो. अर्चना सोनी, डॉ. एकनाथ निरापुरे व शीतल खरे, प्रो.सुनीता गढ़ेकर व अन्य कई प्राध्यापकों व कर्मचारीगणों के साथ-साथ बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे, जिन्होंने पूरे उत्साह के साथ कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनी भागीदारी प्रस्तुत की। आभार प्रदर्शन क्रीडा अधिकारी डॉ. नीलिमा पीटर द्वारा किया गया। इस दौरान स्वलपाहार की व्यवस्था भी की गई थी।

# जेएच कॉलेज में कोविड टीकाकरण फिर हुआ शुरू

■ जे.एच.e न्यूज ▶▶ बैतूल

स्वास्थ्य विभाग के योगेन्द्र दवंडे ने जेएच कॉलेज में कोविड टीकाकरण पुनः प्रारंभ किया। जिसमें एएनएम, कुसुम लवाहे, अंजली मोहबे, अनुराधा बारंगे, सहयोगी सुमित मालवीय की ड्यूटी लगाई। सीएमएचओ डॉ. एके तिवारी, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. अरविंद भट्ट ने बताया कि कॉलेज में परीक्षाओं को मद्देनजर रखते हुए टीकाकरण केंद्र हटा दिया था, जिसे 1 पुनः प्राचार्य डॉ. राकेश कुमार तिवारी के संरक्षण में राष्ट्रीय सेवा योजना के सहयोग से पुनः प्रारंभ कर किया है।

बुधवार को 13 विद्यार्थियों ने टीके लगवाए। 10 जून से कॉलेज प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों की संख्या बढ़ेगी उसी के साथ टीका लगवाने वालों की भी संख्या बढ़ जाएगी। इस सेंटर पर को वैक्सीन, कोविशील्ड, सार्स वैक्सीन (14 वर्ष तक के बच्चों के लिए) के डोज लगाए जा रहे हैं।





# जेएच कॉलेज में एनएसएस ने मनाया विश्व स्वास्थ्य दिवस



**बैतूल।** आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना महिला एवं पुरुष इकाई द्वारा विश्व स्वास्थ्य दिवस प्राचार्य डॉ. राकेश तिवारी प्रो. एमडी वाघमारे प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय शाहपुर जिला चिकित्सक जिला चिकित्सालय बैतूल मीडिया प्रभारी श्रुति गौर तोमर, डॉ. रमेश काकोड़िया जिला संगठक डॉ. सुखदेव डोंगरे, एनसीसी अधिकारी कमलेश अहिरवार, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी नीलिमा पीटर के आतिथ्य में संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. राकेश तिवारी ने कहा कि एनएसएस के स्वयंसेवक सप्ताह में एक दिन जिला चिकित्सालय में जाकर वहां की समस्याओं को देखें और मरीजों की सहायता करें। प्रो. एमडी वाघमारे ने कहा कि किसी भी कार्य को करने में शर्म ना करें कोई भी काम छोटा बड़ा नहीं होता। श्रुति गौर तोमर ने कहा कि अच्छा भोजन स्वास्थ्य शरीर का मूल मंत्र है उन्होंने कहा कि जंक फूड से बचें। रमेश काकोडिया ने कहा कि आप नियमित रूप से योगाभ्यास करेंगे तो अस्पताल जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। स्वयंसेवक को द्वारा रक्तदान जागरूकता, और मतदाता जागरूकता पर नाटक प्रस्तुत किया गया तथा लोकनृत्य भी किए गए। वरि स्वयंसेवक ललित तायवड़े, दीपाली पांडे ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन संतोष पवार एवं आभार डॉ. सुखदेव डोंगरे द्वारा व्यक्त किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में दल नायक नवीन नागले, संजय उइके, योगेश्वर पहाडे, हिमांशु पटिल, अमित मालवीय, बालकिशोर अमरूते, पूनम मालवीय, तनु महोबे, कन्हैया अमरूते, नितेश अमरूते, अभय वामनकर, दुर्गा प्रसाद मोरले, रानी खवासे, शिवानी महोबे, आंचल महोबे, महिमा देशमुख, कविता वाड़बुदे, रौनक बारमासे, दामिनी मानकर, रोशनी सातपुते, दीपिका वागद्रे प्रणिता परिहार, गायत्री मालवीय, गायत्री कड़ोपे, अर्जुन मोरेश्वर, भारती चढ़ोकार, रागिनी पंवार, रोशनी बनकर, भूषण भावसार, सुमित पोटे, निकिता सराटकर, दिव्या सोलंकी, वैष्णवी सोलंकी, खुशबू झाड़े का सराहनीय योगदान रहा।

■ आयोजन — नाटक के माध्यम से वैक्सीनेशन को लेकर भ्रांतियां की गई दूर

# एनएसएस शिविर के समापन पर मिली उपयोगी जानकारी

**बैतूल।** पंडित जवाहरलाल नेहरू महाविद्यालय आमला के 7 दिवसीय एनएसएस विशेष शिविर का समापन बड़े धूमधाम से किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मध्य प्रदेश शासन के पूर्व राज्य संपर्क अधिकारी एवं राष्ट्रीय समन्वयक एनएसएस बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के डॉ. महेंद्र गिरी एवं जिला समन्वयक राष्ट्रीय सेवा योजना के सुखदेव डोंगरे उपस्थित रहे। महाविद्यालय के संचालक मनोज मालवे, यशवंत चोकार शैलेंद्र गुप्ता एवं प्राचार्य डॉ. केशवानंद साहू ने कार्यक्रम की शुरुआत स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ की। कार्यक्रम की शुरुआत में दलनायकों ने स्वागत गीत गया। इसके बा स्वयंसेवकों के प्रेरक गीत ने अतिथियों को मंत्र मुग्ध कर दिया। समापन कार्यक्रम में स्वयंसेवकों ने नाटक प्रस्तुत कर वैक्सीनेशन को लेकर जो भ्रांति फैली है, उसे दूर कर आमजन को प्रेरित किया। इसके बाद 7 दिनों तक हुए विभिन्न कार्यक्रमों को लेकर स्वयंसेवकों ने मुख्य अतिथियों के साथ अपने अनुभव साझा किए। अंत में मुख्य अतिथि डॉ. महेंद्र गिरी ने इतिहास के महत्वपूर्ण एवं रोचक जानकारी से अवगत कराकर अकबर और बीरबल के किस्से बताकर स्वयंसेवकों को खूब हंसाया। डॉ. सुखदेव डोंगरे ने भी गौतम बुद्ध और संविधान की महत्वपूर्ण जानकारी बुद्ध, से विद्यार्थियों को अवगत कराया। पूर्व नपाध्यक्ष मनोज मालवे ने राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से चरित्र निर्माण एवं अनुशासन का पाठ स्वयंसेवकों के सम्मुख रखा । कार्यक्रम का संचालन स्वयंसेवकों ने एवं एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी अरविंद पाटणकर एवं महिला कार्यक्रम अधिकारी प्रीति मालवीय ने किया। प्राचार्य डॉ. केशवानंद साहू ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। सरपंच सुखदेव बिजवे ने महाविद्यालय को ग्राम में कैंप लगाने के लिए धन्यवाद दिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक धर्मपाल मालवीय, अरविंद पाटणकर, राजू देशमुख, राकेश बामने, खेमराज सोलंकी, प्रदीप बावने, मुकुंदराव ठाकरे, ओम प्रकाश पांडे, शंकर बिंझाड़े, शबाना खान, अंजलि राठौर, रजनी पांसे, नीतू वागद्रे, कंचना आठनेरे, संगीता पाल, अजय यादव, राकेश सुनारिया, राजेश गुलबाके एवं छोटू आदि उपस्थित थे।

## एनएसएस के स्वयंसेवकों ने किया रक्तदान

**बैतूल। राष्ट्रीय सेवा योजना का मूल उद्देश्य में व्यक्तित्व विकास के साथ समाज और राष्ट्रहित सर्वोपरी है। स्वच्छता, जल संवर्धन, मतदाता जागरूकता, पौधारोपण आदि के अलावा जब कभी रक्तदान की आवश्यकता होती है एनएसएस के स्वयंसेवक पीछे नहीं रहते हैं। 18 अप्रैल 2022 को जेएच कॉलेज बैतूल की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयं सेवको द्वारा जिला चिकित्सालय में पीलिया बीमारी से पीड़ित जेएच कॉलेज के एमएससी रसायन शास्त्र के छात्र व एनएसएस के स्टेट कैम्पर 2020 निलेश भूसुमकर के लिए एनएसएस स्वयंसेवक सीताराम धुर्वे द्वारा एबी पॉजेटिव रक्तदान किया। रक्त की कमी के मरीज मनीष धुर्वे के लिए स्वयंसेवक गौरव मेहरा द्वारा भी एबी पॉजेटिव रक्त दान किया। इस अवसर पर वरिष्ठ स्वयंसेवक सतीश सलामे, संजय उइके, दुर्गेश कुमरे, कन्हैया अमरूते नवीन नागले बालकिशोर अमरुते उपस्थित रहे।**

# रक्तदान के लिए हमेशा तत्पर राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक





**■ जे.एच.e न्यूज ▸▸ बैतूल**

बैतूल। जेएच कॉलेज बैतूल के एनएसएस स्वयं सेवक कन्हैया अमरूते द्वारा प्राचार्य डॉ. राकेश तिवारी रासेयो जिला संगठक डॉ. सुखदेव डोंगरे के मार्गदर्शन में मानव संवेदना एव दयाभाव से विश्व रक्तदान दिवस पर जिला चिकित्सालय बैतूल में सिकलसेल एवं थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चो के लिए 5 वी बार रक्त दान किया इस अवसर पर जिला कलेक्टर अमनवीर सिंह बैस ने रक्तदाता कन्हैया अमरुते को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया और कहा कि आप सभी इन नन्हें नन्हें बच्चों के लिए रक्तदान करते हैं और इन बच्चों को जीवनदान देते हैं। ऐसे ही आप लोग रक्तदान करते रहे। शैलेन्द्र बिहारिया ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक कभी भी इन नन्हें-नन्हें बच्चें के लिए रक्तदान करने के लिए तत्पर रहते और सभी रक्त वीरों को रक्तदान करने के लिए शपथ दिलाई। इस अवसर पर ब्लड बैंक के सभी अधिकारि गण उपस्थित थे। राष्ट्रीय सेवा योजना पुरूष इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. गोपाल प्रसाद साहू, डॉ. नीलिमा पीटर ने कन्हैया अमरूते को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर बायोटेक्नोलॉजी डिपार्टमेंट्स से डॉक्टर निहारिका भावसार राष्ट्रीय सेवा योजना के वरिष्ठ स्वयंसेवक प्रवीण परिहार, सोमचंद साहू, दीपाली पांडे, ललित तायवाडे, स्वयंसेवक संजय उइके, योगेश्वर पहाड़े, बाल किशोर अमरूते, हिमांशु पाटील, दुर्गेश कुमरे आदि उपस्थित थे।

## युवा संवाद के राज्य स्तरीय कार्यक्रम के लिए बैठक हुई

**बैतूल। युवा संवाद राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की मौजूदगी में 6 अप्रैल 2022 को दोपहर 12 बजे से कुशाभाऊ ठाकरे सभागृह भोपाल में कार्यक्रम आयोजित होना है। जिसमें सभी महाविद्यालय के विद्यार्थी ऑनलाइन जुड़ेंगे। इसकी तैयारियों के लिए जेएच कॉलेज बैतूल में प्राचार्य डॉ. राकेश कुमार तिवारी की अध्यक्षता में बैठक का -आयोजन किया गया।**

कॉलेज परिसर में युवा संवाद राज्य स्तरीय कार्यक्रम का बैनर प्रचार के लिए लगा दिए गए हैं। डॉ. राकेश कुमार तिवारी ने बताया महाविद्यालय के सभी कक्षाओं के स्टूडेंट्स विवेकानंद सभागृह में उपरोक्त कार्यक्रम में जुड़ेंगे और मुख्यमंत्री से प्रश्न पूछते हुए संवाद करेंगे। जेएच कॉलेज बैतूल में अब तक 1800 विद्यार्थियों द्वारा ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करवाया जा चुका है। उपरोक्त कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए समिति का संयोजक डॉ. सुभाष खातरकर, सह संयोजक डॉ. मनोज उघड़े, सदस्य डॉ. सुखदेव डोंगरे, प्रो. गुलाबराव राने, प्रो. बीआर खातरकर, डॉ. खुशाल देवधरे, प्रो. मनोज घोरसे को बनाया गया है।

### छात्र-छात्राओं ने सुना प्रधानमंत्री का उद्बोधन

बैतूल। जेएच कॉलेज के तीन कक्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से की गई स्टूडेंट्स से परीक्षा पर चर्चा का वर्चुअल प्रसारण किया गया। कार्यक्रम में देश भर के स्टूडेंट्स, शिक्षक और पालकों ने यह संवाद सुना। इसमें कॉलेज प्राचार्य, प्राध्यापकों और स्टूडेंट्स ने सहभागिता की।

## सोनाघाटी की पहाड़ियों पर मिली बुद्ध प्रतिमा

**बैतूल।** शहर से 4 किलोमीटर दूरी पर स्थित सोनाघाटी की पहाड़ी पर फोरलेन के नजदीक रामदास पाटिल, मुकेश गायकवाड़ एवं संदीप मानकर ने एक प्राचीन कालीन मूर्ति देखी जिसकी सूचना जयवंती हॉक्सर शासकीय स्नातकोत्तर महा विद्यालय बैतूल के प्रोफेसर डॉ. सुखदेव डोंगरे को दी। डॉ. सुखदेव डोंगरे ने आरपीडीएस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मिलिंद बौद्ध, महेंद्र खोबरागढ़े, लोकेश कवले, तोषी, शिक्षिका श्रीमती भागरती डोंगरे, प्रो. अर्चना .. सोनारे के साथ जाकर मूर्ति का अवलोकन एवं परीक्षण किया। मूर्ति की कपड़े एवं पानी से साफ किया तो मूर्ति भगवान बुद्ध की ÷होना पाया। यह बुद्ध की मूर्ति छटवीं से आठवीं शताब्दी की हो सकती है। मात्र भगवान बुद्ध ही. एक ऐसे मानव हुए जिनके कान एवं सिर बड़े आकार का है, जो इस मूर्ति में भी पाया गया। मूर्ति के पीछे आभा मंडल स्पष्ट दिखाई दे रहा है, जिसे ओरा अथवा प्रभा मंडल भी कहा जाता है। यह प्रतिमा भग्ना अवस्था में सोनाघाटी की पहाड़ी पर मौजूद है।



## कॉलेज चलो अभियान नई शिक्षा, नई उड़ान के लिए सक्रिय प्रयास जारी



**बैतूल।** मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग भोपाल आयुक्त के आदेश के परिपालन में जेएच कॉलेज बैतूल में एनसीसी एवं एनएसएस सहित अन्य युवा प्राध्यापकों के द्वारा कॉलेज चलो अभियान के अंतर्गत 1 मई से 15 मई 2022 तक राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के संबंध में विद्यार्थियों तथा पालकों को समझाइश देने में लगे हैं। नई शिक्षा, नई उड़ान मध्यप्रदेश शासन द्वारा शीघ्र ही प्राध्यापकों, जिला शिक्षा अधिकारी, विद्यालय के प्राचार्य को उपलब्ध कराई जाएगी। जिसके तहत जिला शिक्षा अधिकारी एवं स्कूलों के प्राचार्य विद्यार्थियों को महाविद्यालय पढ़ने के लिए अधिक से अधिक प्रेरित करेंगे। मध्यप्रदेश शासन का यह मानना है कि 12वीं के बाद 20 से 30 प्रतिशत विद्यार्थी पढ़ना छोड़ देते हैं। प्राचार्य डॉ. राकेश कुमार तिवारी ने बताया कि मुख्यमंत्री जी ने प्रत्येक गरीब विद्यार्थी को उच्च शिक्षा हासिल कराने का संकल्प लिया है। इसलिए गरीब विद्यार्थियों को पढ़ाने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। डॉ. गोपाल साहू सहायक प्राध्यापक के नेतृत्व में कॉलेज चलो अभियान को बढ़ाने के लिए 7 समिति गठित कर दी है। सभी युवा प्राध्यापक सक्रिय रूप से स्कूलों के प्राचार्य एवं विद्यार्थियों से संपर्क कर रहे हैं। एनएसएस के जिला संगठक डॉ. सुखदेव डोंगरे ने बताया जिल के सभी शासन एवं अशासकीय महाविद्यालयों का दायित्व है कि 12वीं पास विद्यार्थी महविद्यालय में हर संभव प्रवेश लें।

# सद्‌गुरू कबीर जयंती समरोह में डॉ. सुखदेव डोंगरे ने मतदान की शपथ दिलाई



**बैतूल।** सद्‌गुरू कबीर दयानाम आश्रम अभिनंदन सरोवर के पीछे कोठीबाजार बैतूल में सदुरू कबीर दयानाम महिला समिति सदर बैतूल के तत्वावधान में सदुरू कबीर जी की जयंती के अवसर पर कबीर आश्रम में सफेद झंडा चढ़ाकर आरती चौका करते हुए मधुर न संगीतमय कबीर भजन एवं कबीर वाणी के प्रवचन करते हुए कबीर जयंती संपन्न हुई। इस दौरान मतदाता जागरुकता के जिला सहायक नोडल अधिकारी डॉ. सुखदेव डोंगरे द्वारा त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव में मतदान करने की शपथ दिलाई गई। कबीर जयंती के अवसर पर दीवान भूपति साहेब, दीवान बस्तीराम, जेएच कॉलेज बैतूल के प्रोफेसर डॉ. सुखदेव डोंगरे, पूर्व प्राचार्य पीआर पाटिल, पूर्व पार्षद भद्दू पाटिल, डीएच मासोदकर, महेंद्र खोबरागडे, लाकेश खवले, समिति की अध्यक्ष चंद्रकला डोंगरे, सचिव श्रीमती भागरती डोंगरे को उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन जबलपुर के बालकदास जावलकर ने किया एवं आभार प्रकट नागोराव डोंगरे ने किया। कार्यक्रम में डॉ. सुखदेव डोंगरे ने कहा सद्‌गुरू कबीर जी भारत के सच्चे समाज सुधारक थे। कबीर जी अंध विश्वास, पाखंड, मूर्ति पूजा, ढोंग, दिखावा के प्रखर विरोधी थे। दीवान भूति साहेब ने कहा कबीर जी के अनुसार- ऐसी वाणी बोलिये मन का आपा ना खोए, औरन को शीतल करे, आपहूं शीतल होय । चंद्रकला डोंगरे ने कहा कबीर जी ने हमेशा सामाजिक न्याय की बात कही है और हिन्दु मुस्लिम को एक साथ मिलकर रहने की सलाह दी है। भागरती डोंगरे ने कहा कबीर जी मूर्ति पूजा के विरोधी थे। उन्होंने कहा पत्थर पूजे तो हरि मिले, मैं पूजूं पहाड़, याते तो चाकी भली, पीस खाए संसार... इसी प्रकार मुसलमानों को कहा कंकर पत्थर जोडकर मस्जिद लई बनाए, ता ऊपर मुल्ला बांग दे, क्या बहरो भयो खुदाय। डीएच मासोदकर ने कहा पोथी पढ़-पढ़ जग मुआ, पंडित भया ना कोय, ढाई आखर प्रेम का पढ़े सो पंडित होय । लक्ष्मी गुजरे ने कहा कबीर जी महान दार्शनिक और सामाजिक न्याय के लीडर थे ना कि दास थे। उनको सद्‌गुरू कबीर या संत कबीर कहना चाहिए. कबीरदास नहीं कहना चाहिए। कार्यक्रम को सफल बनाने में मधुकर गुल्हाने, खुशाल पाटिल, कुंवरलाल खादिपुरे, मनोहर नागले, रामेश्वर यादव, संपतराव कापसे, मैनाबाई कापसे, जगदीश भगवतकर, शांतिलाल डोंगरे, भैया अंबुलकर, उषा गाडड, विमला हारले, कमलती भगवतकर, जगदीश भगवतकर, लक्ष्मी गायकवाड़, लक्ष्मी गुजरे, विमला इंगले, मालती गाड़वे, पियूष गुजरे, मारोती सातनकर आदि का सक्रिय सहयोग रहा।

# सात दिवसीय एनएसएस विशेष शिविर का हुआ आवरिया में समापन

**आमला।** पं. जवाहरलाल नेहरू महाविद्यालय के आवरिया में सात दिवसीय एनएसएस विशेष शिविर का समापन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व राज्य संपर्क अधिकारी एवं राष्ट्रीय समन्वयक एनएसएस बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के डॉ. महेंद्र गिरी एवं जिला समन्वयक राष्ट्रीय सेवा योजना के सुखदेव डोंगरे मौजूद रहे। महाविद्यालय के संचालक मनोज मालवे, यशवंत चड़ोकार, शैलेंद्र गुप्ता, प्राचार्य डॉ. केशवानंद साहू ने कार्यक्रम की



शुरुआत स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित के साथ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दलनायकों ने स्वागत गीत गाकर की। इसके बाद स्वयंसेवकों द्वारा प्रेरक गीत गाकर अतिथियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में स्वयंसेवकों द्वारा नाटक का भी आयोजन किया।

नाटक के माध्यम से वैक्सीनेशन को लेकर जो भ्रांति फैली है उसे दूर किया। इसके बाद स्वयंसेवकों ने मुख्य अतिथियों के साथ अपना अनुभव साझा किया। अंत में डॉ. महेंद्र गिरी ने इतिहास के महत्वपूर्ण एवं रोचक जानकारी देकर अकबर-बीरबल के किस्से बताकर सुनाकर खूब हंसाया। सुखदेव डोंगरे ने भी गौतम बुद्ध और संविधान की महत्वपूर्ण जानकारी से विद्यार्थियों को अवगत कराया। पूर्व नपा अध्यक्ष मनोज मालवे ने भी राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से चरित्र निर्माण एवं अनुशासन का पाठ स्वयंसेवकों के सम्मुख रखा। स्वयंसेवकों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का संचालन स्वयंसेवकों व एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी अरविंद पाटणकर एवं महिला कार्यक्रम अधिकारी प्रीति मालवीय के द्वारा किया गया।

# खेड़ला में मिली थी आठवीं शताब्दी की प्राचीन पुरातात्विक मूर्ति

**बैतूल।** जिला मुख्यालय से 6 किलोमीटर दूरी पर स्थित खेड़ला किला जिसका वर्तमान नाम खेड़ला पोस्ट खंडारा है जो कि नागपुर से 180, भोपाल से 84 किलोमीटर पूरब दिशा में कृषक हरिश रघुवंशी के खेत में उन्हें सोयाबीन की बोवनी के दोरान ट्रैक्टर के सिडिल से पत्थर की शिला टकराई थी। जिसे खेत से निकाला तो यह प्राचीन पुरातात्विक मूर्ति के रूप में मिली।

उस समय कृषक एवं अन्य जन मूर्ति बुद्ध अथवा महावीर स्वामी की होने की संभावना व्यक्त कर रहे. थे। उस समय जिला पुरातत्व विभाग मूर्ति को बुद्ध की ही मूर्ति बता रहा था। कृषक हरीश रघुवंशी ने जयवंती हॉक्सर शासकीय स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय बैतूल के प्रोफेसर डॉ. सुखदेव डोंगरे को अवगत कराया। डॉ. सुखदेव डोंगरे द्वारा मूर्ति का अवलोकन एवं परीक्षण किया। खेड़ला में प्राप्त मूर्ति को सौ प्रतिशत बुद्ध की. प्रतिमा बताया। बुद्ध की प्रतिमा में ऊपर दाहिने तरफ पिता शुद्धोधन बाएं ऊपर की तरफ माता महामाया, प्रतिमा के दाहिने तरफ शिष्य सारिपुत्र तथा बाएं तरफ मोग्लायन की प्रतिमा खड़ी है। बुद्ध की मूर्ति ध्यान मुद्रा में, आठवीं शताब्दी की होना प्रतीत होती है। वर्तमान में यह मूर्ति जिला पुरातत्व एवं आदिवासी संग्रहालय बैतूल द्वारा नेहरू पार्क में रखवाई गई है। बैतूल जिले में प्राचीन पुरातात्विक मूर्ति एवं शिल्पकला के अध्ययन एवं शोध कार्य में जयवंती हॉक्सर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बैतूल के इतिहास विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. आरजी पांडे, केके चौबे के अभिलेख बहुत उपयोगी सिद्ध हो रहे हैं।



# नई शिक्षा नीति 2020 : पर्सनालिटी डेवलपमेंट की कार्यशाला संपन्न




बैतूल। नई शिक्षा नीति 2020 को सफल बनाने के लिए मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग भोपाल के निर्देशों के परिपालन में जयवंती हॉक्सर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बैतूल में पर्सनालिटी डेवलपमेंट पर तीन दिवसीय कार्यशाला डॉ. राकेश कुमार तिवारी, डॉ. अल्का पांडे, प्रो. अशोक दभाड़े, डॉ. मीना डोनीवाल, एनएसएस के जिला संगठक डॉ. सुखदेव डोंगरे एवं सब्जेक्ट की संयोजक डॉ. निहारिका भावसार की उपस्थिति में संपन्न हुई। कार्यशाला में प्रथम दिन स्वाट एनालिसिस, सक्सेस एवं फेलुअर के बारे में, दूसरे दिन इस्ट्रेस एवं टाईम मैनेजमेंट, तीसरे और आखिरी दिन समापन कार्यक्रम में संपूर्ण व्यक्तित्व विकास के बारे में डीसी ग्रुप भोपाल से गेस्ट स्पीकर सत्यशील गजभिए, प्रज्ञा झरबड़े, आशीष यादव द्वारा विस्तार पूर्वक जानकारी दी।

समापन के अवसर पर डॉ. राकेश कुमार तिवारी ने कहा हमें नई शिक्षा नीति 2020 को सफल बनाने के लिए वोकेशनल सब्जेक्ट पर्सनालिटी डेवलपमेंट लेने वाले छात्रों को अध्ययन, अध्यापन के लिए डॉ. निहारिका भावसार को संयोजक बनाकर जिम्मेदारी सौंपी गई है।

डॉ. अल्का पांडे ने कहा श्री श्री रविशंकर गुरूजी के द्वारा चलाए गए पर्सनालिटी डेवलपमेंट के शिविर भी विद्यार्थियों को अटेंड करना चाहिए। डॉ. सुखदेव डोंगरे ने कहा पर्सनालिटी डेवलपमेंट सब्जेक्ट का अध्ययन, अध्यापन विद्यार्थियों को संयोजक डॉ. निहारिका भावसार, टीम के सदस्य डॉ. सुदामा कोकाटे, प्रो. दीपिका साहू, डॉ. प्रीतिबाला पाल, डॉ. निशा मालवीय, डॉ. निशा सोनी द्वारा बहुत ही कुशलता, लगन, परिश्रम के साथ उम्दा कार्य कर रही है। कार्यशाला में निधि चौहान, दीक्षा मालवीय, आयुषी देशमुख, पलक सोनी, प्रिया शुक्ला, मोनू कहार, अर्जुन युवने सहित 202 विद्यार्थियों ने सहभागिता की।

### महाविद्यालयीन परीक्षा में नकल पर प्रभावी नियंत्रण

# उड़नदस्ते की सघन निगरानी में संचालित हो रही विश्व विद्यालय की परीक्षाएं

**बैतूल।** बैतूल जिले में महाविद्यालयीन परीक्षाओं के केन्द्र जेएच कॉलेज बैतूल, शासकीय कन्या महाविद्यालय बैतूल, विवेकानंद विज्ञान महाविद्यालय बैतूल, डॉ. भीमराव अंबेडकर महाविद्यालय आमला, शासकीय स्नातकोत्तर महविद्यालय मुलताई, शासकीय महाविद्यालय घोड़ाडोंगरी, शासकीय महाविद्यालय आठनेर, शासकीय महाविद्यालय शाहपुर, शासकीय महाविद्यालय सारनी, शासकीय महाविद्यालय भैंसदेही के महाविद्यालयों में राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय छिंदवाड़ा की परीक्षा के अंतर्गत विश्वविद्यालय उडनदस्ता दलों द्वारा प्रतिदन महाविद्यालय में औचक निरीक्षण किया जा रहा है। जिसके चलते नकल पर लगाम लगी है। कॉलेजों में इक्का दुक्का नकल प्रकरण बन रहे हैं। विश्वविद्यालय उडनदस्ता दल के संयोजक डॉ. सलिल दुबे, सदस्य डॉ. एसडी डोंगरे, डॉ. अशोष गुप्ता, डॉ. एमएस चौहान एवं सुश्री निलिमा पीटर सक्रिय रूप से कार्य कर रहें हैं। संयोजक सलिल दुवे ने कहा कि परीक्षा केंद्रों के निरीक्षण के दौरान पहले रोजाना नकल प्रकरण वन रहे थे, लेकिन उडनदस्ते दल की सघन निगरानी के चलते नकल पर 80 प्रतिशत की कमी आई है।



डॉ. सुखदेव डोंगरे ने बताया कि सभी महाविद्यालयों में नकल को रोकने के लिए प्राचार्य, केन्द्राध्यक्ष, सहायक केन्द्राध्यक्ष एवं वीक्षक भी पूरी सक्रियता से कार्य कर रहे हैं। प्राचार्य डॉ. राकेश कुमार तिवारी ने बताया सभी वीक्षकों एवं उडनदस्ता दल की सक्रियता के कारण परीक्षा केंद्र पर नकल पर प्रभावी रोक लगी है।

### राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय छिंदवाड़ा की टीम ने किया निरीक्षण

# उड़नदस्ता दल ने बनाऐं महाविद्यालयीन परीक्षा में 6 नकल प्रकरण



बैतूल। राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय छिंदवाड़ा की परीक्षा के अंतर्गत विश्वविद्यालय उडनदस्ता दल द्वारा जेएच कॉलेज, शासकीय कन्या महाविद्यालय एवं विवेकानंद विज्ञान महाविद्यालय में औचक निरीक्षण किया। उडनदस्ते द्वारा अभी तक कुल 6 नकल प्रकरण बनाए गए है।

जिसमें छात्रों के पास मोबाईल, प्रिंटेड पुस्तकों के पन्ने एवं हस्तलिखित पर्चीया पाई गई। उडनदस्ता दल के संयोजक डॉ. सलिल दुबे, सदस्य डॉ एसडी डोंगरे, डॉ. आशीष गुप्ता, डॉ. एमएस चौहान एवं सुश्री निलिमा पीटर सक्रिय रूप से कार्य कर रहें हैं। यह उडनदस्ता दल बैतूल जिले के सभी परीक्षा केन्द्रों का सतत रूप से औचक निरीक्षण करेंगे। संयोजक सलिल दुबे ने कहा कि किसी भी परिस्थिति में नकलची विद्यार्थियों को बख्शा नहीं जाएगा।

नकल को रोकने के लिए केन्द्राध्यक्ष, सहायक केन्द्राध्यक्ष स्थानीय उडनदस्ता भी पूरी सक्रियता से कार्य कर रहे हैं। प्राचार्य डॉ. राकेश तिवारी ने बताया कि छात्रों से गेट पर ही सघन चैकिंग की जा रही है।



■ स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शक प्रकोष्ठ द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम के उपरांत का छायाचित्र



■ राजनीति शास्त्र विभाग से सेवा निवृत्त डॉ. मंजूला गिरेवाल के विदाई के अवसर पर पेंशन से संबंधित दस्तावेज सौंपते प्राचार्य डॉ. राकेश तिवारी एवं अन्य प्राध्यापक।



■ महाविद्यालय परिसर में प्राचार्य डॉ. राकेश कुमार तिवारी एवं जिला संगठक डॉ सुखदेव डोंगरे, प्रो.अशोक दभाड़े, डॉ. धर्मेन्द्र कुमार की उपस्थिति में एनएसएस के 50 विद्यार्थियों द्वारा 50 पौधरोपण किया गया।



■ विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एनएसएस के विद्यार्थियों द्वारा महाविद्यालय परिसर में पौधरोपण किया गया।




■ 14 जून 2022 को विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर जिला चिकित्सालय बैतूल में रक्तदान शिविर एवं रक्तदाता सम्मान समारोह में डॉ. निहारिका भावसार को सम्मानित करते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. ए.के. तिवारी।



■ महाविद्यालय परिसर में पौधरोपण करते हुए प्रो. अशोक दाभड़े, डॉ. मनोहर गावंडे, डॉ.नीरज धाकड़, डॉ.मौसमी राय, प्रो. कृष्णा गोसर, प्रो. मनीष मानेकर, डॉ. ऋतु साहू।

# जेएच कॉलेज बैतूल में आयोजित हुए विभिन्न कार्यक्रमों की झलकियां



■ राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय छिंदवाड़ा के उड़न दस्ते द्वारा जेएच कॉलेज बैतूल के परीक्षा कक्ष का निरीक्षण करते हुए संयोजक डॉ. सलिल दुबे, सदस्य डॉ. सुखदेव डोंगरे, डॉ. आशीष गुप्ता, डॉ. मलखानसिंह चौहान।



■ महाविद्यालय परिसर में पौधरोपण में प्राचार्य डॉ. राकेश कुमार तिवारी, ग्रंथपाल विराजवर्धन पांडे, प्रो. अशोक दभाड़े, डॉ. सुभाष खातरकर, डॉ. राजेश शेषकर, प्रो. संजय विश्वकर्मा द्वारा सहभागिता की गई।




■ विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर एनसीसी की लेफ्टिनेंट डॉ. कमलेश अहिरवार एवं डॉ. खुशाल देवघरे की उपस्थिति में तथा 200 केडेट्स को तंबाकू सेवन न करने डॉ. सुखदेव डोंगरे द्वारा व्याख्यान दिया गया।




■ मप्र शासन उच्चशिक्षा विभाग सतपुड़ा भवन भोपाल से विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी डॉ. पूर्णिमा लोधवाल द्वारा जे.एच कॉलेज बैतूल का निरीक्षण करते हुए।




■ नेक से संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रम में 80 प्राध्यापकों की उपस्थिति में नेक संयोजक डॉ. मीनाक्षी चौबे द्वारा प्रशिक्षण देते हुए ।




■ जिला चिकित्सालय बैतूल में एनएसएस के विद्यार्थी योगेश पहाड़े ने जिला संगठक डॉ. सुखदेव डोंगरे की उपस्थिति में जरूरतमंदो के लिए रक्तदान करते हुए।